RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 21
लखनऊ, शनिवार, 7 नवंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



पुरानी फिल्मों के संरक्षण का सोनम ने किया समर्थन
विविध-12

# अपने गढ़ में भी उलझ गए ट्रंप

**अमेरिका राष्ट्रपति चुनाव**

- बाइडेन ने जॉर्जिया में पीछे छोड़ा, पेन्सिलवेनिया में भी निकले आगे
- ट्रंप की राष्ट्रपति पद पर बने रहने की उम्मीद खत्म, गड़बड़ी का लगाया आरोप





**एजेंसी।** वाशिंगटन

**अमेरिका** में राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन शुक्रवार को महत्वपूर्ण राज्यों जॉर्जिया और पेन्सिलवेनिया में अपने प्रतिद्वंद्वी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से आगे हो गए हैं और वह चुनाव में करीबी मुकाबले में ऐतिहासिक जीत हासिल करने के बेहद करीब दिखाई दे रहे हैं। जॉर्जिया में मतगणना के एक और दौर के बाद बाइडेन ने ट्रंप पर बढ़त बना ली। यह लंबे समय से रिपब्लिकन पार्टी का गढ़ रहा है।

बाइडेन को अब 1096 वोट की बढ़त है। पेन्सिलवेनिया में बाइडेन को ट्रंप पर 5,587 मतों की बढ़त है। बुधवार रात तक इस राज्य में ट्रंप 7,00,00 से अधिक वोटों से आगे चल रहे थे। व्हाइट हाउस पहुंचने के लिए किसी को भी 538 इलेक्टोरल कॉलेज वोट में से 270 वोट हासिल करना जरूरी है। नवीनतम अनुमानों के अनुसार बाइडेन को 264 इलेक्टोरल कॉलेज वोट मिले हैं जबकि ट्रंप को 214 मिले है। वहीं ट्रंप ने व्हाइट हाउस में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह चुनावी कदाचार के खिलाफ अदालत जाएंगे।

ट्रंप का प्रचार दल पहले ही पेन्सिलवेनिया, मिशिगन, जॉर्जिया और नवादा में मुकदमे दर्ज करा चुका है। उन्होंने विस्कॉन्सिन में भी मतों की दोबारा गिनती किए जाने की मांग की है। बाइडेन के प्रचार दल ने आरोपों से इनकार किया है।बाइडेन ने डेलावेयर में पत्रकारों से कहा, जिस तरह की चीजें हैं, उनसे हम बहुत अच्छा महसूस कर रहे हैं। हमें कोई संदेह नहीं है कि गिनती पूरी होने पर मैं और सीनेटर कमला हैरिस (उप राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार) जीत हासिल करेंगे। कमला हैरिस भी इस दौरान बाइडेन के साथ मौजूद थीं। पूर्व उप राष्ट्रपति बाइडेन ने लोगों से मतगणना पूरी होने तक धैर्य बनाए रखने की भी अपील की। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया है कि अगर केवल वैध मतों की ही गिनती होती तो वह कांटे की टक्कर वाले राष्ट्रपति चुनाव में आसानी से जीत गए होते। व्हाइट हाउस में बृहस्पतिवार को संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए ट्रंप ने संकेत दिया कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों का फैसला अंतत: उच्चतम न्यायालय में होगा क्योंकि उन्होंने चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ बड़े पैमाने पर वाद दाखिल करने की योजना बनाई है। इस बीच, अमेरिका चुनाव के नतीजों में आने में लग रहे समय पर राष्ट्रपति पद के डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन ने कहा कि लोकतंत्र कई बार उलझावपूर्ण हो जाता है और धैर्य रखने की जरूरत होती है। बाइडेन ने अमेरिकियों से मतों की गिनती पूरी होने तक शांत रहने और धैर्यपूर्वक इंतजार करने की अपील की। व्हाइट हाउस पहुंचने के 270 वोट के जादूई आंकड़े से बाइडेन केवल छह इलेक्टोरल कॉलेज वोट दूर हैं। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति एवं रिपब्लिकन के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप को 214 इलेक्टोरल कॉलेज वोट मिले हैं। डेलावेयर में एक संवाददाता सम्मेलन में बाइडेन ने बृहस्पतिवार को कहा, अमेरिका में, वोट एक पवित्र चीज़ है। इसके जरिए ही देश के लोग अपनी इच्छाएं जाहिर करते हैं। किसी और चीज से नहीं, मतदाताओं की इच्छा से ही अमेरिका का राष्ट्रपति चुना जाता है। इसलिए हर एक मत की गिनती होनी चाहिए और यही किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र कई बार उलझावपूर्ण हो जाता है, इसलिए थोड़ा धैर्य रखने की जरूरत है। 240 साल से अधिक समय से इस धैर्य को एक ऐसी शासन प्रणाली से सम्मानित किया जा रहा है, जिससे दुनिया ईर्ष्या करती है। अभी चीजें जैसी हैं, हम ऐसा ही अच्छा महसूस करते रहेंगे। साथ ही बाइडेन ने मतगणना पूरी होने पर अपनी जीत का विश्वास व्यक्त किया। बाइडेन के साथ उप राष्ट्रपति पद की डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस भी मौजूद थीं। दूसरी ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अगर केवल वैध मतों की ही गिनती होती तो वह कांटे की टक्कर वाले राष्ट्रपति चुनाव में आसानी से जीत गए होते। व्हाइट हाउस में बृहस्पतिवार को संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए ट्रंप ने संकेत दिया कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों का फैसला अंतत: उच्चतम न्यायालय में होगा क्योंकि उन्होंने चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ बड़े पैमाने पर वाद दाखिल करने की योजना बनाई है।

# बिहार चुनाव: तीसरे और अंतिम चरण के लिए आज पड़ेंगे वोट

- सीमांचल, कोसी और मिथिलांचल क्षेत्र की 78 सीटों का होगा फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**बिहार** विधानसभा चुनाव के तीसरे और अंतिम चरण के तहत 16 जिलों में फैले 78 विधानसभा क्षेत्रों में शनिवार को मतदान होगा, जो राजद के नेतृत्व वाले महागठबंधन का गढ़ माना जाता है।

एनडीए को अपने नुकसान की भरपाई के लिए यहां बेहतर करना होगा, ऐसी आशंका है कि पहले दौर में उसे नुकसान हुआ है। यहां शनिवार को होने वाले मतदान में करीब 2.34 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस चरण में विधानसभा के स्पीकर और राज्य मंत्रिमंडल के 12 सदस्यों समेत 1204 उम्मीदवार मैदान में हैं। विधानसभा के अलावा शनिवार को वाल्मीकि नगर लोकसभा सीट पर उपचुनाव के लिये भी वोट पडेंगे। इस सीट पर जदयू सांसद वैद्यनाथ महतों के निधन के कारण उपचुनाव कराया जा रहा है। इस संसदीय सीट पर अपना कब्जा बनाये रखने के प्रयास के तहत जदयू ने दिवंगत वैद्यनाथ महतों के पुत्र सुनील कुमार को टिकट दिया है। सुनील कुमार का मुख्य मुकाबला कांग्रेस उम्मीदवार तथा पत्रकारिता से राजनीति में आए प्रवेश कुमार मिश्रा से है। वाल्मीकिनगर की तरह ही जिन 78 विधानसभा सीटों पर मतदान होने वाले हैं, उनमें से काफी सीटें उत्तर बिहार में और राज्य में गंगा नदी के उत्तर में स्थित हैं।

इनमें से कई सीटें कोसी-सीमांचल क्षेत्र में स्थित है जहां राजग और महागठबंधन की लड़ाई में एआईएमआईएम नेता ओवैसी का अच्छा खासा प्रभाव माना जाता है। हैदराबाद के सांसद ओवैसी की पार्टी ने मुस्लिमों की अच्छी खासी आबादी वाले इस इलाकों में अपने उम्मीदवार उतारे हैं और सघन चुनाव प्रचार किया है। कोसी सीमांचल क्षेत्र पूर्व सांसद पप्पू यादव के प्रभाव का इलाका भी माना जाता है जहां यादव समुदाय की अच्छी खासी संख्या है। पप्पू यादव की जन अधिकार पार्टी इस क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिये पूरा जोर लगा रही है और राष्ट्रीय जनता दल के समक्ष यह साबित करने का प्रयास कर रही है कि उसे यादवों का समर्थन प्राप्त है।

पूर्व के दो चरणों की तरह तीसरे और अंतिम चरण में भी चिराग पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा)कई सीटों पर चुनावी मैदान मे हैं। लोजपा इस चुनाव में राजग से अलग होकर चुनाव लड़ रही है और वह राजग खासतौर पर जदयू का खेल खराब करने की भूमिका में दिख रही है। चिराग पासवान अपनी सभाओं में बार-बार कह रहे हैं कि नीतीश कुमार को दिया गया एक-एक वोट (शेष पेज 9)

# कोरोना वैक्सीन पर भारत ने दुनिया को दिलाया भरोसा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- टीके की आपूर्ति के लिए अपनी उत्पादन क्षमता का इस्तेमाल करने और कोल्ड चेन व भंडारण बढ़ाने का दिया आश्वासन

**भारत** ने शुक्रवार को विभिन्न देशों से कहा कि वह कोरोना वायरस संकट से लड़ने में मानवता की मदद के लिए टीका उत्पादन और आपूर्ति में अपनी क्षमता का इस्तेमाल करेगा। विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने भारत में विभिन्न देशों के राजदूतों और उच्चायुक्तों के साथ बातचीत में यह संदेश दिया। उन्होंने कहा कि कई देश टीके की आपूर्ति के लिए हमसे संपर्क कर रहे हैं। मैं अपने प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को दोहराता हूं कि इस संकट से लड़ने में मानवता की पूरी मदद करने के लिए टीका उत्पादन और वितरण की भारत की क्षमता का उपयोग किया जाएगा। भारत टीकों की आपूर्ति के लिए कोल्ड चेन तथा भंडारण क्षमता बढ़ाने में भी इच्छुक देशों की मदद करेगा। इस संवाद का आयोजन भारत में कोविड-19 टीका विकास कार्यक्रम, आपूर्ति प्रणाली प्रबंधन और इस संबंध में अंतरराष्ट्रीय सहयोग की रूपरेखा से दूतों को अवगत कराने के लिए किया गया था। श्रृंगला ने कहा कि भारत टीकों को विकसित करने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि हम अपने कुछ सहयोगी देशों में तीसरे चरण के परीक्षणों की संभावना तलाश रहे हैं। हम टीके के विकास के क्षेत्र में अनुसंधान सहयोग के लिए भी उत्सुक हैं। इच्छा के आधार पर हम कुछ देशों में टीकों के संयुक्त उत्पादन की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। विदेश सचिव ने भारत में कोरोना वायरस संक्रमण की चर्चा करते हुए कहा कि कुछ हफ्ता पहले करीब एक लाख मामले सामने आ रहे थे और यह संख्या अब 50,000 से कम हो गयी है। उन्होंने कहा, 'हम सतर्क हैं और पूरे भारत में अपने अनुभवों के आधार पर नयी रणनीति तैयार करते रहते हैं।' श्रृंगला ने कहा कि भारत में मरीजों के स्वस्थ होने की दर अब 91.96 प्रतिशत (तीन नवंबर, 2020 तक) और मृत्यु दर 1.49 प्रतिशत हो गयी है।

# मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर, एक ने किया समर्पण

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षाबलों के साथ रात भर चली मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतकंवादी मारे गए हैं और एक स्थानीय आतंकवादी ने आत्मसमर्पण कर दिया। माना जा रहा है कि मारे गए दोनों आतंकवादी पाकिस्तानी हैं। इस दौरान एक आम नागरिक की भी मौत हो गई। पुलिस के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि आतंकवादियों के मौजूद होने की खुफिया जानकारी मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने जिले के लालपोरा इलाके में बृहस्पतिवार की शाम घेराव करके तलाश अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि तलाश अभियान के दौरान आतंकवादियों ने गोलियां चलानी शुरू कर दीं और मौके से फरार हो गए। इसमें दो लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां एक व्यक्ति, आबिद अहमद मीर की शुक्रवार को सुबह मौत हो गई। वहीं दूसरे व्यक्ति की हालत स्थिर बताई जाती है। प्रवक्ता ने बताया कि सुरक्षा बलों ने रात भर इलाके को घेरे रखा और तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने आतंकवादियों को समर्पण करने का अवसर दिया।

# बेनतीजा रही भारत और चीन के बीच आठवें दौर की बातचीत

**एलएसी पर गतिरोध**

- दोनों देशों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनाव खत्म करने के अपने संकल्प को दोहराया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** और चीन के बीच शुक्रवार को आठवें दौर की बातचीत बेनतीजा रही, हालांकि दोनों देशों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तनाव खत्म करने के लिए वार्ता जारी रखने का संकल्प दोहराया जिससे कि फौजों को तेजी से पीछे हटाया जा सके। लद्दाख के चुशूल में आठवें दौर की कोर कमांडर स्तर की बातचीत के दौरान भी यह प्रतिबद्धता दोहराई गई। बातचीत सुबह 9.30 बजे शुरू हुई।

एक अधिकारी ने कहा कि नतीजा उम्मीदों के अनुरूप है क्योंकि लद्दाख में गतिरोध को खत्म करने में बातचीत के जरिये तुरंत कोई सफलता नहीं मिलनी है। भारतीय प्रतिनिधमंडल का नेतृत्व लेफ्टिनेंट जनरल पीजीके मेनन ने किया जबकि मेजर जनरल लियू लिन ने चीनी दल का प्रतिनिधित्व किया। अक्टूबर के मध्य में (शेष पेज 9)

## चीनी सेना पूर्वी लद्दाख में दुस्साहस का अप्रत्याशित परिणाम भुगत रही हैः रावत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**प्रमुख** रक्षा अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत ने शुक्रवार को कहा कि चीन की जनमुक्ति सेना (पीएलए) भारतीय सशस्त्र बलों की कड़ी एवं मजबूत प्रतिक्रिया के कारण पूर्वी लद्दाख में अपने दुस्साहस का अप्रत्याशित परिणाम भुगत रही है।

जनरल रावत ने कहा कि सीमा पर झड़पों, अतिक्रमण और बिना उकसावे की सामरिक सैन्य कार्वाइयों के बड़े संघर्षों में बदलने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने एक डिजिटल सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास हालात अब भी तनावपूर्ण बने हुए हैं और भारत का रुख स्पष्ट बना हुआ है।

जनरल रावत ने कहा कि देश एलएसी में किसी प्रकार का बदलाव स्वीकार नहीं करेगा।

# पराली जलना रुके पर किसानों से न हो दुर्व्यवहार: मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**पराली** जलाने को प्रदेश में वायु प्रदूषण का एक प्रमुख कारण माना जा रहा है। ऐसे में पुलिस प्रदेश में पराली जलाने वाले किसानों के प्रति कड़ी कार्रवाई कर रही है। पुलिस की इस कार्रवाई पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेहद नाराजगी जताई है। मुख्यमंत्री ने साफ लफ्जों में कहा है कि किसानों के साथ दुर्व्यवहार कतई बर्दाश्त नहीं होगा।

इसके साथ ही उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वह लोग पराली जलाने वाले किसानों को इससे होने वाले नुकसान तथा इसके उपयोग के प्रति जागरूक करें।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पराली जलाने से होने वाली क्षति के प्रति किसानों को जागरूक करें। किसी भी स्थिति में कहीं भी इस मुद्दे पर किसानों से बदसलूकी सहन नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पराली को लेकर पहले ही कई गाईडलाइन जारी की जा चुकी हैं। अब सूबे में अभियान चलाकर अधिकांश किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान और नहीं जलाने से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी जाए। उन्हें बताएं कि पराली जलाना पर्यावरण के साथ आपकी जमीन की उर्वरा शक्ति के लिए भी ठीक नहीं है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट और नेशनल ग्रीन ट्राइब्यूनल ने देश में कहीं भी पराली जलाने को दंडनीय अपराध घोषित किया है। किसान ऐसा करने की जगह उन (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 41,893 | 552 | |
| निफ्टी | 12,263 | 143 | |
| सोना | 51,717 | 731 | /10g |
| चांदी | 64,578 | 2147 | /kg |

## क्विक न्यूज

### करतारपुर मामले में पाक राजनयिक तलब

**नई दिल्ली।** भारत ने शुक्रवार को यहां पाकिस्तान उच्चायोग के प्रभारी राजनयिक को तलब किया और करतारपुर साहिब गुरुद्वारे का प्रबंधन एक सिख संस्था से लेकर एक अन्य ट्रस्ट को सौंपने संबंधी पड़ोसी देश के फैसले को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि पाकिस्तानी मिशन के प्रभारी आफताब हसन खान को स्पष्ट रूप से बताया गया है कि यह निर्णय सिख समुदाय की धार्मिक भावनाओं के खिलाफ है। पाकिस्तान सरकार ने करतारपुर साहिब का प्रबंधन और रखरखाव का काम पाकिस्तान सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (पीएसजीपीसी) से लेकर एक गैर-सिख निकाय इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) को स्थानांतरित करने का निर्णय लिया था।

# प्रदूषण में अधिक समय रहने से बढ़ जाता है कोविड-19 से मौत का खतरा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उत्तर** भारत के कई हिस्से खतनाक तरीके से बढ़े वायु प्रदूषण से जूझ रहे हैं, वहीं अमेरिका की तीन हजार से अधिक काउंटी पर किये गए एक नए शोध से पता चला है कि जो लोग प्रदूषण कारक सूक्ष्म कणों के संपर्क में अधिक समय तक रहते हैं उनकी कोविड-19 से मौत होने की आशंका बढ़ जाती है।

उम्मीद जताई जा रही है कि इस अध्ययन के सामने आने के बाद नीति निर्माता वायु प्रदूषण से होने वाले नुकसान पर गंभीरता से विचार करेंगे और महामारी के दौरान होने वाली मौतों की संख्या में कमी लाने के लिए प्रयास करेंगे। 'साइंस एडवांसेज' नामक शोध पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में कोविड-19 से होने वाली मौतों और पीएम 2.5 कणों के संपर्क में अधिक समय तक रहने के प्रभावों की जांच की गई। यह अनुसंधान अमेरिका की 3089 काउंटी में रहने वाली जनसंख्या के 98 प्रतिशत लोगों पर किया गया। अध्ययन में पाया गया कि इन प्रदूषण कारक कणों के संपर्क में अधिक समय तक रहने पर कोविड-19 से होने वाली मौत की दर में वृद्धि हुई।

हालांकि अध्ययन से पीएम 2.5 कणों और कोविड-19 के मरीजों की मृत्यु दर के बीच की कार्यप्रणाली स्पष्ट नहीं होती लेकिन अनुसंधान में शामिल हार्वर्ड विश्वविद्यालय समेत अन्य संस्थानों के वैज्ञानिकों का मानना है कि इन कणों के संपर्क में अधिक समय तक रहने से फेफड़ों में 'एसीई-2 रिसेप्टर' अधिक उत्पन्न हो सकते और इससे कोरोना वायरस को शरीर की कोशिकाओं में घुसने में सहायता मिलती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि वायु प्रदूषण के संपर्क में अधिक समय तक रहने से लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर भी विपरीत असर पड़ता (शेष पेज 9)

# सरकार ने 896 पुलिसकर्मियों के डिमोशन का आदेश वापस लिया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**दीपावली** से पहले सीएम योगी आदित्यनाथ ने यूपी पुलिस के 896 हेड कांस्टेबलों के डिमोशन का आदेश वापस लेने का निर्देश दिया है। पिछले दिनों पुलिस मुख्यालय ने इन हेड कांस्टेबलों को मूल काडर पीएसी में वापस भेज दिया था।

मुख्यालय के इस आदेश को लेकर पुलिसकर्मी सकते में थे। सीएम योगी ने कहा कि पुलिस और पीएसी के कर्मचारियों के मनोबल पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए। सीएम के आदेश पर यूपी के गृह विभाग ने डिमोशन का आदेश वापस लेने का निर्देश जारी कर दिया है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने इसकी जानकारी दी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पुलिस और पीएसी के शौर्य और सेवाभाव की सराहना की है। गृह विभाग से जारी आदेश में कहा गया है कि ऐसे कर्मचारी जो उस समय निर्धारित व्यवस्था के तहत 29 नवम्बर 2004 तक पीएसी से नागरिक पुलिस में भेजे गए थे, वे नागरिक पुलिस में खाली पदों के सापेक्ष संविलीन माने जाएंगे।

सीएम योगी के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय द्वारा नौ सितम्बर को जारी पदानवत आदेश को तत्काल प्रभाव से वापस ले लिया गया है। यही नहीं पीएसी के जो कर्मचारी 29 नवम्बर 2004 के बाद सशस्त्र नागरिक पुलिस में गए यदि वे भी निर्धारित मानक पूरे करते हों तो उन्हें भी नागरिक पुलिस में संविलीन किए जाने का आदेश दिया गया। सीएम आफिस ने ट्वीट कर इस फैसले के बारे में जानकारी दी।सरकार ने इसके साथ ही तय किया है कि भविष्य में पीएसी के किसी कर्मचारी को नागरिक पुलिस में नहीं भेजा जाएगा। सीएम योगी ने गृह विभाग को साफ निर्देश दिया कि पीएसी मुख्यालय द्वारा पीएसी और नागरिक पुलिस में प्रोन्नति के अवसर समानान्तर करने के लिए भी अलग प्रस्ताव तैयार किया जाए।

डीजीपी मुख्यालय ने विभिन्न जिलों और इकाइयों में हेड कांस्टेबल और सब इंस्पेक्टर पद पर कार्यरत 896 पुलिस कर्मियों को पदावनत करते हुए उनके मूल काडर पीएसी में वापस भेजने का फैसला किया था। इसके अलावा 22 कांस्टेबल भी वापस भेजे गए थे। सभी को पीएसी मुख्यालय लखनऊ में भेजा गया था। यह आदेश जारी होते ही विभाग में हड़कंप मच गया था। कुछ पदावनत पुलिस कर्मी आदेश के विरुद्ध हाईकोर्ट भी गए थे। डीआईजी कार्मिक एवं (शेष पेज 9)

# यूपी को बनाएंगे निवेश प्रदेश: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार राज्य को दुनिया भर में मनपसंद निवेश गंतव्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश उद्यम प्रदेश के रूप में विकसित हो रहा है। जर्मनी की कंपनी का चीन से उत्तर प्रदेश में स्थापित होना, इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है।

उन्होंने महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा के एक ट्वीट को शेयर करते हुए लिखा, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग और हमारी निवेश अनुकूल नीतियों का यह सुफल है। महिंद्रा ने अपने ट्वीट में चीन से आगरा स्थानांतरित हुई जर्मनी की जूता कंपनी का समाचार शेयर करते हुए लिखा था, पहले कुछ बूंदें, फिर धारा, जिसने एक जोरदार बहाव का रूप लिया और अंत में एक बाढ़ के रूप में सामने आ रहा है। आइए निवेश की इस अच्छी बाढ़ को आने दें। ये एक बड़ा अवसर है। मुझे उम्मीद है कि इन्वेस्ट इंडिया इसमें उत्प्रेरक हो सकता है। उत्तर प्रदेश ने राज्य में निवेश के अनुकूल पहल के कारण महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना और राजस्थान को पीछे छोड़ते हुए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

जर्मनी के उक्त जूता ब्रांड की 80 से अधिक देशों में बिक्री होती है और दुनिया भर में इसके 10 करोड़ से अधिक ग्राहक हैं। राज्य सरकार के एक आधिकारिक प्रवक्ता के अनुसार इस गठजोड़ से 10,000 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेंगे और इसके तहत हर साल 50 लाख जोड़े से अधिक जूते का विनिर्माण होगा। उन्होंने कहा कि वॉन वेलक्स उत्तर प्रदेश की तीन परियोजनाओं में लगभग 300 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। यह ब्रांड जेवर के पास अपना कारखाना लगाएगा, विनिर्माण इकाई की स्थापना कोसी-कोटवान, मथुरा में की जाएगी। वॉन वेलक्स ने तीन नवंबर को आगरा में अपनी दो जूता बनाने वाली इकाइयों का स्थानांतरण किया था। कंपनी ने अपने पूरे उत्पादन को चीन से भारत में स्थानांतरित करने की घोषणा की है।

# भारी पड़ सकती है कोविड प्रोटोकाल की अनदेखी

● डेंगू सहित विभिन्न संचारी रोगों को नियंत्रित करने के लिए एन्टी लार्वा रसायनों का नियमित तौर पर छिड़काव किया जाए



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोरोना को लेकर सरकारी मशीनरी और लोगों को अगाह करते हुये कहा कि संक्रमण से बचाव के प्रावधानों की अनदेखी भारी पड़ सकती है। उन्होने कोविड-19 पर प्रभावी अंकुश के लिए निरन्तर सतर्कता एवं सावधानी बरतने पर बल दिया है। सीएम ने कहा कि कोविड-19 के संक्रमण की चेन को तोड़ने के लिए प्रभावी उपाय जारी रखते हुए लोगों को कोरोना से बचाव के सम्बन्ध में निरन्तर जागरूक किया जाए।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर अनलाक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आगामी पर्वों की तैयारियों के सिलसिले में बाजारों में बड़ी संख्या में लोग खरीददारी करने के लिए आ रहे हैं। इसे ध्यान में रखते हुए विभिन्न समूहों की फोकस टेस्टिंग का कार्य प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि डेंगू सहित विभिन्न संचारी रोगों को नियंत्रित करने के लिए एन्टी लार्वा रसायनों का नियमित तौर पर छिड़काव किया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि फागिंग का कार्य लगातार संचालित हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश कामगार और श्रमिक (सेवायोजन एवं रोजगार) आयोग के निर्देशों के क्रियान्वयन की जिलास्तर पर समीक्षा की जाए। तत्पश्चात वे स्वयं शासन स्तर पर समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुपोषित परिवारों जिनके पास गाय रखने का स्थान उपलब्ध हो तथा गौ पालन के इच्छुक हों, उन्हें गो आश्रय स्थलों से गाय उपलब्ध करायी जाए। गाय के भरण पोषण के लिए प्रति गाय प्रतिमाह 900 रुपये भी प्रदान किये जाएं। यह व्यवस्था मुख्यमंत्री निराश्रित-बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना के अन्तर्गत की जाए। इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि अब तक 1,052 कुपोषित परिवारों को गोवंश उपलब्ध कराया गया है।

बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य राज्य मंत्री अतुल गर्ग, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा रजनीश दुबे, अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास एवं पंचायतीराज मनोज कुमार सिंह, अपर अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल तथा सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## तीन दिन में तैयार करें रैन बसेरे: योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सर्दी के मद्देनजर राहत आयुक्त कार्यालय को पूरे प्रदेश में रैन बसेरों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अगले तीन दिन में सुरक्षा और साफ-सफाई की व्यवस्था करते हुए रैन बसेरों को स्थापित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि रैन बसेरों में गार्ड की व्यवस्था भी की जाए। एक सरकारी बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने निर्देश दिए कि नगर मजिस्ट्रेट, तहसील स्तर पर तहसीलदार और थाना स्तर पर थानाध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि फुटपाथ पर सोए लोगों को रैन बसेरों में पहुंचाया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि अस्पताल परिसर में खुले में सो रहे मरीजों के तीमारदारों के लिए भी चिकित्सालय परिसर में रैन बसेरा आदि की सुचारु व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि कम्बल वितरण तथा अलाव जलाने के लिए सभी प्रबन्ध अभी से कर लिए जाएं, जिससे जरूरतमंदों को समय से राहत पहुंचाई जा सके। गौरतलब है कि प्रदेश के राजस्व विभाग द्वारा आगामी शीतलहर में राहत कार्य संचालित करने हेतु धनराशि जारी कर दी गई है। इसके अन्तर्गत कम्बल वितरण हेतु समस्त जनपदों को प्रति तहसील पांच पांच लाख रुपये और अलाव हेतु प्रति तहसील 50 हजार रुपए की धनराशि मुहैया कराने के लिए कुल 19.25 करोड़ रुपए जारी की गई है।

## कृषि उत्पादन के विकास में त्रिस्तरीय सहकारी ढांचे की एक अहम भूमिका: मुकुट बिहारी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सहकारिता** मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश के कृषि उत्पादन कार्यक्रम के विकास में त्रिस्तरीय सहकारी साख ढ़ांचे की एक अहम भूमिका है। यूपी कोआपरेटिव बैंक द्वारा संचालित कृषि सहकारी प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ द्वारा त्रिस्तरीय सहकारी ढ़ांचे में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा निर्वाचित प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण के माध्यम से व्यावसायिक उत्कृष्टता लाने हेतु नाबार्ड एवं बर्ड की सीपेक की स्थायी सदस्यता ली गयी है। प्रशिक्षण व्ययों की प्रतिपूर्ति हेतु संस्थान द्वारा निर्धारित मानकों का पालन किया जा रहा है।

यह जानकारी प्रदेश के सहकारिता मंत्री ने शुक्रवार को कृषि सहकारी स्टाफ प्रशिक्षण संस्थान इन्दिरानगर लखनऊ में भवन जीर्णोद्धार के अवसर पर दी। उन्होंने कहा कि इस संस्थान द्वारा सहकारी क्षेत्र के कर्मियों को उनकी दक्षता एवं नेतृत्व विकास हेतु निरन्तर प्रशिक्षण दिये जाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशिक्षण का कार्य पूरी ईमानदारी से किया जाना चाहिए, इसका विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। श्री वर्मा ने बताया कि नाबार्ड की संस्था सीपेक द्वारा इस संस्थान को प्रशिक्षण की गुणवत्ता तथा उपलब्ध सुविधाओं के आधार पर किये गये मानकीकरण में संस्थान को ए ग्रेड प्रदान किया गया। श्री वर्मा ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री एवं यूपी के मुख्यमंत्री का लक्ष्य किसानों की आय को 2022 तक दोगुना किया जाना है, उसी क्रम में वर्तमान सरकार द्वारा निरन्तर कृषि सुधार कार्यक्रमों को संचालित करते हुए किसानों को लाभान्वित करते हुए विकास के कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 7479 पैक्स एवं 50 जिला सहकारी बैंकों तथा उप्र को-आपरेटिव बैंक की 27 शाखाओं व सहकारी बैंको द्वारा नवीनतम् टेक्नालाजी के माध्यम से किसानों को लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर श्री वर्मा ने कृषि सहकारी प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ के क्लासरूम, विजटर रूम, लाइब्रेरी रूम, कम्प्यूटर रूम का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर यूपीसीबी के सभापति तेजवीर सिंह ने कहा कि आने वाले समय में शीघ्र ही यूपी को आपरेटिव भवन का जीर्णोद्धार कराये जाने का कार्य किया जायेगा। प्रबन्ध निदेशक यूपीसीबी भूपेन्द्र कुमार ने बताया कि कृषि सहकारी प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ के क्लासरूम, विजटर रूम, लाइब्रेरी रूम, कम्प्यूटर रूम तथा मेस के भवन का आधुनिकीकरण कराया गया है। इस अवसर पर महाप्रबन्धक-निदेशक रितु गुप्ता ने प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना एवं संस्थान द्वारा कराये जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

## बायो फ्यूल पालिसी का माडल ड्राफ्ट करें तैयार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बायो** फ्यूल पालिसी तैयार करने के सम्बन्ध में मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। मुख्य सचिव ने कहा कि बायो फ्यूल पालिसी को अन्तिम रूप देने से पूर्व सम्बन्धित स्टेकहोल्डर्स के साथ बैठक कर विचार विमर्श कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि बायो फ्यूल से सम्बन्धित प्रदेश में जो प्लान्ट संचालित हैं अथवा संचालन की प्रक्रिया में हैं, वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उनका भी फीडबैक ले लिया जाये।

उन्होंने कहा कि पराली से बायो फ्यूल प्लान्ट संचालित किये जा सकते हैं तथा जिन जनपदों में पराली बहुतायत में उपलब्ध रहती है, वहां पर इस तरह के प्लान्ट्स लगाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पराली की उपलब्धता, कलेक्शन सेन्टर तथा प्लान्ट तक पहुंचाने के लिए मैकेनिज्म भी डेवलप करना होगा। किसानों से पराली क्रय करने से लेकर प्लान्ट से उत्पादित फ्यूल को विक्रय करने की पूरी सप्लाई चेन बनानी होगी तथा इसमें निवेश करने वाली निवेशकों को भी सहूलियतें देनी होंगी। उन्होंने कहा कि पराली जलाने से वायू प्रदूषण बढ़ रहा है तथा लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अत: पराली आधारित बायो फ्यूल प्लान्ट की स्थापना से ही इसको रोका जा सकता है और किसानों की अतिरिक्त आय का यह एक जरिया भी बनेगा। उन्होंने बायो फ्यूल पॉलिसी को जल्द से जल्द अन्तिम रूप देने पर बल देते हुए कहा कि सम्बन्धित सभी विभागों, संस्थाओं एवं प्रदेश में पहले से संचालित प्लान्ट के संचालकों से बात कर बायो फ्यूल पॉलिसी का मॉडल ड्राफ्ट अगली बैठक में चर्चा हेतु प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जनपदों में कम से कम एक प्लान्ट की स्थापना का लक्ष्य लेकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने गन्ना वेस्ट, गोबर व कूड़ा पर आधारित व वर्तमान में संचालित प्लान्ट्स के स्टेटस रिपोर्ट भी दो दिन में उपलब्ध कराने को कहा। बैठक में औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, अपर मुख्य सचिव, औद्योगिक विकास आलोक कुमार, अपर मुख्य सचिव, ऊर्जा अरविन्द कुमार, अपर मुख्य सचिव नियोजन, कुमार कमलेश सहित वैकल्पिक ऊर्जा, कृषि व अन्य सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

## छाया रहा बिजली दर में कमी और स्मार्ट मीटर का मुद्दा

● नियामक आयोग की राज्य सलाहकार समिति की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विद्युत** नियामक आयोग राज्य सलाहकार समिति की आज एक अहम् बैठक नियामक आयोग चेयरमैन आरपी सिंह की अध्यक्षता में हुई जिसमे नियामक आयोग के सदस्य केके शर्मा व बीके श्रीवास्तव अपर मुख्य सचिव ऊर्जा अरविन्द कुमार सहित अनेक उपभोक्ता प्रतिनिधि उपस्थित थे।

आयोग चेयरमैन आरपी सिंह ने बिजनेस पलान व टूप स्लैब परिवर्तन सहित बिजली दर प्रस्ताव वर्ष 2020-21 पर विस्तार से सभी सदस्यों को जरूरी जानकारी दी और फिर इस मुद्दे पर लगातार गंभीर चर्चा हुई। ज्यादातर सदस्यों ने इंडस्ट्रीज से लेकर अन्य इस कोरोना काल में बिजली दरों में कमी किए जाने के उपभोक्ता परिषद् के प्रस्ताव पर आयोग से गम्भीरता से विचार करने की मांग उठाई। स्लैब परिवर्तन को मौजूदा समय में न लागू किया जाय की बात कही और स्लैब परिवर्तन को नियम विरुद्ध बताया। इसके साथ ही मीटिंग में स्मार्ट मीटर का मुद्दा भी छाया रहा। नियामक आयोग चेयरमैन ने कहा सभी की बात आ गयी है जल्द बिजली दरों को अंतिम रूप दिया जायेगा सम्भावना है दिवाली तक दरे घोषित होंगी। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा यह दुर्भाग्य की बात है की वर्ष 2019-20 में जब उपभोक्ताओं की बिजली दरों में इजाफा किया गया था उस समय प्रदेश के उपभोक्ताओं का बिजली कम्पनियों पर उदय व टूप में रुपया 13337 करोड़ वर्ष 2017-18 तक निकला था। इसके बावजूद दरें बढ़ाई गयीं जो किसी भी राज्य में नहीं होता है। ऐसे में उपभोक्ता परिषद् के जनता प्रस्ताव को नियामक आयोग लागू करे और घरेलू उपभोक्ताओं किसानों व वणिजक उपभोक्ताओं के फिक्स्ड चार्ज को समाप्त करते हुए सभी उपभोक्ताओं की बिजली दरों में 16 प्रतिशत की कमी कराई जाय। उपभोक्ता परिषद् ने कहा स्लैब परिवर्तन से छोटे उपभोक्ताओं पर ज्यादा भर पड़ेगा यह असंवैधानिक है और विद्युत अधिनियम 2003 के प्राविधानों के विपरीत भी यह चोर दरवाजे से दरों में बढ़ोतरी का खेल है। उपभोक्ता परिषद् ने स्मार्ट मीटर की कमियों भार जंपिंग मीटर तेज चलने रिपोर्ट दबाए जाने का जिक्र करते हुए कहा जब उपभोक्ता शिकायत लेकर जाते है तो उनकी कोई नहीं सुनता। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएसन के पंकज गुप्ता ने कहा बिजली दरों में कमी किया जाना चाहिए और इस कोरोना काल में स्लैब परिवर्तन लाना ठीक नहीं, इंडस्ट्रीज संकट में है उसका ख्याल रखना जरूरी है। जे के जूट मिल से प्रमोद कुमार मसकरा ने ओपन एक्सेस का मुदा व बिलिंग में आ रही दिक्कतों का मुद्दा उठाया और कहा दरों में इजाफा ठीक नहीं जिन उपभोक्ता का बिल कोई अभियंता गलत बनाए उन पर पेनल्टी लगाई जॉय। इंडियन स्मार्ट ग्रिड फोरम के चेयरमैन रेजी कुमार पिलाई ने भी अन्य विकल्पों सोलर सहित गैस पर जोर देते हुए दरों में कमी की बात कही कहा कोरोना काल में राहत जरूरी।

## 52 पीपीएस अफसरों को मिला प्रमोशन

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ की ओर से दीपावली पर किसानों, व्यापारियों, अधिकारियों और कर्मचारियों को तोहफा देने का दौर जारी है। विभिन्न सेवाओं में लगे कर्मचारियों को 30 दिन के बोनस का उपहार देने और किसान मंडी शुल्क की दर को घटाने की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी करने के बाद अब मुख्यमंत्री ने प्रांतीय पुलिस सेवा संवर्ग के अधिकारियों को अपर पुलिस अधीक्षक के विभिन्न ग्रेड पे में प्रमोशन का उपहार दिया है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को ट्वीट कर यह जानकारी दी। योगी के इस फैसले से प्रांतीय पुलिस सेवा संवर्ग के 52 अधिकारी लाभान्वित होंगे। नव प्रोन्नत अधिकारियों में 21 अधिकारियों को अपर पुलिस अधीक्षक, विशेष श्रेणी-एक, ग्रेड पे 8700 में, 21 अधिकारियों को अपर पुलिस अधीक्षक, विशेष श्रेणी-एक, ग्रेड पे 8900 में तथा 10 अधिकारियों को अपर पुलिस अधीक्षक, उच्चतर श्रेणी ग्रेड पे 10000 में प्रोन्नति दी गई है।

## लखनऊ स्नातक सीट से कान्ति सिंह ने किया नामांकन

**लखनऊ।** लखनऊ खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद् सदस्य पद हेतु नामांकन प्रक्रिया शुरु हो गयी है। कान्ति सिंह जो कि इसी सीट से वर्ष 2014 से 2020 तक विधान परिषद् सदस्य रही हैं ने, आज लखनऊ मण्डलायुक्त कार्यालय में अपना नामांकन कराया।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैं आदित्य पांडे पुत्र श्री शिव कुमार पांडे निवासी ग्राम पहाड़पुर पोस्ट थालगांव महमूदाबाद जनपद सीतापुर का हूं। मेरी हाई स्कूल माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की अंक तालिका वर्ष 2013 कहीं खो गई है जिसका अनुक्रमांक नंबर 1267635 है।

संशोधित सूचना

दिनांक 30 सितम्बर 2020 को प्रकाशित नवली इण्टर कालेज नवली-गाजीपुर के विज्ञापन में निम्न संशोधन किया जाता है। योग्यता- प्रशिक्षित स्नातक एवं उ0प्र0 टेट/सी टेट प्राथमिक परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी 22/11/20 तक प्रबन्धक के कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर पूर्ण रूप से भरकर जमा कर सकते हैं। लिखित परीक्षा दिनांक 29/11/2020 को तथा साक्षात्कार दिनांक 06/12/20 को सम्पन्न होगी शेष नियम पूर्ववत रहेगा।

सूचना

Notice

We Mrs. Mayuri Agarwal W/o Mr. Sanchit Agarwal and Mr. Sanchit Agarwal S/o Mr. Ashok Kumar Agarwal both are R/o 202, Surya Lake View Apartment, Vikalp Khand, Gomti Nagar, Lucknow (U.P.), have lost following 4 original property payment receipts of plot no. B-33, DLF Garden City, Raibarelli Road, Lucknow- 1- GDN/CRB/00424/ 1211 31/12/2011 Rs. 4,00,000.00/- 2-GDN/CRB/00119/0913 16/09/2013 Rs. 10,00,000.00/- 3-GDN/CRB/00075/0316 16/03/2016 Rs.22,00,000.00/- 4-GDN/CRB/00076/0316 16/03/2016 Rs.32,213.00/- Mobile: 8795817012

## भाजपा सरकार ने यूपी को बदहाल बना दिया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को बदहाल बना दिया है। गरीब मध्यवर्गीय जनता मंहगाई और भाजपा कुशासन के बीच पिस रही है। पर्यावरण प्रदूषण के बहाने किसानों को पराली जलाने के अभियोग में जेल का भय सता रहा है। भाजपा किसानों का लगातार उत्पीड़न किसी न किसी बहाने करती रहती हैं दरअसल भाजपा किसान के विरुद्ध इसलिए रहती है क्योंकि वह जानती है कि किसान उसका वोट बैंक नहीं है। भाजपा किसान के बजाय कारपोरेट घरानों का पोषण करती है। वह किसान की खेती को भी पूंजीघरानों या बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के हाथों में भी सौंपना चाहती है। कृषि विधेयक लाकर भाजपा ने किसान विरोधी अपनी भावना प्रदर्शित कर दी है। अखिलेश ने कहा कि पराली जलाने के आरोप में लगभग हजारों किसानों के खिलाफ मुकदमों की नोटिसें जारी हुई हैं। किसान की पराली के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था भाजपा सरकार ने नहीं की। किसान फिर अपनी अगली फसल की बुवाई के लिए खेत कैसे तैयार करे। किसान को समय से खाद नहीं मिल रही है। यूरिया मंहगी है। उसमें भी 5 किलो खाद कम होती है। बिजली संकट अलग है। उन्हें कोई रियायत नहीं मिल रही है। तमाम परेशानियों से जूझ रहे किसान कहीं कोई उम्मीद न देखकर अंतत: आत्महत्या को मजबूर हो जाता हैं। पराली प्रबंधन की जो बातें है भी वे हवा में की जा रही हैं। पर्यावरण प्रदूषण का शोर मचाने वाले राजनीतिक प्रदूषण फैलाने वालों पर कब शिकंजा कसेंगे।

## सरकार का उद्देश्य वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुना करना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पीएचडी** चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के उत्तर प्रदेश चैप्टर ने शुक्रवार को उन्नत फसल उत्पादन और अभिनव उर्वरक प्रौद्योगिकियों पर एक इंटरैक्टिव वेबिनार सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा, कृषि अनुसंधान सूर्य प्रताप शाही थे। इस सत्र का उद्देश्य कृषि उपज बढ़ाने और किसान की आय में अनिश्चितताओं को कम करने के लिए उन्नत फसल उत्पादन, फसल विविधीकरण और अभिनव उर्वरक प्रौद्योगिकियों की भूमिका, आवश्यकता पर चर्चा करना था।

वेबिनार सत्र को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा उत्तर प्रदेश सरकार का अहम उद्देश्य 2022 तक किसानों की आय दोगुना करना है। पिछले 3 वर्ष से उत्तर प्रदेश में गेहूं, चावल, चीनी जैसी चीजों का उत्पादन में साल दर साल



बढ़ोतरी हो रही है और हमें ऐसी नई तकनीकीयों की जरूरत है जिससे किसान प्रदेश में कम से कम आय में ज्यादा से ज्यादा उत्पादन कर सकें। उद्योगपतियों को जिस इंफ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता है उत्तर प्रदेश उसे पूर्ण करने में सक्षम है। डॉ एपी श्रीवास्तव निदेशक कृषि विभाग ने अपने संबोधन में कहा कि गेहूं, दूध, आलू, चीनी जैसी चीजों के उत्पादन में उत्तर प्रदेश देश में सबसे आगे हैं।उत्तर प्रदेश में लगभग 15 करोड ह्यूमन रिसोर्स उपलब्ध है और अगर हम इन सभी को रोजगार दिलाने में सफल हो जाए तो उत्तर प्रदेश विश्व में 6 स्थान पर आ जाएगा। वहीं प्रदीप मुलतानी सीनियर वाईस प्रेसिडेंट पीएचडी चैम्बर ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि उन्नत फसल उत्पादन और अभिनव उर्वरक प्रौद्योगिकियों कृषि क्षेत्र के लिये बहुत जरुरी है।

## यूपी में बिजली के बढ़ते बिलों और मीटरों का आतंक व्याप्त



**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि पूरे उत्तर प्रदेश में बिजली के बढ़ते बिलों और बिजली मीटरों का आतंक व्याप्त है। पिछले कुछ वर्षों में बिजली दरों में व्यापक बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि बिजली बिल में बढ़ोतरी को बड़े पैमाने पर कम किया जाए और किसानों को आधे दाम पर बिजली मुहैया कराई जाए। प्रियंका गांधी ने दावा किया कि पिछले आठ साल में ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं की दरों में 500 फीसदी, शहरी घरेलू बिजली की दरों में 84 फीसदी और किसानों को मिलने वाली बिजली की दरों में 126 फीसदी की वृद्धि हुई है।

## ऊर्जा परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण आज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल 7 नवम्बर को अपने सरकारी आवास पर गोरखपुर की ऊर्जा विभाग की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण करेंगे। यह कार्यक्रम वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्पन्न होगा। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इन परियोजनाओं से गोरखपुर की विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ होगी।

कॉन्टीनेन्टल कैमिकल्स लिमिटेड
(सीआईएन : एल24123यूपी1984पीएलसी014111)
पंजी. कार्यालय : ए-7, सेक्टर-7, नोएडा-201301
फोन नं. : 0120-2423316 फैक्स नं. : 0120-2423316
ई-मेल : info@continentalsoft.com
वेबसाइट : www.continentalchemicalsltd.com

सूचना

सेबी (सूचीयन दायित्वं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 29 तथा 47 के अनुसरण में एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक बृहस्पतिवार, 12-11-2020 को, अन्य के साथ, 30 सितम्बर, 2020 को समाप्त दूसरी तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु कम्पनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम अनुमोदित करने हेतु आयोजित की जाएगी।
नोट : विस्तृत सूचना बीएसई वेबसाइट (www.bseindia.com) तथा कम्पनी की वेबसाइट (www.continentalchemicalsltd.com) पर भी उपलब्ध है।

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा
हस्ता./-
स्थान : नोएडा — नरेश कुमार चिब्बा
तिथि : 06-11-2020 — प्रबंध निदेशक

## शिक्षा के बिना समस्याओं से मुक्ति मिलना संभव नहीं

● विद्या भारती का शिक्षण कार्य वैदिक संस्कृति व तकनीक समन्वय पर आधारित: वेंकटेश्वर लू



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**दीन** दयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान के महानिदेशक एल वेंकटेश्वर लू ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आनुसंगिक संगठन विद्या भारती के मूल मंत्र सा विद्या या विमुक्तये का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा के बिना मानव जीवन में समस्याओं से मुक्ति मिलना संभव नहीं है। हमारी वैदिक संस्कृति को मूल आधार बनाकर और तकनीक का समन्वय करके विद्या भारती जो शिक्षण कार्यक्रम का संचालन कर रही है, वह काफी अनुकरणीय है। वेंकटेश्वर लू शुक्रवार को निराला नगर स्थित सरस्वती कुंज में प्रोफेसर राजेंद्र सिंह उच्च तकनीकी सूचना संवाद केंद्र में विद्या भारती के अवध प्रांत से आए शिक्षकों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कोरोना काल में तकनीक का महत्व काफी बढ़ गया है, लेकिन सवाल उठता है कि क्या तकनीकी विज्ञान समाज को परेशानियों और समस्याओं से मुक्ति दिला पाएगा। वर्तमान समय में ऋषि-मुनियों के विज्ञान और आधुनिक विज्ञान के समन्वय के बिना हमें दुखों से, समस्याओं से मुक्ति नहीं मिलने वाली है। उन्होंने कहा कि पिछले 50 साल में मानव ने अपनी सुख सुविधा के लिये प्रकृति को नष्ट करने का काम किया है, कोरोना इसी का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मनुष्य ने हजारों साल अपनी पुरानी संस्कृति को समाप्त किया किया है, लेकिन विद्या भारती जैसे संगठन इसे संरक्षित करने का काम रहे हैं। उन्होंने पीएम मोदी की महात्वाकांक्षी कर्मयोगी योजना का भी जिक्र करते हुए कहा कि हमें लोगों को कर्मयोगी बनाना है। कार्यक्रम अध्यक्ष भारतीय जनसंचार संस्थान के महानिदेशक डॉ. संजय द्विवेदी ने कहा कि विद्या भारती पूरे देश में शिक्षा की अलख जगा रही है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय मंत्री डॉ जय प्रताप सिंह ने कहा कि विद्या भारती ने पूरे देश और समाज में संस्कारयुक्त शिक्षा देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में दुनिया का मुकाबला हम तभी कर पाएंगे, जब हम तकनीकी रूप से मजबूत होंगे। विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रचार प्रमुख सौरभ मिश्रा ने लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम और विद्या प्रबोधन एप के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यालय प्रभारी अधिकारी
नगर निगम वर्कशाप, फजलगंज, कानपुर

निविदा सूचना

कानपुर नगर निगम द्वारा शासन से 14वें वित्त आयोग के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2019-20 में सेनीटेशन कार्यान्श के अन्तर्गत डी सिल्ट मशीन क्रय किया जाना है। वाहन/उपकरण को क्रय किये जाने हेतु निर्माता कम्पनी/अधिकृत डीलर से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा अपर नगर आयुक्त (प्रथम) के कार्यालय कक्ष मोतीझील मुख्यालय नगर निगम कानपुर में निविदादाताओं की उपस्थित में खोली जावेंगी। जिसका विवरण निम्नवत् है :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | आन लाइन निविदा प्रारम्भ की तिथि व समय | 09.11.2020 | रात्रि 08.00 बजे से |
| 2 | आन लाइन निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय | 25.11.2020 | अपरान्ह 3.00 बजे तक |
| 3 | आन लाइन तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | 26.11.2020 | साय 4.00 बजे |

क्रय किये जाने वाले वाहन / उपकरण का विवरण निम्नवत् है

| क्र.सं. | वाहन/उपकरण का नाम | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | डी सिल्ट मशीन | 04 नग |

निविदा प्रपत्र व निविदा का विस्तृत विवरण एवं शर्ते कानपुर नगर निगम की ई-टेन्डरिंग वेबसाइट https://etender.up.nic.in से डाउनलोड कर निविदादाता उपरोक्त तिथि के अनुसार आनलाइन निविदा डाल सकते है। निविदा के साथ निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपया 1000=00+12 प्रतिशत जी0एस0टी0 सहित (डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में) एवं निविदा की कुल जमानती धनराशि निविदा धनांक का कुल 2 प्रतिशत डिमाण्ड डाफ्ट/बैक गारण्टी/एफ0डी0आर0 जो मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी, नगर निगम कानपुर के नाम बन्धक होगें। निविदा मूल्य एवं निविदा की जमानती धनराशि मूल रूप से निविदा के पूर्व वर्कशाप विभाग में जमा किया जाना अनिवार्य होगा। निविदा मूल्य व जमानती धनराशि की स्केन कापी तकनीकी निविदा के साथ अपलोड करनी होगी। अर्नेस्टमनी एवं निविदा मूल्य न जमा होने की दशा में निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। सफल निविदादाता के अतिरिक्त अन्य सभी की जमानती धनराशि की यथा समुचित समयान्तर्गत विभाग द्वारा सम्बन्धित को वापसी सुनिश्चित की जायेगी। नगर आयुक्त नगर निगम कानपुर को किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत / अस्वीकृत अथवा समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

प्रभारी अधिकारी (वर्कशाप) — अपर नगर आयुक्त (प्रथम)

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# डेंगू की रोकथाम के लिए युद्धस्तर पर जुटें अधिकारी: मंडलायुक्त

## नोडल अधिकारी होंगे तैनात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डेंगू की** रोकथाम पर मजबूत तंत्र विकसित करने के लिए मंडलायुक्त द्वारा सभी मंडल के सभी अ धिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान नोडल अधिकारियों को तैनात करते हुए डेंगू पर नियंत्रण के सभी प्रबंध करने का आदेश दिया है। युद्ध स्तर पर सभी जिलों के अधिकारियों को जुटने के लिए कहा गया है। वहीं हेड टेंकों की सफाई, जलभराव वालें स्थानों को बंद करना, जरूरत के अनुसार बिलीचिंग पाउडर का छिड़काव करने का निर्देश दिया है।

शुक्रवार को मण्डलायुक्त रंजन कुमार की अध्यक्षता में डेंगू की रोकथाम, बचाव एवं नियंत्रण के स बन्ध में सभी संबन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। कमिश्नर ने कहा कि मण्डल में डेंगू की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए इसके रोकथाम एवं नियन्त्रण के लिए नोडल अधिकारी तैनात किये जायें। मंडलायुक्त ने संबन्धित विभागों के साथ बैठक कर आवश्यतानुसार कार्रवाई करने के लिए ओवर हेड टैंक की नियमित सफाई कराने, पानी की टंकियों के ढक्कन एयर टाइट बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही जलभराव वाले गड्ढों को बन्द करवा जल भराव न हो पाए, इसके प्रबंध करने का आदेश दिया है। कमिश्नर ने कहा कि संबन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गये है कि डेंगू के रोकथाम एवं नियन्त्रण जो उपाय व कार्य दिये गये है उसे यथाशीघ्र पूर्ण कर रिपोर्ट दें, जिनकी रिपोर्ट ठीक नहीं होगी उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। मण्डल के



सभी जिलों के जिला मलेरिया अधिकारी डेंगू से बचाव के उपाय युद्ध स्तर पर करें और अधिक से अधिक सैंपल लें। यह प्रयास करें कि कम से कम डेंगू धनात्मक केस पाये जायें। सभी मोहल्लों में सफाई एवं कूड़ा निस्तारण की सुदृढ़ व्यवस्था की जाये। नालियों में पानी एकत्र न होने पाये जल का बहाव लगातार रहे। मंच्छरों की प्रजनन हो, इसकी जानकारी जनता को दी जाए।

मंडलायुक्त ने मच्छर जनित परिस्थितियों को समाप्त करने के लिए फागिंग, लार्वी साइडल स्प्रे व आईईसी की एकीकृत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के बर्तन, टैंक में रुके हुये पानी को हटाए जाने की कार्रवाई की जायें। जिलों में आशा कार्यकर्ती द्वारा घर-घर जाकर डेंगू से बचाव तथा वेक्टर बार्नडिजीज के नियंत्रण के उपायों के बारे में जन सामान्य को जागरूक किया जाये। हैण्ड पंप एवं कुओं के पास अनावश्यक जल एकत्रित न होने देने के भी निर्देश दिये गये। मंडलायुक्त ने कहा कि खण्ड विकास अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में जलभराव के स्थलों को समाप्त करायें, नालियों एवं नालों में जल भराव वाले स्थानों की सफाई एवं उसमें मिट्टी का तेल डलवाएं। शिक्षा विभाग के अधिकारी अध्यापकों को निर्देशित करें की ऑनलाइन कक्षाओं के दौरान नियन्त्रण एवं उपचार सुविधाओं के विषय में बताएं।

# राजधानी में 288, सूबे में मिले कोरोना के 2187 नए केस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सूबे में** शुक्रवार को कोरोना वायरस के 2187 नए मरीज पाए गए हैं। जबकि राजधानी लखनऊ में 288 केस सामने आए हैं। सूबे में 23132 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 3176 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 7155 मरीजों की और राजधानी में 910 की मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 486378 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 2167 मरीजो को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 463240 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक आज लखनऊ में 288 कानपुर में 61 प्रयागराज में 114 गोरखपुर में 29 गाजियाबाद में 115 नोएडा में 169 वाराणसी में 83 मेरठ में 115 बरेली में 26 मुरादाबाद में 25 अलीगढ़ में 31 झांसी में 37 सहारनपुर में 20 आगरा में 64 अयोध्या में 11 बाराबंकी में 13 बलिया में 16 लखीमपुर खीरी में 17 शाहजहांपुर में 16 देवरिया में 10 मुजफ्फरनगर में 21 जौनपुर में 10 महाराजगंज में 7 आजमगढ़ में 16 कुशीनगर में 5 मथुरा में 37 रामपुर में 1 इटावा में 17 बुलंदशहर में 31 बस्ती में 20 प्रतापगढ़ में 14 गोंडा में 11 गाजीपुर में 6 सीतापुर में 12 उन्नाव में 10 सुल्तानपुर में 17 फर्रुखाबाद में 23 रायबरेली में 25 चंदौली में 17 सोनभद्र में 17 अमरोहा में 12 सिद्धार्थनगर में 5 पीलीभीत में 16 बहराइच में 9 बिजनौर में 17 हापुर में 27 बदायूं में 18 मैनपुरी में 12 कन्नौज में 16 फिरोजाबाद में 29 फतेहपुर में 31 अमेठी में 14 संत कबीर नगर में 4 जालौन में 30 मिर्जापुर में 13 ललितपुर में 5 शामली में 9 औरैया में 25 मऊ में 4 बांदा में 18 संभल में 16 एटा में 16 कौशांबी में 5 भदोही में 4 कानपुर देहात में 1 बलरामपुर में 8 चित्रकूट में 12 अंबेडकरनगर में 2 कासगंज में 15 बागपत में 15 हमीरपुर में 10 हाथरस में 3 श्रावस्ती में 3 महोबा में 9 कोरोनावायरस के संक्रमित मरीज पाए गए हैं।

# तीन गिरफ्तार, चोरी की दस बाइकें बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के चौक थाना क्षेत्र में पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है । पकड़े गए गिरोह के सदस्यों के पास से दस दो पहिया वाहन बरामद हुआ। पुलिस इनके अन्य साथियों की तलाश में जुटी हुई है।

डीसीपी पश्चिम देवेश कुमार पांडे ने बताया कि एडीसीपी श्याम नारायण सिंह और एसीपी चौक आईपी सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक चौक विश्वजीत सिंह की ओर से गठित की गई टीम के द्वारा ई चालान एप पर चेकिंग के दौरान बरती गई सतर्कता से बड़ी सफलता हासिल हुई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक ऐसे वाहन चोर गैंग के सदस्यों को गिरफ्तार किया है। जो कि वाहन चोरी करके आरटीओ कर्मियों की मिलीभगत से वाहन स्वामी का नाम भी कूट रचित तरीके से तैयार करके रजिस्ट्रेशन भी करा कर धोखाधड़ी से वाहन को मार्केट में अच्छी कीमत में बेच देते थे। यह लोग काफी दिनों से मेडिकल कॉलेज , बलरामपुर हॉस्पिटल आने वाले परेशान तीमारदारों को निशाना बनाते थे। इनके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल व फर्जी आरसी बरामद हुई हैं। पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम व पता सीतापुर निवासी शुभम रस्तोगी, जौनपुर निवासी सईद मोहम्मद यूसुफ व रजनी खंड शारदा नगर लखनऊ निवासी कन्हैयालाल मौर्या बताया। आरोपी शुभम रस्तोगी साइकिल मरम्मत का कार्य करता है जिसने कक्षा 7 तक पढ़ाई की है जबकि मोहम्मद सईद ऑनलाइन साइबर कैफे की दुकान करता है जिसने बीकॉम परीक्षा पास की थी। वहीं कन्हैया लाल मौर्य आरटीओ के कार्यालय में दलाली व फाइलें लाने ले जाने का काम करता था जिसने कक्षा दस तक पढ़ाई की है। फिलहाल पुलिस ने तीनों को विधिक कार्रवाई करते हुए जेल रवाना कर दिया है।

# नयी पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य देना प्राथमिकता: राजनाथ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भावी** पीढ़ी को सुरक्षित व सुखमय भविष्य प्रदान करना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इस उद्देश्य हेतु विभिन्न देशों के न्यायविदों व कानूनविदों का आगे आना एक अहम कदम है। यह एक नवीन विश्व व्यवस्था में क्रान्तिकारी कदम साबित होगा। यह कहना था रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का। शुक्रवार को सिटी मोन्टेसरी स्कूल में विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 21वें अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आनलाइन शुभारम्भ हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व मेयर संयुक्ता भाटिया वर्चुअल रूप से शामिल हुए।

मेयर संयुक्ता भाटिया ने त्रिनिदाद एवं टोबैगो के पूर्व राष्ट्रपति एन्थोनी थॉमस अकीनास कार्मोना



को ऑनलाइन प्रजेन्टेशन द्वारा लखनऊ शहर की चाबी भेंटकर सम्मानित किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि बच्चों के आधिकारों व विश्व व्यवस्था के महत्वपूर्ण मुद्दे पर आवाज उठाना सराहनीय है। मेयर संयुक्ता भाटिया ने कहा कि इस अन्तर्ष्ट्रीय सम्मेलन के माध्यम से सीएमएस विश्व के बच्चों के लिए एक नया भविष्य निर्मित कर रहा है, साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में भी नये आयाम स्थापित कर रहा है। समारोह में बोलते हुए त्रिनिदाद एवं टोबैगो के पूर्व राष्ट्रपति एन्थोनी थॉमस अकीनास कार्मोना ने कहा कि विश्व के ढाई अरब बच्चों को सुरक्षित भविष्य का अधिकार दिलाना एक ऐसा मुद्दा है जो विश्व में एकता, शान्ति व सौहार्द की स्थापना से ही संभव है। इस अवसर पर सीआईएससीई नई दिल्ली के चीफ एक्जीक्यूटिव एवं सेक्रेटरी गैरी अराथून ने कहा कि यह सम्मेलन नवीन विश्व व्यवस्था की स्थापना में मील का पत्थर साबित होगा। सीएमएस संस्थापक डा. जगदीश गांधी ने कहा कि विश्व के न्यायमूर्तियों ने आज यह अहसास करा दिया है कि एकता, शान्ति व बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए कोई कोर कसर बाकी नहीं रखेंगे।

# गोमतीनगर के निजी प्लाजा की 95 दुकानें हुईं सील

## हुंडई शोरूम सहित गृहकर जमा करने वालों को मिली राहत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शहर के** बड़े गृहकर के बकायादारों पर नगर निगम द्वारा कार्रवाई की गयी। क्षेत्रीय जोनल अधिकारी द्वारा बड़े बकायादारों पर कार्रवाई करते हुए कई प्रतिष्ठानों को सील किया गया। हुंडई के शोरूम, साड़ी प्रतिष्ठान और जापान एजेंसियों के भवनों से गृहकर जमा कराया गया। वहीं गोमतीनगर की निजी प्लाजा की 95 दुकानों को सील करने की कार्रवाई की गयी। शुक्रवार को राजधानी के बड़े गृहकर बकायादारों पर नगर निगम के नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी के आदेश पर सीलिंग की कार्रवाई की गयी। बड़े बकायादारों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में जोन-3 के जोनल अधिकारी राजेश सिंह ने बताया कि अलीगंज वार्ड में प्रगति बाजार स्थित अवध कांस्ट्रक्शन के दो प्रतिष्ठान (शूटिंग रेंज शॉप) पर 18,00,839 रुपए और 12,82,187 रुपए की धनराशि बकाया है, लेकिन मौके पर बकाया धनराशि जमा न करने के कारण सील किया। अभियान में बेगम हजरतगंज महल वार्ड के डंडइया बाजार में स्थित प्रतिष्ठान स्वामी मैकू लाल विश्वकर्मा पर बकाया गृहकर 6,75,000 के सापेक्ष रु. 3,00,000 की धनराशि जमा की गयी। विवेकानंदपुरी वार्ड के गोल मार्केट में जापान एजेंसी द्वारा रु. 1,46,226 एवं प्रगति साड़ी के प्रतिष्ठान स्वामी द्वारा रु. 1,00,000 जमा किया गया। साथ ही हुंडई कार शोरूम के भवन स्वामी द्वारा रु. 2,16,879 की धनराशि जमा की गयी।

# जानकीपुरम में अवैध मैरिज लॉन को किया ध्वस्त

**लखनऊ( पीएनएस )।** जानकीपुरम में एलडीए द्वारा मैरिज हाल व बसंत कुंज में अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। यह मैरिज हाल दस हजार वर्ग फिट में फैला था, जिसकी एलडीए से पूर्व स्वीकृत नहीं ली गयी थी। वहीं, एक करोड़ 51 लाख रुपए के 5.309 हे भूमि खाली कराई गई। साथ ही एलडीए ने बसंतकुंज में 55 सौ वर्ग मीटर की भूमि खाली करायी गयी। शुक्रवार को एलडीए वीसी अभिषेक प्रकाश द्वारा लखनऊ शहर में किए गए अवैध निर्माणों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गयी। जानकीपुरम के पास बिना मानचित्र पास कराए मैरिज हाल बनाए जाने पर एलडीए ने कड़ी कार्रवाई की गयी। मो एहसान पुत्र गुलाम हैदर द्वारा गाटा संख्या 580 मी, चौधरी पुरवा, नहर रोड जानकीपुरम बिना मानचित्र स्वीकृत कराए लगभग 10000 वर्ग फुट भूमि पर अवैध रूप से बनाए गए मैरिज लॉन के ध्वस्तीकरण का आदेश दिया गया था ।

# प्री-हास्पिटल केयर ट्रॉमा रोगियों के लिए महत्वपूर्ण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आमजन** तक चिकित्सीय सुविधाओं को पहुंचाने हेतु हिन्दी को प्रमुखता से प्रयोग में लाना होगा। प्री-हास्पिटल केयर ट्रॉमा रोगियों के लिए काफी महत्वपूर्ण है तथा इसी से यह तय होता है कि पीड़ित की जान बचाई जा सकती है या नहीं। अगर आमजन को सिर्फ दो बातों के प्रति जागरूक किया जा सके तो काफी मौतों को रोका जा सकता है। उक्त उद्गार शुक्रवार को किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ विपिनपुरी ने व्यक्त किये। ब्राउन हाल में अधिष्ठाता, पैरामेडिकल साइंसेस, डॉ विनोद जैन की पुस्तक ट्रॉमा, बचाव, उपचार एवं प्रबंधन किताब के लोकापर्ण समारोह को सम्बोधित करते हुए डॉ पुरी ने कहा कि रक्तस्राव को रोकना और सांस आने में तकलीफहोने से किस प्रकार से पीड़ित की मदद की जा सकती है। यह बात की जानकारी अगर आमजन को हो तो होने वाली मौतों के आकड़ों को काफी कम किया जा सकता है।

# हर गांठ कैंसर नहीं होती: डॉ. शालीन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सुपर** स्पेशयलिटी कैंसर संस्थान के निदेशक डॉ शालीन कुमार ने कहा कि कैंसर अनियमित कोशिकाओं की वृद्धि का परिणाम है। उन्होंने कहा सारी गाँठे कैंसर नहीं होती है। उन्होंने कहा कि मस्तिष्क का कैंसर ज्यादा खतरनाक होता है। गला, मुँह, पेट और फेफड़े का कैंसर ज्यादा देखा जा रहा है। डॉ कुमार शुक्रवार को इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में कैंसर-भ्रम और वास्तविकता विषय पर आयोजित एक आनलाईन संगोष्ठी को सम्बोधित कर रहे थे।

संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक डॉ हर्षवर्धन ने कहा कि कैंसर जैसे विषय पर आनलाइन गोष्ठी कराकर इग्नू ने सराहनीय प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि गोष्ठी में मौजूद विशेषज्ञों के विचारों से प्रतिभागी निश्चित रूप से लाभान्वित होंगे तथा कैंसर के बारे मे फैली विभिन्न भ्रांतियों और भय से दूर किया जा सकेगा। डॉ हर्षवर्धन ने आवाह्न किया कि इस प्रकार के आयोजन आगे भी होते रहने चाहिये ताकि कैंसर की विभीषिका से लड़ने मे मदद मिल सके। कैंसर विशेषज्ञ डॉ शरद सिंह ने कैंसर के प्रारम्भिक लक्षणों तथा उनसे बचने के उपायों को बताया। उन्होंने कहा कि यदि किसी के रक्तसम्बन्धी को स्तन कैंसर का इतिहास रहा है तो उन्हें सतर्क रहना चाहिये। इसके लिए मेमोग्राफी भी कराई जा सकती है। पीजीआई रेडियोथेरेपी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ पुनीता लाल ने कहा कि पता चलते ही कैंसर का इलाज शुरू कर देना चाहिये।

## कैंसर संस्थान में अगले साल 200 बेड पर इलाज की सुविधा होगी उपलब्ध

**लखनऊ।** चकगंजरिया स्थित कैंसर संस्थान में अगले साल में 200 बेड पर इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। वर्तमान में यहां पर 54 बेड पर मरीजों को इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। सीएमएस डा. आर हर्ष वर्धन के मुताबिक अब मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। ऐसे में बेडों की संख्या के साथ साथ डायग्नोस्टिक समेत सभी हॉस्पिटल सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। नए साल में मरीजों को 200 बेड पर इलाज मुहैया कराने का प्लान है। जल्द ही प्रस्ताव बनाकर शासन को सौंपा जाएगा। इसके अनुसार संसाधन व उपकरण भी जुटाए जाएंगे।

# नई शिक्षा नीति: थ्योरी आधारित कोर्सेस में भी होंगे प्रैक्टिकल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नई** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के निर्धारण की प्रक्रिया में थ्योरी आधारित कोर्सेस में भी प्रैक्टिकल शामिल किए जाएंगे। मसलन हिंदी, संस्कृत भाषा के पाठ्यक्रम में स्क्रिप्ट राइटिंग, फोनिक्स, अनुवाद, लैंग्वेज लैब आदि को प्रैक्टिकल के रूप में देखा जा सकता है।

शुक्रवार को पाठ्यक्रम समिति एवं विषय विशेषज्ञों के ओरियंटेशन प्रोग्राम को सम्बोधित करते हुए अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा मोनिका एस गर्ग ने विषय विशेषज्ञों से कहा कि आप एक उच्च स्तरीय, रोजगार परक एवं नैतिक मूल्यों को ध्यान में रखते हुए खुले मन से पाठ्यक्रम बनाइए जिससे यह वर्तमान एवं भविष्य के छात्रों के लिए लाभकारी हो, आप जो अपने विषय के बारे में अब तक सोचते हैं परंतु वह किसी न किसी कारण से लागू न हो सका है, उनको अपने पाठ्यक्रम के अंत में रिकमेंडेशन के रूप में दीजिए, शासन स्तर पर उस पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने विषय विशेषज्ञों को अपने विषय के बारे में नए सिरे से सोचने का अवसर प्रदान किया है, जिससे हमारे छात्र डिग्री लेने के बाद रोजगार के लिए भटके नहीं, वह स्वयं इतने स्किल्ड हों कि नौकरी न मिलने की स्थिति में स्वरोजगार कर सकें। उन्होंने कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य प्रोफेसर सुरेंद्र दुबे समिति द्वारा बनाए गए न्यूनतम समान पाठ्यक्रम को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप पुन: संयोजित करना है, जिससे उसे आगामी सत्र से प्रदेश में लागू किया जा सके। सुपरवाइजर समिति सर्वप्रथम प्रोफेसर सुरेंद्र दुबे समिति द्वारा बनाए गए 25 विषयों के पाठ्यक्रमों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप तैयार करेगी।

## काउंसिलिंग से पूर्व एलएलबी सहित चार कोर्सेज की मेरिट बदली

**लखनऊ( पीएनएस )।** लखनऊ विश्वविद्यालय में इस साल एडमिशन की प्रक्रिया लगातार विवादों में फंसती जा रही हैं। पहले यूजी एडमिशन की प्रक्रिया में सीटों का डाटा सही नहीं जारी करने का विवाद सामने आया। उसके बाद पीजी एंट्रेंस एग्जाम में बिना रिजल्ट जारी किए डॉक्यूमेंट अपलोड कराने और काउंसिलिंग फीस लेने का विवादए साथ ही दस महीनों से पीएचडी एडमिशन में ईडब्लूएस पर निर्णय लेने का मामला हों। अब नया मामला पीजी कोर्सेज के एंट्रेंस एग्जाम के मेरिट लिस्ट के तौर पर सामने आया हैं। शुक्रवार को पीजी के चार कोर्सेज में मेरिट लिस्ट पूरी तरह से बदल दी गई है। जिसको लेकर स्टूडेंट्स में आक्रोश छा गया हैं। स्टूडेंट्स ने शनिवार को आंदोलन करने की चेतावनी दी हैं। स्टूडेंट्स ने यूनिवर्सिटी प्रशासन पर एलएलबीए एमएससी बॉटनीए जूलॉजीए मैथ के मेरिट लिस्ट में धांधली का आरोप लगाया है।

**डेढ़ महीने के बाद आंसर की में पकड़ी गड़बड़ी:** नाराज स्टूडेंट्स का कहना है कि यूनिवर्सिटी प्रशासन ने सिंतबर के सेकेंड वीक में पीजी कोर्सेस में एडमिशन के लिए एंट्रेंस एग्जाम करा लिया था। यह एग्जाम एमक्यूसी बेस्ड था। ऐसे में मूल्यांकन से पहले ही आंसर की तैयार हो जाता हैं। यूनिवर्सिटी में अक्टूबर के दूसरे वीक में पीजी की प्रोवीजनल मेरिट लिस्ट जारी कर दी। उस समय में एलयू को आंसर की में गड़बड़ी का पता नहीं चला।

# पीएचडी में ईडब्ल्यूएस की सीटों पर मिलेगा प्रवेश

**लखनऊ।** पीएचडी कक्षाओं में दाखिले के दौरान अब आर्थिक तंगी से गुजर रहे परिवारों के बच्चों को भी दाखिले का मौका मिलेगा। यह मौका उन विभागों में मिलेगा, जहाँ 10 या इससे अधिक सीट हैं। इस बावत शुक्रवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में सम्पन्न हुई प्रवेश समिति की बैठक में निर्णय लिया गया। अब आगे आरक्षण के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाएगी। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई प्रवेश समिति की बैठक में ईडब्ल्यूएस का मुद्दा छाया रहा। अभी तक विवि प्रशासन ने ईडब्ल्यूएस को प्रवेश देने से मना कर दिया था। लेकिन सरकार के आदेश को देखते हुए इस मसले पर चर्चा हुई। बैठक को लेकर विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रवेश समिति ने पीएचडी प्रवेश में भी ईडब्ल्यूएस देने का निर्णय लिया है।

# प्रदूषण फैलाने वालों पर कसेगा शिकंजा

## अफसरों की टीम गठित

संवाददाता। मोहनलालगंज

**कूड़ा-कचरा** और पराली जलाए जाने से पनप रहा वायु प्रदूषण और स्मॉग आमजन की सांसे फुलाने लगा है। लिहाजा जिला प्रशासन ने अफसरों की टीम गठित कर धुआं फैलाने वालों को चिन्हित कर कार्रवाई के दायरे में लाने के निर्देश दिए हैं।

मोहनलालगंज समेत राजधानी की पांचों तहसील के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में घास-फूस, कूड़ा-कचरा और पराली जलाकर जाने-अनजाने वायु प्रदूषण और स्मॉग को जन्म दे रहे लापरवाह लोगों पर शिकंजा कसने के लिए जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने एसडीएम और बीडीओ के साथ कृषि विभाग के



अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कर दी है। कृषि विभाग के प्राविधिक सहायकों के साथ ही लेखपाल और ग्राम पंचायत सचिव भी अपने अपने क्षेत्र में प्रदूषण फैलाने वालों पर पैनी निगाह रखकर उनसे जुर्माना वसूलने से लेकर एफआईआर दर्ज कराने तक की कार्रवाई करेंगे।

**सैटेलाइट रिपोर्ट में मोहनलालगंज अव्वल, मचा हड़कंप:** कूड़ा-कचरा और पराली जलाए जाने से हो रहे वायु प्रदूषण की सैटेलाइट के माध्यम से भी निगरानी कराई जा रही है। सैटेलाइट के जरिए की गई निगरानी में गुरुवार तक राजधानी में सर्वाधिक आधा दर्जन मामलों के साथ प्रदूषण फैलाने के मामले में मोहनलालगंज तहसील अव्वल पाई गई। जिनमें सरई गुंदौली ,केवली, बेली,करोरा और बलसिंह खेड़ा गांव शामिल रहे। उपनिदेशक कृषि सीपी श्रीवास्तव ने बताया प्राविधिक सहायकों के जरिए इन गांव के भूस्वामी और बंटाईदार समेत 9 लोगों को प्रदूषण फैलाने के आरोप में चिन्हित कर जुर्माना वसूलने के लिए सम्बन्धित तहसील को रिपोर्ट भेजी गई है। इसी तरह सरोजनीनगर और बीकेटी तहसील से चिन्हित किए गए अन्य 9 लोगों पर भी जुर्माना लगाने की कार्रवाई की जा रही है। आवश्यकतानुसार एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। वहीं पराली जलाए जाने की सूचना पर एसडीएम विकास सिंह को बुधवार रात कासिमपुर बिरुहा में खेतों में पराली जलाई जाती मिली। नाराज एसडीएम ने आग बुझवाने के बाद किसान के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। वहीं शुक्रवार को अतरौली गांव में कूड़ा.कचरा जलाए जाने की सूचना मिलते ही एसडीएम मौके पर पहुंच गए।



# डॉ. नीलकण्ठ तिवारी को पर्यटन राजदूत सम्मान



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पर्यटन** मंत्री डा नीलकण्ठ तिवारी को शुक्रवार को पर्यटन भवन गोमतीनगर सभागार में लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अशोक कुमार राय ने लखनऊ विश्वविद्यालय के पर्यटन संकाय की तरफ से पर्यटन राजदूत के सम्मान से सम्मानित किया। प्रो राय ने इस अवसर पर कहा कि पर्यटन मंत्री डा नीलकण्ठ तिवारी के नेतृत्व में निरन्तर पर्यटन गतिविधियों एवं पर्यटन स्थलों के विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मार्गदर्शन में पर्यटन विभाग द्वारा अभूतपूर्व कार्य किया गया है जिससे प्रदेश में विगत वर्ष पर्यटकों का रिकार्ड आवागमन हुआ। प्रदेश में पर्यटकों के आने से बड़ी मात्रा में रोजगार के अवसर उपलब्ध हुए तथा राजस्व में वृद्धि हुई।


**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अल्पकालिक निविदा सूचना** अधोहस्ताक्षरी द्वारा अनुभवी एवं कार्य में दक्ष ठेकेदारों से दो भागों में अल्पकालिक ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के प्रथम भाग में आरटीजीएस/एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से जमा की गई निविदा मूल्य राशि के रसीद की छायाप्रति, वाणिज्यिक, तकनीकी, अनुभव आदि प्रपत्र तथा द्वितीय–भाग में केवल मूल्य/दरे ई–पोर्टल etender.up.nic.in पर दिनांक 24.11.2020 समय 12:00 बजे तक अपलोड की जानी है। निविदा से संबंधित समस्त शर्ते, अर्हतायें एवं अन्य सूचनायें उ0प्र0 सरकार की ई–पोर्टल etender.up.nic.in अथवा मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0 की–साइट www.mvvnl.in पर वर्णित हैं। अधोहस्ताक्षरी को बिना कोई कारण बताये किसी अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने/संशोधन करने/विभिन्न फर्मो के मध्य विभक्त करने का अधिकार सुरक्षित है। 1. निविदा सं0 51/वि0न0वि0म0/अष्टम)/2020–21: विद्युत नगरीय वितरण मण्डल अष्टम एवं उसके अधीन आने वाले वितरण खण्डों में विभागीय कार्यो के निष्पादन के लिये 08 अदद कम्पयूटर आपरेटरों की उपलब्धता हेतु। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 3540.00/–एवं धरोहर धनराशि रू0 13000.00 2. निविदा सं0 52/वि0न0वि0मं0(अष्टम)/2020–21 : विद्युत नगरीय परीक्षण खण्ड–षष्टम द्वारा मण्डल अष्टम् के अन्तर्गत आने वाले वितरण खण्डों के क्षेत्रार्गत आने वाले संदिग्ध उपभोक्ताओं के मीटरों को परिसर से बाहर सुगम स्थान पर स्थापित कराने का कार्य हेतु । निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1180.00/– एवं धरोहर धनराशि रू0 2000.00 **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–अष्टम, प्रथम–तल, 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र घंटाघर, चौक, लेसा (सिस–गोमती), लखनऊ**
पत्रांक–3332 दिनांक– 6.11.2020
''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''।


# पूरी भव्यता से मनाया जाए दीपोत्सवः योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



● दीपोत्सव पर मुख्यमंत्री रामजन्मभूमि पहुंचकर रामलला के दर्शन व दीप प्रज्वलित करेंगे

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने दीपावली के अवसर पर अयोध्या में दीपोत्सव को पूरी भव्यता के साथ आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि दीपोत्सव के दौरान प्रतिदिन अलग–अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। सम्पन्न होने वाले समस्त कार्यक्रमों में कोविड–19 के प्रोटोकाल का पूर्ण पालन किया जाए।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर दीपोत्सव की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दीपोत्सव के अवसर पर राम की पैड़ी पर 5 लाख 51 हजार दीप प्रज्वलित किए जाएं। साथ ही समस्त मठ मन्दिरों एवं घरों में दीप प्रज्वलन की ऐसी व्यवस्था की जाए, जिससे भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या दीपों के प्रकाश से पूरी तरह आलोकित हो जाए। मठ मन्दिरों में भजन तथा रामायण पाठ का आयोजन कराया जाए। दीपोत्सव के अवसर पर मुख्यमंत्री स्वयं अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पहुंचकर रामलला के दर्शन करेंगे तथा वहां दीप प्रज्वलित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार वर्चुअल माध्यम से दीप प्रज्वलित करने की व्यवस्था की गई है। कोविड–19 के कारण जो लोग अयोध्या नहीं पहुंच पाएंगे, वह श्रीरामजन्म भूमि पर वर्चुअल माध्यम से दीप प्रज्वलित कर सकेंगे। उन्होंने इस व्यवस्था के सुचारु क्रियान्वयन के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि दीपोत्सव पर अयोध्या की भव्य सजावट की जाए। रामजन्मभूमि, कनक भवन, राम की पैड़ी, हनुमान गढ़ी सहित सभी मन्दिरों में बिजली की सजावट की जाए। इसी प्रकार पुलों, विद्युत पोल आदि पर बिजली की झालर लगायी जाएं। इन कार्यक्रमों में एकरूपता हो। इससे दीपोत्सव की शोभा और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि दीपोत्सव 2020 के पुनीत अवसर पर सरयू जी की भव्य एवं दिव्य आरती की व्यवस्था की जाए।

# फूडमैन विशाल सिंह को राज्यपाल ने किया सम्मानित




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोविड**–19 काल में विजयश्री फाउंडेशन के प्रबंध संस्थापक फूडमैन विशाल सिंह द्वारा 7.5 लाख से अधिक जरूरतमंद लोगों के लिए किये गये सेवा कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें राजभवन, गांधी सभागार में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा सम्मानित किया गया। विशाल सिंह ने कहा कि कोविड–19 में जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश एवं उनकी टीम 24 घण्टे लोगों की सेवा कर रही थी यह उन्ही सार्थक प्रयासों का नतीजा था कि इस महामारी काल में हम जैसे सेवा संगठनों को प्रेरणा मिली और हम प्रभावित लोगों की सहायता के लिए तत्पर हो सकें। विजयश्री फाउंडेशन प्रसादम सेवा द्वारा वर्ष 2007 से लगातार शहर के विभिन्न अस्पतालों में नि:शक्त तीमारदारों की भोजन सेवा के साथ साथ मरीजों एवं तीमारदारों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए आवश्यक वस्तुएं प्रदान कर उनकी हर संभव मदद की कर रही है। विशाल सिंह के द्वारा अस्पतालों में भोजन सेवा के अलावा तीमारदारों के ठहरने के लिए रैन बसेरे, वाटर कूलर, स्ट्रेचर, व्हील चेयर या फिर कोविड 19 जांच हेतु कोविड टेस्ट बूथ का निर्माण कराया गया है।

# गो सेवा आयोग दीपावली पर्व पर लखनऊ में जलाएगा एक लाख दीप

● गोरखपुर, लखनऊ, मेरठ और गाजियाबाद में लगेगा बायोगैस का प्लांटः श्याम नन्दन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश गोसेवा आयोग के अध्यक्ष प्रो श्याम नन्दन सिंह ने बताया कि लक्ष्मण की नगरी लखनऊ स्थित झूलेलाल वाटिका पार्क में छोटी दीपावली के अवसर पर गौ सेवा आयोग गोमय के दीयों से एक लाख दीप जलाकर दीपावली का पर्व मनाएगा। आयोग के सभाकक्ष में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान श्याम नंदन सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के माध्यम से गोरखपुर लखनऊ मेरठ और गाजियाबाद जनपदों में बायोगैस का बड़ा प्रोजेक्ट लगाने जा रही है। इसके लिए कई प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ वार्ता चल रही है। उन्होंने बताया कि गो सेवा आयोग के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की करीब 100000 महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया है जिसके माध्यम से हुए 300 से 500 प्रतिदिन कमा रही हैं। उन्होंने कहा कि योगी सरकार के प्रयास से गोशालायें अब आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही है। गाय का उपयोग व सम्मान अब केवल दूध देने तक ही सीमित नहीं रहेगा। दूध न देने वाली गाय भी अब घर घर सम्मान के साथ रखी जाएगी। श्री सिंह ने कहा कि अब तक 35000 परिवारों को लगभग 65000 बेसहारा निराश्रित गोवंश गोपालको व कृषकों को सुपुर्द किये जा चुके हैं जिससे वे गोमय की खाद बनाकर अपनी आय में वृद्धि कर रहे हैं।

# कोरोना महामारी के दौरान सेवाएं देने वाली 21 स्वयं सेवी संस्थाएं सम्मानित

पायनियर समाचार। लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को राजभवन में कोरोना महामारी के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली 21 स्वयं सेवी संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि लाक डाउन शुरू होने के पश्चात प्रदेश व देश में अभूतपूर्व संकट का सामना आम जनता व प्रवासी श्रमिकों को करना पड़ा और ऐसी विकट परिस्थिति में राज्य सरकार व गैर सरकारी संस्थाओं ने मिलकर उनके भोजन, ठहरने व गंतव्य स्थान तक पहुंचाने में परिवहन की व्यवस्था करके उन्हें हर तरह से मदद पहुंचायी, उसके लिए लखनऊ के जिलाधिकारी व यहां की स्वयं सेवी संस्थाएं बधाई की पात्र हैं। ऐसी संस्थाओं का सम्मान करना हमारे लिए भी गौरव की बात है।

राज्यपाल ने कहा कि राजभवन ने भी राजभवन के आस पास तैनात सुरक्षाकर्मियों के लिए चाय, नाश्ता व भोजन का प्रबन्ध कराया। केन्द व राज्य सरकारों द्वारा समय रहते सुरक्षात्मक एवं आवश्यक कदम उठाने से प्रदेश में कोरोना से हुई मृत्यु दर देश में सबसे कम है, जो यह दर्शाता है कि हमारे निजी अस्पतालों, चिकित्सकों एवं पैरा मेडिकल स्टाफ ने 8–8 घंटे पीपीई किट पहने, बिना कुछ खाये पिये मरीजों की जो देखभाल व सेवा की, यह उसी का परिणाम है कि प्रदेश में मृत्यु दर सबसे कम है। उन्होंने कहा कि लाक डाउन ने आपदा को अवसर में बदलने का मौका दिया और भारत पीपीई किट और मास्क बनाने में आत्मनिर्भर बना और दुनिया के अनेक देशों में यहां से दवा भेजने का भी मौका मिला। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2025 तक टीबी रोग से मुक्त भारत की बात की है तथा इसी क्रम में हमें उत्तर प्रदेश को भी 2025 तक टीबी मुक्त प्रदेश बनाना है। इस कड़ी में आज 21 स्वयं सेवी संस्थाओं ने लखनऊ के क्षय रोग ग्रस्त बच्चों को गोद लेने का पुनीत एवं सराहनीय कार्य किया है। जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने कहा कि पूरे जिले में 1660 बच्चे क्षय रोग ग्रस्त चिन्हित किए गये हैं और जिन स्वयं सेवी संस्थाओं ने लाक डाउन के दौरान जिले में जरूरतमंदों एवं प्रवासी श्रमिकों को भोजन आदि के प्रबंधन में उल्लेखनीय योगदान दियाए उन्हीं संस्थाओं ने टीबी ग्रस्त बच्चों को भी गोद लेने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि गत 30 मई को लखनऊ के बाहर के 2.82 लाख लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था कराने में दिन रात मेहनत कर इन संस्थाओं ने जिला प्रशासन की हर सम्भव सहायता की।

# गर्व करें कि आपको शताब्दी वर्ष में प्रवेश मिलाः प्रो. राय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● स्नातक कक्षाओं में दाखिला पा चुके लविवि के छात्रों का ऑनलाइन ओरिएंटेशन कार्यक्रम

**नए** सत्र में स्नातक कक्षाओं में दाखिला पा चुके लखनऊ यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स में मैथ्स ग्रुप और बायोलॉजी ग्रुप के 500 छात्रों का जूम पर ऑनलाइन ओरिएंटेशन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। ओरिएंटेशन कार्यक्रम के दौरान नवागत स्टूडेंट्स को सफलता का मंत्र देते हुए विवि के कुलपति प्रो आलोक राय ने कहा कि शताब्दी वर्ष में प्रवेश पाने वाले बैच होने के नाते विद्यार्थियों को गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आप विशेष रूप से भाग्यशाली है जिसने यहाँ अध्ययन करने के लिए आवेदन किए 50,000 छात्रों के बीच विश्वविद्यालय में प्रवेश प्राप्त किया है। ओरिएंटेशन कार्यक्रम में विवि के कुलपति प्रो आलोक राय ने छात्रों को विश्वविद्यालय के छात्रों के समग्र विकास के लिए समर्पित विभिन्न योजनाओं के बारे में बतायाए जैसे स्टूडेंट ओपीडी (अवर प्यूपिल्स डे) टीचिंग स्कीम, समवर्धन स्कीम और कर्मयोगी स्कीम। उन्होंने छात्रों को विश्वविद्यालय की बेहतरी में सक्रिय भाग लेने के लिए आमंत्रित किया और कहा कि उनके छात्र जीवन के दौरान छात्रों को कई विचलित करने वाले वातावरण, लोगों या परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा उन्होंने कहा कि उनमें से प्रत्येक के जीवन की सफलता ऐसे ही विचलित करने वाले समय मे उनके द्वारा किए गए निर्णयों पर निर्भर करेगी। उन्होंने कहा कि जैसे गौतम बुद्ध अपने लक्ष्य पर मन लगाकर आत्मज्ञान की राह पर चले, वैसे ही छात्रों को भी ध्यान और निष्ठा के साथ अपने लक्ष्यों के प्रति काम करना होगा। डीन ऑफ स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो पूनम टंडन और डीन ऑफसाइंस प्रो तृप्ता त्रिवेदी ने छात्रों से बात की।

## एक किलो गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**लखनऊ।** ठाकुरगंज पुलिस ने दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपियों के पास से एक किलो गांजा बरामद हुआ प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह ने बताया कि उनकी टीम अपराधियों की धरपकड़ के लिए चेकिंग कर रही थी। उसी समय मुखबिर खास से सूचना मिली की गुलाला घाट के पास से दो शातिर व्यक्ति नौबस्ता महबूलापुर निवासी दानिश व नौबस्ता पुलिया थाना मड़ियांव निवासी आकाश गुलाला घाट की ओर से निकल रहे हैं। उसी समय पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर दोनों को धर दबोचा। जिनके खिलाफएनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

## बिजली चोरी करते मिले 42 लोगों पर एफआईआर

**मोहनलालगंज।** बिजली चोरी के विरूद्ध शुक्रवार को सेस तृतीय खण्ड में मार्निग मास रेड के दौरान मोहनलालगंज, गोशाईगंज और समेसी सबस्टेशन क्षेत्र में अधिशाषी अभियन्ता आरएन वर्मा उपखण्ड अधिकारी संजय त्रिवेदी और विशाल त्रिपाठी की अगुवाई में अवर अभियन्ता राजेश कुमार, आशुतोष कुमार और सचिन श्रीवास्तव की संयुक्त टीम ने सघन चेकिंग कर कुल 42 लोगों को कटिया लगाकर बिजली चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ कर एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की है। वहीं टीम ने मस्तीपुर, टिकरा व टाउन एरिया नगराम इलाके में करीब एक दर्जन से ज्यादा लोगों को बिजली चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ा। टीम ने पकड़े गए उपभोक्ताओं पर लाखो का जुर्माना लगाया। एसडीओ संजय त्रिवेदी व एस डीओ विशाल त्रिपाठी ने बताया कि बिजली चोरी पकड़ो अभियान के तहत शुक्रवार सुबह 4 बजे से अभियान को चलाया गया है। जिसमे निगोहां, नगराम इलाके में 14 ऐसे विद्युत उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की गई जो बिजली कनेक्शन होने के बावजूद पोल से अलग केबिल लगाकर बिजली की चोरी कर रहे थे।

## एलयू व राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के बीच अनुबन्ध

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय व राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन माउंट आबू राजस्थान के बीच शुक्रवार को एक अनुबन्ध पत्र पर हस्ताक्षर किया गया। यह अनुबन्ध ऑनलाइन माध्यम से वर्चुअल प्लेटफार्म पर किया गया। इसी के साथ विवि में आयोजित होने वाले शताब्दी वर्ष के अंर्तगत मनोविज्ञान विभाग में हैप्पी थिकिंग लैब की स्थापना करने की भी बात कही गई। अनुबन्ध पत्र पर विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाऊंडेशन आरआरआरएफके चेयरमैन डॉ बीके मृत्युंजय ने हस्ताक्षर किए। यह अनुबन्ध डीन एकेडमिक्स प्रो अरविंद मोहन, मनोविज्ञान विभाग की प्रो मधुरिमा प्रधान, मनी डायरेक्टर वैल्यू एजुकेशन प्रोग्राम आरआरएफडॉ बीके पंड्या, ब्रह्मकुमारी केंद्र की बीके राधा बहन की उपस्थिति में किया गया।

## पहले दिन ही सर्वर ने छकाया, शाम तक चली काउंसिलिंग

**लखनऊ।** एमबीबीएस व बीडीएस कक्षाओं में दाखिले को लेकर शुक्रवार को शुरू हुई काउंसलिंग प्रक्रिया सर्वर डाउन होने की भेंट चढ़ गई। दोपहर बाद शुरू हुए दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया शाम छह बजे तक चली। एमबीबीएस व बीडीएस पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए पात्र अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच की प्रक्रिया चालू हुई। लखनऊ में केजीएमयू और लोहिया संस्थान को सेंटर बनाया गया है। सुबह नौ बजे से अभ्यर्थियों के आने का सिलसिला शुरू हुआ। पर वेबसाइट ठीक से काम नहीं कर रही थी। सर्वर भी परेशानी का सबब बन गया। इसकी वजह से दूर.दराज से आए अभ्यर्थियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोहिया के एकेडमिक ब्लॉक व केजीएमयू के कलाम सेंटर में छात्रों के दस्तावेजों का सत्यापन किया गया। इस दौरान सुबह से वेबसाइट ठप रही। दोपहर 12 बजे से वेबसाइट चालू हुई।

## विद्यार्थी परिषद ने लगाया चिकित्सा कैम्प

बख्शी का तालाब लखनऊ। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बीकेटी नगर इकाई द्वारा शुक्रवार को चिकित्सा कैम्प लगाया गया । बख्शी तालाब इंटर कॉलेज लखनऊ में लगाए गए चिकित्सा शिविर में 850 छात्र छात्राओं का चिकित्सक केविड के साथ अन्य परीक्षण किये गये। समुदायिक केंद्र बीकेटी के डाक्टरों की टीम द्वारा इन परीक्षणों को किया गया । इस दो दिवशीय कैंप में मुख्य रूप से इंटर कॉलेज प्राचार्य डॉ के के शुक्ला, विद्यार्थी परिषद के पूर्व कार्यकर्ता वर्तमान में बीकेटी मंडल अध्यक्ष बीजेपी गौरव सिंह चौहान, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर अध्यक्ष भीम सोनकर, नगर उपाध्यक्ष आलोक शुक्ला, अशोक कुमार बाजपेयी, त्रिभुवन नाथ शुक्ला, राजकुमार, विनोद कुमार, राजपूत लाल, अनिल प्रताप, डॉक्टर नंदलाल तथा सायरा बानो अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे।

## शादी समारोह के बीच जमकर चले लात घूंसे

**लखनऊ।** शादी समारोह के दौरान पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच आपस में जमकर मारपीट हो गई।इस दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। जिसने भागकर किसी तरह अपनी जान बचाई। दबंगों ने कई गाड़ियों को तोड़कर तहस नहस कर दिया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पारा क्षेत्र के शाहदरा मस्जिद मोहान रोड निवासी निसार अली ने बताया कि बीते गुरुवार की देर रात उनके बहनोई के यहां दावत ए वलीमा का प्रोग्राम था। जिस में शिरकत लेने के लिए वह अपने दोस्तों के साथ वहां पर गया था। इस दौरान वहां पर रिजवान गाजी भी अपने दर्जन भर साथियों के साथ मौके पर आया था। जिससे पुरानी रंजिश को लेकर वाद विवाद हो गया। इस दौरान रिजवान गाजी के साथियों ने उसे मिलकर पीटना शुरू कर दिया। उस पर धारदार हथियारों से हमला किया गया। जिसने किसी तरह वहां से भाग कर अपनी जान बचाई। इस दौरान रिजवान गाजी उनके साथियों ने उनकी गाड़ियों को तोड़ दिया। वही वहीं पारा इस्पेक्टर का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफजांच शुरू कर दी है।

## कार सवार बदमाशों ने होटल संचालक पर की फायरिंग, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** पीजीआई कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार शाम बेखौफ कार सवार बदमाशों ने एक होटल के सामने गाड़ी खड़ी कर होटल मालिक पर फायरिंग कर फरार हो गए। फायरिंग की सूचना से हड़कम्प मच गया। वहीं बदमाशों की करतूतें सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। होटल मालिक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के श्यामनगर सरस्वती पुरम निवासी शैलेन्द्र मिश्रा पुत्र शिव मूर्ति मिश्रा का पीजीआई अस्पताल निकट शिवम् इंटरनैशनल के नाम से होटल संचालित है। होटल मालिक के मुताबिक वह गुरुवार शाम होटल के बाहर खड़े थे। इसी दौरान उनके होटल के सामने ब्रेजा कार सवार दो बदमाश गाड़ी खड़ी कर अचानक असलहा निकाल फायर करते हुए फरार हो गए। होटल मालिक ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों के खिलाफ लिखित शिकायत की है।

## सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने गोली मार कर दी जान

**लखनऊ।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात सॉफ्टवेयर इंजीनियर छात्र ने कनपटी पर गोली मारकर अपनी जान दे दी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। हुसैनगंज थाना क्षेत्र में नीलमणि लांज की पहली मंजिल पर 28 वर्षीय साफ्टवेयर इंजीनियर राहुल सिंह ने खुद को गोली मार जान दे दी। बलिया निवासी राहुल ने .12 बोर तमंचे से दाहिनी कनपटी पर खुद को गोली मार ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस के लिए भेज दिया। पुलिस को कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला है।

# बेसमेंट की खुदाई के दौरान मजदूरों पर गिरी मिट्टी, एक ट्रामा रेफर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**चिनहट** इलाके में शुक्रवार शाम बेसमेंट की खुदाई के दौरान काम कर रहे मजदूरों पर भरभरा कर मिट्टी गिर गई। इस दौरान काम कर रहे दोनों जख्मी हो गए। आनन–फानन में इलाज के लिए लोहिया अस्पताल ले जाया गया। जहां हालात गंभीर देख डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी मिल सकी। इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि चिनहट तिराहे पर स्थित मस्जिद के मुतव्वली सैयद अतीक शाह का कस्बा इलाके के मलहौर रोड पर मकान बन रहा था। इस दौरान शुक्रवार शाम करीब 5 बजे काम कर रहे मजदूरों पर अचानक भारी मात्रा में मिट्टी गिरने से जख्मी हो गए। इसमें एक मजदूर को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। साथ ही आनन–फानन में उसे इलाज के लिए लोहिया अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद पुलिस कंट्रोल रूम को घटना की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने घंटों तक छानबीन की है। साथ ही पुलिस की एक अन्य टीम केजीएमयू रवाना की गई। घायल मजदूर की शिनाख्त बाराबंकी के सुबेहा थाना क्षेत्र के समना मऊ निवासी 42 वर्षीय राजकरन के रूप में हुई है। केजीएमयू डॉक्टरों का कहना है कि हालत स्थिर बनी हुई है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है। पुलिस पूछताछ में पता चला कि घायल को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर ले जाया गया है। इसके अलावा मामूली रूप से जख्मी मजदूर घर चला गया।

# रेल की पटरी पर मिला युवक का क्षत-विक्षत शव

**सरोजनीनगर।** बंथरा थाना में शुक्रवार सुबह संदिग्ध हालात में एक युवक का शव रेलवे पटरी पर पड़ा मिला। उधर से गुजरे लोगों ने दो टुकड़ों में क्षत विक्षत शव पड़ा देख इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने आसपास लोगों को बुलाकर उसकी पहचान कराई। पुलिस के मुताबिक बंथरा के हरौनी गांव निवासी स्व. श्रीराम का अविवाहित बेटा पंकज धीमान 25 राज मिस्त्री का काम करता था। पंकज गुरुवार देर शाम घर में बिना कुछ बताए कहीं चला गया और काफी देर तक वापस नहीं लौटा। बाद में परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं कोई अता पता नहीं चल सका। शुक्रवार सुबह पंकज का क्षत विक्षत शव लखनऊ–कानपुर रेल खंड स्थित हरौनी और जैतीपुर रेलवे स्टेशन के बीच पड़ा मिला। उसका सिर धड़ से अलग होने के साथ ही एक दूसरे से कुछ दूरी पर पड़े थे। उधर ग्रामीणों में चर्चा है कि उसकी हत्या कर शव को रेलवे पटरी पर फेंक दिया गया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

**लखनऊ।** विभूतिखंड थाना इलाके में शुक्रवार को एक 24 वर्षीय युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों से सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही मामले की गहनता से जांच पड़ताल के दावे कर रही है। इंस्पेक्टर संजय शुक्ला ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे डिवाइन हॉस्पिटल के पीछे एक युवक के पड़े होने की जानकारी मिली थी। मौके पर पहुंचकर जायजा लिया गया। इस दौरान युवक मृत पाया गया। युवक के शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं। साथ ही युवक की शिनाख्त गोमतीनगर के झलियन पुरवा विनीत खंड निवासी रोहित यादव 24 के रूप में हुई है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि बीते तीन नवंबर को घर से अचानक लापता हो गया था। इसके बाद से उसकी तलाश की जा रही थी। लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं लग पा रहा था। गुरुवार सुबह जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे तो युवक की शिनाख्त की है।

# जिंदगी से परेशान युवक ने लगाई फांसी

**लखनऊ।** इन्दिरानगर इलाके में अपनी जिन्दगी से परेशान युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक के पास से सुसाइड नोट बरामद नहीं हो सका है। मौत के कारणों की जानकारी की जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इंस्पेक्टर इन्दिरानगर ने बताया कि ग्राम घर कुईया हैदरगंढ़ बाराबंकी हालपता फरीदीनगर इन्दिरानगर निवासी राज कमल 30 पेशे से कपड़ा प्रेस करने का काम करते थे। यहां वह पत्नी व बच्चों के साथ रहते थे। इनकी पत्नी अन्जू ने सूचना दी की बीते गुरुवार रात्रि वह अपने बच्चों व पति राज के साथ खाना खाकर मकान के ऊपरी कमरे में सोने चली गई थी। देररात्रि करीब 1.30 बजे उनकी आंख खुली तो नीचे उतर कर आयी। यहां देखा कि उनके पति ने छत के कुण्डे से साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मौत के कारणों की जानकारी नहीं हो सकी है।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, चहनियाँ चंदौली

पत्रांक– 729/लेखा/च0रा0वि0/2020–21 दिनांक– 6–11–2020

### अल्पकालीन निविदा सूचना

15वां वित्त योजना/चतुर्थ राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत वर्ष 2020–2021 में चयनित कार्यों पर क्षेत्र पंचायत में उपलब्ध धन एवं धन आवंटन के प्रत्याशा में निम्नानुसार सामग्री की आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। तकनीकी स्वीकृती के पश्चात सामग्री की मात्रा/मूल्य घट बढ़ सकता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 08.11.2020 से 12.11.2020 तक के मध्य प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक निविदा फार्म क्रय कर सकते हैं तथा दिनांक 12.11.2020 को प्रातः 10.00 से बजे अपरान्ह 12.30 बजे तक उक्त सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी दरें तथा वांछित संलग्नक सील बन्द लिफाफे को खण्ड विकास अधिकारी चहनियां चन्दौली के निविदा बाक्स में डाल सकते है। जो दिनांक 12.11.2020 को आपूर्तिकर्ताओं के समक्ष सायं 3.00 बजे खोली जायेगी। परियोजना का विवरण निम्नवत है।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | परियोजना का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रु0 में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | चतुर्थ राज्य वित्त | मजिदहाँ में अरूण के घर के सामने तालाब का सुन्दरीकरण कार्य | 5.00 |
| 2 | '' | समुदपुर में पिच रोड के पास तालाब का सुन्दरीकरण कार्य | 5.00 |
| 3 | '' | पलिया में सैदपुर रोड से रामगढ रोड तक सी०सी०/इण्टरलाकिंग कार्य | 5.00 |
| 4 | '' | त्रिपाठ में प्रा०वि० में टाइल्स व मरम्मत कार्य | 5.00 |
| 5 | '' | टाण्डाकलॉ श्री प्रकाश सिंह के घर से पिच रोड तक सी0सी0/इण्टरलाकिंग कार्य | 5.00 |
| | | योग :– | 25.00 |

**नोटः–** टेण्डर से सम्बन्धित नियम व शर्ते विकास खण्ड कार्यालय के लेखा पटल से सम्पर्क कर जानकारी ली जा सकती है।

खण्ड विकास अधिकारी,
चहनियाँ चंदौली


# नगर पंचायत के सुपुर्द होगा वृहद गोवंश आश्रय केन्द्र

## अव्यवस्थाएं दूर कराने की कार्रवाई शुरु

संवाददाता। मोहनलालगंज

**वृहद** गोवंश आश्रय केन्द्र गौरा की अव्यवस्थाएं दूर कराने के लिए जल्द ही उसे नगर पंचायत मोहनलालगंज के सुपुर्द किया जाएगा। जिसके बाद यहां रखे गए डेढ़ सौ से अधिक निराश्रित गोवंश को हरा चारा मिलने के साथ ही उजाले की समुचित व्यवस्था भी कराई जाएगी। यही नहीं नर और मादा गोवंश के लिए अलग अलग तारबाड़ और गोपालकों को नियमित मानदेय मिलने में आ रही समस्या भी दूर की जाएगी।

मोहनलालगंज के गौरा में पशुपालन विभाग की ओर से बनवाए गए वृहद निराश्रित गोवंश आश्रय केन्द्र में व्याप्त अव्यवस्थाएं दूर कराने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। ग्राम पंचायत गौरा नगर पंचायत में शामिल होने के बाद वहां पंचायत निधि नहीं दी गई है। लिहाजा धनराशि



के अभाव में वृहद गोवंश आश्रय केन्द्र का बेहतर रखरखाव नहीं हो पा रहा है। बीडीओ अजीत कुमार सिंह ने बताया फिलहाल गोवंश आश्रय केन्द्र के लिए 75 हजार रुपये की धनराशि जारी कर दी गई है। जिससे गोपालकों का बकाया मानदेय भुगतान कराने के साथ ही चारे की बकाया धनराशि का भुगतान कराया जाएगा। शेष बकाया धनराशि की भरपाई के लिए जल्द ही अतिरिक्त धनराशि फिर से जारी की जाएगी। उन्होंने पशुपालन विभाग के अधिकारियों से बातचीत के बाद जल्द ही इस वृहद गोवंश आश्रय केन्द्र को नगर पंचायत मोहनलालगंज के अधिशाषी अधिकारी को सुपुर्द कराने की बात कही। बीडीओ ने बताया अधिशाषी अधिकारी को गोवंश आश्रय केन्द्र में उजाले की व्यवस्था और निराश्रित गोवंश को भूसा और पुआल के साथ हरा चारा मुहैया कराने का समुचित प्रबन्ध करने के निर्देश दिए गए हैं।

### खड़ंजा दुरुस्त कराने की हिदायत

**वृहद** गोवंश आश्रय केन्द्र गौरा में खड़ंजे की गुणवत्ता सुधारने को लेकर पूर्व सीडीओ के निर्देशों की अनदेखी नहीं चलेगी। बीडीओ अजीत कुमार सिंह ने बताया ठेकेदार को खड़ंजा दुरुस्त कराने की हिदायत दी गई है। अब तक गोवंश आश्रय केन्द्र की सुपुर्दगी नहीं ली गई है।

# कमिश्नर व डीएम ने दीपोत्सव को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश



संवाददाता। अयोध्या

**मण्डलायुक्त** एमपी अग्रवाल एवं जिलाधिकारी अनुज कुमार झा द्वारा दीपोत्सव की समीक्षा की गयी तथा इसमें पयर्टन विभाग, संस्कृति विभाग, सूचना विभाग, सिचाई विभाग, पीडब्लूडी विभाग, नगर निगम, स्वास्थ्य आदि विभागों के अधिकारियों को निर्देश किया गया कि कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए अपने अपने विभाग सम्बंधी कार्यो को प्रत्येक दशा में 11 नवम्बर तक पूरा कर लें तथा जिन पूर्ण कार्यो की सूची एवं शिलान्यास कार्यो की सूची है उसको शीघ्र से शीघ्र मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध करायें। इसकी प्रत्येक दिन समीक्षा की जाय। सूचना विभाग द्वारा पूर्व की भांति मीडिया सेंटर की स्थापना श्रीरामकथा संग्रहालय के प्रथम तल पर की जायेगी। इस कार्यक्रम के सजीव प्रसारण हेतु दूरदर्शन एवं एएनआई से निदेशक सूचना के द्वारा कराया जायेगा तथा स्थानीय स्तर पर श्री चौधरी चरण सिंह घाट रोड़ पर कटरा पुराने पुल पर ओबी वैन खड़ी रहेगी तथा आवश्यकतानुसार दूरदर्शन आदि के लिए अलग से सजीव प्रसारण हेतु बिन्दु निश्चित किये जायेंगे। मीडिया के लोगो को कवरेज रामकथा पार्क, आरती स्थलए भजन संध्या स्थल, राम की पैड़ी, मीडिया सेंटरए से पूरी सुविधा दी जायेगी। उप निदेशक सूचना डा मुरलीधर सिंह ने बताया है कि हमारे मीडिया कर्मियों को पूर्व की भांति समय से पास जारी किये जायेंगे तथा उन्हें अयोध्या की परम्परा कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए कवरेज की विशेष सुविधा रहेगी तथा अब झांकी बननी शुरु हो गयी है। घाटो पर साफ सफाई भी हो रही है। इसलिए अन्य बिन्दुओं पर कवरेज आदि फीचर लेख के रुप में करने का अनुरोध किया है।

### दीपोत्सव को लेकर व्यापारियों के साथ की बैठक

**अयोध्या।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में दीपोत्सव 2020 के आयोजन में व्यापार मंडल के सहभागिता के सम्बंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। इस बैठक में जिलाधिकारी ने विगत दीपोत्सवों की तरह इस बार भी दीपोत्सव में आयोजन हेतु व्यापार मंडल के सहयोग की अपील की तथा सभी व्यापारी संगठनो ने पूर्ण रूप से सहयोग का आश्वासन दिया। इसमें दीपोत्सव में शामिल सभी सरकारी विभाग अपने अपने कार्यालयों में आकर्षक लाईटिंग करने हेतु निर्देश दिया गया है तथा आवश्यक मार्गोध्बाउन्डरी को ठीक करने के निर्देश भी दिये गये। दीपोत्सव 13 नवम्बर को आयोजित हो रहा है लेकिन इसकी तैयारियां 10 नवम्बर से ही प्रारम्भ कर दी जाय और शहर में बेहतर साफ सफाई व्यवस्था की जाय। इस अवसर पर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने पूरा सहयोग के साथ साथ गांधी पार्क एकता चौक आदि के साथ प्रमुख चौराहो पर व्यापार मंडल के द्वारा इलेक्ट्रिक लाईटिंग झालर आदि लगाकर आकर्षक सजावट की जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष रुप से 12 नवम्बर को चौराहा को सजा दिया जाय तथा इसकी सजावट दीपावली 14 नवम्बर तक रखी जाय। इस बैठक में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने सभी से सहयोग की अपील करते हुए नगर निगम क्षेत्र में तथा गुप्तारघाट आदि क्षेत्रों में एवं प्रमुख घाटों पर विशेष साफ सफाई व्यवस्था करने हेतु आवश्यक कारवाई करने के लिए कहा। इस बैठक में व्यापार मंडल के अरुण जायसवाल, चंद प्रकाश गुप्ता, सज्जन अग्रवाल, सरदार सुरेन्द्र सिंह के साथ अपर जिलाधिकारी नगर डा वैभव शर्मा, नगर निगम के अधिकारी, क्षेत्राधिकारी एवं अन्य जिलास्तरीय अधिकारी जिनको दीपोत्सव में दायित्व दिया गया है वह उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि अयोध्यावासी मिलकर 03 दिवसीय दीपोत्सव का कार्यक्रम इतना भव्य एवं दिव्य बनायेंगे कि पूरा विश्व जहॉ भी भारतवंशी रहते है के लिए यादगार होगी। इस आयोजन में अयोध्या विधायक व जिलाधिकारी ने सभी जनप्रतिनिधियो, सभी स्वंयसेवी संगठन, व्यापारिक संगठन, मीडिया बन्धु से सहयोग की अपील की।

## नौकरी का झांसा देकर पैसे हड़पने वाली युवती गिरफ्तार

**अयोध्या।** नगर कोतवाली के साहबगंज चौकी क्षेत्र में एक युवक से फर्जी नियुक्ति पत्र देकर 5 लाख रूपये हड़पने वाली युवती को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संदर्भ में नगर कोतवाल नितीश श्रीवास्तव ने बताया कि नगर कोतवाली के ही वजीरगंज चेला छावनी की रहने वाली सौम्या शुक्ला के खिलाफ साहबगंज निवासी सुबोध कुमार त्रिपाठी ने कोतवाली में तहरीर देकर यह आरोप लगाया था कि उक्त युवती ने वादी से 4 लाख 85 हजार रूपया लेकर टांडा के एनटीपीसी लि0 में नौकरी का नियुक्ति पत्र दिया था, जिसे लेकर वह एनटीपीसी गया तो यह नियुक्ति पत्र फर्जी बताया गया, जिसके बाद इस युवती से रूपये मांगने पर फंसाने की धमकी दिया करती थी। नगर कोतवाल ने बताया कि वादी की तहरीर पर नगर कोतवाली में इस युवती के खिलाफ धारा 406, 419, 420, 467, 468 व 471 की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी युवती को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीमों में साहबगंज चौकी प्रभारी मनीष कुमार चतुर्वेदी व महिला कां.खुशबू राय शामिल रहे। महिला की गिरफ्त में आने के बाद कुछ और लोगों द्वारा झांसे में आकर फर्जी नियुक्ति पत्र मिलने की संभावना बढ़ गयी है।

## विश्वविद्यालय की जमीन पर कब्जा कर बना लिए आवास और दुकानें

● **शीघ्र ही खाली कराई जाएगी अवैध कब्जेदारों से जमीन**

संवाददाता। मिल्कीपुर, अयोध्या

**आचार्य** नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह द्वारा विश्वविद्यालयों की जमीनों पर अवैध कब्जा को खाली कराए जाने की मुहिम के क्रम में 5 दिसम्बर 2020 को बहादुरगंज चौराहे पर विश्वविद्यालय की जमीन पर अवैध कब्जा कर दुकान बनाकर शटर लगाने का कार्य किए जाने की सूचना कुलपति डॉ सिंह को मिलते ही विश्वविद्यालय के सुरक्षा प्रभारी डॉ एसपी सिंह को हस्तक्षेप करने हेतु निर्देशित किया। सुरक्षा प्रभारी ने इसकी सूचना स्थानीय थाना कुमारगंज को देकर पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे तो पता चला कि उक्त दुकान बहादुरगंज के नारायण बक्श शुक्ला द्वारा अवैध रूप से निर्माण कर मुरलीधर को किराए पर दे दिया गया है। पुलिस के सहयोग से अग्रिम निर्माण का कार्य रोक दिया गया। बताते चलें कि विश्वविद्यालय के शोध क्षेत्र की जमीन पर बहादुरगंज के स्थानीय लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर आवासीय मकान एवं लगभग 10 दुकानों का निर्माण कर लिया गया है। इसके लिए विश्वविद्यालय द्वारा न्यायालय में याचिका दायर की गई थी एजिसका निर्णय विश्वविद्यालय के पक्ष में आने के बाद इसे खाली कराए जाने हेतु प्रशासन से निवेदन किया गया था। जिस पर पुन: अवैध कब्जा दारो द्वारा मुकदमा दायर कर दिया गया है और अवैध निर्माण का कार्य किया जा रहा है। यहां यह भी बताते चलें कि वर्तमान में विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय मुख्यालय की बाउंड्री का कार्य चल रहा है जिसे ग्रामीणों द्वारा गिरा दिया गया थाए जिसकी सूचना सुरक्षा प्रभारी द्वारा लिखित रूप से थाना कुमारगंज को दी गई थी लेकिन सुरक्षा प्रभारी द्वारा बताया गया कि अभी तक एफ आई आर दर्ज नहीं हो सकी है। इसके लिए कुलपति द्वारा एक कमेटी बनाकर गांव के प्रधान से वार्ता हेतु नियुक्त किया है। जिससे सुगमता पूर्वक बाउंड्री का कार्य पूरा किया जा सके। कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने बताया कि स्थानीय प्रशासन और पुलिस का सहयोग मिलता है तो शीघ्र ही विश्वविद्यालय की जमीन को अवैध कब्जाधारों से कानूनी कार्रवाई कर खाली कराया जाएगा।

## हत्या के प्रयास में आरोपित बंदी की मौत

**गोरखपुर।** जिला कारागार में बंद हत्या के प्रयास के बंदी शुक्रवार की भोर में मौत हो गई। तबीयत बिगडने पर तीन नवंबर को जेल के अधिकारियों ने उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था। शव को कब्जे में लेकर पुलिस छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार बांसगांव थाने में विशुनपुर निवासी शुभम उर्फ शानू के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज था। 11 अक्टूबर को बांसगांव पुलिस ने डिघवा तिराहे से गिरफ्तार कर जेल भेजा था। 14 दिन वह अस्थाई जेल में रहा। 16 अक्टूबर को उसे जिला कारागार के मिलेनियम बैरक में शिफ्ट किया गया। 29 अक्टूबर को उसे बुखार व उल्टी हुई जिसके बाद उसे जेल के अस्पताल में भर्ती करा दिया गया। स्थिति में सुधार न होने पर दो नवंबर को उसे जिला अस्पताल भेजा गया, जहां से मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। तीन नवंबर को जेल प्रशासन ने शुभम को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था। जानकारी होने पर पहुंचे माता-पिता उसकी देखरेख कर रहे थे।

# अनुदेशकों ने मानव श्रृंखला बना कर की मानदेय बढ़ाने की मांग



पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**परिषदीय** अनुदेशक संघ उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आज शास्त्री चौक पर अनुदेशकों ने मानव श्रृंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन कर मानदेय बढ़ाने की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष विक्रम सिंह ने कहा कि भारत सरकार ने पी ए बी 2017 की बैठक में 25 मई 2017 अनुदेशकों के मानदेय को 8470 रुपए से बढ़ाकर 17000 कर दिया था। लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार ने उनके मानदेय को 8470 से घटाकर 7000 कर दिया और 9 महीने का बढ़ा हुआ 1470 रुपए की दर से रिकवरी भी कर लिया। जिला अध्यक्ष रणंजय सिंह ने कहा कि प्रदेश के अनुदेशक कोर्ट गए और लखनऊ हाई कोर्ट में 3 जुलाई को उत्तर प्रदेश सरकार को 9 प्रतिशत ब्याज के साथ रू. 17000 भुगतान करने का आदेश दिया इसके बाद भी भुगतान नहीं किया गया। फिर अनुदेशकों द्वारा अवमानना के खिलाफ 18 सितंबर को कोर्ट ने मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश में राज्य परियोजना अधिकारी उत्तर प्रदेश को नोटिस जारी किया गया कि 23 नवंबर तक 9 प्रतिशत की ब्याज के साथ 17000 का भुगतान किया जाए नहीं तो स्वयं कोर्ट में उपस्थित होकर जवाब दें। श्री सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में लगभग 30000 अनुदेशक जुलाई 2013 से कार्य कर रहे हैं। अगर हमारी मांगों को नहीं माना गया तो दीपावली में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री संबोधित खत खून से लिखकर प्रेषित किया जायेगा।

## क्विक न्यूज

### वन मंत्री का गोरखपुर आगमन आज

**गोरखपुर।** प्रदेश के वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान मंत्री दारा सिंह चौहान 7 नवम्बर को अपरान्ह 12.30 बजे गोरखपुर आयेंगे तथा एनेक्सी सभागार में रोटरी क्लब द्वारा आयोजित वृक्षारोपण अभियान, प्रशस्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। अन्य स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात् सांय 5 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

### अवैध पटाखा कारोबारियों के खिलाफकार्रवाई

**गोरखपुर।** कोतवाली पुलिस ने अवैध रूप से पटाखा बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मियां बाजार भोला बनिया की दुकान के पास से एक अभियुक्त को 33 कार्टून पटाखा व 3 बोरा विस्फोटक सामग्री के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाली थाना प्रभारी जयदीप कुमार वर्मा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नगर निगम चौकी इंचार्ज राम सिंह मय फोर्स पहुंचे और मियां बाजार भोला बनिया की दुकान के पास एक अभियुक्त की जामा तलाशी ली गई तो उसके पास से 33 कार्टून पटाखा व तीन बोरी में विस्फोटक सामग्री मिली। पकड़ा गया आरोपी राजघाट थाना क्षेत्र के मिर्जापुर का रहने वाला है। जिसका नाम कन्हैया लाल यादव पुत्र छोटेलाल यादव है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक प्रदीप सिंह, उप निरीक्षक प्रेमचंद यादव, कांस्टेबल पीयूष सिंह, शक्ति सिंह, विनोद यादव, सुभाष यादव, आनंद गिरी, महिला कांस्टेबल संध्या सिंह, मोहिनी यादव शामिल रहीं।

### 298 ग्राम पंचायतों को 6 करोड़ 25 लाख 80 हजार जारी

**गोरखपुर।** पंचायती राज विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के अंतर्गत गरीब कल्याण रोजगार योजना के तहत प्रवासियों अथवा ग्रामीणों को रोजगार दिए जाने के निमित्त ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय के निर्माण हेतु जिलाधिकारी के. विजयेंद्र पांडियन के स्वीकृति के उपरांत जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशु शेखर ठाकुर एवं मुख्य विकास अधिकारी इंद्रजीत सिंह ने कुल 298 ग्राम पंचायतों में प्रति सामुदायिक शौचालय रुपया 210000 की दर से कुल धनराशि छह करोड़ 25 लाख 80 हजार निर्गत की है। जिससे राज्य वित्त आयोग अथवा 15वें वित्त आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत धनराशि का कन्वर्जेंस कर सामुदायिक शौचालय का निर्माण पूर्ण कराना है। जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशु शेखर ठाकुर ने बताया कि पंचायती राज विभाग द्वारा निर्माण कराये जा रहे सामुदायिक शौचालयों के निर्माण पूर्ण के पश्चात् सभी सामुदायिक शौचालयों पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को उसकी देखरेख के लिए तैनाती की जानी है।

### अभाविप ने फूंका सीएम का पुतला

**गोरखपुर।** गोला उपनगरके पश्चिमी चौराहे पर एक निजी चैनल के पत्रकार अर्नब गोस्वामी के गिरफ्तारी के विरोध मे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गोला नगर इकाई के कार्यकर्ताओं द्वारा महाराष्ट्र के सीएम उद्धव ठाकरे का पुतला फूंका गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओ का कहना था कि लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहे जाने वाले मीडिया पर सरकार द्वारा इस तरह की कार्यवाई किया जाना लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। जिस प्रकार से उद्धव ठाकरे द्वारा पत्रकार के घर मे घुसकर उन्हें घसीटकर ले जाया गया, यह निन्दनीय है। केन्द्र सरकार को इस मामले मे हस्तक्षेप करना चाहिए। इस अवसर पर जिला एसएफएस विशाल सिंह रावत, रामनारायण गोस्वामी, आशुतोष राय, संदीप, वैभव दुबे, पीयूष दुबे, पुष्कर सिंह, सूरज पाठक, विशाल आदि उपस्थित रहें।

### किया जाय केबिल रूट लोकेटर का प्रयोग: विनय

**गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक विनय कुमार त्रिपाठी द्वारा पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न विभागों एवं मंडलों की कार्य प्रणाली एवं उपलब्धियों की समीक्षा के क्रम में महाप्रबन्धक सभागार में आयोजित बैठक में सिगनल एवं दूरसंचार तथा सुरक्षा विभाग के कार्य कलापों पर विस्तार से चर्चा हुई। समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए महाप्रबन्धक विनय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि पूर्वोत्तर रेलवे में चल रहे कार्यों के दौरान केबिल कटने की घटनाओं को रोकने के लिये जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा केबिल की लोकेशन जानने के लिए केबिल रूट लोकेटर का प्रयोग भी किया जा सकता है। सिगनल एवं दूरसंचार विभाग द्वारा सिगनलिंग सिस्टम को अपग्रेड करने का कार्य तय समय सीमा में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। महाप्रबन्धक श्री त्रिपाठी ने कहा कि ई-डास (ड्राइंग एप्रूवल सिस्टम) पर काम करने को बढ़ावा दिया जाय तथा ई-आफिस के सुचारू रूप से काम करने के लिये नेट की स्पीड भी बढ़ाई जाय। उन्होंने ई-आफिस पर काम करने वाले कर्मचारियों को समुचित प्रशिक्षण दिये जाने का निर्देश भी दिया। इस दौरान महाप्रबन्धक ने गोरखपुर सिगनल वर्कशॉप के कार्य-कलापों की जानकारी प्राप्त की। श्री त्रिपाठी ने रेल यात्रियों एवं सम्पत्ति की सुरक्षा हर स्तर पर सुनिश्चित किये जाने के लिये समर्पित एवं समेकित प्रयास किये जाने पर जोर दिया। प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनिर श्रीकान्त सिंह एवं प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त/आपीएफ अतुल कुमार श्रीवास्तव ने पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से अपने-अपने विभागों को विस्तृत जानकारी दी तथा महाप्रबन्धक द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करने का आवश्वासन दिया।

### लगातार जारी है तापमान में गिरावट

**अम्बेडकरनगर।** मौसम का मिजाज अब धीरे -धीरे बदलने लगा है। पछुआ हवा के चलने से तापमान में लगातार गिरावट देखी जा रही है। तापमान में गिरावट के चलते गर्म कपड़ों की मांग बढ़ने लगी है। वहीं सुबह व रात के समय जिला मुख्यालय के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर लगने वाली भीड़ गायब है। नवम्बर महीने के पहले पखवारे में ठण्ड ने दस्तक देनी शुरू कर दी है। अमूमन सामान्य कपड़ों में बाहर निकलने वाले लोग अब गर्म कपड़ों को पहनकर बाहर निकल रहे हैं। शुक्रवार को मौसम का मिजाज एक दम बदला-बदला सा नजर आया। दिन में हल्की धूप निकलने से तापमान में गिरावट के साथ -साथ पूरे दिन धुंध छाई रही।

## अयोध्या के सात केंद्रों पर होगी पीएचडी प्रवेश परीक्षा

● **डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि के कुलपति ने की बैठक**

संवाददाता। अयोध्या

**डॉ. राममनोहर** लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह ने आज 06 नवम्बरए 2020 को सांय 3: 30 बजे परिसर के कौटिल्य प्रशासनिक भवन में पीएचडी प्रवेश परीक्षा सीइटी-2020 की तैयारियों के सम्बन्ध में केंद्राध्यक्षों और पर्यवेक्षको के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में कुलपति प्रो0 सिंह ने बताया कि 8 नवम्बरए 2020 को होने वाली पीएचडी प्रवेश परीक्षा हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। कोविड.19 के मानकों के साथ शुचितापूर्ण ढ़ग से परीक्षा करानी है। परीक्षा की पादर्शिता बनाये रखने के लिए प्रवेश.पत्र में आधार नम्बर को जोड़ा गया है। इससे छात्रों एवं केन्द्रों को विशेष परिस्थिति में पहचान करने में आसानी होगी। बाहर के अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए प्रवेश पत्र पर क्यू आर कोड भी दिया गया है जिसे अभ्यर्थी स्कैन कर परीक्षा केंद्र तक सुगमता से पहुंच सकेंगे। पीएचडी प्रवेश परीक्षा के समन्वयक प्रो0 शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि अयोध्या के 07 परीक्षा केंद्रों जिसमें विवि के आवासीय परिसरए आईईटी संस्थान में 4 परीक्षा केन्द्र एवं झुनझुनवाला महाविद्यालय गुरूनानक गर्ल्स इण्टर कालेज एवं कुंवरी चन्द्रावती महाविद्यालय को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इन केन्द्रों पर कुल 27 विषयों की प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी। जिसमें कुल 3503 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। इसके अतिरिक्त 959 अभ्यर्थियों को प्रवेश परीक्षा से नियमानुसार औपबंधिक छूट दी गयी है। सभी परीक्षा केन्दों को कोविड-19 के दृष्टिगत सभी सावधानियां बरतने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। प्रो0 शैलेन्द्र वर्मा ने बताया कि कुलपति के निर्देश पर परीक्षा की शुचिता और विश्वसनीयता को बनाये रखने के लिए डॉ0 नरेश चौधरी, डॉ0 नीलम यादव, डॉ0 गीतिका श्रीवास्तव, डॉ0 अभिषेक सिंह, डॉ0 राजेश सिंह कुशवाहा, डॉ0 आशुतोष सिंह, प्रोग्रामर रवि मालवीय विशेष सहयोग एवं अभ्यर्थियों के हित में परीक्षा सम्बन्धी व्यवस्था को पुख्ता करने में पूरा योगदान दे रहे हैं।

## ग्रामीणों की समस्या का नगर विधायक ने कराया निराकरण

**अयोध्या।** सार्वजनिक सहयोग से सार्वजनिक कार्यों के लिए करवाये जा रहे निर्माण कार्य पर लेखपाल द्वारा रोक लगाए जाने पर रसूलाबाद के ग्रामवासी प्रधान सहित पहुँचे तहसील। कार्यकर्ताओं द्वारा सूचना मिलने पर अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने तहसील पहुँचकर ग्रामीणों की समस्या को सुना ।ग्रामवासियों ने बताया कि रसूलाबाद बाजार में उत्तरी दिशा में पौशाला के नाम से गाटा संख्या 204 आरक्षित हैए जहाँ एक पुराना कुआं थाए जो पूर्वजो के जमाने से गांव के लोगो द्वारा मृतक के वाद के संस्कारो के बाद औरतों के स्नान के उपयोग में लाया जाता रहा। कुआं जर्जर होने के कारण ग्रामवासियों के द्वारा ग्राम प्रधान से उक्त स्थल पर बाउंड्री वाल बनवाकर नल लगवाने का निवेदन किया गया। जिस पर ग्राम प्रधान द्वारा यह कार्य सार्वजनिक सहयोग से कराये जाने की बात कही गई। ग्राम प्रधान के समक्ष लेखपाल दिनेश पाण्डेय द्वारा दिनाँक 13 अक्टूबर 2020 को नापकर यह बताया गया कि आप सब ग्रामवासी सामाजिक कार्य हेतु यहाँ बाउंड्रीवाल का निर्माण करवाकर नल लगवा सकते है।

## डीआरएम ने किया निरीक्षण

**अम्बेडकरनगर।** लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक संजय त्रिपाठी ने शुक्रवार को बाराबंकी - जफराबाद रेल प्रखण्ड पर स्थित अकबरपुर व टाण्डा रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। डीआरएम स्पेशल ट्रेन से अकबरपुर रेलवे स्टेशन पर पंहुचे मण्डल रेल प्रबन्धक ने रेलवे स्टेशन परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म, साइडिंग, सर्कुलेटिंग एरिया व प्रतीक्षालय का निरीक्षण किया तथा साफ-सफाई व्यवस्था नाराजगी जाहिर की। रेलवे स्टेशन पर लगे डिस्प्ले स्क्रीन की खराबी पर भी उन्होंने नाराजगी जताई व उसे जल्द ठीक कराने का निर्देश दिया। अकबरपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने के उपरान्त डीआरएम टाण्डा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने पंहुचे। वहां पर भी उन्होंने रेलवे स्टेशन पर चल रहे कार्यों का जायजा लिया। डीआरएम ने रेल प्रखण्ड के दोहरीकरण कार्य की प्रगति का भी निरीक्षण किया।

## ग्रामीण बैंक में हेराफेरी मामले को लेकर खाताधारक उहापोह में

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**बड़ौदा** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा केदारनगर में तत्कालीन शाखा प्रबंधक के द्वारा हेरा फेरी प्रकरण में शाखा प्रबंधक मुनौवर अली की मृत्यु का फायदा भी लोगों ने उठाना शुरू कर दिया है। तीन खातों को छोड़कर अन्य खातों से खाता धारकों ने धन निकासी फार्म भर कर धन निकासी की है लेकिन सम्बंधित खाता धारकों का कहना है कि पैसा तत्कालीन शाखा प्रबंधक के द्वारा निकाला गया है। ऐसी स्थिति में बैंक में तैनात कैशियर राज नारायण उपाध्याय की भूमिका भी संदिग्ध बताई जा रही है। हालांकि धन निकासी को लेकर प्रमाण सिर्फ उन्हीं खाता धारकों का मिल सका जिनके खाते से दूसरे खाते में धन स्थानांतरित किया गया है। सूत्र बताते हैं कि शाखा प्रबंधक मुनौवर अली को प्रयागराज के फूलपुर में जमीन खरीदने को लेकर 6 लाख रुपये की आवश्यकता थी जो दो किस्तो में सम्बंधित खाता धारकों से वार्ता करके लिया गया पहली किस्त तीन लाख रुपये थी जो लेने के एक माह के भीतर ही अपने एलआईसी से पैसा निकालकर ब्याज सहित लौटा दिया था बची हुई तीन लाख की किश्त में तत्कालीन शाखा प्रबंधक और कैशियर सहित अजय नामक कथित कंप्यूटर ऑपरेटर की मिलीभगत से जमकर हेरा फेरी की गई। दुर्भाग्य वश शाखा प्रबंधक मनौवर अली की कोरोना संक्रमण से मृत्यु हो गयी। अब सारा ठीकरा तत्कालीन शाखा प्रबंधक मुनौवर अली के सर पर फोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। खबर लिखे जाने तक किसी खाता धारक का पैसा बैंक के द्वारा वापस नही किया गया था। गौरतलब है कि बीते सोमवार को सम्बंधित खाता धारकों ने केदार नगर शाखा पर प्रदर्शन किया।

## छत से गिरने के बाद भीड़ ने टीम को दौड़ा लिया

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**बिजली** चोरी की शिकायत पर छापेमारी करने पर मकान स्वामी का छत से गिर जाने के बाद विजीलेंस टीम को शुक्रवार दोपहर नगर पंचायत उनवल में आक्रोशित भीड़ ने दौड़ा लिया। बाद में डायल 112 की टीम आने के बाद आक्रोशित भीड़ शांत हुई। बताया जाता है कि विजीलेंस विभाग की टीम शुक्रवार दोपहर नगर पंचायत उनवल में कनेक्शन चेकिंग के लिए गई थी। उसे सूचना मिली थी कि कुछ लोग चोरी से बिजली जला रहे हैं। इसी सिलसिले में वह चेकिंग कर रही थी। उनके साथ पुलिस टीम भी मौजूद थी। उनवल में ही संजय मद्धेशिया का मकान है। उनके मकान के कुछ हिस्से में किरायेदार रहते हैं। विजिलेंस टीम किरायेदारों के कमरों की जांच करने के लिए प्रथम तल पर जा रही थी। इसी दौरान अफरा तफरी में गृहस्वामी संजय मद्धेशिया प्रथम तल से नीचे गिर गए और बेहोश हो गए। कस्बे के लोगों ने समझा कि टीम की दबिश देने को लेकर संजय प्रथम तल से गिर गए हैं। थोड़ी देर में यह बात कस्बे के लोगों में फैल गई।

उसके बाद कस्बे के लोग संजय मद्धेशिया के घर पहुंचने लगे। भीड़ जब ज्यादा हो गई तो किसी शरारती व्यक्ति ने कस्बेवालों को संबोधित करते हुए कहा कि संजय मद्धेशिया बिजली विभाग की छापेमारी के कारण छत से गिरे हैं। मतलब साफहै कि जांच टीम ने ऐसा जरूर कुछ किया जिसकी हड़बड़ी में वह छत से नीचे गिर गए। लामबंद हुए कस्बे के नागरिकों ने विजीलेंस व पुलिस टीम पर इसका दोष मढ़ा। उन्होंने विजीलेंस व पुलिस टीम को मारने के लिए दौड़ा लिया। साथ ही इसकी सूचना डायल 112 पर दे दी। थोड़ी देर में मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम ने किसी तरह आक्रोशित लोगों को शांत किया। घायल संजय को इलाज के जिला चिकित्सालय भेजा गया।

## सबसे बड़ा दान है रक्तदान: रास बिहारी



पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**विश्व** हिंदू परिषद युवाओं की शाखा बजरंग दल के तत्वावधान में हुतात्मा दिवस पर वीर शहीद कारसेवकों की याद में होने वाले दधीचि रक्तदान शिविर का आयोजन ब्लड बैंक जिला अस्पताल में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री रास बिहारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीकांत तिवारी, विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री प्रदीप पांडेय, प्रमुख अधीक्षक जिला चिकित्सालय डॉ. सतीश कुमार श्रीवास्तव, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. सुरेंद्र कुमार यादव ने किया। रक्तदान के बाद मुख्य अतिथियों समेत सरदार जसपाल सिंह, डॉक्टर शिव शंकर शाही, बजरंग दल के प्रांत संयोजक पूर्णेन्दु आदि ने रक्तदान करने वालों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री रास बिहारी ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में यह दान अवश्य करना चाहिए। आज लगभग तीन दर्जन से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में चंदन सिंह, मनोज कुमार, मुकेश दुआ, संजय श्रीवास्तव, महेंद्र नाथ चतुर्वेदी, संदीप त्रिपाठी, अभिषेक रंजन, संतोष कुमार गौतम, गोरखनाथ राय, अनुराग खेमका, गौरव राय, राजेश पाठक, महेश अग्रवाल, सत्यम श्रीवास्तव, जितेंद्र कुमार, सर्वेश मिश्रा, प्रशांत सिंह, पंकज कुमार पांडेय, आदर्श पांडेय, घनश्याम सिंह, विनोद कुमार अग्रवाल आदि शामिल रहें।

## द्वारपूजा के दौरान धड़ाम से गिरा दूल्हा

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**द्वार** पूजा के दौरान दूल्हे को नशे में धुत गिरता देख कन्या पक्ष के लोगों ने बारात को वापस कर दिया । जलालपुर थाना क्षेत्र के जमौली भडभडपुर निवासी मुकेश की गुरुवार को शादी थी। मुकेश अपनी बारात को लेकर मालीपुर थाना क्षेत्र के खजूरी गांव गया था जहां कन्या पक्ष के लोगों ने वर पक्ष के लोगों को द्वार पूजा के लिए आमंत्रित किया। वर पक्ष के लोग द्वारपूजा के लिए लड़की के दरवाजे पर पहुंचे जंहा लड़के को दो-तीन लोग पकड़ कर द्वार पूजा करवा रहे थे । कन्या पक्ष के लोगों ने पकड़ने का कारण पूछा तो पकड़े हुए लोगों ने दूल्हे मुकेश को छोड़ दिया तभी नशे में धुत दूल्हा धड़ाम से गिर पड़ा जिसे देख कन्या पक्ष के लोगों में हड़कंप मच गया और मारपीट की नौबत हो गई। काफी बीच-बचाव के बाद मामला शांत हुआ परंतु कन्या पक्ष के लोग शादी न रचाने पर उतारू हो गए। इसी बीच मामला बढ़ता देख बाराती भाग खड़े हुए। कन्या पक्ष के लोग वर पक्ष के लोगो को पकड़कर अपने खर्चे के लिए प्रयास करने लगे जो कुछ खर्चे पर किसी तरह से मान मनौवल हुआ । कन्या पक्ष के लोगों ने साफ-साफ शादी करने से इनकार कर दिया जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### अवैध कब्जेदारों ने नही छोड़ा अस्पताल परिसर

**अम्बेडकरनगर।** जिला अस्पताल के आवासीय परिसर में रह रहे बाहरी लोगों को हटा पाने में जिला अस्पताल प्रशासन विफल साबित हुआ है। मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ0 ओम प्रकाश ने जिला अस्पताल के आवासीय परिसर में अवैध रूप से रह रहे दो लोगों तथा निबियहवा पोखरा पर बने आवासीय परिसर में अवैध रूप से रह रहे छ: लोगों को आवास छोड़ने के लिए तीस अक्टूबर तक का नोटिस दिया था लेकिन निर्धारित तिथि बीत जाने के बाद भी किसी भी अवैध कब्जेदार ने कमरा नही खाली किया । मुख्य चिकित्साधीक्षक ने इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी को पत्र लिखकर कार्यवाही कराये जाने की मांग की है।

## नीतीश की घोषणा

### लड़ रहे हैं अंतिम चुनाव

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस समय अपनी छवि बचाने तथा भविष्य के लिए अपनी विरासत छोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। राजग गठबंधन की प्रमुख साझीदार भाजपा ने उनको बिहार में मुख्यमंत्री का चेहरा बनाया है। नीतीश कुमार का क्षेत्रीय आकर्षण है तथा भाजपा के पास राज्य में अपना कोई कद्दावर नेता नहीं है। केन्द्रीय भाजपा उनको गठबंधन सहयोगियों की आलोचना से बचाती है। लेकिन इसके साथ ही अपने पिछले कार्यकाल में खराब प्रदर्शन के कारण प्रदेश की जनता मुख्यमंत्री को नापसंद करती है और वे इस प्रकार भाजपा पर बोझ बन गए हैं। अपनी ओर से जनता दल युनाइटेड-जदयू नेता भी राजनीतिक व्यावहारिकता तथा अपनी वैचारिक सेक्युलर-समाजवादी झुकाव के बीच द्वंद्व का अनुभव कर रहे हैं। इस द्वंद्व में वे प्रासांगिक बने रहने का प्रयास कर रहे हैं, पर ऐसा करने में वे थक गए हैं। इसी कारण उन्होंने राज्य विधानसभा चुनाव प्रचार समाप्त होने के अंतिम चरण में घोषणा कर दी कि यह उनका अंतिम चुनाव है। इससे उनका भाजपा से मोहभंग भी दिखता है जिसकी सहायता से वे लालू यादव के राष्ट्रीय जनता दल-राजद के गठजोड़ से अलग होने के बाद भी मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बने हुए हैं। वर्तमान चुनाव में भी भाजपा राज्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि पर चुनाव लड़ रही है और उनकी अनेक रैलियां कराई गई हैं। शायद नीतीश को चुनाव परिणाम के बारे में आशंका है और उनको डर है कि राज्य के विकास में ठीक काम न कर पाने, महामारी से ठीक से



न निपटने तथा बेरोजगार प्रवासी श्रमिकों व छात्रों के पुनर्वास के मामले में राज्य की जनता उनसे नाराज है। लेकिन वे भाजपा की लहर में स्थानीय मुद्दों को छोड़ना भी नहीं चाहते हैं, जबकि भाजपा ने मोटेतौर से ज्यादातर राष्ट्रीय मुद्दों की बात की है। चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में सीमांचल क्षेत्र के मुस्लिम मतदाताओं के बीच वे नागरिकता संशोधन कानून के बारे में पैदा आशंकायें दूर करना चाहते हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक रैली में कहा था कि देश में आ गए विदेशी 'घुसपैठियों को भगा दिया' जाएगा। इस पर नीतीश ने कहा कि उनके राज्य में सभी भारतीय हैं और वे सुरक्षित हैं। उन्होंने इस संबंध में ट्वीट भी किया था कि 'हमारा दायित्व व संस्कृति सबको साथ लेकर चलने की है। बिहार केवल ऐसी स्थिति में ही प्रगति कर सकता है।' संभवत: वे भाजपा के 'हिंदुत्व' एजेंडे के पक्ष में नहीं हैं तथा अपना दृष्टिकोण स्पष्ट कर रहे हैं। वे अपनी समझ से उचित दृष्टिकोण पेश कर अपनी छवि बनाए रखना चाहते हैं। योगी आदित्यनाथ की बिहारी मतदाताओं में भारी लोकप्रियता है और शायद नीतीश को यह बात पसंद नहीं आ रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में योगी आदित्यनाथ ने लौटने वाले प्रवासी श्रमिकों तथा दूसरे प्रदेश में छात्रों के पुनर्वास में उत्तर प्रदेश में शानदार काम किया है। नीतीश कभी नए नागरिकता कानून या राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर-एनआरसी के बारे में सहज नहीं रहे हैं। संभवत: अपने राजनीतिक कॅरियर के अंतिम चरण में अब वे अपनी राजनीतिक छवि से समझौता करने के मूड में नहीं हैं।

नीतीश ने एक समय अपनी भाजपा-विरोधी छवि बनाई थी और वे सेक्युलर-सोशलिस्ट लालू के साथ थे। लेकिन वे अपनी रणनीति के अनुसार पालाबदल करते रहे हैं। अब भाजपा के साथ आने के बाद वे लालू या सेक्युलर समूह के साथ लौट कर नहीं जा सकते हैं। हालांकि, उन्होंने अति पिछड़ी जातियों व महादलितों का एक नया जातीय समीकरण बनाया है। लेकिन वे भाजपा से राज्य के लिए बड़ा आर्थिक पैकेज या विशेष दर्जा प्राप्त करने में विफल रहे हैं। इससे उनकी राजनीतिक छवि धूमिल हुई और वे भाजपा की दया पर हैं। उन्होंने अपनी छवि बनाने के लिए 'अंतिम चुनाव' की बात कही है, लेकिन ऐसे बयानों से उनकी छवि हमेशा के लिए खराब हो सकती है।

# सीमा पर मजबूती से डटी सेना

### कैलाश पर्वत श्रृंखला में भारतीय सेना ने ऊंची चोटियों पर कब्जा जमा रखा है। इससे चीन के साथ वार्ता में भारत की स्थिति मजबूत हुई है।



**दीपक सिन्हा**
लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 15 अक्टूबर को कहा था कि सैन्य तनाव घटाने पर भारत-चीन वार्ता 'गोपनीय है तथा कार्य प्रगति पर है।' इसके बाद सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी व पत्रकार अजय शुक्ला ने 23 अक्टूबर को लिखा कि सरकार चीन के साथ 'डोकलाम किस्म के समझौते' पर बात कर रही है जिसका अर्थ 'पूर्वी लद्दाख के पैगांग सो क्षेत्र में सैनिकों की परस्पर वापसी' है। यदि पहले की अनेक बातों की तरह उनका कहना सही है तो शायद हमारी राजनीतिक अवस्थापना में एक बार फिर सैनिक मामलों के प्रति जानकारी की कमी दिखती है। आशंका है कि चीन से भ्रामक शांति प्राप्त करने की इच्छा से वह उसके दबाव में आ सकती है। अतीत में राजनीतिक अवस्थापना अनेक अवसरों पर ऐसा कर चुकी है। उदाहरण के लिए पंडित जवाहरलाल नेहरू ने जम्मू कश्मीर के मुद्दे पर अत्यधिक संकुचित दृष्टिकोण अपनाया था तथा उस समय वार्ता की पहल कर दी जब सेना खोए हुए क्षेत्र पर कब्जा करने के लिए आगे बढ़ रही थी। इस गलती का खामियाजा जम्मू कश्मीर में बाद तक भुगतना पड़ा।

भारत-चीन संबंधों के प्रति नेहरू का भयानक व्यवहार आज भी हमें व्यथित करता है। अरुणाचल प्रदेश से सेनाओं के वापस लौटने के बाद रेडियो पर असमी भाइयों के उनके संबोधन से लगता है कि युद्ध में प्रतिरोध के बजाय उन्होंने जैसे समर्पण कर दिया था। यह सैनिक मामले ठीक से न समझने की उनकी अक्षमता के साथ यही भी सिद्ध करता है कि उनमें नैतिक साहस व दृढ़ता का अभाव था। हालांकि, प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री पर दृढ़ता की कमी या सिद्धान्तहीनता के आरोप नहीं लगाए जा सकते हैं, पर उन्होंने भी सैनिक कार्रवाई के प्रति अपने अल्पज्ञान का परिचय दिया था। यह 1965 में भारत-पाक युद्ध के बाद ताशकंद में पाकिस्तान के फील्ड मार्शल अयूब खान के साथ उनकी वार्ता से स्पष्ट था। पीर पंजाल पहाड़ियों में हाजी पीर दर्रा खाली करने का निर्णय उचित नहीं था। इस पर ऐ शानदार योजना और उसके बेहतरीन क्रियान्वयन के बाद संभव हुआ था। इससे हमें न केवल उरी से सीधे पुंछ पहुंचने, बल्कि पाक अधिकृत कश्मीर-पीओके के रावलकोट, बाग व कोटला कस्बों पर प्रभुत्व जमाने की सुविधा मिल गई थी। अब पाकिस्तान इन स्थानों का प्रयोग भारत में घुसपैठिये भेजने में करता है।

बांग्लादेश मुक्ति संग्राम असंदिग्ध एवं स्पष्ट रूप से भारत की विजय थी लेकिन युद्ध के बाद इसका हमारी सेना पर भारी बोझ पड़ा। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने न केवल सेना की पेंशनों और उसका दर्जा घटा दिया, बल्कि बिना पाकिस्तान पर जम्मू कश्मीर के दर्जे पर दबाव डाले अथवा उसके कब्जे में मौजूद भारतीय सैनिकों की वापसी सुनिश्चित किए उन्होंने 90,000 युद्ध अपराधियों को वापस करने का निर्णय कर लिया। यह तथ्य शर्मनाक है कि हमारे 54 सैनिक आज भी पाकिस्तान के कब्जे में हैं। सरकार ने इन युद्धबंदियों को वापस लेने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। उनके परिवारों द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में दायर एक याचिका पर न्यायालय ने सरकार से उनकी वापसी के लिए सभी संभव कदम उठाने का आदेश दिया था, लेकिन इस बारे में अभी सफलता नहीं मिली है। यह हमारी राजनीतिक अवस्थापना तथा देश के नागरिकों पर भी एक दु:खद टिप्पणी है।

इस परिदृश्य में 'डोकलाम जैसे समझौते' पर हस्ताक्षर की संभावना समझना महत्वपूर्ण हो जाता है। हमें जुलाई, 2017 में 75 दिन चले टकराव पर ध्यान देने की आवश्यकता है। उस समय एक साल बाद आम चुनाव होने वाले थे और सरकार आर्थिक समस्याओं का सामना कर रही थी। ऐसे में सीमाओं पर समस्याओं से बचना जरूरी था। हालांकि, भाजपा नीत सरकार ने बाद में पुलवामा आतंकी हमले तथा बालाकोट पर हमले का करारा जवाब दिया था। डोकलाम पठार का महत्व इस बात से स्पष्ट है कि वह पीपुल्स लिबरेशन आर्मी-पीएलए के कब्जे वाली चुंबी घाटी से सटा है। इसके दक्षिण में जमफेरी पहाड़ी है जो उत्तरपूर्वी राज्यों के लिए भारत की जीवनरेखा सिलीगुड़ी गलियारे के निकट है। हालांकि, डोकलाम पठार पर चीनी दावा करते रहे हैं और इसकी स्थिति विवादास्पद है, पर यह हमारे निकटतम सहयोगी भूटान के कब्जे में रहा है। ऐसे में स्वाभाविक था कि चीन द्वारा पठार पर अवैध कब्जा करने के प्रयास के बाद भारतीय सेना भूटानी सेना के समर्थन में सामने आती। इस पर चीन का कब्जा भारत की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा था।

पीएलए द्वारा जमफेरी पहाड़ियों की ओर सड़क बनाने के प्रयासों पर भारतीय सेना ने अत्यधिक जीवन्त प्रतिक्रिया कर चीन को सड़क बनाने से रोका। यह कार्रवाई स्थानीय कमांडरों की पहल पर हुई जो पीएलए के दबाव में नहीं आना चाहते थे। भारत की जनता ने सरकार की इच्छाशक्ति मजबूत की है तथा इससे राष्ट्रवादी भावनाओं का उभार हुआ है। बाद में वूहान शिखर वार्ता में इस मुद्दे का समाधान हुआ जिसे 'वूहान सहमति' का नाम दिया गया। दोनों पक्षों द्वारा सैनिकों की परस्पर सहमति से वापसी के बाद तनाव कम हुआ और भारतीय सेना ने आवश्यक वापसी कर दी। लेकिन पीएलए थोड़ा पीछे हटने के तीन महीने बाद नई जगह पर सड़क बनाने लगी। कहा जाता है कि इस प्रक्रिया में उसने डोकलाम पठार के एक हिस्से पर अवैध कब्जा किया है। कुछ नवीनतम खबरों में बताया गया है कि पीएलए ने जनवरी, 2019 में जमफेरी पहाड़ी तक जाने वाली एक सड़क बना ली है।

लेकिन इस उकसावे पर सरकार की प्रतिक्रिया बहुत तीखी नहीं रही है तथा सेना ने चीनी सेना की बढ़ी हुई गतिविधि के खिलाफ कोई जवाबी कार्रवाई नहीं की है। ऐसे में आशंका पैदा होती है कि कहीं अतीत की तरह वर्तमान राजनेताओं ने भी तो सेना के हाथ नहीं बांध रखे हैं। हालांकि, सरकार ने पीएलए द्वारा कथित रूप से पूर्वी लद्दाख में 1,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर कब्जे की बात का कठोर खंडन किया है। चीनी सैनिकों से झड़प में गलवान घाटी में 20 भारतीय सैनिकों के शहीद होने के बाद सेना सीमा पर मजबूती से जमी है और घुसपैठ के किसी प्रयास का मुकाबला कर रही है। इसके बाद सेना ने कैलाश पर्वत श्रृंखला में ऊंची पहाड़ियों पर सक्रिय कार्रवाई करते हुए कब्जा कर लिया। इससे चीन के साथ होने वाली वार्ताओं में भारत सरकार के हाथ मजबूत हुए हैं, लेकिन शायद उसने इस सैनिक कार्रवाई का महत्व पूरी तरह नहीं समझा है।

भारत को सैनिक कार्रवाई का महत्व समझते हुए चीन के साथ इस बारे में कोई बात नहीं करनी चाहिए क्योंकि चीन ने भी डेपसांग क्षेत्र में विवादित स्थल के बारे में बात करने से इनकार किया है। वर्तमान परिस्थितियों में पूरी तरह स्पष्ट है कि चीनी भयंकर जाड़े में आक्रमण करने की स्थिति में नहीं हैं और सीमा पर भारतीय सेनाओं की मजबूत उपस्थिति से आगामी वसंत तक यह स्थिति बनी रहेगी। लेकिन यदि सीमा पर भारतीय सैन्यबलों में कमी हुई तो स्थिति बदल सकती है। ऐसे में सरकार को अपने लक्ष्य के प्रति मजबूती दिखाते हुए किसी प्रकार की धमकी या आक्रामकता का मुकाबला करना चाहिए। सरकार को चीन द्वारा पेश किसी भ्रामक समझौते के जाल में नहीं फंसना चाहिए। चीन की बढ़ती आक्रामकता को देखते हुए सरकार को वर्तमान परिस्थितियों को तार्किक परिणति तक पहुंचाना चाहिए। देखना होगा कि भविष्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार इस दिशा में क्या कार्रवाई करती है।

# महामारी के भीतर उपजती महामारी

> “यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो कोरोना पश्चात जगत में मानसिक स्वास्थ्य के जनस्वास्थ्य संबंधी चुनौती में बदल जाने की संभावना है।”

**सुमित मित्तल**
(लेखक एक मेंटल हेल्थ वेलनेस मंच के संस्थापक एवं सीईओ हैं)



कोरोना संक्रमण के प्रसार ने एक और महामारी को जन्म दिया है, और वो है मानसिक व्याधि। अब जबकि दुनिया को कोविड से जूझते हुए लगभग एक वर्ष हो रहा है और भारतीयों ने छह महीने रोगाणु से बचने के लिए लगाए गए विविध प्रकार के लाकडाउन में बिताए हैं, मानसिक स्वास्थ्य की दशा को जितना आघात लगा है, उतना पहले कभी नहीं लगा था। प्रमुख मुद्दे जो खबरों के मुताबिक कोविड-19 महामारी से जुड़े हैं वे हैं तनाव, व्याकुलता, अवसाद के लक्षण, अनिद्रा, नकार, आक्रोश और भय। ये भावनाएं इस तथ्य से प्रभावित हैं कि लोग लगातार बीमारी की चपेट में आने के भय से ग्रसित हैं। पूर्व से अस्तित्वमान स्वास्थ्य दशाओं से गुजरने वाले लोग तथा वयोवृद्ध कोरोनावायरस से मौत की संभावना को लेकर तनावग्रस्त हैं। चिंताजनक रूप से, आत्महत्या करने की इच्छा मोर्चे पर काम करने वाले कर्मचारियों तथा चिकित्सा क्षेत्र में ज्यादा बढ़ रही है जिसका कारण उनकी तनाव पूर्ण कार्य दशाएं तथा चारों ओर विद्यमान अमंगलकारी स्थितियां हैं।

कोरोनावायरस से संबंधित आत्महत्याएं होने की खबरें महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, असम और केरल से आई हैं। असलियत में, राष्ट्रव्यापी लाकडाउन के दौरान भारत में गैर-कोरोनासंक्रमण से हुई मौतों की संख्या 300 बताई गई है। और फिर, वेतनों में कटौती, अवकाश और नौकरियां छिन जाने के कारण दबाव और ज्यादा बढ़ गया है। सौभाग्य से जिन लोगों के पास अभी भी नौकरी है उन्हें कार्य के बढ़े घंटों व घरेलू समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। ये कारक लोगों में खीझ पैदा होने व चिंतामग्न रहने के कारण हैं। यह स्पष्ट है कि महामारी खत्म होने के बाद भी, कोरोना संक्रमण के कारण पैदा मानसिक स्वास्थ्य की दशाएं एवं लोगों पर उनके सामाजिक-आर्थिक प्रभाव बाद में भी कुछ समय तक बनी रहेंगी।

एक सर्वेक्षण के मुताबिक, भारत की लगभग 41 प्रतिशत जनसंख्या एकाकीपन के भाव से ग्रसित है। 33 प्रतिशत से लेकर 74 प्रतिशत तक लोगों ने मनोवैज्ञानिक क्लेश से पीड़ित होने की बात बताई है और 40 प्रतिशत से अधिक अवसाद तथा व्याकुलता



की स्थिति से गुजर रहे हैं। क्योंकि भारत के समक्ष मानसिक स्वास्थ्य महामारी की स्थिति विद्यमान है, अब समय आ गया है कि राज्य एक समग्रतापूर्ण मानसिक स्वास्थ्यरक्षा ढांचे के निर्माण में निवेश करे जो भौतिक स्वास्थ्यरक्षा के आवरण तले छिपा न हो। हालांकि, एक अच्छी बात यह है कि कोविड ने मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों को वापस प्रकाश में ला दिया है। महामारी के आघात से पहले, मानसिक बेहतरी के पहलू को अधिकतर नजरअंदाज किया जाता रहा और लोग उसके बारे में बात नहीं करते थे, मदद लेने की बात को दूर रही। अब भारत, उसके बारे में सहजता से बात करता है। एक बार समस्या का पता लगा लिया गया, तो उसका निवारण आसान हो जाता है। समस्या को स्वर देने से चीजों को बेहतर अंतरदृष्टि प्राप्त हुई है जो लोगों को परेशान करती हैं। अभी तक तो, विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्रतिवर्ष 2.2 लाख आत्महत्याएं होती हैं, और जमीनी स्तर से काम किए जाने की प्रबल आवश्यकता है। शिक्षा से शुरुआत करके, सफल इलाज के वांछित परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। देश में मनोचिकित्सकों की आवश्यकता से कम संख्या को देखते हुए, सरकार को पहले से ही विद्यमान चैनलों में इस विषय के छात्रों के लिए सीटें बढ़ाने की आवश्यकता है।

शैक्षणिक स्तर पर शुरुआत होने के बाद, सुधार एवं संवेदनशीलता को पेशेवर स्तर पर लाए जाने की आवश्यकता है। फिलहाल मामलों की सिथति निराशाजनक होने के चलते, जहां मनोचिकित्सक मरीज की स्थिति का पूर्ण आंकलन किए बगैर दवाएं लेने की सलाह देते हैं, काउंसेलिंग गहन होनी चाहिए। इसी प्रकार, उपचार के संचालन की व्याख्या करने वाले संरचित दिशा-निर्देश जारी किए जाने चाहिए। समस्या से ग्रसित लोगों की पहुंच काउंसेलिंग एवं मनोचिकित्सा केंद्रों एवं चिकित्सकों के स्तर तक बढ़ाना महत्वपूर्ण है। भारत के खराब मानसिक स्वास्थ्य ढांचे एवं विशाल जनसंख्या को देखते हुए यह काम कठिन हो सकता है, लेकिन वर्तमान समय में समस्या से ग्रसित लोगों की बढ़ती संख्या के चलते बड़े पैमाने पर प्रयास किए जाने की अनिवार्यता है।

महामारी के दौरान तथा पश्च-कोरोना जगत में, मानसिक स्वास्थ्य बीमा की प्रबल आवश्यकता है, जिससे कि यह उपचार के खर्च के बोझ को हल्का करने में मददगार हो सके। भारतीय बीमा विनियामक तथा विकास प्राधिकरण ने 2018 में मानसिक व्याधि को नियमित स्वास्थ्य बीमा कवरेज के अंतर्गत लाने की बात कही थी। इस दिशा में चलते हुए, कुछ बीमाकर्ताओं ने पहले ही मानसिक स्वास्थ्य उत्पादों को प्रथाजन्य रूप देना प्रारम्भ कर दिया है लेकिन वे संख्या में बहुत कम हैं।

मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों को समान स्तर पर रखने के लिए तकनीक का प्रयोग किया जा सकता है। एकाकीपन से गुजर रहे लोगों से संपर्क जोड़ने के लिए आभासी संपर्क एक साधन बन सकता है। लोगों को मदद देने के लिए आभासी परामर्श और चैटबोट्स के आने से बढ़ावा मिला है। इससे उन लोगों को सहायता मिली है जो अन्यों द्वारा परीक्षण के भय से ग्रसित हो जाते हैं। यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो कोरोना पश्चात जगत में मानसिक स्वास्थ्य के जनस्वास्थ्य संबंधी चुनौती में बदल जाने की संभावना है।

## आप की बात

### सौंदर्य के स्थायी चिन्ह

**फ्लोरिडा** के चार्ल्स हेल्केम को हाल ही वर्ल्ड रिकार्ड्स की और सर्वाधिक टैंटू पुरुष वर्ग में एवं उनकी पत्नि शार्लोट गुटेनबर्ग ने भी महिला वर्ग में सर्वाधिक अपने शरीर पर रंग बिरंगे टैंटू बनाकर गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज करा लिया है। युवा वर्ग के अलावा हर उम्र के लोगो में टैंटू बनवाने की दीवानगी देखी जा सकती है। रिकार्ड की बराबरी या रिकार्ड तोड़ने की होड़ के अलावा विदेशो में टेटू यानि गोदना कला सौंदर्य की चकाचोंध को बढ़ावा देने व् अपने को जो अच्छा लगे उन चिन्हों को शरीर पर बनाए जाने का चलन जोरो पर है। विदेशों में ये कला फैशन का रूप ले चुकी है 7पुरुष और महिलाएं एवं व्यस्क बच्चे भी गोदना बनवाते है। ग्रामीण क्षेत्रों में गोदना कला को लोग वर्षो से बनवाते आ रहे हैं किन्तु वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रो में इस कला का चलन धीरे धीरे कम होता दिखाई दे रहा है। गोदना कला यानि सौंदर्य के वे चिन्ह जिनसे स्थाई रूप से सजने-सँवरने हेतु रोजाना से निजात मिलती थी ।कई गोदना कलाकार गोदना के चलन कम होने से दुखी है। वे स्वयं की तैयार की गई या पारंपरिक चित्रकारी को प्रयोग में लाते हैं। विदेशो में इसका प्रभाव बरक़रार है किन्तु यहां धीरे - धीरे कम होता दिखाई दे रहा है।

– **संजय वर्मा**, मनावर, मप्र

### युवाओं को दिशाहीन करता नशा

**कुछ** समय पूर्व फ़िल्म अभिनेता सुशांत सिंह की आत्महत्या के मामले की जांच में नए तथ्यों के सामने आने से सारे देश को झकझोर दिया है। कल्पना लोक, सपनों के संसार मे नशा का मकड़जाल सभी को हतभ्रत करता है इसमे अभिनेत्रियों के नामों ने चिंता की लकीरों को गहरा कर दिया ये सही है कि सच्चाई तो जांच के बाद ही सामने आएगी परन्तु ये घटनाक्रम हमे अपने गिरेवान में झांकने को मजबूर जरूर करता है। दिखावे वाली सभ्यता ने हमारे देश किस तरह अपनी ओर आकर्षित किया, इसकी ओर देश के युवा सबसे अधिक आकर्षित हुए है, और अपनी संस्कृति छोड़ इसी संस्कृति के पीछे भाग रहें है। नशाखोरी इसी अंधानुकरण का परिणाम है ।हमारा देश युवाओं का देश है इन्ही के भरोसे वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने का ख्वाब था। लेकिन जिस युवा पीढ़ी के बल पर देश विकास के पथ पर दौड़ने का दंभ भर रहा है, वह दुर्भाग्य से दिन पे दिन नशे की गिरफ्त में आ रही है। ड्रगवार डिस्टार्सन और वर्डोमीटर की रिपोर्ट के अनुसार नशे का व्यापार 30 लाख करोड़ से अधिक का है। अकेले हमारे देश की 20 प्रतिशत आबादी इसकी गिरफ्त में है।

– **माधव पटेल**, मेल से


### उपचुनाव नतीजों की प्रतीक्षा

**मध्य** प्रदेश में हुए उपचुनाव के उम्मीदवारों के भाग्य ईवीएम में बंद हो चुके हैं। कौन जीतेगा, कौन हारेगा, यह 10 नवंबर को पता चलेगा। इससे कोई सरोकार भी नहीं है कि कौन जीत रहा है कौन हार रहा है। लेकिन इन 28 स्थानों के उपचुनाव में बावीस स्थानों के लिए चुनाव जबरदस्त, जनता व खजाने का कचूमर निकालने के लिए थोपे गए हैं। अगर इन चुनावों में दलबदलूओं की जीत होती है तो यह आने वाले समय में परंपरा बन जाएगी की चाहे किसी भी दल बल से जीतो और अच्छा धन या पद मिले तो दल बदल कर लो, जनता के सिर पर कोई भी जूं नहीं रेंगने वाली है। यह परंपरा अगर बन जाती है तो यह लोकतंत्र के लिए बेहद घातक होगा। आज जो मुस्कुरा रहे हैं, कल जब उनका सबका पड़ेगा तो रोना भी पड़ सकता है। इस उपचुनाव के परिणाम से जनता की परीक्षा भी होगी की जनता दल बदल को जायज मानती हैं या नाजायज! अगर जनता ने इन दलबदलू को स्वीकार कर लिया तो फिर राजनीति मैं शुद्धता, शुचिता, साफ-सुथरे पन की वकालत करने वालों को मुंह बंद ही रखना होगा।

– **विषधर खरा**, उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**नीतीश** बहुत लोभी व्यक्ति हैं और सत्ता में बने रहने के लिए सबकुछ करेंगे। वो रैलियों में पीएम मोदी के समक्ष हाथ जोड़े खड़े रहते हैं।

– **चिराग पासवान**
लोजपा असक्ष

**जैसा** कि पिछले महीनों के दौरान मैंने बार-बार कहा है कि हमें एक और कोविड राहत पैकेज की आवश्यकता है। हमें यह वर्ष के अंत से पहले करने की जरूरत है।

– **मिच मैकोनेल**
अमेरिकी सीनेटर





**इस** बार हम बगैर पटाखे जलाए दीवाली मनाएंगे। यदि हम पटाखे जलाते हैं तो हम अपने बच्चों व परिवार के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करेंगे।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

# प्रयागराज पहुंची स्वदेशी जागरण मंच की 45 दिवसीय पदयात्रा

● स्वदेशी अपनाओ चाइनीज भगाओ पदयात्रा का समापन प्रयाग संगीत समिति में 11 को

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



**भारत को** आत्मनिर्भर एवं स्वावलम्बी बनाने के लिए स्वदेशी अपनाओ चाइनीज भगाओ का अभियान शुरू किया गया है। यह पहल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन स्वदेशी जागरण मंच ने की है। मंच ने 45 दिवसीय पदयात्रा जागरूकता अभियान शुरू किया है। 25 सितम्बर को कौशाम्बी से शुरू हुई पदयात्रा तमाम जिलों से होती हुई आज प्रयागराज पहुंची। जिसका समापन 11 नवम्बर को प्रयाग संगीत समिति में होगा। पदयात्रा मंच के पूर्वी उत्तर प्रदेश के संगठक एवं उत्तर प्रदेश उत्तराखंड के विचार विभाग प्रमुख अजय कुमार के नेतृत्व में शुरू की गई है। 41 दिनों में लगभग सात सौ किमी की यात्रा हो चुकी है। इस दौरान 95 हजार से अधिक स्वदेशी विदेशी सामानों की सूची पत्र वितरित किया गया है। उन्होंने बताया कि 25 सितम्बर को पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर कौशाम्बी के बुद्ध साधना स्थली से शुरू हुई पदयात्रा का समापन प्रयाग संगीत समिति में होगा। जिसके मुख्य अतिथि अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री स्वदेशी जागरण मंच सतीश कुमार मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी प्रान्त के सह प्रांत प्रचारक मुनीश होंगे तथा अध्यक्षता प्रोफेसर गिरीश चंद्र त्रिपाठी करेंगे विचार विभाग प्रमुख ने बताया कि पदयात्रा कौशाम्बी प्रतापगढ़ अमेठी सुल्तानपुर अयोध्या से फूलपुर सोरांव हण्डिया हनुमानगंज अंदावा होते हुए शुक्रवार को झूंसी से शंकराचार्य आश्रम एवं वहां से अल्लापुर लेबर चौराहा पहुंची। बताया कि यात्रा के दौरान हर एक दो किमी पर नये कार्यवाह जुड़ते रहे और स्वदेशी का संकल्प दुहराते रहे। उन्होंने कहा कि आज चीन ने भारत के बाजार में 60 से 70 प्रतिशत तक कब्जा जमा लिया है। जिसके कारण भारत का व्यापार घाटा चीन से इस वर्ष तक 46 अरब डालर यानि तीन लाख करोड़ से अधिक है। इसलिए, मंच आवाह्न करता है कि चाइना मुक्त भारत का संकल्प लें और दस करोड़ से अधिक युवा भारत को रोजगार देने का अवसर खोजें। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच ने दीपावली पर्व पर चाइनीज झालर गणेश लक्ष्मी पटाखे सहित अन्य सामान का बहिष्कार करने की अपील की। साथ ही स्वदेशी कुम्हारों द्वारा बनाये गये दीप भगवान की मूर्ति भारतीय पटाखों एवं स्वदेशी सामानों का उपयोग करने के लिए लोगों को प्रेरित करते हुए चीन का पुतला भी फूंका है। इस मौके पर मंच के तमाम कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

## विधायक ने प्राथमिक विद्यालय के बच्चों दिये गर्म कपड़े

**वाराणसी।** भारतीय जनता पार्टी नेता व कैण्टोनमेण्ट से विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने बढ़ते ठंड के मद्देनजर प्राथमिक विद्यालय के बच्चों में गर्म कपड़े और दूध के पैकेट का वितरण किया। गर्म कपड़े और दूध का पैकेट पाकर बच्चों खुश नजर आए। भाजपा विधायक ने कहा कि ठण्ढ ने दस्तक दे दी है ऐसे में प्राथमिक स्कूलों के बच्चों को गर्म कपड़े का वितरण किया गया ताकि बच्चों को ठण्ढ से बचाया जा सके। दोपहर के तापमान की अपेक्षा रात और रात के तापमान में अंतर हो गया है। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने ठंड आने से पहले ही प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों की चिंता की है। विधायक कैन्ट सौरभ श्रीवास्तव ने प्रदेश सरकार द्वारा भेजे गए गर्म स्वेटरों व पैजामों का पूर्व माध्यमिक विद्यालय अजमतगढ़, तुलसीपुर के बच्चों के बीच वितरण किया। साथ ही डाबर इंडिया लिमिटेड द्वारा भेजे गए पौष्टिक हल्दी व तुलसी वाले टोन्ड दूध का भी वितरण कराया। विधायक ने मेधावी बच्चों के बीच अंक पत्रों का वितरण कर उनका उत्साह बढ़ाया।

## विधायक विजय मिश्र के मकान के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**विधायक विजय** मिश्र के मकान को तोड़ने की कार्यवाही गुरुवार की शाम शुरू हो गयी। शुक्रवार को मकान का हिस्सा गिराया गया। पीडीए की टीम जेसीबी के साथ शाम को विधायक विजय मिश्र के मकान को ढहाने की कार्रवाई करने के लिए पहुंच गई। हालांकि विधायक विजय मिश्र ने मकान न ढहाया जाए इसकी भरपूर कोशिश की थी। लेकिन वह नाकाम रहे और आखिरकार आज मकान को तोड़ने के लिए जब टीम पहुंची तो विधायक हक्का बक्का रह गए। बताया जा रहा है कि विधायक विजय मिश्र ने बगैर नक्शा पास कराए मकान का निर्माण कराया था।

विधायक के शापिंग कांप्लेक्स का मामला अभी भी हाईकोर्ट में चल रहा है। उस पर अभी तक कोई फैसला नहीं आया है। बता दें कि भदोही ज्ञानपुर के विधायक विजय मिश्रा के मकान को प्रयागराज विकास प्राधिकरण ढहाने की कार्रवाई के लिए अरसे से फिराक में थी। लेकिन कानूनी अड़चनों और न्यायालयी प्रक्रिया के तहत मामला रुका हुआ था। लेकिन आज शाम करीब पांच बजे पुलिस बल के साथ पीडीए की टीम अल्लापुर स्थित विधायक के मकान पर पहुंची तो वहां अफ्तातफरी मच गई। विधायक के घर वालों ने विरोध किया लेकिन भारी पुलिस बल के आगे उनकी एक न चल सकी। पुलिस ने भीड़ को हटाया और यातायात भी डायवर्ट कराया। इसके बाद टीम ने अपनी कार्यवाही शुरू की। देरशाम तक विधायक के मकान को तोड़ने की कार्यवाही की जा रही थी। इसके लिए भारी दलबल उनके आवास पर तैनात किया गया था। बवाल की आशंका को लेकर पीडीए के साथ कई थानों की पुलिस मौजूद रही। पीडीए अधिकारियों का कहना था कि मकान की गिराय जाने की प्रक्रिया देरशाम शुरू की गई है। ऐसे में मकान को गिराने में समय लग सकता है।

## रेलवे ने चलाया कोविड 19 जागरूकता अभियान

**प्रयागराज।** कोरोना महामारी अभी समाप्त नहीं हुई है। अभी इसका प्रकोप बना हुआ है। इसलिए प्रयागराज मंडल पर भी जन सामान्य को कोरोना महामारी के प्रति जागरूक करने के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारम्भ किये गए कोविड 19 जागरूकता जन आंदोलन कार्यक्रम को गति देते हुए उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल मेडिकल टीम द्वारा कोविड 19 जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत मंडल के चिकित्सा कर्मियों स्काउट्स एंड गाइड्स तथा सिविल डिफेन्स संगठन के सदस्यों की संयुक्त टीम द्वारा मंडल पर संचालित दस हेल्थ यूनिटों और रेलवे कालोनियों में कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों को कोविड 19 के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। उन्हें इस महामारी के प्रति जागरूक एवं सचेत किया गया। जागरूकता अभियान के तहत रेलवे कर्मचारियों तथा उनके परिवार के सदस्यों को मास्क पहनने साबुन और सैनिटाइजर से लगातार हाथ धोने और सोशल डिस्टेंस मेंटेन करने के महत्व को समझाया गया।

# काशी विद्यापीठ के संविदा शिक्षकों ने किया सत्याग्रह



**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ पंत प्रशासनिक भवन के समीप गांधी प्रतीम के निचे संविदा शिक्षकों का सत्याग्रह शुक्रवार पांचवें दिन भी जारी है। धरने पर बैठे संविदा शिक्षकों ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर सत्याग्रह को प्रभावित करने के लिए जोड़-तोड़ षडयंत्र का आरोप लगाया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सत्याग्रह को अवैध बताते हुए एक नोटिस भी जारी किया है। सत्याग्रहियों ने कहा कि सत्याग्रह की सूचना न केवल पहले प्रदान की गई बल्कि उसे विश्वविद्यालय प्रशासन तथा जिला प्रशासन को रिसीव भी कराई गई है। सत्याग्रह पर बैठे शिक्ष्कों के मुताबिक महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ प्रशासन अपने कार्यसमिति में आदेश को लागू नहीं कर रहा। जूलाई से अब तक कोरोना संकट का हवाला देकर विश्वविद्यालय प्रशासन हमेशा इन शिक्षकों को आश्वासन देता रहा कि यथाशीघ्र वेतन के सम्बन्ध में आदेश निर्गत कर दिया जाएगा परन्तु अचानक 28 अक्टूबर के बाद ऐसा क्या हुआ कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने इनके वेतन भुगतान से मुकरने लगा। सत्याग्रह करने वालों में डॉ रीता, डॉ आलोक शुक्ला, डॉ अरुण श्रीवास्तव, डॉ रमेश कुमार मिश्र, डॉ राजेश कुमार, डॉ आनंद सिंह, डॉ बालरूप, डॉ दिनेश कुमार, डॉ महेन्द्र डिसूजा, डॉ प्रदीप कुमार, अभिषेक कुमार डॉ शशिकांत नाग, डॉ निर्मला, डॉ अनुपमा आदि लोग शामिल हैं।

# कोविड-19 की गाइडलाइन में मनेगी देव पर्व दीपावली

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**देव पर्व** दीपावली को लेकर तैयारियां शुरू हो गयी हैं। हालांकि कोरोना को लेकर दीवाली पर्व को लेकर लोगों में हर वर्ष की अपेक्षा उतना उत्साह तो नही देखा जा रहा लेकिन दीवाली के चलते बाजारों में रौनक जरूर बढ़ गयी है। इस दीपावली में एण्ड टीवी के कलाकार भाबीजी घर पर हैं की अंगूरी भाबी शुभांगी अत्रे और मनमोहन तिवारी रोहिताश्व गौर गुड़िया हमारी सभी पे भारी की गुड़िया सारिका बहरोलिया संतोषी माँ सुनाएं व्रत कथाएं की संतोषी माँ ग्रेसी सिंह हप्पू की उलटन पलटन के दरोगा हप्पू सिंह योगेश त्रिपाठी अपने लिये कड़ी मेहनत कर रहे हैं। विभिन्न लोगों के साथ उत्सव मनाने के लिये साथ आये हैं। इसके पीछे उनका विचार है खुशियों का एक दीया जलाओ। शुभांगी ने कहा कि दीपावली का उपहार और बोनस ऐसी चीजें हैं। जिनका घर में काम करने वाले सारे लोग पूरे साल इंतजार करते हैं। पहले उनके काम के लिये उनकी सराहना के तौर पर कैश और एक छोटा लेकिन उपयोगी उपहार देती थी और त्यौहारों के मौसम को उनके लिये जगमगा देती थी। लोगों को ऑनलाइन खरीदारी करवाने का फैसला किया है। वह भी इस बात से बहुत रोमांचित हैं। योगेश त्रिपाठी ने कहा कि इस साल दिवाली थोड़ी अलग रहेगी। मिठाइयों और खास स्नैक्स के साथ देवी लक्ष्मी का स्वागत करने के लिये अपने घर को तैयार करेंगे। जैसे दीये उम्मीद और खुशियाँ फैलाते हैं। उसी तरह इस दिवाली आओ जलायें खुशियों का एक दीया जो रोशन करे किसी की जिन्दगी का अंधेरा। इससे सकारात्मकता और खुशी आती है। दिवाली की पूजा के बिना उत्सव अधूरा है। इस साल वंचितों के लिये काम करने वाले एक एनजीओ को सपोर्ट करना चाहते हैं। उनके लिये त्योहारों के गुडीज खरीदना चाहते हैं। जिससे उनके जीवन में खुशियों का एक दीया जगमगाएगा। इस बार मिट्टी के दिये बनाये जा रहे हैं लोगों से यह अपील भी की जा रही है है कि घरों में यही दीपक जलाएं। कोरोना संक्रमण को लेकर दीवाली में होने वाली खरीदारी प्रत्येक वर्ष की तुलना में बहुत कम होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# हज 2021 के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया आज से

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

● 18 से 65 वर्ष के लोगों को ही हज पर जाने की अनुमति

**हज 2021** के लिए ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया 7 नवम्बर से शुरु हो जाएगी और 10 दिसम्बर तक चलेगीए ये बातें सेण्ट्रल हज कमेटी, भारत सरकार के पूर्व सदस्य डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी है। सभी हज खिदमतगारों और संस्थाओं से अपील करते हुए डॉ.जावेद ने कहा कि हज पर जाने के इच्छुक ज़ायरीनों के जल्द से जल्द पासपोर्ट बनवा लें जिससे वो तय समय पर अपने आवेदन को जमा कर सके। डॉण् जावेद ने बतलाया क़ि एक कवर में एक साथ तीन ज़ायरीन को ही फॉर्म भरने की अनुमति होगी। जो महिलाएं बिन मेहरम के हज को जाती हैं उनकी संख्या भी घटा के तीन कर दी गई है। हज 2021 में इस बार सऊदी में 30.35 दिन के आस पास ही रुकने की अनुमति होगी। समूचे हिंदुस्तान के कुल 21 इम्बारकेशन केंद्रों को घटाकर 10 कर दिया गया है। इस साल समाप्त होने वाले इम्बारकेशन केंद्रों में वाराणसी इम्बारकेशन केंद्र भी शामिल है। वाराणसी इम्बारकेशन केंद्र के अन्तर्गत आने जिलों के हज ज़ायरीनों को इस साल लखनऊ इम्बारकेशन केंद्र से ही उड़ानें भरनी होगी। कोरोना महामारी के कारण 18 साल के नीचे और 65 साल के ऊपर के लोग इस बार हज 2021 के लिए फॉर्म नहीं भर सकेंगे। डॉण् जावेद ने क़हा क़ि अगर आवेदन फॉर्म कोटे से अधिक जमा हुए तो जनवरी 2021 में लॉटरी निकालकर हज ज़ायरीनों का चयन किया जाएगा।

## डीएम ने सरस्वती मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण



**उन्नाव।** डीएम रवीन्द्र कुमार ने जनपद के कोरोना पाजिटिव व्यक्तियों के लिए शुक्रवार को सरस्वती मेडिकल कालेज का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की सफाई व्यवस्था व स्टाफकी उपस्थिति देखी। उन्होंने निर्देश दिये कि इलाज में लापरवाही न बरती जाए। कुल 14 कोरोना मरीज भर्ती पाए गए। डीएम ने निरीक्षण के दौरान उपस्थित चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिये कि कोविड.19 के तहत आए हुए पॉजिटिव व्यक्तियों के इलाज में किसी तरह की लापरवाही न बरती जाये। मरीजों को डेंगू से बचाया जाये। डेंगू के बचाव हेतु सारे उपाय अस्पताल में युद्ध स्तर पर किया जाये। भोजन की गुणवत्ता को बनाये रखने के निर्देश दिये।

## जुमे की नमाज के लेकर अलर्ट रही पुलिस

**उन्नाव।** जुमे की नमाज के लेकर जिले की पुलिस शुक्रवार को अलर्ट रही। शहर के छोटा चैराहा स्थित जामा मस्जिद में भारी मात्रा में फोर्स तैनात रहा। वही ग्रामीणो क्षेत्र में भी पुलिस कर्मी तैनात दिखे। उधरए अधिकारी मामले की जानकारी जुटाते रहे। जुमे की नमाज को देखते हुए सुबह से ही जिले की पुलिस मस्जिदों के बाहर तैनात मिली। शहर के छोटा चैराहा स्थित जामा मस्जिद में शहर कोतवाल दिनेश चंद्र मिश्र के नेतृत्व में भारी फोर्स तैनात रहा। उधरए ग्रामीणो क्षेत्रो में सभी थानेदार अलर्ट दिखे। दोपहर को एएसपी विनोद कुमार पांडेय व सीओ सिटी गौरव कुमार त्रिपाठी ने जामा मस्जिद पहुंच सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

## दुकानों में प्रतिबंधित पॉलिथीन बरामदए वसूला गया जुर्माना

**उन्नाव।** नगर पालिका गंगाघाट ईओ सुनील कुमार मिश्रा शुक्रवार दोपहर पालिका कर्मी अनूप शुक्लाए एसके राणा आदि कर्मचारियों के साथ राजधानी मार्ग पहुंचे। जहां एक के बाद एक कई दुकानों में छापेमारी की। इस दौरान कई दुकानों में प्रतिबंधित पॉलिथीन बरामद हुई। जिस पर दुकानदारों की पॉलिथीन जप्त कर उनसे जुर्माना वसूला गया। इसके साथ ही पोनी रोड पर भी अभियान चलाया गया। अभियान की सूचना पर कुछ दुकानदार दुकानें बंद कर चले गये। अधिकारियों के जाने के बाद अपनी दुकानें खोली। वहीं कुछ दुकानों के बाहर गंदगी फैली देख पालिका कर्मियों ने उनसे भी जुर्माना वसूला। इस बावत ईओ ने बताया कि डेढ़ किलो पॉलिथीन बरामद की गई है। साढ़े पंद्रह हजार रूपये जुर्माना वसूला गया। इसी तरह प्रतिबंधित पॉलिथीन के खिलाफआगे भी अभियान चलाया जायेगा।

## त्योहार को लेकर बैठक सम्पन्न

**हसनगंज, उन्नाव।** नगर पंचायत मोहान व नगर पंचायत न्योतनी में आगामी त्योहार को मद्देनजर रखते हुए कोतवाली प्रभारी राघवन कुमार सिंह के नेतृत्व में विभिन्न धर्म गुरुओं के साथ बैठक की गई। जिसमे उनके द्वारा आगामी त्यौहारों व शुक्रवार के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिशा निर्देश दिए गए। पूर्णतया शांतिपूर्ण कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हिदायतें दी गई। क्षेत्र के सभ्रांत व्यक्तियों से आगामी त्योहार को शान्ति पूर्वक मानाने की अपील की।

## धमकी भरे मैसेज भेजने वाला गिरफ्तार

**उन्नाव।** युवती को अश्लील व धमकी भरे मैसेज भेजकर शादी का दबाव डालने व फोटो को सोशल मीडिया में वायरल करने वाले आरोपित को शुक्रवार को बांगरमऊ पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। कोतवाल आशुतोष त्रिपाठी ने बताया कि 28 अक्टूबर को क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने शिकायती पत्र देकर बताया कि कन्नौज के दाईपुर गांव निवासी विराट उर्फशुभम पुत्र राजेश द्वारा उसको अश्लील व धमकी भरे मैसेज भेज कर शादी का दबाव बनाया जा रहा है और उसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल किया जा रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज करते हुए शुक्रवार को आरोपित को गिरफ्तार करते हुए कोर्ट में पेश किया है।

## छेड़खानी में वांछित गिरफ्तार

**उन्नाव।** शहर के मगरवारा चैकी प्रभारी अखिलेश कुमार यादव ने शुक्रवार को दुर्जन खेड़ा मसवासी गांव निवासी पप्पू पुत्र रामआसरे को मगरवारा नाला पुलिया के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपित छेड़खानी के मामले में वांछित चल रहा था।

## टीएसआई ने चलाया अभियान

**उन्नाव।** यातायात माह के छठे दिन यातायात प्रभारी प्रदीप कुमार द्वारा शुक्रवार को यातायात नियमों के जागरूकता अभियान के तहत शहर के अचलगंज तिराहा गदन खेड़ा चैराहा पर टैक्सीए आटोए ई.रिक्शा चालकों के वाहनों पर यातायात नियमों के जागरूकता संबंधी पंपलेट चस्पा कराते हुए यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

## शराब के साथ दो गिरफ्तार

**उन्नाव।** शुक्रवार को मांखी में तैनात एसआई हरिशंकर सिंह वीरेन्द्र पुत्र स्वण् जियालाल पासी निवासी ग्राम चैधरीखेड़ा मजरा विरसिंहपुर व शेरबहादुर पुत्र स्वण् श्यामलाल पथरकट ग्राम दयालपुर थाना हसनगंज के पास से चालीस लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

## ओबीसी महासभा अध्यक्ष की कमान राजकुमार जायसवाल को

**वाराणसी।** वाराणसी टेंट व्यवसाय एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष राजकुमार जायसवाल को राष्ट्रीय ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एकेश लोधी ने श्री राजकुमार जायसवाल को पूर्वी उत्तर प्रदेश का कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया है। इस अवसर पर श्री जायसवाल ने कहा कि महासभा ने मुझ पर पूर्वी उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष बनाकर जो जिम्मेदारी सौंपी है, इसको पूरी निष्ठा व लगन से कार्य करूँगा। राजकुमार जायसवाल को राष्ट्रीय ओबीसी महासभा के पूर्वी उत्तर प्रदेश महासभा का कार्यवाहक अध्यक्ष बनाये जाने पर वरिष्ठ समाजसेवी गोपाल दास यादव(बाबाजी), वरिष्ठ समाजसेवी बचाऊ सेठ, क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी मुरली मनोहर सिंह, प्रवीण कुमार त्रिपाठी(गुड्डु), पूर्वांचल स्वर्णकार समाज के संरक्षक एवं वरिष्ठ समाजसेवी गोपाल जी सेठ, मामाजी, श्यामजी सेठ, राजेश केशरी, सत्यप्रकाश गुप्ता उर्फ सत्तु, रमेश अग्रहरि, अभय पाठक, श्रीधर त्रिपाठी(वरिष्ठ पत्रकार),संजय केशरी, बिहारी सेठ आदि लोगों ने बधाई दी है। मुरली मनोहर सिंह ने कहा कि श्री जायसवाल राष्ट्रीय ओबीसी महासभा के उत्थान के लिए हमेशा संघर्ष करते रहेगें और समाज को मजबूत करेगें।इसके अलावा टेंट व्यापारियों में हर्ष की लहर है।

## बिजली विभाग के खिलाफलोगो का फूटा गुस्सा, हंगामा

**उन्नाव।** गंगाघाट के ऋषि नगरए गाजी खेड़ा और गोपीनाथ पुरम मोहल्ला में दो दिन से बिजली न आने से क्षेत्रीय लोगों में बिजली विभाग के खिलाफखासा रोष देखा गया। शुक्रवार को क्षेत्रीय सभासद ने विभाग के खिलाफहंगामा काटा। जिस पर अधिकारियों ने लोकेटर मशीन मंगा कर फाल्ट ढूंढवाया और आपूर्ति शुरू कराई। इस दौरान दो दिन से तीन मोहल्लों की बिजली गुल रही। जिससे लोगों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ी। राजधानी मार्ग स्थित बंद पड़े आरकेबीके पेट्रोल पंप के पास बुधवार शाम फोरलेन के किनारे पड़ी भूमिगत हाईटेंशन लाइन में फाल्ट हो गया। इसके साथ ही ऋषि नगर गली में भी फाल्ट हो गया। बुधवार देर रात तक बिजली कर्मी फाल्ट ढूंढते रहे लेकिन फाल्ट नहीं मिल सका। जिसके बाद गुरूवार को सुबह से देर रात तक फाल्ट ढूंढने का काम किया गया। इसके बावजूद फाल्ट नहीं मिला।

# ऑनलाइन क्राइम मीटिंग पर एसपी ने की समीक्षा, दिए निर्देश

● लंबित व चर्चित मामलों में सवालों के जवाब न दे पाने थाना प्रभारियों को फटकार

**उन्नाव।** एसपी ने गुरूवार की रात ऑनलाइन क्राइम मीटिंग ली। गूगल मीट एप पर उन्होंने जनपद के सभी थाना कोतवाली प्रभारियों को लंबित विवेचनाओं को जल्द निपटानेए आगामी त्योहार को देखते हुए कानून और शांति व्यवस्था से जुड़े विवादों को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। उन्होंने लापरवाही पर कई थानेदारों को फ्टकार भी लगाई। क्षेत्राधिकारियों को विवेचनाओं की समीक्षा के निर्देश भी दिए गए हैं। जिला पुलिस मुख्यालय से गूगल मीट के माध्यम से अधीनस्थों की बैठक लेते हुए एसपी आनन्द कुलकर्णी ने कहा कि शराबए जुआ आदि धंधों से जुड़े जरायम पेशेवरों के खिलाफअभियान चलाकर कार्रवाई करें। चिह्नित कर उनके खिलाफ गुंडा एक्टए गैंगस्टर में मुकदमे दर्ज किए जाएं। दीपावली त्योहार को देखते हुए कानून और शांति व्यवस्था बनाए जाने को लेकर निर्देश दिए। लंबित और चर्चित मामलों में सवालों के जवाब न दे पाने पर एसपी ने फ्टकार भी लगाई। एसपी ने महिला हेल्प डेस्कए चोरी की घटनाओ को खुलासा करने के निर्देश दिए है। मीटिंग में एएसपी विनोद कुमार पांडेयए सभी सीओ व थाना प्रभारी मौजूद रहे।

### निशाने पर कई थाना प्रभारी, लगाई फटकार

ऑनलाइन मीटिंग में एसपी के निशाने पर कई थाना प्रभारी रहे। उन्होनें अचलगंज, बीघापुर, बिहार, सफीपुर, अजगैन, मांखी, फतेहपुरचैरासी व गंगाघाट थाना प्रभारी को जमकर फटकार लगाते हुए सुधार करने के निर्देश दिए है। एसपी ने थानो पर लंबित विवेचानाओ पर गहरी नाराजगी व्यक्त की है। उधरए एसपी की फटकार के बाद थाना प्रभारियों पर हड़कंप मच गया। शुक्रवार को जिले के सभी थाना प्रभारियों ने चैकी प्रभारियों व विवेचको को घटनाओ को जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए है।

## ससुराल में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**उन्नाव।** ससुराल में रह रहे युवक ने गुरुवार की रात साड़ी का फंदा बना कोठरी की धन्नी पर डालकर फंसी लगा खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। असोहा थाना क्षेत्र के सरवैया गांव निवासी सूरज (28) पुत्र प्रमोद रावत छह माह से इस्लामनगर गांव स्थिति ससुराल में रह रहा था। परिजनों ने बताया कि एक साल पहले सोहरामऊ थाना क्षेत्र के चैपाई गांव की रहने वाली सीमा से कोर्ट मैरिज की और पत्नी के मायके में न रहने पर सूरज भी ससुराल में रह कर मजदूरी करने लगा। गुरुवार को पति व पत्नी एक ही कमरे में लेटे थे। पत्नी सीमा के मुताबिक पति पता नहीं कब रात में उठकर दूसरे कमरे में जाकर खुदकुशी कर ली। सीमा ने बताया कि सुबह जब वह उठी तो कमरे में नहीं थे। जब दूसरे कमरे में गई तो देखा कि धन्नी से पति का शव लटक रहा था। घटना की सूचना मृतक के पिता व ग्राम प्रधान वेद प्रकाश को दी गई। ग्राम प्रधान ने पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की है।

# बालिकाओं ने कन्या भ्रूण हत्या व बाल विवाह के खिलाफ किया प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**शुक्रवार** को सेवापुरी क्षेत्र के भटपुरवां तथा मिर्जामुराद क्षेत्र के करधना गाँव में लड़कियों ने लिंग भेद के खिलाफ जन जागरूकता रैली निकाली। खास बात यह रही कि रैली में लड़कियों के अलावा बड़ी संख्या में गाँव की महिलाओं ने भी भाग लिया। रैली में शामिल गाँव की सैकड़ों किशोरी लड़कियों ने नही किसी का हो अपमान लड़का लड़की एक समानएबाबा हमको पढ़ने दो पढ़कर आगे बढ़ने दोए कन्या भ्रूण हत्या बन्द करोए बाल विवाह पर रोक लगाओए हमको दुनिया में आने दो अपना मान बढ़ाने दोए बेटी पढ़ाओ बेटी बढ़ाओ आदि नारे लगाते हुए और हाथ में तख्तियाँ लेकर चल रहे थे। रैली गाँव के विभिन्न बस्तियों से होकर आशा सिलाई केंद्र भतपुरवां तक गयी। जहा पर बालिका महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सामाजिक कार्यकर्ता तनुजा मिश्रा और शर्मिला ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम में लड़कियों ने लिंग भेदभाव और लड़का लड़की असमानता पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया और लैंगिक असमानता के खिलाफ खुलकर अपने विचार रखें। कार्यक्रम में बेनीपुरए भतपुरवां लालपुरए गनेशपुरए नागेपुरए कल्लीपुरए कुंडरिया आदि आसपास के कई गांव की लड़कियों ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि तनुजा मिश्रा ने कहा कि हमारा समाज लड़कियों और लड़कों में आज भी भेदभाव कर रहा है। जिसके कारण कोख में ही लड़कियों को मार दिया जाता है नतीजन दिनप्रतिदिन लड़कियों की संख्या घटती जा रही है। उत्तर प्रदेश की आबादी में छह साल की उम्र में एक हजार बच्चों के मुकाबले सिर्फ902 बच्चियां है। इस आंकड़े के मुताबिक प्रदेश में हर साल औसतन पौने दो लाख बेटियां गायब हो रही हैंए जो चिंता की बात है। संयोजक नंदलाल मास्टर ने कहा कि आराजी लाइन और सेवापुरी ब्लाक के दर्जनों गाँव में किशोरी संगठन बनाकर लड़कियों के अधिकार पर जन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। समाज में व्याप्त दहेजएबाल विवाहएकन्या भ्रूण हत्याएमहिला हिंसा को ख़त्म करने के लिये लड़कियों की टोली गठित की जा रही है। कार्यक्रम का संचालन सोनीए स्वागत राजकुमारी पटेल और धन्यवाद ज्ञापन आशा मौर्या ने किया।

# दीपावली पर्व पर भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन की होती है तैयारी

सुशील कुमार मिश्र। वाराणसी

● इन्द्रेश आश्रम में मुस्लिम महिलाएं मिट्टी व गोबर से बना रहीं हैं रंग-बिरंगी 'रामदीपक'

● लमहीं में दीपावली पर मुस्लिम महिलाएं उतारेगीं भगवान श्रीराम की महाआरती




**इस्लामी** कट्टरपंथियों द्वारा दुनियां भर में फैलायी जा रही हिंसा की सकारात्मक प्रतिक्रिया काशी की मुस्लिम महिलाओं ने सौहार्द्र का दीपक बनाकर दिया। दीपावली भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन के अवसर पर मनायी जाती है। अधर्म पर धर्म की विजय दिलाकर प्रभु श्रीराम जब अयोध्या वापस लौटे तो उस वक्त पूरी दुनियां केवल राममय थी। आज धार्मिक कट्टरता से जूझते विश्व को शांति और सद्भावना की तलाश है।


मुस्लिम महिला फाउण्डेशन एवं विशाल भारत संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में मुस्लिम महिलायें इन्द्रेश आश्रम लमही में दीपावली के लिये भारत की मिट्टी एवं गाय के गोबर से विशेष रामदीपक तैयार कर रही हैं। चाइना के झालर का बहिष्कार का संदेश देने वाली मुस्लिम महिलायें प्रतिदिन सैकड़ों रामदीपक तैयार कर रही हैंए जिसे शहर के प्रतिष्ठित लोगों और हिन्दू परिवारों को अपने हाथ से वितरित करेंगीए जिसे दीपावली पर जलाया जा सके। रामदीपक बनाकर मुस्लिम महिलाओं ने पूरी दुनियां को शांतिए सद्भावना और साहार्द्र का संदेश देकर यह बताया कि भारतीय संस्कृति दुनियां को शांति का पाठ पढ़ा सकती है। एक दूसरे के तीज त्यौहारोंए खुशियों में भाग लेने से धर्म खतरे नहीं पड़ता बल्कि हर धर्म का सम्मान बढ़ता है।

श्री इन्द्रेश आश्रम साकेत भूषण श्रीराम पीठ में जुटी मुस्लिम महिलाओं ने मिट्टी और गोबर का दीपक बनाने के लिए घरेलू पद्धति को अपनाया। कुछ महिलाएं विभिन्न रंगों से दीपक को रंग बिरंगा बना रही थींए तो कुछ दीपक पर सितारा टिक्की लगाकर खूबसूरत बना रही थीं। अपने पड़ोसी हिंदू परिवारों को दीपक देने के लिए महिलाएं तरह.तरह से दीपक सजा रही थीं। दीपावली पर मुस्लिम महिलाएं प्रदूषण मुक्त रामदीपक तैयार कर रही हैं। रामदीपक लोगों के दिलों को जोड़ने और नफ़रत के अंधकार को खत्म करने का काम करेगा।

श्री इन्द्रेश आश्रम साकेत भूषण श्रीराम पीठ में जुटी महिलाओं से दीपावली पर्व के लिए मुस्लिम महिलाओं ने गोबर व मिट्टी को मिलाकर प्रतिदिन सैकड़ों रंग-बिरंगी 'रामदीपक' तैयार कर रहीं हैं। 'पायनियर संवाददाता' ने उनसे कुछ बातचीत किया जो इस प्रकार है।



1: मुस्लिम महिला फाउंडेशन की नेशनल सदर हनुमान चालीसा फेम नाजनीन अंसारी ने कहा कि नफरत का अंधेरा चाहे जितना गहरा हो, दीपक का मामूली प्रकाश भी अंधेरे को खत्म करने की ताकत रखता है। अधर्म, नफरत,हिंसा को खत्म करने के लिए पूरी दुनिया को राम-नाम का सहारा लेना चाहिए। रामदीपक विश्व के सांस्कृतिक प्रकाश का प्रतीक है।जहॉं भी राम-नाम का दीपक जलेगा, हिंसा और नफरत खत्म होगी। मुस्लिम महिलाओं का संदेश विश्व शांति और सांस्कृतिक संबंध के लिए है।



2: मुस्लिम महिला फाउंडेशन की नजमा परवीन ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपावली के अवसर पर भगवान श्रीराम की आरती मुस्लिम महिलाओं द्वारा की जाएगी। हम शांति और सौहार्द्र की वकालत करते रहेगें। कट्टरपंथियों से विश्व को बचाने के लिए मुस्लिम महिलाओं को आगे आना होगा।


3:विशाल भारत संस्थान की राष्ट्रीय महासचिव अर्चना भारतवंशी ने कहा कि देश सांस्कृतिक संबंधों से चलता है। महिलाओं ने हिंसा व नफरत खत्म करने की कमान अपने हाथों में ले ली है। दीपावली का पर्व तो प्रकाश का है, प्रकाश तो सबके जीवन के लिए जरूरी है। मुस्लिम महिलाओं का प्रयास देश के सारे बुद्धिजीवियों के उपदेशों पर भारी है। वे अपनी बुद्धि से नफरत फैलाकर लोगों को तोड़ने का काम करते हैं और मुस्लिम महिलाएं अपने सद्भावना के प्रयासों से लोगों को जोड़ने का काम कर रही हैं।

श्री इन्द्रेश आश्रम श्री राम पीठ के पीठाधीश डॉ0 राजीव ने कहा कि राम के प्रति आस्था परिवार, समाज और देश को जोड़ने का काम करती है। राम विश्व के समस्त देशों के निवासियों के पूर्वज हैं इसलिए समस्त देशों को अपने देश में राम की संस्कृति को अपनाना चाहिए। तभी पूरा विश्व शांति की तरफ जाएगा। रामपंथ पूरी दुनियां के संस्कृतियों के बीच संबंध स्थापित करेगा।

# तुष्टिकरण की राजनीति से पश्चिम बंगाल के गौरव को भारी क्षतिः शाह

**कोलकाता (पश्चिम बंगाल)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम बंगाल के खोए गौरव को वापस लाने की आवश्यकता है और राज्य में तुष्टिकरण की मौजूदा राजनीति ने राष्ट्र की आध्यात्मिक चेतना को बनाए रखने की अपनी सदियों पुरानी परंपरा को चोट पहुंचाई है। पश्चिम बंगाल चैतन्य महाप्रभु, श्री रामकृष्ण और स्वामी विवेकानंद जैसी हस्तियों की भूमि है। उन्होंने कहा कि यह राज्य पहले पूरे देश में आध्यात्मिक जागृति का केंद्र हुआ करता था।

शाह ने कहा, पश्चिम बंगाल की गौरवशाली परंपरा को तुष्टिकरण की राजनीति ने क्षति पहुंचाई है। मैं बंगाल के लोगों से अपील करता हूं कि वे जागें और राज्य की गरिमा को वापस लाने की जिम्मेदारी निभाएं। भाजपा नेता राज्य के



अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन दक्षिणेश्वर मंदिर पहुंचे। उन्हें सदियों पुराने मंदिर के गर्भ गृह में ले जाया गया जहां उन्होंने देवी की पूजा की। शाह ने कहा, मैंने पूरे राज्य, देश और उसके लोगों के कल्याण की प्रार्थना की। हमने प्रार्थना की कि देश प्रधानमंत्री के नेतृत्व में दुनिया में अपना गौरवशाली स्थान बरकरार रखे। राज्य भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष अग्निमित्रा पॉल समेत संगठन के सदस्यों ने शंख बजाकर और शाह के माथे पर तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया।शाह ने ट्वीट किया, आज दक्षिणेश्वर मां काली मंदिर में आशीर्वाद लिया। यह समग्र भारतवर्ष की चेतना का केंद्र है और राम कृष्ण परमहंस की तपोभूमि है। स्वामी विवेकानंद की नरेंद्र से विवेकानंद की यात्रा यहीं से शुरू हुई। मां का आशीर्वाद भारत पर बना रहे। आज यहां से नई ऊर्जा और चेतना प्राप्त करके जा रहा हूं। प. बंगाल में तुष्टिकरण की राजनीति से उसकी महान परंपरा आहत हुई है। बंगाल पूरे देश के आध्यात्मिक और धार्मिक चेतना का केंद्र रहा है। बंगाल वह गौरव फिर से प्राप्त करे, इसके लिए मैं सभी से आह्वान करता हूं कि आप सब एकजुट और जागरूक होकर अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

## शाह की टिप्पणी पर बरसी तृणमूल

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर शुक्रवार को उनकी तुष्टिकरण टिप्पणी को लेकर निशाना साधा और कहा कि साम्प्रदायिक राजनीति का बंगाल में कोई स्थान नहीं है। तृणमूल कांग्रेस ने शाह के दोपहर भोजन के लिए एक मतुआ परिवार में जाने के कार्यक्रम का मखौल उड़ाया और शरणार्थी समुदाय तक पहुंच बनाने को भाजपा शासित राज्यों में पिछड़े समुदायों पर किए गए अत्याचारों से ध्यान बंटाने का एक चुनावी हथकंडा करार दिया। शाह ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में तुष्टिकरण की मौजूदा राजनीति ने राष्ट्र की आध्यात्मिक चेतना को बनाए रखने की उसकी सदियों पुरानी परंपरा को चोट पहुंचाई है।



मुंबई में दीपावली पर्व के लिए लैम्प और दीपक की खरीदारी करते लोग।

# भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष मुरूगन हिरासत में

**चेन्नई।** भारतीय जनता पार्टी की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष एल मुरूगन ने प्रतिबंध का उल्लंघन करते हुए राज्यव्यापी वेल यात्रा शुरू करने का प्रयास किया जिसके बाद शुक्रवार को उन्हें तिरूत्तानी में हिरासत में ले लिया गया। भगवा पार्टी के राज्य इकाई के शीर्ष नेता ने बताया कि यह यात्रा द्रमुक को बेनकाब करने के लिए थी क्योंकि भगवान मुरूगा की प्रशंसा करने वाले मंत्र कंडा साश्ती कवाचम की कथित रूप से निंदा करने वाले यू ट्यूब चैनल करुप्पर कूटम के पीछे कथित तौर पर द्रमुक है। गौरतलब है कि वेत्री वेल और वीरा वेल जैसे मंत्रोच्चार के बीच भगवा कपड़ा पहने मुरूगन ने पारंपरिक रूप से निर्मित अपनी वैन से तिरूत्तानी से जैसे ही यात्रा शुरू की उन्हें हिरासत में ले लिया गया। इस दौरान वहा सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी मंदिर

## राज्यव्यापी वेल यात्रा को लेकर हुई कार्रवाई

में पूजा करने तिरूत्तानी गए थे और हिरासत में लिए जाने से पहले मुरूगन ने उनसे होटल के कमरे में मुलाकात की थी। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सी टी रवि के अलावा पोन राधाकृष्णन, सी पी राधाकृष्णन एवं एच राजा समेत प्रदेश के नेता इस यात्रा में हिस्सा लेने तिरुत्तानी पहुंचे थे। भाजपा नेता के यात्रा पर जाने के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी ने नीलगिरी जिले में कहा कि कानून अपना काम करेगा।

श्रद्धालु वेल की पूजा,शैतान के विनाशक के रूप में करते हैं जो भगवान मुरुगा का हथियार है और यह भाले की तरह का होता है। यह यात्रा शुक्रवार से शुरू होकर छह दिसंबर तक चलनी थी।

**आंध्र प्रदेश में कोविड-19 के 2,410 नए मामले, 11 और मौतें हुईंः** अमरावती। आंध्र प्रदेश में पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस के 2,410 नए मामले सामने आए, जिससे राज्य में संक्रमितों की कुल संख्या शुक्रवार को बढ़कर 8,38,363 हो गई। नवीनतम बुलेटिन में कहा गया है कि इस अवधि के दौरान 2,452 लोग ठीक हुए, जबकि 11 मरीजों की संक्रमण के कारण मृत्यु हो गई। बुलेटिन के अनुसार, राज्य में अब तक कुल 6,768 मरीजों की मौत हो चुकी है। शुक्रवार को सुबह नौ बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक, कृष्णा में तीन, चित्तूर और गूंटूर में दो-दो, अनंतपुर, पूर्वी गोदावरी, कडप्पा और पश्चिमी गोदावरी जिलों में एक-एक संक्रमित मरीज की मौत हो गई। बुलेटिन के अनुसार, अब तक राज्य में 85,07,230 नमूनों की जांच की गई है।

# चारा घोटालाः लालू की जमानत याचिका पर सुनवाई 27 नवंबर तक के लिए टली

**रांची।** चारा घोटाले से संबंधित दुमका कोषागार से धन के गबन के मामले में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की जमानत याचिका पर शुक्रवार को झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई नहीं हो सकी क्योंकि सीबीआई ने अपना जवाब दाखिल करने के लिए समय मांग लिया। अब इस मामले मे 27 नवंबर को सुनवाई होगी। चारा घोटाले के चार विभिन्न मामलों में 14 वर्ष तक की कैद की सजा पाने के बाद न्यायिक हिरासत में लालू प्रसाद यादव का इस समय राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान में इलाज हो रहा है।

न्यायमूर्ति की एकल पीठ के समक्ष जमानत याचिका पर सुनवाई प्रारंभ होते ही जांच ब्यूरो ने कहा कि इस मामले में लालू के आधी से अधिक सजा पूरी कर लेने के दावे एवं अन्य दावों के बारे में वह लिखित रूप से अपना पक्ष रखेगी जिसके लिए उसे समय दिया जाए। सीबीआई के इस कथन पर लालू प्रसाद की ओर से अधिवक्ता सिब्बल ने कहा, सीबीआई जानबूझकर अनावश्यक रूप से इस मामले में विलंब कर रही है।

सिब्बल ने कहा कि दुमका कोषागार से जुड़े चारा घोटाले के इस मामले में आज सुनवाई के दिन तक लालू ने 42 माह, 26 दिनों की सजा काट ली है जो लालू को दी गई सात वर्ष की सजा के आधे समय से अधिक है। ऐसे में उन्हें उच्च न्यायालय को जमानत दे देनी चाहिए। सिब्बल के इस दावे का सीबीआई ने विरोध किया और कहा कि सजा की आधी अवधि पूरी कर लेने के उनके दावे और लालू की बीमारी और इलाज तथा अन्य मुद्दों पर वह न्यायालय को लिखित तौर पर अपना पक्ष देगी जिसके लिए उसे समय चाहिए।

सीबीआई का पक्ष सुनने के बाद झारखंड उच्च न्यायालय ने लालू की जमातन की याचिका पर सुनवाई 27 नवंबर तक के लिए टाल दी। दुमका कोषागार से गबन के मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने लालू को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं में सात वर्ष एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में अलग से सात वर्ष की सश्रम कैद की सजा सुनाई है।

सीबीआई का कहना है कि अभी यह भी तय नहीं हुआ है कि लालू की यह दोनों सजाएं एक साथ चल रही हैं अथवा दोनों एक के बाद एक चलेंगी। दोनों सजाएं एक के बाद एक चलेंगी तो लालू को भ्रष्टाचार के इस मामले में कुल चैदह वर्ष की कैद काटनी है। इस बीच रिम्स में लालू के इलाज तथा उनसे मुलाकातियों के बारे में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार तथा रिम्स प्रशासन से मांगी गई रिपोर्टों पर भी बहस 27 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी। दुमका मामले में जमानत मिलने पर लालू यादव फिलहाल जेल से बाहर आ सकेंगे क्योंकि अब तक जिन चार चारा घोटाले के मामलों में उन्हें सजा मिली है उनमें से तीन में उन्हें पहले ही जमानत मिल चुकी है।

## क्विक न्यूज

### रिश्वत मामले में गिरफ्तार एनएचएआई के तकनीकी अधिकारी के घर मिली 47 लाख रुपए की नकदी

**जयपुर।** रिश्वत मामले में गिरफ्तार भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के तकनीकी अधिकारी सीताराम वर्मा के घर तलाशी में 47.34 लाख रुपए की नगदी बरामद हुई है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि बीकानेर में पेट्रोल पंप के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने की एवज मे 50,000 रुपए की रिश्वत मांगने पर एनएचएआई के तकनीकी अधिकारी सीताराम वर्मा और कार्यकारी अभियंता दान सिंह मीणा को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया था। ब्यूरो की टीम ने वर्मा के घर की तलाशी में अलमारी के गुप्त रूप से बने लॉकर से 47.34 लाख रुपए की नगदी बरामद की। ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एम एन दिनेश ने बताया कि अधिकारी के घर तलाशी के दौरान नगदी, चार मंजिला भवन, तीन चौपहिया वाहन, आभूषण सहित भूमि के कई दस्तावेज बरामद किए गए है। उन्होंने बताया कि बैंक लॉकर की चाबियां और आय से अधिक संपत्ति पाई गई। उन्होने बताया कि टीम को बरामद नगदी की गिनती के लिए नोट गिनने की मशीन लानी पड़ी। गिरफ्तार अभियंता दानसिंह मीणा ने मुंबई आईआईटी से इंजीनियरिंग की है और वे भारतीय इंजीनियरिंग सेवा के अधिकारी है। दोनों अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### गुजरात एसीबी ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में वन अधिकारी को गिरफ्तार किया

**अहमदाबाद।** गुजरात भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने 10 साल की अवधि में 1.68 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति अर्जित करने के आरोप मे एक रेंज वन अधिकारी (आरएफओ) को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एसीबी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि चार साल की लंबी जांच के बाद, एसीबी ने बृहस्पतिवार को गांधीनगर में गुजरात वन विभाग के मुख्य कार्यालय, अरण्य भवन मे आरएफओ के रूप मे तैनात निमेश मजूमदार को गिरफ्तार किया। मजूमदार के खिलाफ 2016 में भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया गया था। उस समय वह बनासकांठा जिले के अमीरगढ़ मे आरएफओ के रूप मे तैनात थे। एसीबी के अनुसार, 2005 से 2015 के बीच मजूमदार की आय 40.3 लाख रुपए थी जबकि उनका कुल खर्च या निवेश 2.08 करोड़ रुपए था। जांच में कहा गया है कि आरोपी के पास 1.68 करोड़ रुपए की संपत्ति ऐसी है, जो उनकी वैध आय के मुकाबले 418 प्रतिशत अधिक है।

### पूर्व अधीक्षक की तीन करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली।** ईडी ने पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) के पूर्व अधीक्षक ओ पी चौधरी के खिलाफ धनशोधन संबंधी जांच मे तीन करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति जब्त की है। जांच एजेंसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। धनशोधन निवारण कानून के तहत जारी अनंतिम आदेश के तहत जब्त संपत्ति मे पटना, गाजियाबाद, पुणे और बेंगलुरु मे फ्लैट तथा प्लॉट, तीन वाहन और बैंकों मे जमा राशि शामिल हैं। ईडी ने बताया कि जब्त संपत्ति का कुल मूल्य 3.14 करोड़ रुपए है। केंद्रीय एजेंसी ने एक बयान मे कहा कि जांच मे पाया गया कि 2008-09 और 2009-10 के दौरान पीएमसीएच के अधिकारियो द्वारा दवाइयां, रसायन, उपकरण और मशीनें स्थानीय विक्रेताओं तथा कमीशन एजेंटों से खरीदे गए तथा इस संबंध मे निर्धारित दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया गया। ईडी ने आरोप लगाया कि तत्कालीन अधीक्षक (ओपी चौधरी) और पीएमसीएच के अन्य अधिकारियों ने दवाइयां, मशीनों और उपकरणों को उच्च दर पर और अधिक मात्रा में खरीदा था जिससे सरकारी खजाने को नुकसान हुआ। ईडी ने मामले में बिहार की विशेष सतर्कता इकाई की 2017 की प्राथमिकी का अध्ययन करने के बाद चौधरी और अन्य लोगों के खिलाफ धनशोधन निवारण कानून के तहत आरोप लगाए थे।

### अदालत ने कक्चिन्ग के विधायक का निर्वाचन किया रद

**इम्फाल।** मणिपुर उच्च न्यायालय ने कक्चिन्ग विधानसभा सीट से वाई. सुरचंद्र सिंह का निर्वाचन बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया। सिंह ने 2017 में चुनावी हलफनामे में अपनी सम्पत्ति और देनदारियों के बारे में उचित जानकारी नही दी थी। न्यायमूर्ति एम. वी. मुरलीधरन ने याचिकाकर्ता एवं भाजपा उम्मीदवार एम. रामेशोर को कक्चिन्ग से निर्वाचित घोषित किया। कांग्रेस उम्मीदवार सुरचंद्र ने राज्य में 2017 में हुए विधानसभा चुनाव में रामेशोर को 630 वोटों से हराया था। बाद में वह भाजपा मे शामिल हो गए थे। रामेशोर ने अदालत का रुख करते हुए सुरचंद्र पर हलफनामे में अपनी सम्पत्ति और देनदारियों के बारे में ठीक जानकारी नही देने का आरोप लगाया था। विधानसभा अध्यक्ष ने भी सुरचंद्र की सदन की सदस्यता रद्द कर दी थी।



बीकानेर में राजस्थान पुलिस कांसटेबल भर्ती परीक्षा के दौरान छात्रों की थर्मल स्क्रीनिंग करते कर्मचारी

# दूरसंचार कंपनियों को विशेष टैरिफ के विवरण ट्राई को देने का अदालत का निर्देश

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में दूरसंचार कंपनियों को आदेश दिया कि वे उपभोक्ताओं को दिए गए विशेष टैरिफ और ऑफर्स का विवरण दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) को दें। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमणियन की पीठ ने ट्राई के अंतिरम आवेदन पर यह आदेश दिया। पीठ ने कहा कि दूरसंचार कंपनियों द्वारा पारदर्शिता और बगैर भेदभाव के नियामक के सिद्धांतों का पालन के लिए कहना न तो गैर कानूनी है और न ही अनुचित है। पीठ ने कहा, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के आलोक में, ट्राई अब यह सुनिश्चित करना चाहता है कि पारदर्शिता और भेदभाव रहित जैसे नियामक सिद्धांतों का पालन सुनिश्चित किया जाए, इसे पहली नजर में न तो गैरकानूनी और न ही पूरी तरह से अनुचित कहा जा सकता है। पीठ ने कहा, अतः अंतरिम आवेदन स्वीकार किया जाता है और प्रतिवादियों (भारती एयरटेल और अन्य) को निर्देश दिया जाता है कि वे आवेदक ट्राई द्वारा विभिन्न सेगमेन्ट के ऑफर्स के बारे में जानकारी उपलब्ध कराएं। शीर्ष अदालत ने कहा कि ट्राई का कर्तव्य और दायित्व यह सुनिश्चित करना है कि ऐसी सूचनाओं को गोपनीय रखा जाए और इन्हें प्रतिस्पर्धियों या किसी अन्य व्यक्तियों को उपलब्ध नहीं कराया जाए। ट्राई ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के लिए ऐसे सभी प्लान के बारे में जानकारी देना अनिवार्य कर दिया था। एयरटेल और वोडाफोन ने इस फैसले का विरोध करते हुए टीडीसैट से इसमें राहत देने का अनुरोध किया था। इन कंपनियों का कहना था कि ए टैरिफ प्लान नहीं है और इसलिए इनकी जानकारी देने की आवश्यकता नहीं है जबकि रिलायंस जिओ इंफोकॉम लि और सरकारी मोबाइल सेवा प्रदाताओं ने ट्राई के आदेश का पालन किया था।

# पौड़ी में अस्सी शिक्षक मिले कोरोना वायरस से संक्रमित

## पांच दिनों के लिए करीब डेढ़ दर्जन स्कूल बंद

**पौड़ी।** उत्तराखंड के पौड़ी जिले में करीब 80 शिक्षकों और शिक्षिकाओं के कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद करीब डेढ दर्जन विद्यालयों को पांच दिन के लिए बंद कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि राज्य में दो नवंबर को ही दसवीं और बारहवीं की कक्षाओं के लिए स्कूल खुले थे।

पौड़ी के मुख्य शिक्षा अधिकारी मदन सिंह रावत ने भाषा को बताया कि जिले के पांच अलग-अलग ब्लॉकों में 80 शिक्षकों और शिक्षिकाओं के कोविड-19 से पीड़ित पाए जाने के बाद संबंधित विद्यालयों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से पांच दिनों के लिए बंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इन शिक्षकों ने स्कूल खोलने से ठीक पहले जांच करवाई थी जबकि विभाग ने इन्हें पहले ही जांच कराने के निर्देश दिए थे।

अधिकारी ने बताया कि जिले के खिरसू ब्लॉक में 19, पौड़ी में 24, कोट व पाबौ ब्लॉक में 20-20 और कल्जीखाल ब्लॉक में एक अध्यापक की जांच रिपोर्ट में उनके कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। मुख्य शिक्षा अधिकारी रावत ने कहा कि प्रथमदृष्टया इसमें संबंधित स्कूलों के प्रधानाचार्यों की लापरवाही है। उन्होंने कहा कि अध्यापकों की जांच रिपोर्ट नहीं आने तक उन्हें स्कूल नहीं आने देना चाहिए था। इसी बीच, एक कार्मिक के संक्रमित मिलने के बाद अपर शिक्षा निदेशक प्राथमिक का कार्यालय शुक्रवार से आगामी तीन दिनों के लिए बंद कर दिया गया है। रावत ने बताया कि संक्रमित अध्यापकों को 14 दिन के लिए पृथक कर दिया गया है जबकि उनके संपर्क में आए विद्यार्थियों और अन्य लोगों की पहचान की जा रही है।

# आयोग ने कहा-जब्त वस्तुओं की विस्तृत जानकारी न देने का फैसला बिलकुल सही

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने 1984 में पंजाब के स्वर्ण मंदिर में चलाए गए सैन्य अभियान के दौरान एक केंद्रीय एजेंसी द्वारा जब्त दस्तावेजों और मूल्यवान वस्तुओं की विस्तृत जानकारी का खुलासा नहीं करने के केंद्र के फैसले को सही ठहराया है। इस सैन्य अभियान में सैन्य कर्मियों समेत 576 लोगों की जान चली गई थी।

सूचना के अधिकार के तहत गुरविंदर सिंह चड्डा द्वारा दायर किए गए आवेदन में केंद्रीय गृह मंत्रालय से उन सभी वस्तुओं की सूची और उनकी वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी मांगी गई थी जो उस समय कार्वाई के दौरान जब्त की गई थी। आवेदनकर्ता ने इस ऑपरेशन से संबंधित सभी दस्तावेजों और इस कार्वाई के दौरान मारे गए लोगों की सूची की भी मांग की थी। अमृतसर के स्वर्ण मंदिर के भीतर छिपे आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए सेना द्वारा 1984 में

## ऑपरेशन ब्लू स्टार

ऑपरेशन ब्लू स्टार चलाया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जब्त की गई वस्तुओं की विस्तृत सूची और विवरण के बिना आरटीआई के जवाब में कहा कि ऑपरेशन ब्लू स्टार के दौरान लगभग चार हजार दस्तावेज/ पुस्तकें/ फाइल और सोना/ सोने के आभूषण, चांदी/चांदी के आभूषण, रत्न, मुद्रा, सिक्के इत्यादि केंद्रीय एजेंसी ने जब्त किए थे। ये वस्तुएं और दस्तावेज शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी या पंजाब सरकार को सौंप दिए गए थे। मंत्रालय ने कहा, इस कार्यालय में उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार 493 आतंकवादीा आम नागरिक और सेना के 83 अधिकारी जून 1984 में स्वर्ण मंदिर क्षेत्र में मारे गए थे। जब्त की गई वस्तुओं के बारे में सटीक जानकारी न मिलने से असंतुष्ट चड्ढा ने मंत्रालय में पहली अपील एक वरिष्ठ अधिकारी के समक्ष दायर की जिन्होंने सूचना के अधिकार की धारा 8, 1(ए) का हवाला देते हुए जानकारी देने से मना कर दिया। इस धारा के तहत सरकार उस जानकारी को देने से मना कर सकती है जिससे देश की संप्रभुता और अखंडता प्रभावित होने की आशंका होती है। इसके बाद आवेदनकर्ता ने केंद्रीय सूचना आयोग में दूसरी अपील दायर की। मंत्रालय ने कहा कि चड्ढा को बिंदुवार जवाब उपलब्ध कराया गया लेकिन जो विवरण मांगा गया था वह गोपनीय था और उसे जाहिर करने से देश की सुरक्षा प्रभावित हो सकती थी। केंद्रीय गृह मंत्रालय के जवाब से सहमति जताते हुए सूचना आयुक्त वाई के सिन्हा ने कहा कि चड्ढा ऐसी जानकारी की मांग कर रहे हैं जिसे सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जाहिर नहीं किया जा सकता। सिन्हा ने कहा, इसलिए आयोग इस मामले में और हस्तक्षेप नहीं करेगा।



कोलकाता में डब्ल्यूबीपीसीसी मुखिया अधीर रंजन चौधरी नए किसान कानून के विरोध-प्रदर्शन में ट्रैक्टर पर सवार होकर निकले

## अधिकारियों ने संसदीय समिति से कहा

# वायु प्रदूषण से तेज हो सकता है कोरोना संक्रमण का प्रसार

एजेंसी। नई दिल्ली

**सरकार** के वरिष्ठ अधिकारियों ने शुक्रवार को संसद की एक समिति को बताया कि वायु प्रदूषण के कारण कोरोना वायरस का संक्रमण पहले के मुकाबले तेज गति से फैल सकता है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

केंद्रीय पर्यावरण और स्वास्थ्य मंत्रालयों के अलावा दिल्ली, हरियाणा और पंजाब की सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी शुक्रवार को शहरी विकास संबंधी स्थाई समिति के समक्ष उपस्थित हुए। समिति की बैठक दिल्ली एवं आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण की समस्या का स्थाई समाधान निकालने को लेकर हुई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और कई दूसरे विभागों के अधिकारियों ने भी इस समिति के समक्ष अपनी बात रखी। इस बैठक के एजेंडे में कहा गया था कि संसदीय समिति दिल्ली और एनसीआर में वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए उठाए जाने वाले कदमों पर विचार-विमर्श करेगी तथा समस्या के स्थाई समाधान पर मुख्य रूप से जोर दिया जाएगा। समिति के समक्ष केंद्र सरकार के अधिकारियों ने वायु प्रदूषण के कारण कोविड-19 के तेजी से प्रसार की आशंका को लेकर चिंता प्रकट की। स्वास्थ्य मंत्रालय ने समिति के समक्ष कहा, अधिक वायु प्रदूषण से खांसी आना और छींकना बढ़ सकता है जिससे कोविड-19 तेज गति से फैल सकता है। लान्सेंट के एक अध्ययन का हवाला देते हुए मंत्रालय ने कहा कि वायु प्रदूषण के कारण भारत में औसत आयु 1.7 वर्ष कम हो जाती है। पर्यावरण मंत्रालय ने समिति के साथ दिल्ली में पिछले चार वर्षों के दौरान की वायु गुणवत्ता का आंकड़ा साझा किया। मंत्रालय ने कहा कि इस अवधि में वायु गुणवत्ता सिर्फ चार दिन अच्छी थी और 319 दिन बहुत खराब थी। 78 दिनों तक दिल्ली की हवा की गुणवत्ता बहुत ही खराब थी। उधर, पराली जलाने के मामलों में वृद्धि और हवा की गति कम होने के कारण राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार सुबह प्रदूषण की स्थिति पिछले एक साल में सबसे खराब स्तर पर पहुंच गई। पराली जलाने की हिस्सेदारी प्रदूषण में 42 फीसदी तक पहुंच गई। वहीं, राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता शुक्रवार सुबह बहुत खराब श्रेणी में रही।

## पांच हफ्तों से स्वस्थ होने वाले मरीजों की संख्या नए मामलों से ज्यादा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि भारत में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों के स्वस्थ होने की संख्या पांच हफ्तों से रोजाना नए मामलों से अधिक है और उपचाराधीन मरीजों की संख्या लगातार कम हो रही है तथा उनकी संख्या देश के कुल मामलों का 6.19 प्रतिशत है। देश में 24 घंटों की अवधि में कोरोना वायरस संक्रमण के 50,000 से कम नए मामले सामने आ रहे हैं, जबकि रोजाना 54,000 से अधिक मरीज स्वस्थ हो रहे हैं।मंत्रालय ने कहा कि भारत में पिछले पांच सप्ताह से लगातार नए मामलों की तुलना में स्वस्थ होने वाले मरीजों की संख्या अधिक है। पिछले पांच हफ्तों से औसत नए मामलों में लगातार कमी आ रही है। अक्टूबर के पहले सप्ताह में नए मामलों की औसत संख्या 73,000 से अधिक थी जो अब 46,000 मामलों तक आ गई है। सुबह आठ बजे जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, ठीक हो रहे मरीजों की संख्या में वृद्धि के कारण उपचाराधीन मरीजों की संख्या में निरंतर गिरावट आ रही है। इसमें कहा गया है कि अभी 5,20,773 मरीजों का इलाज चल रहा है और यह कुल कोविड-19 मामलों का 6.19 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार, देश में 24 घंटे में संक्रमण के 47,638 नए मामले सामने आए वहीं 54,157 मरीज ठीक हो गए। मंत्रालय ने बताया कि अब तक 77,65,966 लोगों के संक्रमण मुक्त होने के साथ ही देश में मरीजों के ठीक होने की दर 92.32 प्रतिशत हो गई है। नए मामलों में से 79 प्रतिशत मामले 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से हैं। महाराष्ट्र में 10,000 से अधिक नए मामले सामने आए हैं जबकि केरल में 9,000 से अधिक नए मामले सामने आए।



जम्मू-कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को अपने परिवार के साथ तिरुमला में भगवान वेंकटेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की

## 34 कोयला खदानों की ई-नीलामी सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के दायरे में आएगी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को केन्द्र को यह स्पष्ट कर दिया कि झारखंड की पांच कोयला खदानों सहित 34 खदानों की ई नीलामी उसके अंतिम आदेशों के दायरे में रहेगी। शीर्ष अदालत ने सरकार से यह भी कहा कि वह बोली लगाने वालों को सूचित करें कि इसके किसी भी तरह के लाभ उनके लिए अस्थाई होंगे। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमणियन की पीठ से केन्द्र की ओर से अटार्नी जनरल के के वेणुगोपाल ने कहा कि क्षेत्र में एक भी वृक्ष की कटाई नहीं होगी। पीठ ने अपने आदेश में कहा, यह मामला अवकाश के बाद तक स्थगित किया जाता है। इस बीच, इस मामले में प्रतिवादियों (केन्द्र) द्वारा की जाने वाली कोई भी कार्वाई इस न्यायालय के आदेशों के दायरे में रहेगी। पीठ ने कहा, प्रतिवादी इसे प्राप्त करने वालों को सूचित करने का ध्यान रखेंगे कि इस नीलामी से होने वाले किसी भी किस्म के लाभ अस्थाई मतलब इस न्यायालय द्वारा पारित किए जाने वाले आदेशों के दायरे में आएंगे। इससे पहले, शुरू में ही पीठ ने वेणुगोपाल से कहा कि समय के अभाव की वजह से इस मामले की विस्तार से सुनवाई नहीं की जाएगी। पीठ ने कहा कि अटार्नी जनरल ने पहले न्यायालय से कहा था कि वास्तविक रूप में कोई भी कार्वाई दो साल बाद ही की जाएगी। पीठ ने वेणुगोपाल से कहा, हम यह करने की सोच रहे हैं कि हम कहेंगे कि आप जो भी कार्वाई करेंगे वह हमारे आदेशों के दायरे में आएगी और हम इसे न्यायालय दुबारा खुलने के तुरंत बाद सूचीबद्ध कर देंगे। झारखंड की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता फली एस नरिमन, अभिषेक मनु सिंघवी और अतिरिक्त महाधिवक्ता अरूणाभ चौधरी तथा कृष्णराज ठाकर ने कहा कि इलाके में वृक्षों की कटाई रोकी जानी चाहिए। गैर सरकारी संगठन झारखंड नागरिक प्रयास की ओर से इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कॉलिन गोन्साल्विज ने कहा कि केन्द्र को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उस समय तक एक भी पेड़ नहीं काटा जाए।

## टीवी समाचार सामग्री के नियमन में कोई कानूनी रिक्तता नहीं: केंद्र

**मुंबई।** केंद्र सरकार ने बंबई उच्च न्यायालय को शुक्रवार को बताया कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा प्रसारित की जाने वाली सामग्री के नियमन के लिहाज से मौजूदा कानूनी कार्यढांचे में कोई रिक्तता नहीं है और इस उद्देश्य के लिए पर्याप्त तंत्र उपलब्ध हैं। यह प्रतिवेदन अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में हाल में हुई रिपोर्टिंग और उन जनहित याचिकाओं के संदर्भ में दिया गया जिनमें हाई प्रोफाइल मामलों के कवरेज में मीडिया से संयम का आह्वान किया गया था। केंद्र की तरफ से पेश हुए अतिरिक्त सॉलीसीटर जनरल (एएसजी) अनिल सिंह ने पीठ को बताया कि किसी भी समाचार सामग्री के प्रकाशन या प्रसारण को लेकर मीडिया के लिए पर्याप्त वैधानिक व स्वनियामक तंत्र मौजूद हैं, जिसके दायरे में टीवी न्यूज मीडिया भी आता है।एएसजी मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति जी एस कुलकर्णी द्वारा पूर्व में उठाए गए सवालों का जवाब दे रहे थे। पीठ उन जनहित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी जिनमें मांग की गई थी कि मीडिया, खासतौर पर टेलीविजन न्यूज चैनलों को राजपूत की मौत की रिपोर्टिंग करने से रोका जाना चाहिए। कार्यकर्ताओं, आम नागरिकों और सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों के एक समूह द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता आस्पी चिनॉय के जरिए दायर जनहित याचिका में यह मांग भी की गई थी कि टीवी न्यूज चैनलों को इस मामले में मीडिया ट्रायल करने से रोका जाए। पीठ ने पिछले महीने केंद्र सरकार से पूछा था कि क्या प्रिंट मीडिया के लिए भारतीय प्रेस परिषद की तरह ही इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रसारित सामग्री के नियमन के लिए कोई वैधानिक तंत्र उपलब्ध है। पीठ ने यह भी पूछा था कि क्या इस मुद्दे पर कानून में निर्वात मौजूद है और केंद्र सरकार यह भी स्पष्ट करे कि इस मामले में दिशानिर्देश तय करना उच्च न्यायालय के न्यायक्षेत्र में है या नहीं। सिंह ने शुक्रवार को कहा कि उच्च न्यायालय के पास न्यायाधिकार है, हालांकि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए नए वैधानिक तंत्र या दिशानिर्देश बनाने के लिए आवश्यकता नहीं है। शिकायतों पर नजर रखने के लिए नेशनल ब्रॉडकास्टर्स एसोसिएशन की तरफ से गठित स्वतंत्र निकाय नेशनल ब्रॉडकास्टर्स स्टैंडर्ड अथॉरिटी (एनबीएसए) की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार ने कहा कि फिलहाल नियामक कार्यढांचों की कोई कमी नहीं है।

## आरेडिका की एक और उपलब्धि

## पहली एसी लगेज पावर कार तैयार



**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना ने विकास के नित्य नये आयाम स्थापित करने की श्रृंखला में आज एक और नया अध्याय जोड़ दिया है। इसी विकास के क्रम शुक्रवार को एमसीएफमें विनिर्मित प्रथम वातानुकूलित लगेज पावर कार (एल.एस.एल.आर.डी.ए.सी.) को महाप्रबंधक विनय मोहन श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कोच में विभिन्न प्रकार की सुविधाओं का समावेश किया गया है । इस कोच में 750 के.वी.ए. डीजल जनरेटर स्थापित किया गया है, साथ ही साथ कोच में भिन्न क्षमता वालों की सहूलियत के लिए विषेष ध्यान दिया गया है जिसमें 6 दिव्यांगजनों एवं एक ट्रेन मैनेजर के बैठने की व्यवस्था है जो पूर्णत: वातानुकूलित है इसके साथ ही दिव्यांगजनों के अनुकूल एक शौचालय की भी व्यवस्था है। इसके साथ-साथ एल.एस.एल.आर.डी.ए.सी. कोच में अधिकतम वाणिज्यिक उपयोग का भी ध्यान रखा गया है और इस कोच में चार टन सामान ले जाने की क्षमता है एवं स्वचलित अग्निषमन प्रणाली से सुसज्जित किया गया है। इस आशय की जानकारी मुख्य जन-संपर्क अधिकारी वीके दूबे की ओर से जारी विज्ञप्ति में दी गई है।

## ट्रेन सेवाओं को बहाल करने के लिए पंजाब सरकार से सौ फीसदी सुरक्षा की गारंटी की जरूरत : रेलवे बोर्ड

**नई दिल्ली।** रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष वी के यादव ने शुक्रवार को कहा कि पंजाब सरकार प्रदेश में सभी स्थानों पर रेलवे पटरियों को खाली कराने में नाकाम रही है और 22 स्थानों पर इसे खाली कराना अब भी बाकी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश में ट्रेन सेवाओं की बहाली के लिए राज्य सरकार से 100 फीसदी सुरक्षा मंजूरी की जरूरत है। यादव ने कहा कि आंशिक रूप से ट्रेन सेवाओं की बहाली संभव नहीं है और (रेल पटरियों) से सभी अवरोधों को निश्चित रूप से हटया जाना चाहिए। इससे एक दिन पहले यादव ने प्रेस को बताया था कि राज्य सरकार ने सभी रेल पटरियों को शुक्रवार की सुबह तक खाली कराने का आश्वासन दिया है। किसान संगठनों ने हाल में पारित कृषि कानूनों के खिलाफ रेलवे पटरियों एवं स्टेशन परिसरों में प्रदर्शन शुरू किया था और इस कारण राज्य में रेल सेवाएं 24 सितंबर से ही निलंबित है। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष ने कहा कि रेलवे चुनिंदा गाड़ियां नहीं चलाएगी बल्कि सभी सेवाओं को बहाल करेगी। उन्होंने कहा, राज्य में अब भी 22 स्थानों पर अवरोध की स्थिति है। रेलवे सुरक्षा बल और प्रदेश पुलिस के बीच चंडीगढ़ में कल बैठक हुई और हमने उन्हें इस बात से अवगत कराया है कि वे हमें सभी ट्रेनों के लिए सुरक्षा मंजूरी दें ताकि हम एक बार में उनका परिचालन शुरू करें।

## मध्य प्रदेश के प्रोटेम स्पीकर को जान की धमकी देने वाला ओडिशा से गिरफ्तार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर रामेश्वर शर्मा को जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को पुलिस ने ओडिशा से गिरफ्तार किया है। फ्रांस में जारी विवादस्पद कार्टून के खिलाफ कांग्रेस के विधायक आरिफ मसूद के नेतृत्व में मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में हुए प्रदर्शन का विरोध करने के बाद शर्मा को कथित धमकी मिली थी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक,(भोपाल पुलिस रेंज) उपेंद्र जैन ने बताया, झारखंड के देवघर जिले के तहत ग्राम खगड़ा के निवासी जावेद अख्तर (28) को अपराध शाखा और पुलिस के साइबर सेल के दल ने संबलपुर, ओडिशा से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आरोपी ने स्पीकर को फेसबुक पर जान से मारने की धमकी दी थी और वह संबलपुर में एक इस्पात कारखाने में काम करता है। इससे पहले फ्रांस के खिलाफ भोपाल में प्रदर्शन का शर्मा द्वारा विरोध करने पर सोशल मीडिया पर उन्हें जान से मारने की कथित धमकी मिली थी।

## पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस-01 के प्रक्षेपण के लिए उलटी गिनती शुरू

**बेंगलुरु।** इसरो ने शुक्रवार को कहा कि प्रक्षेपण यान पीएसएलवी-सी49 के जरिए नौ अंतरराष्ट्रीय उपग्रहों के साथ पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस-01 के सात नवंबर को होने वाले प्रक्षेपण की उलटी गिनती शुरू हो गई है। प्रक्षेपण शनिवार को 15:02 बजे निर्धारित है। इसरो ने शुक्रवार को कहा, पीएसएलवी-सी49ईओएस-01 मिशन: सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी), श्रीहरिकोटा में पीएसएलवी-सी49ईओएस-01 मिशन के प्रक्षेपण की उलटी गिनती आज 13:02 बजे शुरू हुई। भारतीय ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान अपने 51वें मिशन (पीएसएलवी-सी49) के तहत नौ अंतरराष्ट्रीय विदेशी उपग्रहों के साथ ईओएस-01 को प्राथमिक उपग्रह के रूप में प्रक्षेपित करेगा।

## अपने लोगों के अधिकार बहाल होने तक नहीं मरुंगा: फारूक अब्दुल्ला

भाषा। जम्मू

**पिछले** एक साल से ज्यादा समय में पहली बार जम्मू में अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते समय भावुक होकर फारूक अब्दुल्ला ने शुक्रवार को कहा कि पूर्ववर्ती राज्य के लोगों का संवैधानिक अधिकार बहाल होने तक वह नहीं मरेंगे।



नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष ने भाजपा पर देश को गुमराह करने और जम्मू कश्मीर के साथ लद्दाख के लोगों से झूठे वादे करने के आरोप लगाए। गुपकर गठबंधन घोषणापत्र (पीएजीडी) की शनिवार को होने वाली बैठक के पहले शेर-ए-कश्मीर भवन में नेशनल कॉन्फ्रेंस के कार्यकर्ताओं से अब्दुल्ला ने कहा, अपने लोगों के अधिकार वापस लेने तक मैं नहीं मरूंगा ...मैं यहां लोगों का काम करने के लिए हूं, और जिस दिन मेरा काम खत्म हो जाएगा मैं इस जहां से चला जाऊंगा। अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद से जम्मू में अब्दुल्ला (84) की यह पहली राजनीतिक बैठक थी।

अब्दुल्ला, अपने बेटे और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ दोपहर में यहां पहुंचे। पिछले एक साल से ज्यादा समय में वह पहली बार जम्मू आए हैं। अब्दुल्ला ने कहा, हमने कभी नहीं सोचा था कि जम्मू, लद्दाख और कश्मीर को एक दूसरे से अलग कर दिया जाएगा। हालात के कारण हम पीएजीडी के गठन के समय इन क्षेत्रों के लोगों को शामिल नहीं कर पाए और अब यहां आए हैं।

## लव जिहाद पर कानून लाने पर विचार कर रही है हरियाणा सरकार: विज

**चंडीगढ़।** हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार लव जिहाद पर कानून लाने पर विचार कर रही है और इस संबंध में हिमाचल प्रदेश से जानकारी मांगी गई है जिसने इस मुद्दे पर एक विधेयक पारित किया था। हिमाचल प्रदेश विधानसभा ने बलपूर्वक या प्रलोभन देकर और शादी करके धर्मांतरण के खिलाफ पिछले साल एक विधेयक पारित किया था। बल्लभगढ़ के निकिता तोमर हत्या मामले में एक ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जवाब में विज ने कहा, हम हरियाणा में लव जिहाद के खिलाफ एक कानून लाने पर विचार कर रहे हैं। गृह मंत्री ने कहा कि इस मामले में जल्द ही चालान दायर किया जाएगा और इसे फास्ट ट्रैक अदालत के सामने प्रस्तुत किया जाएगा।

विज ने सदन को बताया कि पीड़िता के परिजनों को सुरक्षा मुहैया कराई गई है। उन्होंने कहा कि आरोपी तौसीफ का संबंध किसी राजनीतिक परिवार से है और उसे वारदात के 12 घंटे के भीतर पकड़ लिया गया था। निकिता के परिवार ने आरोप लगाया है कि आरोपी शादी करने के लिए धर्म परिवर्तन करने का उस पर दबाव बना रहा था।

# पेज 1 का शेष

## बिहार चुनाव...

बिहार के भविष्य को नुकसान पहुंचायेगा। कुछ महीने पहले तक सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के लिये आसान दिख रहे चुनाव को 'चुनावी पंडितों' ने अब अब 'कांटे की टक्कर' बताना शुरू कर दिया है। इसे लेकर वे सत्तारूढ़ गठबंधन के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार की मतदाताओं से भावनात्मक अपील को रेखांकित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार विधानसभा चुनाव के प्रचार के क्रम में 12 रैलियों को संबोधित किया। बिहार की जनता के नाम अपने पत्र में मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि बिहार का विकास निर्बाध रूप से जारी रखने के लिये उन्हें नीतीश कुमार की जरूरत है। दूसरी ओर, बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड के नेता नीतीश कुमार ने बृहस्पतिवार को पूर्णिया के धमदाहा में भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि राज्य में हो रहा विधानसभा चुनाव उनका अंतिम चुनाव है। कुमार ने कहा था कि आज (बृहस्पतिवार) चुनाव प्रचार का अंतिम दिन है और शनिवार को मतदान है और यह मेरा अंतिम चुनाव है। अंत भला तो सब भला। बिहार प्रदेश जदयू के अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह ने कहा कि उनके कहने का यह आशय रहा होगा कि वर्तमान चुनाव में वे अंतिम रैली को संबोधित कर रहे हैं। बहरहाल, कभी अपराजेय मानी जाने वाला राष्ट्रीय जनता दल इस चुनाव में जीत के लिये कोई कसर नहीं छोड़ रहा है और महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव अपनी रैलियों में आ रही भीड़ से खासे उत्साहित हैं। राज्य विधानसभा चुनाव में राजद का कांग्रेस, भाकपा, माकपा और भाकपा-माले से गठबंधन है। विपक्षी महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तथा राजद नेता तेजस्वी यादव भी लगातार अपने प्रचार अभियान में लगे रहे और इस चरण में भी कई रैलियों को संबोधित किया। भाजपा ने विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए अपने कई दिग्गजों को मैदान में उतारा जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हैं। बिहार चुनाव में तीसरे और अंतिम चरण में अपनी सीट बरकरार रखने के लिये प्रयासरत उम्मीदवारों में बिहार विधानसभा अध्यक्ष विजय कुमार चौधरी शामिल हैं। राज्य के कैबिनेट मंत्रियों में जदयू से ब्रजेन्द्र प्रसाद यादव, नरेंद्र नारायण यादव, महेश्वर हजारी, रमदेव रिषीदेव, फिरोज अहमद, लक्ष्मेश्वर राय, बीमा भारती, मदन सहनी चुनाव मैदान में है। वहीं, भाजपा के कोटे से मंत्रियों में सुरेश शर्मा, प्रमोद कुमार, बिनोद नारायण झा और कृष्ण कुमार रिषी शामिल हैं। इसके अलावा मधेपुरा के बिहारीगंज से सुभाषिनी यादव कांग्रेस की उम्मीदवार हैं, जो अपने पिता और दिग्गज समाजवादी नेता तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव की राजनीतिक विरासत को बचाने चुनावी मैदान में पहली बार उतरी हैं। तीसरे चरण के चुनाव में में पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, मधेपुरा, सहरसा, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, वैशाली तथा समस्तीपुर जिलों के विधानसभा सीटों पर मतदान होगा। इस चरण में कुल 1204 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं, जिनमें 110 महिला शामिल हैं। तृतीय चरण में सबसे अधिक प्रत्याशी (31) गायघाट में तथा सबसे कम प्रत्याशी (9) चार विधानसभा क्षेत्रों ढ़ाका, त्रिवेणीगंज, जोकीहाट और बहादुरगंज में हैं। इस चरण में राजग में शामिल भाजपा के 29 एवं जदयू के 29 तथा विपक्षी महागठबंधन में शामिल राजद के 44 उम्मीदवार, कांग्रेस के 21, भाकपा के दो उम्मीदवारों के अलावा रालोसपा के 21, बसपा के 15 तथा लोजपा के 35 प्रत्याशी चुनावी मैदान में अपना-अपना भाग्य आजमा रहे हैं।

## बेनतीजा रही...

लेफ्टिनेंट जनरल हरिंदर सिंह के लेह स्थित 14वी कोर के प्रमुख के रूप में पदभार संभालने के बाद मेनन ने पहली बार वार्ता की अध्यक्षता की। इससे पहले मई में गतिरोध शुरू होने के बाद से पहले सात दौर की बातचीत की अध्यक्षता लेफ्टिनेंट जनरल हरिंदर सिंह ने की थी। सिंह अब देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) के कमांडेंट हैं। सूत्रों ने कहा कि ताजा दौर की बातचीत के दौरान पूरे पूर्वी लद्दाख में सेनाओं को पीछे हटाने के अपने रुख पर भारत कायम रहा। उसने यह भी कहा कि एलएसी पर एकतरफा बदलाव की कोई कोशिश नहीं होनी चाहिए। बीते कुछ दिनों में भारत के शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने एक के बाद एक कई बैठकें कीं जिनमें पूर्वी लद्दाख की संपूर्ण स्थिति की समीक्षा की गई और तय किया गया कि चीन के साथ बातचीत में जवानों की समग्र वापसी के लिये दबाव बनाया जाएगा। कोर कमांडर स्तर की सातवें दौर की बातचीत 12 अक्टूबर को हुई थी और उस दौरान चीन पैंगोंग झील के दक्षिणी किनारे से लगे रणनीतिक ऊंचाई वाले कुछ स्थानों से भारतीय सैनिकों की वापसी के लिये दबाव डाल रहा था। भारत ने हालांकि स्पष्ट किया था कि सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया गतिरोध वाले सभी बिंदुओं पर एक साथ शुरू हो। पूर्वी लद्दाख के विभिन्न पहाड़ी इलाकों में करीब 50 हजार भारतीय सैनिक शून्य से भी नीचे तापमान में युद्ध की उच्चस्तरीय तैयारी के साथ तैनात हैं। दोनों पक्षों के बीच गतिरोध को खत्म करने के लिए हुई कई दौर की बातचीत का कोई ठोस नतीजा नहीं निकला है। अधिकारियों के मुताबिक, चीन ने भी लगभग इतने ही सैनिक तैनात कर रखे हैं। दोनों पक्षों के बीच मई की शुरुआत में गतिरोध की स्थिति बनी थी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पिछले हफ्ते कहा था कि भारत और चीन के बीच रिश्ते 'बेहद तनाव' में हैं और सामान्य स्थिति की बहाली के लिये सीमा प्रबंधन के लिये दोनों पक्षों द्वारा किये गए समझौतों का 'संपूर्णता' से 'निष्ठापूर्वक' सम्मान किया जाना चाहिए। सातवें दौर की बातचीत में दोनों पक्षों ने 'यथाशीघ्र' सैनिकों की वापसी के परस्पर स्वीकार्य समाधान तक पहुंचने के लिये सैन्य व कूटनीतिक माध्यमों से बातचीत व संवाद कायम रखने पर सहमति व्यक्त की थी। भारत का रुख शुरू से स्पष्ट है कि सैनिकों की वापसी और पहाड़ी क्षेत्र के गतिरोध वाले बिंदुओं पर तनाव कम करने की प्रक्रिया को आगे ले जाने का दायित्व चीन पर है। छठे दौर की सैन्य बातचीत के बाद दोनों पक्षों ने सीमा पर और सैनिकों को नहीं भेजने, जमीन पर स्थिति को बदलने की एकपक्षीय कोशिश से बचने और स्थिति को और अधिक गंभीर बनाने वाले किसी भी कदम या कार्रवाई से बचने समेत कई फैसलों की घोषणा की थी।

## पराली जलना...

योजनाओं का लाभ उठाएं जिससे पराली को निस्तारित कर उसे उपयोगी बनाया जा सकता है। सरकार ऐसे कृषि यंत्रों पर अनुदान भी दे रही है। कई जगह किसानों ने इन कृषि यंत्रों के जरिए पराली को कमाई का जरिया बनाया है। बाकी किसान भी इनसे सीख ले सकते हैं। किसानों के ये सारी चीजें बताई जानी चाहिए। पराली के साथ फसल के लिए सर्वाधिक जरूरी पोषक तत्व नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटाश के साथ अरबों की संख्या में भूमि के मित्र बैक्टीरिया और फफूंद भी जल जाते हैं। यही नहीं, बाद में भूसे की भी किल्लत बढ़ जाती है।

## प्रदूषण में...

है। अध्ययन में कहा गया है कि उच्च वायु प्रदूषण से कफ और छींके बढ़ जाती है, जिससे कोविड-19 के फैलने की रफ्तार बढ़ जाती है। हालांकि शोधकर्ताओं ने कहा कि यह एक विचार है। उन्होंने अपने अध्ययन की सीमितता का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत स्तर पर खतरे के तथ्यों को इसमें नहीं जोड़ा जैसे उम्र, नस्ल और धूम्रपान की स्थिति। वैज्ञानिकों ने कहा कि इस वजह से व्यक्तिगत स्तर से जुड़े खतरों के संदर्भ में हम अंतिम निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सके हैं। हॉर्वर्ड के वैज्ञानिकों का मानना है कि प्रदूषण और अन्य तथ्य कोविड-19 के लक्षणों और मौत के खतरे बढ़ा सकते हैं, इस पर आगे अध्ययन बेहद जरूरी है, जिससे कि महामारी से संबंधित नीतियों और कार्यप्रणाली को बनाने में मदद मिले। यह अध्ययन भारत में एक चेतावनी के तौर पर ली जानी चाहिए। गुरुवार को दिल्ली में वायु गुणवत्ता दिसंबर 2019 के बाद अपने सबसे खराब स्तर पर पहुंच गई थी। इस प्रदूषण को बढ़ाने में 42 फीसदी योगदान पराली से होने वाला धुआं था। इसी दौरान 6,715 कोविड-19 के मामले भी आएं और संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर 4.16 लाख हो गई।

## सरकार ने...

स्थापना की तरफसे सितम्बर में जारी एक आदेश के तहत नागरिक पुलिस में हेड कांस्टेबल पद पर कार्यरत 896 पुलिस कर्मियों को पदावनत करते हुए पीएसी में कांस्टेबल पद पर वापस भेजा गया था। वर्षों पहले पीएसी से नागरिक पुलिस में आए ये पुलिस कर्मी प्रोन्नत होकर हेड कांस्टेबल बने थे।

# बुमराह दुनिया का सर्वश्रेष्ठ टी-20 गेंदबाजः शेन बांड

भाषा। दुबई

**मुंबई** इंडियंस के गेंदबाजी कोच शेन बांड ने अपनी टीम की तेज गेंदबाजी की अगुआई करने वाले जसप्रीत बुमराह को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ टी-20 गेंदबाज बताया और उन्होंने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग में उन्हें खेलते हुए देखना हमेशा शानदार रहा है। बुमराह और उनके तेज गेंदबाजी जोड़ीदार ट्रेंट बोल्ट ने गुरूवार को आईपीएल क्वालीफायर एक में दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाजी लाइन अप को धोकर मुंबई इंडियंस को फाइनल में पहुंचाने में मदद की। बांड ने मुंबई इंडियंस द्वारा अपने ट्विटर हैंडल पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, जसप्रीत (बुमराह) को गेंदबाजी करते हुए देखना सम्मान की बात है। दुनिया का सर्वश्रेष्ठ टी-20 गेंदबाज अपना काम करता है। बुमराह ने अपने चार ओवरों में 14 रन देकर चार विकेट चटकाए जबकि बोल्ट ने अपने दो ओवर में नौ रन देकर दो विकेट झटके जिससे मुंबई की टीम ने दिल्ली कैपिटल्स को 57 रन से हराया। बांड ने बोल्ट के प्रदर्शन की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मुझे 2012 के बाद से ट्रेंट बोल्ट के साथ काम करना पसंद है। हमने उसे अपना बहुत बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए देखा है और मैं अपनी टीम में उसकी मौजूदगी से काफी रोमांचित था क्योंकि वह काफी खतरनाक गेंदबाज हो सकता है और उसने हमारे लिए पूरे टूर्नामेंट में ऐसा किया है।



## यह हमारा अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनः रोहित शर्मा

**दुबई**। मुंबई इंडियन्स के कप्तान रोहित शर्मा ने अपने बल्लेबाजों और गेंदबाजों की जमकर तारीफ करते हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले क्वालीफायर में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 57 रन से जीत को अपनी टीम का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करार दिया। रोहित ने कहा कि मेरा मानना है कि यह हमारा अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। हमने जिस तरह से अपने इरादे दिखाए। जिस तरह से दूसरे ओवर में विकेट गंवाने के बाद (क्विंटन) डिकाक और सूर्यकुमार यादव ने बल्लेबाजी की। जिस तरह का हमने अंत किया और फिर शानदार गेंदबाजी की। रोहित ने कहा कि हमने कभी लक्ष्य को दिमाग में नहीं बिठाया। हम अलग तरह की टीम हैं और अलग तरह से खेलते हैं। हम परिस्थितियों के अनुसार खेलना चाहते हैं। मैं दूसरे ओवर में आउट हो गया लेकिन डिकाक और सूर्या ने पलड़ा हमारी तरफ मोड़ दिया। हमने कभी नहीं चाहा कि उनका पलड़ा भारी रहे। उन्होंने कहा कि इशान शानदार फार्म में है और इसलिए हम चाहते थे कि वह सकारात्मक होकर खेले। उसके लिए संदेश साफ था कि वह खुद पर दबाव न बनाए। इतनी विविधतापूर्ण टीम होने से मेरे पास बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करने और गेंदबाजों को रोटेट करने का विकल्प रहता है। बोल्ट चोटिल होने के कारण दो ओवर ही कर पाए लेकिन रोहित ने उनकी और बुमराह की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, ट्रेंट अच्छा महसूस कर रहा है। अभी बड़ा मैच है और हम उसे अगले मैच के लिए फिट चाहते हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि वह दस नवंबर को मैदान पर रहेगा।

## नतीजे पर नहीं, टीम से मिली अपनी भूमिका पर फोकस करता हूं : बुमराह

भाषा। दुबई

**मुंबई** इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा है कि वह नतीजे की परवाह किए बिना टीम से उन्हें मिली भूमिका निभाने पर जोर देते हैं जिसका उन्हें फायदा मिल रहा है। बुमराह ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल के पहले क्वालीफायर में चार ओवर में 14 रन देकर चार विकेट लिए और उन्हें प्लेयर आफ द मैच चुना गया। बुमराह ने मैच के बाद कहा कि अगर मुझे विकेट नहीं मिले और हम टूर्नामेंट जीत जाए तो भी मुझे कोई दुख नहीं होगा। मुझे एक भूमिका दी गई है जिसे मैं निभा रहा हूं। आईपीएल में 27 विकेट लेकर परपल कैप पाने वाले इस तेज गेंदबाज ने कहा कि जब भी कप्तान मुझसे गेंदबाजी के लिए कहें तो मैं तैयार हूं। मैं नतीजे पर फोकस नहीं करता। मेरा व्यक्तिगत प्रदर्शन मायने नहीं रखता। बुमराह और न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट ने मुंबई के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। बुमराह ने बोल्ट के साथ तालमेल के बारे में कहा कि मेरा और उसका तालमेल कमाल का है।हम फील्ड, स्थिति और खेल पर काफी बात करते हैं। उससे बहुत कुछ सीखने को मिलता है।

# होल्डर और केन ने सनराइजर्स को क्वालीफायर में पहुंचाया



## कम स्कोर वाले रोमांचक मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को छह विकेट से हराया

भाषा। अबुधाबी

**जैसन** होल्डर के आलराउंड खेल और केन विलियमसन की सधी हुई पारी से सनराइजर्स हैदराबाद ने शुक्रवार को यहां कम स्कोर वाले रोमांचक मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को छह विकेट से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के क्वालीफायर में जगह बनाई। सनराइजर्स रविवार को दूसरे क्वालीफायर में दिल्ली कैपिटल्स का सामना करेगा जिसे पहले क्वालीफायर में मुंबई इंडियन्स से 57 रन से हार झेलनी पड़ी थी।

होल्डर ने 25 रन देकर तीन महत्वपूर्ण विकेट लिए जबकि टी नटराजन ने 33 रन देकर दो विकेट हासिल किए जिसमें एबी डिविलियर्स (43 गेंदों पर 56, पांच चौके) का विकेट भी शामिल है जिन्हें उन्होंने यार्कर पर बोल्ड किया। आरसीबी की तरफ से डिविलियर्स के अलावा आरोन फिंच (30 गेंदों पर 32 रन, तीन चौके, एक छक्का) ही कुछ योगदान दे पाए और उसकी टीम सात विकेट पर 131 रन तक ही पहुंच सकी। आरसीबी के गेंदबाजों विशेषकर स्पिनरों ने सनराइजर्स के लिए स्कोर भी पहाड़ जैसा बना दिया था लेकिन विलियमसन की सकारात्मक बल्लेबाजी ने अंतर पैदा किया। उन्होंने एक छोर संभाले रखा और 44 गेंदों पर नाबाद 50 रन बनाए जिसमें दो चौके और दो छक्के शामिल हैं। उन्होंने होल्डर (20 गेंद पर नाबाद 24) के साथ 65 रन की अटूट साझेदारी की जिससे सनराइजर्स ने 19.4 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर दिया। मोहम्मद सिराज (28 रन देकर दो) से मिली शानदार शुरुआत के बाद आरसीबी के



एबी डिविलियर्स ने आरसीबी के लिए सबसे ज्यादा 56 रन बनाए

स्पिनरों एडम जंपा (12 रन देकर एक) और युजवेंद्र चहल (24 रन देकर एक) ने आठ ओवरों में केवल 36 रन देकर दो विकेट लिए। सनराइजर्स की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। उसे शीर्ष क्रम में ऋद्धिमान साहा की कमी खली जो चोटिल होने के कारण नहीं खेल पाए। उनकी जगह लेने वाले श्रीवत्स गोस्वामी ने अच्छी विकेटकीपिंग की लेकिन बल्लेबाजी में वह खाता भी नहीं खोल पाए।

मनीष पांडे (24) ने सिराज पर छक्का लगाया लेकिन यह तेज गेंदबाज पावरप्ले में ही दूसरे सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर (17) का विकेट लेने में सफल रहा। तीसरे अंपायर ने रिव्यू के जरिए वार्नर के खिलाफ फैसला दिया था। शुरू में ओस का प्रभाव कम दिख रहा था और स्पिनरों ने आते ही शिकंजा कस दिया। पावरप्ले के बाद सात ओवरों में केवल 24 रन बने। इस बीच गेंद बाउंड्री तक नहीं पहुंची जबकि दो विकेट गिरे। जंपा ने पांडे को विकेट के पीछे कैच करवाया जबकि चहल ने प्रियम गर्ग (14 गेंदों पर सात) को चलता किया। विलियमसन ने सुंदर और चहल पर छक्के लगाकर रन गति बढ़ाई। अंतिम ओवर में सनराइजर्स को नौ रन की जरूरत थी। ऐसे में होल्डर ने नवदीप सैनी की लगातार गेंदों पर चौके जड़कर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। इससे पहले सनराइजर्स के गेंदबाजों ने शुरू से ही शिकंजा कसकर टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने के वार्नर के फैसले को सही साबित किया। होल्डर और नटराजन के अलावा उसके दोनों स्पिनरों राशिद खान (चार ओवर 22 रन) और शाहबाज नदीम (30 रन देकर एक विकेट) तथा तेज गेंदबाज संदीप शर्मा (चार ओवर 21 रन) ने भी कसी हुई गेंदबाजी की।

होल्डर ने अपने पहले दो ओवरों में सलामी बल्लेबाज के रूप में उतरे कप्तान विराट कोहली (छह) और बेहतरीन फार्म में चल रहे देवदत्त पडिक्कल (एक) को पवेलियन भेज दिया। पिच में थोड़ी घास थी और होल्डर ने उससे मिल रही उछाल का पूरा फायदा उठाया। गेंदबाजों ने इसके बाद भी बल्लेबाजों को खुलकर नहीं खेलने दिया। फिंच और डिविलियर्स क्रीज पर थे लेकिन पारी का एकमात्र छक्का दसवें ओवर में फिंच ने राशिद खान पर लगाया। इससे फिंच ने आईपीएल में अपने 2000 रन भी पूरे किए।

इसके बावजूद दस ओवर के बाद स्कोर दो विकेट पर 54 रन था और बल्लेबाजों पर दबाव साफ दिख रहा था। इसका प्रभाव यह पड़ा कि फिंच ने रन गति बढ़ाने के प्रयास में नदीम के अगले ओवर में हवा में लहराता कैच दे दिया जबकि राशिद के कुशल क्षेत्ररक्षण से नए बल्लेबाज मोईन अली को तुरंत ही वापस लौटना पड़ा। डिविलियर्स ने 20वीं गेंद का सामना करते हुए पहली बाउंड्री लगाई। उन्होंने 39 गेंदों पर पांचवें चौके की मदद से अपना अर्धशतक पूरा किया लेकिन दूसरे छोर से शिवम दुबे (13 गेंदों पर आठ) को होल्डर ने तीसरा शिकार बनाया जबकि नटराजन ने पहले वाशिंगटन सुंदर (पांच) को आउट किया और फिर डिविलियर्स का खूबसूरत यार्कर पर कीमती विकेट लिया।

# अगले मैच में मजबूत मानसिकता के साथ उतरना होगाः श्रेयस अय्यर



भाषा। दुबई

**दिल्ली** कैपिटल्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने मुंबई इंडियन्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले क्वालीफायर में 57 रन की बड़ी हार के बावजूद अपने खिलाड़ियों से सकारात्मक पक्षों पर ध्यान केंद्रित करने और अगले मैच में मजबूत मानसिकता के साथ उतरने की अपील की। अय्यर ने कहा कि मैं टीम के बारे में कुछ भी नकारात्मक बात नहीं करना चाहता हूं, लेकिन आगे हमें मजबूत मानसिकता के साथ मैदान पर उतरना होगा।

मुंबई ने गुरूवार को पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर पांच विकेट पर 200 रन बनाए। इसके जवाब में दिल्ली की टीम आठ विकेट पर 143 रन बना पाई। अय्यर ने मैच में अपने सकारात्मक पक्षों के बारे में बात करते हुए कहा, हम तब मैच में हावी थे जब हमने बीच के ओवरों में दो विकेट लिए और 13 या 14 ओवर के बाद उनका स्कोर 110 के आसपास था। हमें उसका फायदा उठाना चाहिए था।

हम इस विकेट पर 170 रन के लक्ष्य का पीछा कर सकते थे लेकिन यह खेल का हिस्सा है। हर मैच आपके अनुकूल नहीं हो सकता है। अय्यर ने कहा कि जैव सुरक्षित वातावरण में रहकर हर दिन एक जैसी दिनचर्या अपनाना आसान नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने रविचंद्रन अश्विन की प्रशंसा भी की जिन्होंने 29 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने कहा कि जैव सुरक्षित वातावरण में रहते हुए हर दिन एक जैसी दिनचर्या में रहना आसान नहीं है। हमने कड़ी मेहनत की थी। अय्यर ने कहा कि अश्विन ने शानदार गेंदबाजी की। वह हमेशा अपना अहम योगदान देते हैं। वह बल्लेबाजों के दिमाग से खेलते हैं। उनकी सलाह एक कप्तान के तौर पर मेरे लिए उपयोगी होती है।

### डैथ ओवरों में प्रदर्शन बेहद निराशाजनक : पोंटिंग

**दुबई**। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल के पहले क्वालीफायर में डैथ ओवरों में अपने गेंदबाजों के प्रदर्शन पर निराशा जताते हुए कहा कि अब फाइनल में पहुंचने के लिए एक टीम के रूप में उन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दिल्ली को रविवार को दूसरे क्वालीफायर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। पोंटिंग ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा के पहले कुछ ओवर में हमारा प्रदर्शन अच्छा था जब उनका स्कोर चार विकेट पर 120 रन था। हमें लगा कि 170 का स्कोर बनेगा जो हम हासिल कर लेंगे। दिल्ली ने आखिरी पांच ओवरों में 78 रन दिए। पोंटिंग ने कहा कि आखिरी चार पांच ओवरों में हमारा प्रदर्शन बहुत खराब रहा। हमने हार्दिक पंड्या को उसकी मनचाही गेंदें डाली।

# सुपरनोवाज का सामना आत्मविश्वास से भरी ट्रेलब्लेजर्स से

भाषा। शारजाह

**गत** चैम्पियन सुपरनोवाज को अगर यहां महिला टी-20 चैलेंज में अपनी चुनौती को बरकरार रखना है तो उसे शनिवार को आत्मविश्वास से भरी ट्रेलब्लेजर्स के खिलाफ जीत हासिल करनी होगी। वेलोसिटी पर गुरूवार को मिली शानदार जीत से आत्मविश्वास से भरी स्मृति मंधाना की अगुआई वाली ट्रेलब्लेजर्स का लक्ष्य एक और जीत दर्ज करने का होगा ताकि उसके नाम दो जीत हो जाए और वह नौ नवंबर को होने वाले फाइनल में प्रवेश कर जाए। उनका सामना सुपरनोवाज से होगा जिसे टूर्नामेंट के शुरूआती मैच में वेलोसिटी से हार का सामना करना पड़ा। लेकिन एक और हार से सुपरनोवाज टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। ट्रेलब्लेजर्स ने वेलोसिटी के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया और उसे महज 47 रन पर समेट दिया जिसमें इंग्लैंड की बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन ने अहम भूमिका अदा की। दुनिया की नंबर एक टी-20 गेंदबाज ने 3.1 ओवर में नौ रन देकर चार विकेट हासिल किए। मंधाना उम्मीद करेंगी कि उनकी गेंदबाजों का हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली मजबूत सुपरनोवाज के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन जारी रहे। वहीं यह खिलाड़ी भी इस महत्वपूर्ण मुकाबले में खुद से अपनी बल्लेबाजी इकाई से शानदार प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। सुपरनोवाज को एक जीत की जरूरत है जिससे नेट रन-रेट से टीमों का फाइनल में प्रवेश तय होगा जिससे संभवतः वेलोसिटी बाहर हो जाएगी जिसका नेट रन रेट नेगेटिव (माइनस 1.869) है। वहीं वेलोसिटी उम्मीद करेगी कि सुपरनोवाज इस मैच में हार जाए ताकि उन्हें फाइनल में पहुंचने का मौका मिल जाए। भारतीय टी-20 कप्तान हरमनप्रीत कौर टूर्नामेंट के शुरूआती मैच में अपने प्रदर्शन को जारी रखना चाहेंगी और उम्मीद करेंगी कि श्रीलंका की चामरी अटापट्टू भी अच्छी फार्म में जारी रहें।

## सरकार ने 4.39 करोड़ जाली राशन कार्ड निरस्त किए

**नई दिल्ली**। सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत लाभार्थियों के सही लक्ष्य तय करने के लिए वर्ष 2013 के बाद से लगभग 4.39 करोड़ फर्जी राशन कार्डों को निरस्त किया है। एक बयान में सरकार ने कहा कि निरस्त किए गए राशन कार्ड के स्थान पर नए राशन कार्ड नियमित रूप से सही और पात्र लाभार्थियों या घरों को जारी किए जा रहे हैं। केंद्रीय खाद्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पीडीएस के आधुनिकीकरण के लिए प्रौद्योगिकी-संचालित सुधारों के बीच, वर्ष 2013 से वर्ष 2020 तक की अवधि के दौरान देश में राज्य सरकारों द्वारा अब तक कुल 4.39 करोड़ अयोग्य या फर्जी राशन कार्डों को निरस्त किया गया है। पीडीएस में पारदर्शिता लाने और दक्षता में सुधार करने के लिए, सरकार ने लाभार्थियों के डेटाबेस का डिजिटलीकरण किया है और इसे आधार संख्या का दर्ज करना अनिवार्य कर दिया है जिससे अयोग्य और फर्जी राशन कार्डों का पता लगाने में मदद मिली है।

## पूरी तरह आर्थिक भरपाई संभव नहींः अमेरिकी फेडरल रिजर्व

**वाशिंगटन**। अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पॉवेल ने कहा कि जब तक लोगों को हालात सामान्य होने का भरोसा नहीं होगा, तब तक पूरी तरह आर्थिक भरपाई संभव नहीं है। उन्होंने साथ ही कहा कि सभी अमेरिकी नागरिक मास्क पहनकर और शारीरिक दूरी के दिशानिर्देशों का पालन कर कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में अपनी भूमिका निभा सकते हैं। अमेरिका में अब तक कोरोना वायरस के 96 लाख से अधिक मामले सामने आ चुके हैं और 12 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। अमेरिका के ए दोनों आंकड़े दुनिया में सबसे अधिक हैं। फेडरल रिजर्व के चेयरमैन ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, जब तक लोगों को भरोसा नहीं हो जाता है कि रोजमें की सामान्य गतिविधियों में शामिल होना पूरी तरह सुरक्षित है, तब तक पूरी तरह से आर्थिक भरपाई संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आर्थिक संकट को लेकर फेडरल रिजर्व के फैसलों के दौरान वित्तीय प्रणाली की स्थिरता को बनाए रखने के साथ ही अधिकतम रोजगार को बढ़ावा देने और अमेरिकियों के लिए कीमत को स्थिर रखने पर जोर दिया गया। कोरोना वायरस महामारी ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर एक बड़ा प्रभाव छोड़ा है और इस बात के मद्देनजर पॉवेल ने कहा कि देश में आर्थिक गतिविधियों में सुधार जारी है। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था के फिर से खुलने पर गतिविधियों में तेजी आई है और तीसरी तिमाही में वास्तविक जीडीपी 33 प्रतिशत की दर से बढ़ी है।

## बैंक ऑफ इंडिया का मुनाफा बढ़कर दोगुने से अधिक हुआ

**नई दिल्ली**। बैंक ऑफ इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि 30 सितंबर को खत्म हुई वित्त वर्ष 2020-21 की दूसरी तिमाही में उसका संचई शुद्ध लाभ दोगुने से अधिक बढ़कर 543.47 करोड़ रुपए हो गया। बैंक ने बीते वित्त वर्ष की समान अवधि में 257.31 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि जुलाई-सितंबर 2020 के दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 12,477.79 करोड़ रुपए हो गई।

# व्यापक जोखिम वाले एनबीएफसी के लिए कड़े नियमन की जरूरतः आरबीआई

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव ने गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के लिए कायदे-कानून को लेकर फिर से विचार करने की जरूरत बताई है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि जिन एनबीएफसी का अन्य क्षेत्रों पर उल्लेखनीय प्रभाव पड़ता है और काफी हद तक ए व्यवस्था के लिए जोखिम पैदा कर सकते हैं, उनकी पहचान होनी चाहिए और उनके लिए मजबूत नियमन की जरूरत है। राव ने कहा, यह भी तर्क दिया जा सकता है कि ऐसे एनबीएफसी के लिए युक्तिसंगत नियामकीय व्यवस्था इस रूप से हो जिसकी तुलना बैंकों से की जा सके। ताकि एक सीमा से अधिक जोखिम की स्थिति होने पर, ऐसे एनबीएफसी को वाणिज्यिक बैंक में तब्दील करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके या फिर उनके दायरे को कम किया जा सके। उद्योग मंडल एसोचैम के एक कार्यक्रम में रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर ने कहा कि इससे वित्तीय क्षेत्र मजबूत होगा। साथ ही बहुसंख्यक एनबीएफसी कुछ हल्के नियामकीय व्यवस्था के अंतर्गत काम कर सकेंगे।उन्होंने कहा कि बैंकों की तुलना में फिलहाल नियामकीय व्यवस्था के मामले में एनबीएफसी में लचीलापन है। ए इकाइयां ऐसे में व्यवस्था के लिए जोखिम पैदा कर सकती हैं। अतः नियमन के बारे में फिर से विचार करने की जरूरत है। राव ने कहा कि हम एनबीएफसी के लिए श्रेणीबद्ध नियामकीय रूपरेखा पर विचार कर सकते हैं। इस बारे में प्रणाली को लेकर उनके योगदान के संदर्भ में इस पर विचार किया जा सकता है। छोटे कर्ज देने वाले सूक्ष्म वित्त संस्थानों (एमएफआई) के बारे में उन्होंने कहा कि एनबीएफसी-एमएफआई का योगदान सूक्ष्म वित्त क्षेत्र में कम होकर 30 प्रतिशत से कुछ अधिक रह गया है। इसका कारण कई एमएफआई का लघु वित्त बैंकों मे तब्दील होना है। राव ने कहा कि आज हम ऐसी स्थिति में हैं, जहां मजबूत नियामकीय व्यवस्था कुछ छोटे सूक्ष्म वित्त क्षेत्र पर ही लागू हैं। सूक्ष्म वित्त क्षेत्र के मामले में नियामकीय प्रावधानों को फिर से निर्धारित करने की जरूरत है ताकि हमारा नियमन गतिविधियां पर आधारित हो न कि इकाई आधारित। उन्होंने यह भी कहा कि वित्तीय प्रौद्योगिकी के आधार पर काम कर रहे एनबीएफसी नई प्रकार की चुनौतियां पैदा कर रही हैं। भविष्य में वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र के लिए नियमन बनाते समय आरबीआई को वृद्धि के साथ-साथ ग्राहकों और आंकड़ों की सुरक्षा का भी ध्यान रखना होगा।

## सेंसेक्स 553 अंक उछलकर 10 महीने के उच्च स्तर पर, साप्तहिक आधार पर 2,279 अंक चढ़ा

**मुंबई**। देश के शेयर बाजारों में लगातार पांचवें दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स शुक्रवार को 553 अंक उछलकर 10 महीने के उच्च स्तर के करीब बंद हुआ। विदेशी पूंजी प्रवाह के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी तथा एचडीएफसी बैंक में तेजी के साथ बाजार में मजबूती रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 552.90 अंक यानी 1.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ 41,893.06 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले, सेंसेक्स 14 जनवरी को रिकार्ड 41,952.63 अंक पर बंद हुआ था। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 143.25 अंक यानी 1.18 प्रतिशत की बढ़त के साथ 12,263.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। इसमें 3.78 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी, एचडीएफसी बैंक और कोटक बैंक में भी तेजी रही। दूसरी तरफ जिन शेयरों में गिरावट दर्ज की गई,उनमें मारुति, भारती एयरटेल, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट और नेस्ले इंडिया शामिल हैं। सप्ताह के दौरान सेंसेक्स 2,278.99 अंक यानी 5.75 प्रतिशत जबकि निफ्टी 621.15 अंक यानी 5.33 प्रतिशत मजबूत हुआ है।कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस के इक्विटी प्रमुख हेमंत कानावाला ने कहा कि वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी के अनुरूप घरेलू बाजार बढ़त में रहे।

# छींटाकशी से विराट कोहली कोहली को कोई परेशानी नहीं होगीः स्टीव वॉ



भाषा। मेलबर्न

**आस्ट्रेलिया** के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ ने अपनी टीम को भारत के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की आगामी श्रृंखला के लिए विराट कोहली से वाकयुद्ध में नहीं पड़ने की सलाह दी है क्योंकि उनका कहना है कि इससे कोहली और उनकी टीम को अच्छे प्रदर्शन की अतिरिक्त प्रेरणा मिल जाएगी। बार्डर गावस्कर ट्राफी 17 दिसंबर को एडीलेड ओवल पर दिन रात के मैच से शुरू होगी। इसके बाद मेलबर्न (26 दिसंबर से), सिडनी (सात जनवरी से) और ब्रिसबेन (15 जनवरी से) में मैच खेले जाएंगे। दौरे की शुरूआत 27 नवंबर से तीन वनडे मैचों की श्रृंखला के जरिए होगी। वॉ ने कहा कि छींटाकशी से विराट कोहली को कोई परेशानी नहीं होगी।

महान खिलाड़ियों पर इससे असर नहीं पड़ता। इसलिए इससे दूर ही रहें। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें और रन बनाने की अतिरिक्त प्रेरणा मिलेगी। इसलिए उस पर शब्दों के बाण नहीं छोड़ना ही बेहतर है। आस्ट्रेलिया के तत्कालीन कप्तान टिम पेन और उनकी टीम ने भारतीय टीम के पिछले आस्ट्रेलिया दौरे पर यही गलती की थी और भारत ने आस्ट्रेलियाई सरजमीं पर पहली बार टेस्ट श्रृंखला 2-1 से जीती। वॉ ने कहा कि कोहली विश्व स्तरीय खिलाड़ी है और वह श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रहना चाहता है। पिछली बार भारत में स्टीव स्मिथ और वह आमने सामने थे जिसमें स्मिथ तीन शतक लगाकर आगे रहे। यह भी उसके जेहन में होगा और वह ज्यादा रन बनाना चाहेगा। उन्होंने कहा कि बतौर खिलाड़ी कोहली अब कहीं अधिक नियंत्रित है और भारत को विदेश में जीत दिलाने को बेताब भी। उन्होंने कहा कि वह पहले से अधिक परिपक्व है और नियंत्रित भी। वह चाहता है कि भारत विदेश में जीतकर नंबर वन की अपनी रैंकिंग के साथ न्याय करे। वह टीम को उस मुकाम पर ले गया है, जहां वह पहले नहीं गई।

# अहमद की जगह निंगोंबम हॉकी इंडिया के नए अध्यक्ष बने

भाषा। नई दिल्ली

**मणिपुर** के ज्ञानेंद्रो निंगोंबम को शुक्रवार को निर्विरोध हॉकी इंडिया का अध्यक्ष चुना गया जो मोहम्मद मुश्ताक अहमद की जगह लेंगे जिन्हें राष्ट्रीय खेल संहिता के कार्यकाल के दिशा निर्देशों के उल्लंघन के कारण खेल मंत्रालय ने इस्तीफा देने को कहा था। अहमद को हालांकि यहां हॉकी इंडिया की कांग्रेस और चुनाव में निर्विरोध वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया। कोरोना वायरस महामारी के बीच यात्रा करने में असमर्थ सदस्य ईकाइयों ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए बैठक में भाग लिया। निंगोंबम हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद पर काबिल होने वाले पूर्वोत्तर के पहले सदस्य हैं। अहमद के जुलाई में निजी कारणों से इस्तीफा देने के बाद से वह कार्यवाहक अध्यक्ष थे।

खेल मंत्रालय ने अहमद को इस्तीफा देने के लिए कहा था चूंकि 2018 में उनका चुनाव राष्ट्रीय खेल कोड के कार्यकाल के दिशा निर्देशों का उल्लंघन था। महासंघ को अध्यक्ष पद के लिए नए सिरे से चुनाव कराने के लिए कहा गया था। राष्ट्रीय खेल कोड के तहत कोई पदाधिकारी लगातार तीन बार पद पर नहीं रह सकता। अहमद 2010 से 2014 तक हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष रहे। इसके बाद 2014 में महासचिव बने और 2018 में चार वर्ष के लिए अध्यक्ष पद पर चुने गए थे। हॉकी इंडिया को 2019 में इसके लिए सूचित किया गया था।

**अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में घमासान, डोनाल्ड ने ठोका दावा**

# अगर केवल वैध मतों की गिनती होती तो जीत गया होता: ट्रंप

● दिए संकेत, अब सुप्रीम कोर्ट से होगा राष्ट्रपति चुनाव परिणाम का फैसला

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अगर केवल वैध मतों की ही गिनती होती तो वह कांटे की टक्कर वाले राष्ट्रपति चुनाव में आसानी से जीत गए होते।

व्हाइट हाउस में बृहस्पतिवार को संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए ट्रंप ने संकेत दिया कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों का फैसला अंतत: उच्चतम न्यायालय में होगा क्योंकि उन्होंने चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ बड़े पैमाने पर वाद दाखिल करने की योजना बनाई है।

ट्रंप ने संवाददाता सम्मेलन में किसी पत्रकार के सवाल का जवाब नहीं दिया, लेकिन आरोप लगाया कि डेमोक्रेटिक पार्टी धांधली से वर्ष 2020 का राष्ट्रपति चुनाव जीतना चाहती है। हालांकि, उन्होंने अपने दावे के समर्थन में कोई सबूत पेश नहीं किया। इस बीच, राष्ट्रपति पद के डेमोक्रेटिक पार्टी उम्मीदवार जो बाइडेन को बृहस्पतिवार रात तक राष्ट्रपति निर्वाचन मंडल के 253 मत हासिल हो चुके थे। राष्ट्रपति निर्वाचित होने के लिए 538 सदस्ईय निर्वाचन मंडल में 270 मतों की जरूरत है जिनमें से 213 मत ट्रंप के पक्ष में गए हैं। ट्रंप ने कहा, अगर वैध मतों की गिनती होती है तो मैं आसानी से जीत जाऊंगा। उन्होंने कहा, अगर आप अवैध मतों की गिनती करते हैं तो वे अमेरिका से जीत को छीनने की कोशिश कर सकते हैं। ट्रंप का यह संदेश जॉर्जिया और पेनसिल्वेनिया राज्यों में गिनती के दौरान उनके और जो बाइडेन के बीच अंतर कम होने के बीच आया। राष्ट्रपति ने कहा कि वह देर से डाले गए मतों की गिनती को रोकने की वकालत कर रहे हैं।ट्रंप ने दावा किया, मैं पहले ही कई अहम राज्यों सहित बड़ी जीत हासिल कर चुका हूं। उन्होंने कहा, डेमोक्रेटिक पदाधिकारी मानते हैं कि वे ईमानदारी से कभी चुनाव नहीं जीत सकते...इसलिए बड़े पैमाने पर धांधली चल रही है। ट्रंप ने इसके साथ ही कहा कि उनके दावे के पीछे कई सबूत हैं।






केंद्रीय काउंटिंग बोर्ड के बाहर चुनाव नतीजों के विरोध में प्रदर्शन करते ट्रंप समर्थक

### राष्ट्रपति अपने मतदाता नहीं चुनतेः न्यूयार्क की अटॉर्नी जनरल

**न्यूयार्क।** न्यूयार्क की अटॉर्नी जनरल लेटिटिया जेम्स ने अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल उठाने के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रति नाराजगी जताई है और कहा है कि अमेरिका में जनता अपना राष्ट्रपति खुद चुनती है और जनता की जो इच्छा है वह सुनी जाएगी।जेम्स ने कहा, ट्रंप की भड़काऊ भ्रामक और विभाजनकारी बयानबाजी के बावजूद देशभर की अमेरिकी जनता को यह भरोसा दिलाया जाना चाहिए कि दोनों प्रमुख सियासी दलों के राज्यों के अधिकारियों ने इस चुनाव को निष्पक्ष और सुरक्षित तरीके से आयोजित करवाया है। देशभर के चुनाव कर्मी सभी वैध मतों की गणना पूरी मेहनत से कर रहे हैं, जैसा पहले के चुनावों में होता आया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में जनता अपना राष्ट्रपति चुनती है, राष्ट्रपति अपने मतदाता नहीं चुनते। दरअसल ट्रंप ने चुनाव में धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए कहा था कि अगर वैध मतपत्र गिने जाएं तो मैं आसानी से जीत सकता हूं। इसी आरोप की पृष्ठभूमि में जेम्स ने यह बात कही।

## अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में रिकार्ड मतदान हुआ

**वाशिंगटन।** अमेरिका में इस वर्ष हुए राष्ट्रपति चुनाव में करीब 16 करोड़ लोगों ने अपने मताधिकारों का इस्तेमाल किया जो 120वर्ष एक रिकॉर्ड है। चुनाव पर नजर रखने वाली साइट यूएस इलेक्शन प्रोजेक्ट के प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक इस वर्ष 23 करोड़ 90 लाख लोग मतदान करने के योग्य थे। उनमें से करीब 16 करोड़ लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। आने वाले सप्ताह में यह संख्या और भी बढ़ने की उम्मीद है। इसके अनुसार तीन नवंबर के चुनाव में रिकॉर्ड 66.9 फीसदी मतदान हुआ, जो वर्ष 1900 के बाद का सर्वाधिक मतदान है। वर्ष 1900 के चुनाव में 73.7 फीसदी मतदान हुआ था।

यूएस इलेक्शन प्रोजेक्ट के प्रमुख एवं फ्लोरिडा विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर माइकल पी मैकडॉनल्ड ने कहा, 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में 120 वर्षों में मतदान दर सर्वाधिक रही। अभी भी बड़ी संख्या में बकाया मतों की गणना की जानी है। अमेरिका में 2016 में 56 प्रतिशत मतदान हुआ था, जबकि 2008 में मतदान 58 प्रतिशत रहा।

यूएस इलेक्शन प्रोजेक्ट के अनुसार मिनेसोटा और मेन में इस वर्ष सर्वाधिक 79.2 प्रतिशत मतदान हुआ, उसके बाद आयोवा में यह 78.6 प्रतिशत रहा। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मेन और आयोवा से जीते हैं और मिनेसोटा से उनके डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन ने जीत दर्ज की है।

### ट्रंप प्रचार अभियान के मिशिगन और जॉर्जिया में वाद खारिज

**वाशिंगटन।** अमेरिका की अदालतों ने चुनाव में कथित गड़बड़ी के खिलाफ राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के प्रचार अभियान की ओर से मिशिगन और जॉर्जिया में दर्ज कराए गए मुकदमों को खारिज कर दिया है।

ट्रंप प्रचार अभियान ने मिशिगन में अनुपस्थित मतपत्रों (जब कोई व्यक्तिगत रूप से मतदान केन्द्र में नहीं जा कर बल्कि अन्य किसी माध्यम से मतदान करता है) की गिनती रोकने का अनुरोध किया था, वहीं जॉर्जिया में प्रचार अभियान ने आरोप लगाया कि वहां अनुचित मतों की भी गणना की जा रही है। मिशिगन कोर्ट ऑफ क्लेम्स की न्यायाधीश सिंथिया स्टीफेन्स ने बृहस्पतिवार को यह कहते हुए वाद खारिज कर दिया कि मिशिगन के सेक्रेटरी ऑफ स्टेट स्थानीय मतगणना प्रक्रिया में शामिल नहीं है। इस संबंध में औपचारिक आदेश शुक्रवार को जारी होगा।

अनेक मीडिया संस्थान राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन को मिशिगन राज्य से विजई घोषित कर चुके हैं। जॉर्जिया में न्यायाधीश जेम्स एफ बास ने वाद को खरिज कर दिया।

उन्होंने कहा, मैं अनुरोध को अस्वीकार करता हूं और याचिका खारिज करता हूं। गौरतलब है कि ट्रंप प्रचार अभियान ने पेनसिल्वेनिया और नेवादा में भी वाद दायर किए हैं और विस्कोंसिन में मतों की गणना दोबारा कराने की मांग की है।

उधर, प्रमुख भारतीय-अमेरिकी डेमोक्रेटिक सांसदों ने चुनावी जीत की दहलीज पर खड़े राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बाइडेन और उपराष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस की अमेरिका के नए नेता बनने पर तारीफ की लेकिन साथ ही यह भी कहा कि डेमोक्रेट्स को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मूल समर्थकों और उन मुद्दों को समझने में ध्यान लगाना होगा जो उन्होंने उनके समक्ष उठाए थे। बाइडेन ने शुक्रवार को ट्रंप पर जॉर्जिया और पेन्सिलवेनिया में अहम बढ़त ले ली जिससे वह ऐतिहासिक चुनावी सफलता के और करीब आ गए। भारतीय समुदाय के गैर लाभकारी संगठन इंडियास्पोरा द्वारा ऑनलाइन आयोजित चुनाव बाद राजनीतिक विश्लेषण में सांसद प्रमिला जयपाल ने कहा, कितना शानदार है कि हम नया राष्ट्रपति निर्वाचित करने जा रहे हैं। हम राष्ट्रपति के तौर पर जो बाइडेन को निर्वाचित करने जा रहे हैं, उपराष्ट्रपति के तौर पर कमला हैरिस को निर्वाचित करने जा रहे हैं। कितना अतुलनीय। उन्होंने कहा कि यह हर्षित और सुखदायक है कि हैरिस के तौर पर अमेरिका एक अहम राजनीतिक पार्टी के टिकट पर पहली बार एक अश्वेत महिला को निर्वाचित करेगा।

## कोरोना वायरस से सर्वाधिक प्रभावित काउंटी के मतदाताओं ने ट्रंप के पक्ष में किया मतदान

**एपी।** वाशिंगटन

**अमेरिकी** चुनाव में मतदाता जिस विषय पर सबसे अधिक और स्पष्ट रूप से बंटे दिखे वह है कोरोना वायरस महामारी और उसे लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रतिक्रिया। हैरानी की बात तो यह है कि जिन स्थानों पर महामारी बेकाबू होकर कहर बरपा रही है वहां से ट्रंप को खासा समर्थन मिला।

एसोसिएटेड प्रेस के विश्लेषण में पता चला है कि 376 काउंटी जहां प्रति व्यक्ति संक्रमण के सर्वाधिक मामले हैं उनमें से 93 फीसदी काउंटी में ट्रंप के पक्ष में अधिक मत पड़े हैं, वायरस से कम प्रभावित इलाकों में ट्रंप के पक्ष में पड़ने वाले मतों की दर इससे कम है।एपी का विश्लेषण उन काउंटी तक सीमित है जहां कम से कम 95 फीसदी क्षेत्रों से चुनाव परिणाम आ चुके हैं। इसमें सभी काउंटी को प्रति 1,00,000 व्यक्तियों पर कोविड-19 के मामलों की दर के आधार पर छह श्रेणियों में बांटा गया है।मतदान से भी यह पता चलता है कि रिपब्लिक पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप और डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेड को लेकर जो मतदाता बंटे हैं, वही मतदाता इस विषय को लेकर भी अलग राय रखते हैं कि महामारी नियंत्रण में है या नहीं।एपी के चुनाव संबंधी राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण वोटकास्ट के मुताबिक ट्रंप को वोट करने वाले 36 फीसदी मतदाताओं का मानना है कि महामारी पर पूरी तरह से या लगभग पूरी तरह से काबू पा लिया गया है। 47 फीसदी मतदाताओं का मानना है कि इस पर कुछ हद तक काबू पाया जा सका है। इस सर्वे में 110,000 से अधिक मतदाताओं की राय ली गई।इस सर्वे के मुताबिक बाइडेन को वोट देने वाले 82 फीसदी मतदाताओं का कहना है कि महामारी बिलकुल भी नियंत्रण में नहीं है। विस्कोंसिन, जहां चुनाव से ठीक पहले वायरस ने कहर बरपाना शुरू किया, वहां के 57 फीसदी मतदाताओं का कहना है कि महामारी काबू में नहीं है। जबकि वाशिंगटन जहां पर वायरस पहले के मुकाबले अब नियंत्रण में हैं, वहां 55 फीसदी मतदाता विस्कोंसिन के मतदाताओं से सहमत हैं।

## मतगणना रोकने की ट्रंप की मांग से रिपब्लिकन नेताओं में मतभेद

**वाशिंगटन।** चुनाव में गलत तरह से जीत घोषित करने और पेनसिल्वेनिया तथा अन्य राज्यों में मतगणना रोकने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रयासों से कुछ रिपब्लिकन नेताओं ने खुद को अलग कर लिया और फिर से राष्ट्रपति बनने के लिए उतावले ट्रंप को ऐसे में अपनी पार्टी में मजबूत समर्थन नहीं मिल रहा है। केंटकी में मंगलवार को सीनेट का चुनाव जीत चुके ट्रंप के सहयोगी एवं सीनेट के बहुमत नेता मिच मैककॉनेल ने संवाददाताओं से कहा कि मतगणना समाप्त नहीं हुई है और चुनाव जीतने का दावा किया जा रहा है। फ्लोरिडा से रिपब्लिकन सीनेटर मार्को रूबियो ने ट्वीट किया, वैध मतों की गिनती में अगर दिन लगते हैं तो यह धोखाधड़ी नहीं है। सीनेटर लिजा मुर्कोस्की ने कहा कि चुनाव परिणाम आ रहे हैं और सभी को संयम बरतना चाहिए। उन्होंने एक बयान में कहा, यह जरूरी है कि हम चुनाव अधिकारियों को उनका काम पूरा करने का समय दें और हम सुनिश्चित करें कि सारे मतों की वैध तरीके से गिनती हो। डेमोक्रेटों पर चुनाव गलत तरह से जीतने की कोशिश करने के ट्रंप के आरोपों पर रिपब्लिकन नेता एडम किजिंगर ने कहा, वोट गिने जाएंगे और आप जीतेंगे या हारेंगे। और अमेरिका इसे स्वीकार करेगा। ट्रंप से सार्वजनिक रूप से मतभेद जताते हुए दिए गए रिपब्लिकन नेताओं के बयान अहमियत रखते हैं।

# भारतीय सेना प्रमुख ने नेपाल के पीएम से की मुलाकात

**भाषा।** काठमांडू

**भारतीय** सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे ने शुक्रवार को नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। यह जानकारी अधिकारियों ने यहां दी।





नेपाल सेना के सूत्रों ने बताया कि नरवणे और ओली के बीच बैठक बालूवाटार स्थित उनके आधिकारिक निवास पर हुई। ओली नेपाल के रक्षा मंत्री भी हैं।सूत्रों ने बताया कि जनरल नरवणे तीन दिवसीय यात्रा पर यहां आए हैं। उन्होंने इससे पहले दिन में पहाड़ों के ऊपर एक उड़ान का आनंद लिया और वह इस दौरान दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट के प्रवेश द्वार सियांगबोचे हवाई अड्डे पर संक्षिप्त समय के लिए रुके।सूत्रों ने बताया कि जनरल नरवणे ने काठमांडू के बाहरी इलाके शिवपुरी में सैन्य कमान एवं स्टाफ कॉलेज में मध्यम स्तर के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित भी किया। उन्होंने इस दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ अपने अनुभव साझा किया।

नेपाल की राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी ने भारतीय थल सेना के प्रमुख जनरल एम एम नरवणे को बृहस्पतिवार को यहां एक विशेष समारोह में नेपाली सेना के जनरल की मानद उपाधि प्रदान की थी। यह दशकों पुरानी परंपरा है जो दोनों सेनाओं के बीच के मजबूत संबंधों को परिलक्षित करती है।जनरल नरवणे की इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच संबंधों में नए सिरे से सामंजस्य स्थापित करना भी है। नेपाल ने इस वर्ष की शुरुआत में एक नया राजनीतिक मानचित्र जारी किया था और उत्तराखंड के कई क्षेत्रों को अपना हिस्सा बताया था जिसके बाद दोनों पड़ोसी देशों के रिश्तों में तनाव आ गया था। तब से दोनों देशों के बीच भारत की ओर से यह काठमांडू की पहली उच्चस्तरीय यात्रा होगी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा आठ मई को उत्तराखंड के धारचूला को लिपुलेख दर्रे से जोड़ने वाली 80 किलोमीटर लंबी रणनीतिक सड़क का उद्घाटन किए जाने के बाद नेपाल ने विरोध जताया था। नेपाल ने दावा किया था कि यह सड़क उसके क्षेत्र से होकर गुजरती है। कुछ दिनों बाद, उसने लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा को अपने क्षेत्र के तौर पर दिखाते हुए नया नक्शा जारी किया था। भारत ने भी नवंबर 2019 में एक नया नक्शा प्रकाशित किया था जिसमें इन क्षेत्रों को भारत के क्षेत्र के रूप में दिखाया गया था।नेपाल द्वारा नक्शा जारी किए जाने के बाद भारत ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, इसे एकतरफा कृत्य बताया था और काठमांडू को आगाह करते हुए कहा था कि क्षेत्रीय दावों का ऐसा कृत्रिम विस्तार उसे स्वीकार्य नहीं होगा।भारत ने कहा था कि नेपाल का यह कदम दोनों देशों के बीच बातचीत के माध्यम से सीमा मुद्दों को हल करने के लिए बनी सहमति का उल्लंघन करता है।सेना प्रमुख को नेपाल के साथ संबंधों में सामंजस्य स्थापित करने के लिए काठमांडू भेजने के भारत के फैसले को चीन द्वारा क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ाने के प्रयासों के मद्देनजर म्यांमार, मालदीव, बांग्लादेश, श्रीलंका, भूटान और अफगानिस्तान के साथ संबंधों को मजबूत करने के भारत के व्यापक प्रयासों के हिस्से के तौर पर देखा हा रहा है।

### चक्रवात में हुए भूस्खलन में 37 की मौतः एलेजान्द्रों

**तेगुसिगल्पा (होंडुरास)।** ग्वाटेमाला के राष्ट्रपति एलेजान्द्रों गियामट्टेई ने कहा है कि देश के मध्य भाग में स्थित एक पहाड़ी का हिस्सा सान क्रिस्टोबल वेरापाज कस्बे में गिर गया जिससे कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रपति ने बृहस्पतिवार को कहा कि ह्यूह्यूटेनानगो में भूस्खलन की दो अन्य घटनाओं में कम से कम 12 और लोगों की मौत हो गई। भूस्खलन में लोगों के मारे जाने संबंधी घोषणा ऐसे वक्त में की गई है, जब मध्य अमेरिका में चक्रवात इटा से मरने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है। चक्रवात कमजोर हो कर उष्णकटिबंधीय दबाव में परिवर्तित हो गया है और यह कैरेबयाई सागर में लौटने वाला था लेकिन एक सप्ताह से बारिश हो रही है और ग्वाटेमाला से ले कर पनामा तक भूस्खलन की घटनाएं हो रही हैं और बाढ़ आई है।



साल्ट लेक सिटी में कोरोना परीक्षण के लिए बने केबिन को ट्रक ने मारी टक्कर, कई लोग हुए घायल




प्लानेटा में आए तूफान के बाद राहत और बचाव कार्य में जुटे कर्मी

### चीन ने एक ही रॉकेट से 13 उपग्रह प्रक्षेपित किए

**बीजिंग।** चीन ने शुक्रवार को 13 उपग्रहों को सफलतापूर्वक कक्षाओं में स्थापित करा दिया। इनमें 10 उपग्रह अर्जेंटीना के हैं, और इसे विदेशी उपग्रहों का सबसे बड़ा प्रक्षेपण माना जा रहा है जो इस कम्युनिस्ट देश को करोड़ों डॉलर दिला सकता है। चीन की समाचार एजेंसी शिन्हुआ की एक रिपोर्ट के मुताबिक लॉग मार्च-6 रॉकेट ने उपग्रहों के साथ शांग्सी प्रांत के तायुन उपग्रह प्रक्षेपण केन्द्र से उड़ान भरी। इन उपग्रहों में अर्जेंटीना की कंपनी सैटेलॉजिक द्वारा निर्मित 10 वाणिज्यिक दूर संवेदी उपग्रह भी शामिल थे।अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को हुआ प्रक्षेपण लॉग मार्च रॉकेट श्रेणी का 351वां प्रक्षेपण था। गौरतलब है कि पिछले वर्ष अधिकारियों ने कहा था कि चीन सैटेलॉजिक के लिए 90 पृथ्वी निगरानी उपग्रह प्रक्षेपित करने की योजना बना रहा है। अर्जेंटीना के साथ हुए समझौते के आर्थिक पक्ष के बारे में जानकारी नहीं दी गई हैं।

**म्यांमा के चुनाव में**

## आंग सान सू ची की पार्टी को फिर बहुमत के आसार

**एपी।** बैंकाक

**म्यांमा** में आयोजित चुनाव में लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से मतदाता रविवार को फिर मतदान करेंगे। पांच साल पहले हुए चुनाव में शांति का नोबेल पुरस्कार पाने वाली आंग सान सू ची की पार्टी नेशनल लीग ने बड़ी जीत हासिल की थी। इस बार भी सू ची की जीत की संभावना जताई जा रही है। म्यामां में 3.7 करोड़ पंजीकृत मतदाता हैं, हालांकि कोरोना वायरस के मामलों में हाल में आई उछाल के मद्देनजर मतदान में कमी की आशंका जताई जा रही है। वर्ष 2015 में हुए चुनाव में लोगों में पांच दशक पुराने सेना के शासन का अंत करने के मिले अवसर को लेकर उत्साह था। सैन्य शासन के खिलाफ कई वर्षों तक अहिंसक आंदोलन चलाने वाली सूची को इन चुनाव में प्रचंड बहुमत हासिल हुआ था और इस साल भी उम्मीद जताई जा रही है कि उनकी पार्टी को जीत मिलेगी। हालांकि कुछ आलोचकों का मानना है कि सू ची का प्रशासन लोकतांत्रिक मूल्यों को बरकरार रखने में विफल हुआ है। आलोचकों का मानना है कि 75 वर्षीय सू ची और उनकी पार्टी लोकतांत्रिक व्यवस्था कायम करने की बजाय खुद को सत्ता में रखने के लिए अधिक काम कर रही है। यंगून (ने पी ता) स्थित ताम्पादीपा संस्थान के निदेशक खिन जा विन ने कहा, इस बार न तो आंग सान सू ची न ही उनकी पार्टी म्यांमा में लोकतंत्र लाने की कोशिश कर रही है। इसकी बजाय वह एक पार्टी व्यवस्था कायम करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अन्य पार्टियों को कमजोर करने का मतलब है कि अभियान के दौरान नीतियों पर चर्चा को सीमित कर देना। उन्होंने कहा कि म्यांमा को राजनीतिक दलों का बेहतर सम्मिश्रण चाहिए।

### ब्रिटेन के विदेश मंत्री कोरोना संक्रमित

**लंदन।** ब्रिटेन के विदेश मंत्री डोमिनिक राब कोविड-19 के एक मरीज के संपर्क में आने के बाद स्व पृथक-वास में चले गए हैं। विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास विभाग द्वारा बृहस्पतिवार को जारी बयान के अनुसार, कैबिनेट के वरिष्ठ मंत्री दो सप्ताह के लिए पृथक-वास में रहेंगे लेकिन इस दौरान वह सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों को पालन करते हुए काम करते रहेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, विदेश मंत्री को आज सूचना मिली है कि वह हाल में एक व्यक्ति के संपर्क में थे, जिसके कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। प्रवक्ता ने कहा, सरकार के नियमों और राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा के दिशा-निर्देशों के अनुरुप विदेश मंत्री तत्काल तय समय सीमा के लिए स्व पृथक-वास में चले गए हैं। इस दौरान वह काम करते रहेंगे। राब जिस व्यक्ति के संपर्क में आए हैं, उसकी पहचान अज्ञात है लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि वह कोई मंत्री, सांसद या सरकार के अधिकारी हैं।


## ट्रेंड बाजार

### पुरानी फिल्मों के संरक्षण का सोनम ने किया समर्थन

**बॉलिवुड** अभिनेत्री सोनम कपूर आहूजा ने सोशल मीडिया पर आकर फिल्म हेरिटेज़ फाउंडेशन का समर्थन किया है। फिल्म निर्माता और अभिलेखविद शिवेन्द्र सिंह डूगरपुर द्वारा 2014 में स्थापित किया गया ये गैरलाभकारी संगठन ऐतिहासिक भारतीय फिल्मों के संरक्षण, पुनरुद्धार और अभिलेखीकरण का कार्य करता है। इस फाउंडेशन से अपने जुड़ाव के बारे में बताते हुए सोनम ने कहा, 'ये एक ऐसी विरासत है जिसे बचाया जाना चाहिये, जी हां, सिनेमा की विरासत। मुझे इस बात से बहुत संतोष और सम्मान अनुभव होता है कि मैं एक ऐसे संगठन से जुड़ी हूं जो फिल्मों के संरक्षण और पुनरुद्धार जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लगा है। आने वाले सप्ताहों में मैं आपको दिखाउंगी कि फिल्मों के संवर्धन, पुनरुद्धार जैसे काम में कितना कठिन परिश्रम और लगन की आवश्यकता होती है। और ये काम बॉलिवुड तक ही सीमित न होकर वैश्विक स्तर पर किया जाता है।'




### हिमांश कोहली की 'बूंदी रायता' कंटेंट आधारित फिल्म



**फिल्म** 'बूंदी रायता' में अभिनय करने वाले अभिनेता हिमांश कोहली ने बताया कि इसे घोषित भी कर दिया गया है। लेकिन मुझे इसके बारे में बोलने की अनुमति नहीं है लेकिन फिल्म मेरे हृदय के अत्यंत निकट है। इसकी कहानी अप्रतिम हैं मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि आज के दर्शक कंटेंट वाली फिल्मों को अपनी स्वीकृति देते हैं। मैं फिल्म इंडस्ट्री में अपनी यात्रा का आनंद ले रहा हूं और मुझे लगता है कि मेरे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण बिंदु अभी आना शेष है।

### एली अवराम ने मालदीव में हॉलीडे के फोटो किये साझा



**स्वीडिश-ग्रीक** अभिनेत्री एली अवराम ने अपने जीवन का मंत्र सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों से साझा किया है। एली ने इंस्टाग्राम पर अनेक चित्र पोस्ट किये जिसमें वो एक रंगों वाली प्लेट, ब्रश और कैनवाज़ लिए हुए हैं। इस छवि के साथ उन्होंने लिखा था, 'एलीज़ वे'। मालदीव में छुट्टिया बिताकर लौटी एली ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर वहां के अनेक फोटो साझा किये थे। इन छवियों में वो एक बड़े चेसबोर्ड पर श्वेत टॉप और काली मिनी स्कर्ट पहने खड़ी हैं।

### जेफडेनियल्स ने खोले अपने कॅरियर के राज



**हॉलिवुड** अभिनेता जेफडेनियल्स का कहना है कि वो अपने परिवार के पालन के लिए प्रोजेक्ट किया करते थे लेकिन उन्हें इस बात की प्रसन्नता है कि अब वो असफलता और स्वयं को चुनौती देने वाली फिल्में लेने का जोखिम उठा सकते हैं। एमी पुरस्कार विजेता डेनियल्स ने बताया, 'मेरे कॅरियर के दो चरण रहे हैं। एक वो जिसमें मैं अपने परिवार के भरणपोषण के लिए केवल अच्छी फिल्में ही करूं। यही कारण था कि मैं वैसा करता था। इसी क्रम में मैंने 'द पर्पल रोज़ ऑफकाइरो, समथिंग वाइल्ड तथा डंब एंड डंबर जैसे कुछ अच्छे प्रोजेक्ट भी किये थे। ये ऐसी फिल्में नहीं थीं जो लोग देखकर भूल जाते हों।'

# अलग प्रकार की कहानी वाली हॉरर फिल्म



## फिल्म: हिस हाउस

**नेटलिक्स**
**कलाकार: वुन्मी मोसाकू, सोपी दिरुसू, मैट स्मिथ**
**रेटिंग 5/10**

क्या आपने कभी सोचा है कि आप कोई अपराध करें और शैतान आपका पीछा करते हुए घर आ जाए और आपके मस्तिष्क में ही अपना ठिकाना बना ले। इसके परिणाम भयावह हो सकते हैं और अपराधबोध आपको जीवित नहीं रहने देता और आपका अंत कर देता है। हिज़ हाउस, कोई ऐसी सामान्य हॉरर फिल्म नहीं है जिसमें भूत रात में निकलता है और आते जाते लोगों को डराता रहता है। इस भूत का एक निहित उद्देश्य है वो आंख के बदले आंख का न्याय चाहता है और मौत के बदले मौत। ये सब प्रारंभ होता है युद्धग्रस्त सूडान से भागने वाले एक पति-पत्नी से जो बाद में ब्रिटेन में शरण चाहते हैं।

कोई भूत से कैसे पार पा सकता है वो उसके मस्तिष्क में ही होता है। जब किसी को पता हो कि उसने जो किया वो सोचते हुए उसके लिए जीना कठिन हो जाता है विशेषकर तब जबकि वो जो जगह छोड़कर भागा था वहां कई लोग मर चुके हैं। यही वो प्रश्न हैं जो उस युगल को उनके नए घर में प्रताड़ित करते रहते हैं। यदि ऐसा है तो फिर तो घर भूतहा ही कहा जाएगा। तो क्या युगल अच्छे लोग हैं जैसा कि उसका पति बार बार बोलता भी रहता है ताकि उसे ब्रिटेन की नागरिकता प्राप्त हो जाए और उसे वापस न भेजा जाए।

पति के चारों ओर बुनी गई इस हॉरर कहानी में ऐसे ही कई प्रश्नों को टटोला गया है। वो ब्रिटेन नागरिक की तरह लगने के लिएभूरे रंग के वस्त्र पहनता है, फॉर्क और चाकू से खाना खाता है और जताता रहता है कि वो ब्रिटेन को अपना देश मानता है। लेकिन इस पूरी समयावधि में उसकी पत्नी सूडान वापस जाना चाहती है फिर चाहे उसके पति को भूत ले जाए, लेकिन उस खोई लड़की को भूत वापस कर दे।

क्या पति-पत्नी अपने मतभेदों को दूर कर पाएंगे? क्या वे अब शांतिपूर्ण जीवन जी रहे हैं? क्या भूत को वश मे कर लिया गया? जानने के लिए फिल्म को देखना आवश्यक है।

**- शालिनी सक्सेना**

# हल्की फुल्की मनोरंजक फिल्म



## हॉलीडेट

**नेटलिक्स**
**कलाकार: एमा रॉबर्ट्स, ल्यूक ब्रेसी, मनीष दयाल और फ्रांसिसि फिशर**
**रेटिंग: 6/10**

यदि आपको रोमांटिक कॉमेडी प्रिय हैं जिनमें अंत में सबकुछ ठीक हो जाता है, तो आपको ये फिल्म अच्छी लगेगी। फिल्म होलीडेट के बारे में कयास लगाना कठिन नहीं कि इसका अंत कैसा होगा लेकिन फिर भी फिल्म की पूरी कहानी आपको अंत तक बांधे रह सकती है। कहानी में यद्यपि कुछ भी नया नहीं है। कहानी में एक लड़की है जिसका दिल टूट चुका है और उसके पिता चाहते हैं कि वो पुन: डेट पर जाने लगे। वे उसे कई पुरुषों से मिलाते भी हैं। लेकिन इसके बाद भी कहानी रोचक है और देखते ही बनती है। ये भी सही है कि भारत में ऐसा नहीं होता लेकिन फिर भी आपको इसमें कुछ भी असामान्य नहीं लगने वाला। हमारे देश की मांओं की राय इसकी कहानी से बिलकुल सामंजस्य स्थापित नहीं कर सकती।

यदि आप किसी ऐसी रोमांटिक कॉमेडी को देखते हैं जिसमें कॉमिक टाइमिंग अच्छी रखी गई हो तो फिल्म सामान्यत: दर्शक फिल्म को अपनी स्वीकृति प्रदान कर देते हैं। कई दृश्य इसमें ऐसे हैं जिन्हें देखकर अटपटा अनुभव कर सकते हैं।

आपको विश्वास न भी हो लेकिन वर्तमान कठिन समय में हमें ऐसी रोमांटिक फिल्म की ही आवश्यकता है जिसे देखकर आप कुछ अच्छा अनुभव कर सकते हैं। फिल्म की कहानी जैसी भी हो लेकिन इसे देखकर आपके भारी मन को भी अच्छा अनुभव होगा। इतना कहा जा सकता है।

एमा रॉबर्ट्स इसमें बहुत ही सुंदर और चहकती सी लगी हैं। लेकिन ये बिलकुल अनावश्यक था कि उनके आसपास कोई विचित्र सी महिला भी हो, उदाहरण के लिए उनकी आंट जो किसी भी पुरुष के पीछे चल देने की आदत रखती हों। वे विचित्र तो लगती हैं लेकिन कहानी में उन्हें इस तरह से रखा गया है कि वे कहानी का हिस्सा बन जाती हैं। फिल्म में उनका काम हास्य परिस्थितियां उत्पन्न करना था जो उन्होंने बखूबी किया है।

ल्यूक ब्रेसी, जैक्सन ने अपना चरित्र अच्छा निभाया है। एमा रॉबर्ट भीड़ से बचती दिखाई देती हैं। लेकिन उनकी जोड़ी इतनी सुघड़ बन पड़ी है कि फिल्म देखते बनती है।

**-शालिनी सक्सेना**

# मलेरिया की चपेट में आईं अभिनेत्री कृति खरबंदा



मुंबई। अभिनेत्री कति खरबंदा ने शुक्रवार को खुद के मलेरिया से पीड़ित होने की जानकारी देते हुए कहा कि उनके स्वास्थ्य में अब सुधार हो रहा है।

29 वर्षीय अभिनेत्री ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक सेल्फी पोस्ट कर बताया की उनके स्वास्थ्य में सुधार आ रहा है और वह जल्द ही फिर काम शुरू करने को लेकर आशान्वित हैं। उन्होंने कहा, हैलोउ यह मेरा मलेरिया वाला चेहरा है। यह बीमारी ज्यादा दिनों तक नहीं रहेगी। मैं जल्दी ठीक हो जाऊंगी क्योंकि मुझे काम पर वापस जाना है। उन्होंने कहा, जो लोग भी मुझे लेकर चिंतित हैं मैं उन्हें बताना चाहती हूं कि आज मेरे स्वास्थ्य में सुधार है और मुझे उम्मीद है कि कल यह और बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि 2020 ने उन्हें धैर्य रखना और खुद से प्यार करना सिखाया। हाल ही में खरबंदा बीजॉय नांबियार की फिल्म तैश में पुलकित सम्राट, जिम सरभ, हर्षवर्धन राणे और संजीदा शेख के साथ नजर आई थीं। यह फिल्म जी5 पर 29 अक्टूबर पर प्रसारित हुई थी।

# एएलटी बालाजी की सीरीज बिच्छू का खेल में एक अहम भूमिका में नजर आएंगे मुकुल चड्ढा




**मुंबई।** अभिनेता मुकुल चड्ढा जल्दी ही एएलटी बालाजी की आगामी सीरीज बिच्छू का खेल में नजर आएंगे। चड्ढा ने हाल ही में हिट अमेरिकन कॉमेडी सीरीज़ द ऑफिस के भारतीय रूपांतरण में अभिनय किया था।

चड्ढा ने कहा कि वह इस सीरीज में काम करने और एक अलग तरह का चरित्र निभाने को लेकर रोमांचित हैं।

उन्होंने कहा, मैं जिस किरदार को निभाने जा रहा हूं, वह एक छोटे से शहर के हलवाई का है, जो कुछ अन्य गतिविधियों में भी संलिप्त है। उन्होंने कहा, मुझे हमेशा जटिल चरित्रों को निभाने में आनंद आता है और बिच्छू का खिलाड़ी के साथ, मुझे न केवल एक जटिल चरित्र को निभाने का अवसर मिला, बल्कि यह मेरे अब तक के अन्य किरदारों से बहुत अलग है। बिच्छू का खेलै एक अपराध-थ्रिलर सीरीज है जो अपराध, बदले की भावना और राजनीति के विषयों को छूती है। शो 18 नवंबर को प्रसारित होगा।

# पन्ना : खदान से श्रमिक को मिला 6.92 कैरेट का हीरा, इस महीने श्रमिकों को मिले चार हीरे



**पन्ना।** हीरा खदानों के लिए प्रसिद्ध मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में 24 वर्षीय एक श्रमिक को बृहस्पतिवार को 6.92 कैरेट का कीमती हीरा मिला। इस हीरे की कीमत 30 लाख रुपए के आसपास आंकी गई है। इसके साथ ही पन्ना जिले की हीरा खदानों से पिछले एक माह के दौरान चार श्रमिकों को चार बड़े कीमती हीरे मिल चुके हैं।

हीरा निरीक्षक अनुपम सिंह ने बताया कि कृष्णा कल्यापुर पट्टी क्षेत्र से उथली हीरा खदान से अजयगढ़ निवासी श्रमिक संदीप साहू (24) को 6.92 कैरेट का हीरा मिला है। यह उज्ज्वल किस्म का हीरा है। संदीप ने हीरा कार्यालय में जमा करा दिया है। इस हीरे को अगली नीलामी में रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि इस माह चार अलग अलग मजदूरों को चार बड़े हीरे यहां की खदानों से मिले हैं जिनका कुल वजन 29.82 सेंट है। हीरा पाने वाले श्रमिक संदीप ने बताया, हीरा मिलने पर बहुत खुशी हो रही है। मैं पुलिस में भर्ती की तैयारी कर रहा था। लॉकडाउन के चलते कोई भर्ती नहीं हो रही थी तो मेहनत करने की सोची और खदान पट्टे पर ली। 15 दिन की मेहनत के बाद बृहस्पतिवार को 6.92 कैरेट का हीरा मिला है। इससे हमारे घर की आर्थिक स्थिति बेहतर होगी और मैं अपनी पढ़ाई तथा पुलिस की भर्ती की तैयारी अच्छे से कर सकूंगा। अधिकारी ने कहा कि हीरे को आगामी नीलामी में रखा जाएगा। नीलामी के बाद प्राप्त राशि से 12.5 प्रतिशत रॉयल्टी काटने के बाद शेष राशि संदीप को दी जाएगी। बुंदेलखंड के पिछड़े क्षेत्र में पन्ना जिला आता है जो कि अपनी हीरे की खदानों के लिए प्रसिद्ध है।

## नरेगा हाल के समय में सफलता की बड़ी कहानी : संरा सलाहकार

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र की वरिष्ठ सलाहकार उषा नारायण हेज ने अपनी किताब में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (नरेगा) को हाल में भारत की एक बड़ी सफलता करार दिया है जो आबादी के वंचित तबके को भूखमरी से सुरक्षा प्रदान करती है।

उषा की यह किताब लगातार बदलती नीतियों को लेकर है जो एशियाई और अफ्रीकी देशों में सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावित करती हैं।

# न्यूजीलैंड की पीएम जेसिंडा अर्डर्न की जीवनी छापेगा हार्पर कॉलिन्स



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न की एक जीवनी अगले साल प्रकाशित की जाएगी जिसमें उन घटनाओं और लोगों का जिक्र होगा जिन्होंने उन्हें जीवन में चीजों को अलग तरीके से करने की प्रेरणा दी और एक नेता बनने में सहयोग किया। भारत में हार्पर कॉलिन्स प्रकाशक ने पुस्तक के प्रकाशन की घोषणा की है जिसे सुप्रिया वानी और कार्ल ए. हार्ट द्वारा लिखा जाएगा। लेखकों ने न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री का साक्षात्कार लिया है और पुस्तक में इस बातचीत के अलावा अर्डर्न द्वारा दिए गए सार्वजनिक वक्तव्यों, भाषणों तथा उन्हें जानने वाले लोगों के बयानों के आधार पर उनके जीवन चरित्र को शब्दों के माध्यम से उकेरा जाएगा। अर्डर्न की प्रस्तावित जीवनी में उनके प्रधानमंत्री रहते हुए उनके मां बनने के अनुभव और महिलाओं के प्रति सम्मान के बारे में उनके विचारों को विशेष रूप से दर्ज किया जाएगा।

प्रकाशकों ने कहा कि पुस्तक का लक्ष्य पाठकों का परिचय एक ऐसी लड़की के जीवन चरित्र से कराना है जिसने छोटे से शहर के एक पुलिसकर्मी की बेटी की पहचान से देश से सर्वोच्च कार्यालय तक का सफर तय किया। अर्डर्न ने आतंकवाद, महिलाओं, एलजीबीटीक्यू अधिकारों, श्रम सुधार तथा जलवायु परिवर्तन के मुद्दों पर अहम फैसले लिए हैं। कोविड-19 से उपजी स्थिति के प्रबंधन के लिए भी उन्हें विश्व भर से सराहना मिल चुकी है।

वानी ने कहा, जेसिंडा अर्डर्न का साक्षात्कार लेने पर मुझे पता चला कि वह एक ऐसी महिला हैं जिनमें संवेदना और सहानुभति का मिश्रण है। वह बच्चों के लिए राजनीति में आई थीं और मुझे उम्मीद है कि इस जीवनी से युवा लड़कियों को प्रेरणा मिलेगी। हार्पर कॉलिन्स इंडिया के उदयन मित्र ने कहा कि पुस्तक के माध्यम से पाठकों को हमारे समय की सबसे आकर्षक और प्रेरणादायक शख्सियत के बारे में जानने का अवसर मिलेगा।

## केरल में मंदिरों की देखरेख करने वाला निकाय पहली बार अनुसूचित जाति के पुजारियों की नियुक्ति करेगा

**तिरूवनंतपुरम।** केरल में मंदिरों का प्रबंधन करने वाला शीर्ष निकाय ट्रावणकोर देवस्वओम बोर्ड अपने इतिहास में पहली बार अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदायों से पुजारियों की नियुक्ति करने जा रहा है।



ट्रावणकोर देवस्वओम बोर्ड :टीडीबी: ने इन समुदायों से 19 पुजारियों की नियुक्ति करने का निर्णय किया है। इनमें से 18 एससी समुदाय से जबकि एक आदिवासी समुदाय से होंगे। इन पुजारियों की नियुक्ति अंशकालिक आधार पर की जाएगी। टीडीबी प्रदेश के 1200 मंदिरों का प्रबंधन करता है। टीडीबी एक स्वायत्त मंदिर निकाय है जो विभिन्न मंदिरों का प्रबंधन करता है। इनमें सबरीमला का भगवान अयप्पा मंदिर भी शामिल है। प्रदेश के देवस्वओम मंत्री के सुरेंद्रन ने फेसबुक पोस्ट में कहा, यह पहला मौका है जब टीडीबी अपने अधीन मंदिरों में किसी आदिवासी व्यक्ति को पुजारी नियुक्त करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें अंशकालिक पुजारी के पदों पर नियुक्त किया जाएगा। यह नियुक्ति विशेष भर्ती प्रक्रिया के तहत की जाएगी। मंत्री ने कहा कि अब तक ट्रावणकोर देवस्वओम बोर्ड में अंशकालिक पुजारी पदों के लिए रैंक सूची से 310 लोगों का चयन किया गया है, जिसका प्रकाशन 2017 में किया गया था। उन्होंने कहा कि उस समय एससी और एसटी समुदायों से पर्याप्त संख्या में योग्य उम्मीदवार नहीं थे। इसलिए विशेष अधिसूचना के आधार पर उनके लिए एक अलग रैंक सूची जारी की गई जिसका प्रकाशन पांच नवंबर को किया गया। मंत्री ने कहा कि अदिवासी समुदाय के लिए चार रिक्तियां थी लेकिन केवल एक आवेदन मिला था सूत्रों ने बताया कि राज्य में मौजूदा सरकार के साढे चार साल के कार्यकाल में मंदिरों में 133 गैर ब्राह्मण पुजारियों की नियुक्ति की जा चुकी है।

# एसटीएफ के हत्थे चढ़ा जालसाज हेडमास्टर

● लहरपुर के पर्वतपुर, हरिहरपुर विद्यालय में था तैनात, 11 सालों से कर रहा था नौकरी

संवाददाता। सीतापुर

**एसटीएफ ने** बीते 11 सालों से फर्जी अंकपत्रों के सहारे नौकरी कर रहे जालसाज हेडमास्टर को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ द्वारा पेनकार्ड की शिकायत के बाद की गई जांच में यह कार्रवाई की गई है। एसटीएफ के प्रमोद कुमार वर्मा द्वारा आरोपी हेडमास्टर के विरूद्ध शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। बता दें कि लहरपुर तहसील के पर्वतपुर,


आरोपी शिक्षक

हरिहरपुर विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात ऋषिकेश त्रिपाठी पुत्र राममणि त्रिपाठी निवासी भेलही बैतालपुर जिला देवरिया फर्जी अंकपत्रों के सहारे 11 सालों से नौकरी कर मोटी पगार डकार रहा था। आरोपी हेडमास्टर ऋषिकेशमणि त्रिपाठी आजमगढ़ निजामाबाद के जमालपुर माफी निवासी बजरंग भूषण पुत्र रामसूरत के अंकपत्रों को लगाकर नौकरी कर रहा था। शासन स्तर से की जा रही पेनकार्डों की जांच में यह शिकायत मिली थी। जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ है। शासन स्तर से जिले में तैनात कई अन्य शिक्षकों की भी जांच चल रही है। पेनकार्ड में परिवर्तन कराने वाले शिक्षको का ब्यौरा खंगाला जा रहा है। एसटीएफ सूत्रों की माने तो कई शिक्षक रडार पर है, जिनकी जांच चल रही है। एसटीएफ की इस कार्रवाई से शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

**विभागीय सत्यापन पर सवाल:** षिक्षा विभाग में ज्वाइनिंग के बाद किए जाने वाले सत्यापन के साथ अन्य जांचो पर भी सवाल खड़े हो रहे है। सीतापुर में पहले भी कई नटवरलाल शिक्षक पुलिस के हत्थे चढ़े है और कई अभी भी संदेह के घेरे में है। आगरा विश्वविद्यालय प्रकरण के सनसनी खेज खुलासे के बाद प्रदेश भर में जालसाज शिक्षको की जांच स्पेशल टास्क फोर्स को सौंपी गई है।

> **जालसाज** षिक्षक के विरूद्ध 409, 419, 420, 467, 471 समेत संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।
> **टीपी सिंह, शहर कोतवाल।**

## स्नातक खण्ड निर्वाचन क्षेत्र का दौरा...
# कान्ती सिंह ने किया नामांकन


सीतापुर-नामांकन के बाद मौजूद प्रत्याशी कान्ती सिंह, एसपी सिंह

संवाददाता। सीतापुर

● ब्लाक प्रभारियों से कान्ती सिंह ने की मुलाकात

**लखनऊ** खण्ड स्नातक सीट के लिए नामांकन प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। कान्ति सिंह ने पहले दिन ही नामांकन किया। इस दौरान पूर्व एमएलसी डॉ एस. पी. सिंह, सुशील कुमार, हर्षित सिंह, ज्ञानेंद्र कुमार, राजबहादुर सचान, राज बहादुर सिंह चंदेल आदि मौजूद रहे।

**क्षेत्र का किया भ्रमण:** लखनऊ खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की प्रत्याशी कान्ति सिंह ने गोंदलामऊ, मछरेहटा व संदना में ग्राम व ब्लॉक प्रभारियों से मुलाकात करके चुनावी तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सोशल डिस्टेंसिंग का हर हाल में पालन करने का आह्वान किया। इस दौरान हरिपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, मोनू सिंह राणा, रामऔतार यादव, ब्रजकिशोर यादव, अनिल यादव, सत्यदेव पाण्डे, आलोक यादव आदि मौजूद थे।

## क्विक न्यूज

### मध्यांचल विद्युत के आश्वासन पर समाप्त हुआ धरना

● किसानों को ट्रांसफार्मर न दिए जाने को लेकर चल रहा था प्रदर्शन

**सीतापुर।** निजी नलकूप सामान्य योजना के आवेदक किसानों को ट्रांसफार्मर दिए जाने की मांग को लेकर राष्ट्रीय लोकदल का अनिश्चित कालीन धरना दूसरे दिन अधिशाषी अभियंता ए.के. श्रीवास्तव के आश्वासन पर समाप्त कर दिया है। इस दौरान रालोद नेता आरपी सिंह चौहान ने केन्द्र व प्रदेश को किसान विरोधी बताया और मांग पूरी न होने तक धरने पर डटे रहने का ऐलान किया था। राजकुमार मिश्रा, मो उमर, रवि सिंह शरद पांडे, दीपक गुप्ता, हर्ष तिवारी, हर्षित गुप्ता, रविराज, मुनेंद्र यादव, विजयपाल, देशराज यादव, सियाराम, रामसहाय आदि मौजूद रहे।

### हंसराज वर्मा बने निर्विरोध अध्यक्ष

● प्रा.शि. संघ का हुआ चुनाव

**महमूदाबाद सीतापुर।** हंसराज वर्मा उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की महमूदाबाद ब्लॉक इकाई के निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिए गए हैं। श्री वर्मा 7वीं बार अध्यक्ष बने हैं। अजय मिश्र, ज्ञानेश मिश्र, ईशान वाजपेयी, राम खेलावन वर्मा, संतोष वर्मा, उमेश वर्मा, विजय वर्मा, मोहम्मद कमाल, सुशील वर्मा, वहीदुज्जमा, नीलम कुमारी, अर्चना वर्मा, निहारिका गुप्ता, प्राची वाजपेयी, जितेंद्र जायसवाल, राजेश वर्मा, अनुपम वर्मा, आफ्ताब अहमद, राम कुमार वर्मा, विद्या प्रसाद आदि ने बधाई दी है। रामपुर मथुरा में शिक्षक संघ के चुनाव में कांटे की टक्कर हुई। हालांकि 313 मत प्राप्त करके जंग बाहदुर दोबारा अध्यक्ष बनने में कामयाब हो गए। प्रतिद्वंदी आषुतोश पाण्डेय को 234 वोट मिले। चुनाव 5 सदस्यीय पर्यवेक्षकों की देखरेख में हुआ।

### वर्कशॉप में लगी आग

**सीतापुर।** शहर के स्टेशन रोड़ स्थित डेंटिंग पेंटिंग वर्कशाप में गुरूवार रात आग लग गई। यहां खड़ी कई गाड़ियां जल गई। लाखों के नुकसान का अनुमान है। आग की लपटों का असर पड़ोस मे रखी पान की गुमटी पर भी पड़ा। फायरबिग्रेड ने आग को काबू किया। कोतवाल टीपी सिंह भी दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचे। बता दें लॉकडाउन के दौरान भी यहां आग लग गई थी। इस बार आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

### सांसद की आईडी से रुपए की मांग

● फर्जी आईडी बनाकर साइबर ठग कर रहे मैसेज

**सीतापुर।** शुक्रवार को जहां एक तरफ फेसबुक पर सांसद राजेष वर्मा को जन्मदिन की बधाईयां देने वालों का तांता लगा था तो वहीं दूसरी तरफ एक साइफर ठग उनके नाम की फर्जी आईडी बनाकर रामकृष्ण पुरी निवासी अमरेन्द्र अवस्थी को चूना लगाने का प्रयास कर रहा था। साइबर ठग ने सांसद के नाम पर बाकायदा फोटो लगाकर पहले तो फर्जी आईडी बनाई और फिर पेटीएम द्वारा अमरेन्द्र सिंह 10 हजार रूपये की मांग कर रहा था। सांसद की फर्जी आइडी से अमरेन्द्र की चैट बाक्स के स्क्रीन शॉट वायरल हो रहे है। लोग इस घटना के बाद अपनी फेसबुक आईडी को लेकर खौफजदा हो रहे है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटकता मिला शव

**सदरपुर सीतापुर।** सदरपुर थाना क्षेत्र के गांव पिपरी रण्डा निवासी 40 वर्षीय जादूराम का शव शुक्रवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में पेंड़ से लटकता मिला। बताया जा रहा है कि जादूराम अपने घर में अकेले ही रहता था। बीमारी के कारण भी परेशान था और मानसिक तनाव के चलते गुरुवार की रात अपने ही खेत में लगे चिलवल के पेंड़ में प्लास्टिक की रस्सी से लटक कर आत्म हत्या कर ली। प्रभारी निरीक्षक उमाकांत दीपक ने बताया कि मृतक के चचेरे भाई गनेशी लाल ने तहरीर दी है, जांच की जा रही है।

### 24 घंटे में निकले 27 कोरोना मरीज

**सीतापुर।** सावधान हो जाइए सीतापुर में एक बार फिर से कोरोना की रतार तेज हो गई है। पिछले 24 घंटे में 27 नए मरीजों की पहचान की गई है। षहर के आनंद नगर, बुद्ध नगर, विकास नगर व हैप्पी होम कॉलोनी में 1-1 मरीज मिला है। अग्रवाल ऑटो सेल्स में 2 नए मरीज मिलें हैं। सिधौली में 6 मरीज मिलने से हड़कम्प है। मिश्रिख में 3, गोंदलामऊ व कसमंडा में 2-2 और एलिया, बिसवां, महोली, पहला व परसेंडी में 1-1 मरीज मिला है। 3 केस अन्य स्थानों के हैं।

### मनीषा हत्याकांडः अभियुक्त गिरफ्तार, जेल भेजा

**हरगाँव सीतापुर।** थाना क्षेत्र के शेरपुर में संदिग्ध हालात में हुई महिला की मृत्यु के मामले में मृतका के पिता की नामजद तहरीर पर हरगाँव पुलिस ने मृतका के पति व ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । हरगाँव थाना क्षेत्र के ग्राम शेरपुर में गत दिनों मनीषा 22 पत्नी अनूप की मृत्यु संदिग्ध अवस्था में 2नवम्बर को हो गयी थी ।जिसमें मृतक मनीषा के पिता ग्राम भटपुरवा थाना हरगॉव निवासी ओम प्रकाश पुत्र भगवान दीन ने हरगाँव थाने में तहरीर देकर मनीषा के पति अनूप कुमार व ससुर राम नरेश पुत्र कल्लू निवासी शेरपुर थाना हरगाँव के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था थाना प्रभारी हरगॉव विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि उपनिरीक्षक मोहन लाल वर्मा ने अपने हमराही आरक्षी सूर्य प्रकाश व राम विजय यादव के साथ वाहन चेकिंग के दौरान दहेज एक्ट के वांछित अभियुक्त अनूप कुमार व राम नरेश को गिरफ्तार कर मु.अ.सं. 529/20 धारा 498 ए।,304 , 3/4 में चालान कर संबंधित न्यायालय के सुपुर्द किया गया।

### संत समाज व धर्म की रक्षा के लिये जीता है: नरेंद्र गिरी

**नैमिषारण्य सीतापुर।** सन्त देश समाज और सनातन धर्म की रक्षा के लिये ही जीता है। सन्त कभी भी अपने परिवार के लिये नही सोचता है क्योकि सन्त समाज में आने के बाद उसका पिछला जीवन ही समाप्त कर दिया जाता है। उन्होने आगे बोलते हुए मुख्यमंत्री का उदाहरण देते हुए कहा कि योगी के पिता का निधन हो जाने पर भी वह उनके अन्तिम संस्कार मे घर नही गए। उन्होने यह सिध्द कर दिया कि वह राजनीति में जरूर है लेकिन सनातन धर्म के नियम उनके लिये सर्वोपरि है। यह उद्बबोधन बृह्लीन स्वामी विवेकानन्द सरस्वती महराज की 37 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर नैमिषारण्य मे आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरी महराज ने कही। इस दौरान महंत नारायण गिर, स्वामी जितेन्द्रानंद सरस्वती, अध्यक्ष स्वामी विद्या चौतन्य महराज ने इस अवसर पर श्रद्धाजंलि दी। इस मौके पर विशेष रूप से स्वामी द्वारा समारोह में उपस्थिति हरदोई के भाजपा जिलाध्यक्ष सौरभ मिश्रा कान्पुर से आए महेंद्र सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

### उद्धव सरकार द्वारा लोकतंत्र की निर्मम हत्या बेहद निंदनीय

हरगांव सीतापुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हरगांव नगर इकाई ने एक चैनल के एडिटर इन चीफ की गिरतारी के विरोध में कस्बे चौराहे पर महाराष्ट्र के सीएम का पुतला फूंका। इस दौरान सीएम उद्धव ठाकरे विरोधी नारे भी लगे। जिला सहसंयोजक आकाश अवस्थी, शिवा अवस्थी, गोपाल मिश्रा, प्रशांत सिंह, शुभम गुप्ता, अंकुर सोनी, रामू राजपूत, पुष्पेंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### अब सोमवार को चलेगा विशेष टीकाकरण अभियान

**सीतापुर।** जानलेवा बीमारियों से बचाने वाला टीकाकरण अभियान अब सप्ताह में तीन दिन चलाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. पीके सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने टीकाकरण अभियान के शुभारंभ अवसर पर इस आशय की घोषणा की है। डीआईओ ने बताया इससे पहले टीकाकरण सप्ताह में दो दिन बुधवार और शनिवार को आयोजित होता था। अब इसके साथ ही सोमवार को विशेष टीकाकरण अभियान के तहत टीकाकरण से वंचित बच्चों का टीकाकरण होगा जबकि बुधवार और शनिवार को पूर्व की भांति टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा।

# जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

संवाददाता। सीतापुर

**जिलाधिकारी विशाल** भारद्वाज ने विकास कार्यों की समीक्षा की है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने लाभार्थीपरक योजनाओं के संचालन और गोषालाओं के रखरखाव पर जोर दिया। उन्होंने सीवीओ को नियमित गोषालाओं का निरीक्षण करने का निर्देष दिया। प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना में खराब प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुये सुधार के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने जिला पर्यावरण समिति और पर्यावरण समिति की बैठक भी की। जिलाधिकारी ने गत 5 वर्षों में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये पौधों की सफलता प्रतिशत की आख्या तलब की। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा आलोक वर्मा, जिला विकास अधिकारी राकेश कुमार पाण्डेय, परियोजना निदेशक डीआरडीए एके सिंह, उपायुक्त श्रम एवं रोजगार सुशील कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### एमएलसी चुनाव को लेकर हुई बैठक

**एमएलसी** चुनाव को लेकर जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने प्रभारी अधिकारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारी तैनात किये गए हैं। इन सभी प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमें जिलाधिकारी ने कार्यों की समीक्षा करते हुए समय-समय पर जानकारी देने का निर्देश दिया है।

# एम्बुलेंस में प्रसूता ने दिया बच्चे को जन्म

**बेल्ही परसेंडी की गर्भवती महिला को अस्पताल लाते समय ईएमटी ने कराया प्रसव, जच्चा-बच्चा महिला अस्पताल में भर्ती**

**सीतापुर।** जीवन दायिनी एम्बुलेंस से प्रसव के लिए अस्पताल लायी जा रही प्रसूता ने एम्बुलेंस में ही बच्चे को जन्म दिया है। बेल्ही परसेंडी निवासी गर्भवती किरन पत्नी राजकुमार के फोन पर जीवन दायिनी उसके घर पहुंची और गर्भवती को जिला अस्पताल पहुंचाने के लिए रतार भरी, रास्ते में ही प्रसूता ने पुत्र को जन्म दिया है। ईएमटी रूपेश लता ने गर्भवती का प्रसव कराया। जच्चा-बच्चा स्वास्थ्य है, दोनो को जिला महिला अस्पताल में रखा गया है। ईएमई रजत दीक्षित ने बताया कि गर्भवती को अस्पताल लाया जा रहा था तभी रास्ते में उसकी हालत बिगड़ने लगी, आपातकालीन स्थिति में ड्राइवर दीपक कुमार द्वारा गाड़ी रोंककर ईएमटी ने प्रसव कराया।

# नुक्कड़ नाटक में दिया यातायात का संदेश


सीतापुर-यातायात जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद कलाकार

संवाददाता। सीतापुर

**सड़क हादसों** में लगाम लगाने के लिए चलाए जा रहे यातायात जागरूकता अभियान के तहत प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर नुक्कड़ नाटको का आयोजन किया गया। निर्मला महिला शिल्पकला केन्द्र द्वारा चलाए जा रहे यातायात सुरक्षा अभियान में नैमिष मिश्रिख महोली में जागरूकता कार्यक्रम कराए गए। संस्थान की निर्मला वर्मा ने बताया कि यातयात के नियमों का पालन कर सड़क हादसों से बचा जा सकता है, चालान का मतलब राजस्व वसूलना नहीं बल्कि जिन्दंगी को बचाना है। हेलमेट सीट बेल्ट का नियमित प्रयोग करने से सड़क हादसों में मौतों के आंकड़े को कम किया जा सकता है। कार्यक्रम में अनुपम, अनुराग, विपिन, सोनी, प्रियंका, रंजीत आदि मौजूद रहे।

# वैदिक मंत्रोच्चारों के साथ अवध शुगर मिल का पेराई सत्र शुरू


हरगांव-पूजन कर मिल का शुभारम्भ करते मिल अधिकारी

संवाददाता। हरगांव सीतापुर

● हरगांव में किसान को सम्मानित कर शुरू हुई तौल

**हरगांव चीनी** मिल का चक्का घूम गया है। षुक्रवार को बिड़ला मंदिर के पुजारी पंडित जगदीश चंद्र जोशी व पंडित मोहन चंद्र जोशी ने मंत्रोच्चारण करके अधिशासी अध्यक्ष डीके शर्मा से पूजन कराया। साथ ही अधिशासी उपाध्यक्ष शूरवीर सिंह, विजयवीर राणा, पंकज गोयनका व अन्य मिल अधिकारियों ने डोंगे मे गन्ना डालकर पेराई सत्र का शुभरम्भ किया। भीखपुर निवासी चन्द्रभाल वर्मा की पहली बैलगाड़ी तौली गई। रवी शर्मा, आरएस अग्निहोत्री, बीरबल पाल, नितेश अग्रवाल, प्रशुभ मिश्र, जेपी श्रीवास्तव, विनोद शर्मा, अतुल शर्मा, सुरेश पाण्डेय आदि मौजूद थे। उन्होंने कहा 51 क्रय केन्द्रों पर तौल चालू हो चुकी है और जो रह गए हैं वह भी शीघ्र चालू हो जाएंगे।

## शिशु सुरक्षा दिवस आज....
# प्रसव पूर्व प्रसूता की जांच पर जोर

संवाददाता। सीतापुर

**स्वास्थ्य विभाग** द्वारा जिले में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं ताकि सुरक्षित प्रसव के साथ-साथ मातृ व शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। इन योजनाओं के सफल संचालन के लिए जिला स्तर से लेकर ब्लॉक स्तर पर निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिसका सकारात्मक असर भी दिख रहा है। इसके बावजूद जिले के ग्रामीणों इलाकों में अब भी ऐसे गांव हैं, जहां गर्भवती को सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराने के बजाय परिजन घरेलू प्रसव व निजी क्लीनिक में ले जाते हैं, जो जच्चा व बच्चा दोनों के लिए खतरनाक हो सकता है।

डाक्टरों का मानना है कि संस्थागत प्रसव कराने से शिशुओं के साथ-साथ माताएं भी सुरक्षित रहती हैं। एसीएमओ डॉ. सुरेंद्र शाही का कहना है कि शिशु और मातृ मृत्यु दर को कम करने के लिए ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) पर अधिक से अधिक गर्भवती की प्रसव पूर्व जांच कराने पर बल दिया जा रहा है। सुरक्षित प्रसव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए एएनएम और आशा घर-घर जाकर लोगों को जागरूक कर रहीं हैं।

> **प्रसव** पूर्व तैयारियां करना जरूरी है, इसमें लाभार्थी एवं उसके परिवार के सदस्य एएनएम एवं नजदीकी आंगनबाड़ी की सहायता लेकर जरुरी इंतजाम कर सकते हैं और सुरक्षित प्रसव के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अथवा जिला अस्पताल जा सकते हैं।
> **डा.सुषमा कर्णवाल, सीएमएस महिला अस्पताल।**

**घर पर ही हो रहे 32 फीसदी प्रसव-** राष्ट्रीय स्वास्थ्य परिवार सर्वेक्षण-4 के अनुसार सीतापुर में 67.8 प्रतिशत प्रसव अस्पतालों में होते हैं, जिसमें 56.2 प्रतिशत प्रसव किसी प्रशिक्षित चिकित्सक या नर्स की निगरानी में होते हैं। 12-23 माह की आयु वर्ग के 44.8 प्रतिशत बच्चों का ही पूर्ण टीकाकरण हो पाता है। 87.3 प्रतिशत बच्चों को बीसीजी, 72.9 प्रतिशत बच्चों को खसरा और 47.7 प्रतिशत बच्चों को हेपेटाइटिस बी के तीनों टीके मिल पाते हैं। इसी आयु वर्ग के 74.2 फीसद बच्चों को पोलियो वैक्सीन की और 54.5 प्रतिशत बच्चों को डीपीटी की तीनों खुराक मिल पाती हैं। 34.8 प्रतिशत बच्चे जन्म के एक घंटे के अंदर स्तनपान कर पाते हैं।

**संपत्ति व पैसों के लेन-देन के चक्कर में जघन्य वारदात**

# धारदार हथियार से भतीजे ने चाचा को उतारा मौत के घाट

● थाना रामपुर इलाके के गांव कोरार का मामला

● मौके पर दल बल के साथ पहुंचे एएसपी साउथ, सीओ सिधौली

● हत्यारोपी मौके से फरार, शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

संवाददाता। सीतापुर

**थाना रामपुर** कला इलाके में संपत्ति व पैसे के लेनदेन को लेकर अपनों ने ही अधेड़ को धारदार हथियार से मौत के घाट उतार दिया और मौके से फरार हो गए। सूचना पाकर एएसपी साउथ, सीओ सिधौली दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए हैं। दरअसल मामला इलाके के गांव कोरार का है जहां के निवासी दो सगे


सदरपुर-घटना स्थल पर मौजूद पुलिस बल व इनसेट में (मृतक की फाइल फोटो)

भाइयों होली राम व दयाराम में संपत्ति व उधार के पैसों लेन देन को लेकर विवाद चल रहा था। पुलिस के अनुसार होली राम के कोई संतान नहीं थी और वह भाई दयाराम के साथ ही उनके घर पर रहते थे। शुक्रवार दोपहर दोनों भाइयों के बीच उधार के पैसों को लेकर विवाद इतना बढ़ गया विवाद इतना बढ़ गया कि भतीजे भानु प्रताप ने धारदार बाकी से चाचा की गला काट कर हत्या कर दी। ग्रामीणों की माने तो हत्यारोपी लकड़ी इकट्ठा कर चुपके से शव का अंतिम संस्कार करने जा रहे थे लेकिन तभी किसी ग्रामीण की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस को आता देख हत्यारोपी मौके से फरार हो गए। इस दौरान एएसपी साउथ एनपी सिंह, सीओ सिधौली दिनेश कुमार यादव के साथ थाना प्रभारी महमूदाबाद अनिल तिवारी, कोतवाल सिधौली रामप्रकाश व थाना रामपुर कला इंचार्ज पंकज कुमार त्यागी मय हमराही बल मौके पर पहुंच गए। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

> सम्पत्ति विवाद व पैसे के लेनदेन का मामला है, शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।
> **एन.पी. सिंह, एएसपी दक्षिणी।**

# महिला अपराधों पर सख्त दिखीं आईजी

● रूटीन निरीक्षण पर जिले में हुआ था आगमन

● अधीनस्थों को दिए सख्त निर्देश

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**महिलाओं** के साथ बढ़ अपराधों को लेकर आईजी बेहद सख्त रवैया अख्तियार किये हुए हैं। शुक्रवार को अचानक निरीक्षण करने के उद्देश्य से आईजी लखीमपुर खीरी पहुंची जहां बार्डर पर एसपी सहित अधीनस्थों ने उनका स्वागत किया। आईजी का अमला सीधे सदर कोतवाली पहुंचा जहां पर उन्होंने महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने अपने मातहतों को दिशा निर्देश भी दिये। आईजी ने एसपी को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी महिला कोतवाली की चौखट तक आये उसके मामले को जल्द से जल्द सुलटाने का प्रयास किया जाये। इसके अलावा महिलाओं के साथ बढ़ रहे मामलों को गंभीरता से देखेए उनकी हर सम्भव मदद की जाये। पत्रकारों से रूबरू हुई आईजी लक्ष्मी सिंह ने कहा कि यह उनका रूटीन निरीक्षण थाए जिसके तहत महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया गया जिसमें अमूमन सभी व्यवस्थाएं सही पायी गयी हैं। आने वाले समय में हेल्प डेस्क को और भी प्रायोगिक और प्रतिकूल बनाने के लिए हर सम्भव प्रयास किया जायेगा।

## स्नातक चुनाव पर चर्चा

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** कैंप कार्यालय भारत भूषण कॉलोनी गोला में अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी प्रहलाद पटेल के आवास पर लखनऊ स्नातक चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी बृजेश कुमार सिंह के चुनाव की रणनीति तय की गई। जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल के अनुसार चुनाव प्रभारी मोहन चन्द उत्प्रेती आगामी 20 नवंबर को जिला मुख्यालय पर पूरे जनपद के जिम्मेदार वरिष्ठ कांग्रेस जन समस्त फ्रंटलए विभागए प्रकोष्ठए के कार्यकर्ताओं को बुलाकर के चुनाव को सफलता तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सौपेगें। जिसकी रणनीति तय कर ली गई है।श्री वर्मा ने बताया कि प्रत्येक न्याय पंचायत से लेकर प्रत्येक गांव तक कांग्रेस का सिपाही पहुंचकर एमएलसी पद के लिए एक.एक मत निकाल कर के अपने बूथ तक ले जाने की जिम्मेदारी संभालेगा। बैठक में जिला उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी सहजेंद्र, जिला महासचिव प्रेम कुमार वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष मोनू सिंह, जिला सचिव केके मिश्रा, अनिल भार्गव, युसूफ खान, चंद्रेश पटेल, रामकुमार वर्मा, अमित कुमार गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद वर्मा आदि मौजूद रहे।

## पवन मिश्रा अध्यक्ष व सोहन पाल बने मंत्री




**मैगलगंज-खीरी।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला लखीमपुर खीरी ब्लॉक पसगवां का त्रैवार्षिक अधिवेशन/निर्वाचन शिक्षक संगोष्ठी गुरु अर्जुन देव पब्लिक स्कूल मैगलगंज में सम्पन्न। 6 नवम्बर दिन शुक्रवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला लखीमपुर खीरी ब्लाक पसगवां का त्रैवार्षिक अधिवेशन गुरु अर्जुन देव पब्लिक स्कूल मैगलगंज में सम्पन्न हुआ जिसमें पवन मिश्रा को अध्यक्ष, सोहन पाल को महामंत्री निर्विरोध चुना गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान अध्यक्ष व मंत्री पद के एकल नामाकंन आने से दोनों पदाधिकारियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। चुनाव अधिकारी ने अध्यक्ष पद हेतु पवन मिश्र के नाम का प्रस्ताव विजय कुमार मिश्र ने किया। अधिवेशन एवम निर्वाचन हेतु संगठन के जिला संरक्षक नरेशचंद्र शुक्ल, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष राजकिशोर पांडेय, जिलाध्यक्ष संजीव त्रिपाठी, महामंत्री मनोज शुक्ल, जिला मीडिया प्रभारी राहुल बाजपेई, लालता बाजपेई, सौरभ मिश्र, रितेश मिश्र, धीरज वर्मा, श्रुति दीक्षित, अपनेश वर्मा, रमेश नागर, प्रभाकर शर्मा, पवन मिश्र, संजीव पांडे, सचिन दीक्षित, राम प्रकाश रस्तोगी, महेंद्र मिश्र, दिनेश मिश्र, नरेंद्र श्रीवास्तव, संजय गुप्ता, प्रदीप पांडे, उर्मिला रस्तोगी, शिवप्रकाश बाजपेई, सियाराम दिनकर, विवेक बाजपेई, विवेक गुप्ता, देवप्रकाश सिंह, राधाकृष्ण गुप्ता, नीरज पांडे, प्रभात कृष्ण मिश्र सहित सैकड़ों शिक्षको में प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम का संचालन महेंद्र मिश्रा ने किया।

## रिश्तेदार के घर से लौट रहे युवक की दुर्घटना में मौत

**बरेली।** रिश्तेदार के घर से वापस लौट रहे बाइक सवार युवक की रास्ते में ही सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।देवरनिया थाना क्षेत्र के गांव पखूनी निवासी 30 वर्षीय महेश कुमार पुत्र जमुना प्रसाद की फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घरवालों ने बताया कि महेश कुमार के साडू सर्वेश कुमार फतेहगंज पश्चिमी में रहते हैं। बीती रात सर्वेश के पिता का निधन हो गया। पता चलने पर महेश उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए मोटरसाइकिल से साडू के घर गया था। जहां से अंतिम संस्कार संपन्न होने के बाद वह बाइक से अपने घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान पीछे से आए किसी वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी।

## 13 दिसंबर तक मतदान केंद्रों में भरे जाएंगे मतदाता फार्म

संवाददाता। फतेहपुर

**जिला निर्वाचन** अधिकारी, जिलाधिकारी संजीव सिंह की अध्यक्षता में गांधी सभागार में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठक संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग ने अहर्ता तिथि 01 जनवरी के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की विभिन्न गतिविधियों के लिए कार्यक्रम निर्धारित किए हैं। जिसमें 17 नवंबर को निर्वाचक नामावलीओं का आलेख प्रकाशन किया जाएगा। 17 नवंबर से 15 दिसंबर तक दावे आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि एवं 28 नवंबर, 05 दिसंबर और 22 नवंबर, 13 दिसंबर विशेष अभियान के तहत मतदान केंद्रों में फार्म नंबर 6, 7, 8 भराये जाएंगे। 05 जनवरी को दावे आपत्तियो का निस्तारण होगा। 14 जनवरी को निर्वाचक नामावली का विभिन्न पैरामीटर पर परीक्षण एवं अंतिम प्रकाशन किया जाएगा और समस्त आहार्य नागरिक निर्वाचक नामावली में पंजीकृत हो जाएंगे एवं निर्वाचक नामावली में दर्ज नाम पता एवं अन्य प्रविष्टियों में विद्धमान त्रुटियों को दूर किया जाएगा, अधिक से अधिक युवा पात्र मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित करने के लिए ऐसे पात्र मतदाता जो 01 जनवरी 2021 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हो या पूर्ण कर चुके हैं, के नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित होंगे। उन्होंने कहा कि मृतक, सिफ्टेड एवं डबल नामों को चिन्हित कर उनका नियमानुसार अपमार्जन करने के निर्देश दिए।

## बेलरायां व गोला चीनी मिलों के पेराई सत्रों का हुआ शुभारंभ

संवाददाता। निघासन/गोला गोकर्णनाथ-खीरी



**चीनी** मिल बेलरायां का 41एवें पेराई सत्र का शुभारंभ विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण व हवन पूजन के साथ शुरू किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि खीरी सांसद अजय मिश्र 'टेनी' तथा विशिष्ट अतिथि साधना श्यामजी पांडे उपाध्यक्ष उप्र सहकारी चीनी मिल संघ लि. लखनऊ व निघासन विधायक शशांक वर्मा ने डोंगे में गन्ना ड़ालकर नवीन पेराई सत्र 2020-21 की शुरुआत की जिससे गन्ना किसानों व क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई।

क्षेत्र की लाइफलाइन कही जाने वाली सरजू सहकारी चीनी मिल बेलरायां के नवीन पेराई सत्र के उद्घाटन में मुख्य अतिथि सांसद अजय मिश्र 'टेनी' तथा विशिष्ट अथिति साधना पांडे उपाध्यक्ष उप्र सहकारी चीनी मिल संघ लखनऊ तथा विधायक शशांक वर्मा का स्वागत मिल के पीसीएस प्रधान प्रबंधक सुशील कुमार गौड़ एडीएम व मुख्य अभियंता वीरेंद्र सिंह, मुख्य रसायन राजेश त्रिपाठी, मुख्य लेखाकार रवि चौधरी, मुख्य गन्ना अधिकारी एसके श्रीवास तथा मिल चिकित्साधिकारी अरुण कुमार तिवारी ने फूल मालाओं से किया।

## 'महिला तथा बालिकाओं को सुरक्षित परिवेश की अनुभूति कराना प्राथमिकता'



**बरेली।** जिला प्रोबेशन अधिकारी नीता अहिरवार ने शासन द्वारा जारी नवीन गाइडलाइन के अनुसार आगामी गतिविधियों के सम्बन्ध में जूम मीटिंग आयोजित की गयी। मीटिंग में मिशन शक्ति से सम्बन्धित सभी स्वैच्छिक संगठन एवं महिला कल्याण विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें महिलाओं तथा बालिकाओं को स्वावलम्बी बनाना, उनमें सुरक्षित परिवेश की अनुभूति कराना, जागरूकता पैदा करना, आत्म सुरक्षा की कला विकसित करने हेतु महिलाओं तथा बच्चों को प्रशिक्षित करना तथा उनके प्रति हिंसाध्अपराध करने वालों की पहचान उजागर करने के दृष्टिगत दूसरे चरण में मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक मुद्दों से सुरक्षा तथा सपोर्ट आदि विषयों पर जागरूकता किये जाने पर चर्चा की गयी। मिशन शक्ति अभियान के द्वितीय चरण में दिन-प्रतिदिन महिलाओं तथा बालिकाओं से सम्बन्धित मुद्दों पर थीम बनाकर जागरूकता कार्यक्रम कराये जाने, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं जिन्होंने आत्मनिर्भरता को लेकर अच्छा कार्य किया है उनकी केस हिस्ट्री बनाने व अन्य महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रेरित किये जाने के निर्देश दिये गये। आज कलेक्ट्रेट दान केन्द्र पर किताबें, वस्त्र, बर्तन, प्लास्टिक का झूला व अन्य वस्तुयें दान में दी गयीं। विकास भवन दान केन्द्र पर कपड़े, किताबे एवं खिलौने दान किये गये। इसके अतिरिक्त स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा बनाये गये दान केन्द्रों पर कपड़े, पुस्तकें, स्टेशनरी, खिलौने व अन्य सामान दान में दिये गये। शालू वर्मा एवं रिंकी सैनी जिला समन्वयक महिला शक्ति केन्द्र द्वारा खालसा इण्टर कालेज सुभाषनगर एवं साहू गोपीनाथ इण्टर कालेज बांस मण्डी बरेली में बालिकाओं एवं महिलाओं के साथ मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम किये गये।

## एनसीसी से जुड़कर करें देश की सेवा: मेजर इम्तियाज

● एनसीसी कैडेट्स का भर्ती समारोह सम्पन्न

**संडीला ( हरदोई )।** एनसीसी देश की रक्षा के लिए सेना का रिजर्व तैयार करती है इससे जुड़कर कैडेट्स देश की सेवा के लिए न केवल सेना में भर्ती हो सकते हैं वरन् अन्य सरकारी सेवाओं में भी एनसीसी महत्वपूर्ण सफलता में सहायक सिद्व होती है। यह उद्गार आईआर इंटर कालेज ग्राउण्ड पर आयोजित एनसीसी सीनियर एवं जूनियर डिवीजन कैडेट्स की भर्ती के अवसर पर छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए मेजर इम्तियाज अली ने व्यक्त किये।

आईआर इंटर कालेज ग्राउण्ड पर बिहार रेजीमेंट से आये कर्नल शलभ त्रिपाठी, नायब सूबेदार नित्यानंद, हवलदार संतोष पाण्डेय, हवलदार पवन कुमार एवं पी पी तिवारी एनसीसी कैडेट्स चयन प्रक्रिया के लिए पधारे इसका शुभारम्भ प्रधानाचार्य डा ओ पी सिंह ने किया। इसी अवसर पर मेजर इम्तियाज अली ने उपस्थित छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश तभी सुरक्षित है जब उसकी रक्षा का भार श्रेष्ठ सैनिकों के कंधों पर हो। एनसीसी के माध्यम से छात्र छात्रायें देश की सेना के लिए रिजर्व फोर्स के रुप में प्रशिक्षित किये जाते है जो आपात स्थिति आने पर सेना के कंधे से कंधा मिलाकर देश की रक्षा का गुरुतर भार उठाते हैं यही नहीं विभिन्न दैवीय आपदाओं में एनसीसी कैडेट्स पीड़ित मानवता की बेहतरीन सेवा भी करते हैं। उन्होंने कहा कि न केवल सेना बल्कि राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय सेवाओं में एनसीसी के प्रमाण पत्र धारकों को महत्वपूर्ण वेटेज अंक की प्राप्ति भी होती है। इसी अवसर पर डा ओ पी सिंह ने भी छात्र छात्राओं को सेना के सम्बंध मे विस्तार से जानकारी दी। एनसीसी चयन बोर्ड के सदस्यों ने सीनियर डिवीजन के तिहत्तर तथा जूनियर डिवीजन के तीस तथा बालिकाओं की सीनियर विंग की बारह और जूनियर विंग की नौ छात्राओं का चयन किया। सभी का चयन विभिन्न प्रकार के सैनिक मापदण्डों को पूरा करने के बाद किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता वसीम अहमद सिद्दीकी , अजय शुक्ला, आशीष कुमार सिंह, मणीन्द्र गुप्ता, रोहित भट्टाचार्य के अलावा एनसीसी सहायक आकाश कश्यप आदि मौजूद रहे।



भर्ती हेतु शारीरिक परीक्षा देते हुए छात्र

## पुलिस ने नाबालिग से रेप के आरोपी को पकड़ा

**बिंदकी ( फतेहपुर )।** दस महीने पहले एक युवक नाबालिग लड़की को घर से बहला फुसलाकर भगा ले गया था। इतना ही नहीं युवक ने लड़की के साथ रेप की घटना भी किया। इस मामले में लड़की के परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया था। पिछले दस महीने से युवक फरार चल रहा था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया और कानूनी कार्रवाई करने वाले भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के ईसापुर गांव में अनुज वर्मा उम्र बीस वर्ष पुत्र नंदलाल गांव की एक नाबालिग लड़की को दस माह पहले बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। जिस पर लड़की के परिजनों ने किशोरी को भगा ले जाने तथा रेप करने का युवक के खिलाफ केस दर्ज कराया था। इसके बाद से पुलिस लगातार आरोपी युवक की तलाश थी लेकिन आरोपी युवक लगातार फरार था। नगर के गांधी चौराहे के समीप पुलिस को जानकारी हुई कि आरोपी युवक कहीं जाने की फिराक में खड़ा है। तभी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और आरोपी युवक को मौके से पकड़ लिया।

## युवा विकास समिति द्वारा धूमधाम से मनाया जायेगा फतेहपुर स्थापना दिवस

● 194 बरस पुराना हो रहा फतेहपुर जनपद

संवाददाता। फतेहपुर

**ऐतिहासिक, सांस्कृतिक** व पौराणिक तथा पुरातात्विक इतिहास को समेटे दोआबा की पवित्र भूमि जनपद फतेहपुर का दस नवंबर को 194वाँ स्थापना दिवस मनाया जाएगा। समाजसेवी संगठन युवा विकास समिति ने तैयारिया भी शुरु कर दिया है। हैप्पी बर्थ डे की गूंज के साथ जनपद के विकास के संकल्प की गूंज हिलोरे लेगी। जनपद के गौरवशाली इतिहास से आज की युवा पीढ़ी परचित हो इसके लिये विचार गोष्ठी होगी। समिति के जिला प्रवक्ता आलोक गौड ने बताया 2016 से लगातार समिति द्वारा जनपद का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। अपना जिला गंगा-यमुना तहजीब के साथ गौरवमयी इतिहास का गवाह है किन्तु विश्व पटल की तो बात छोडो देश के नक्शे पर जनपद को ढूढना मुश्किल होता है। दो महानगरो के बीच एतिहासिक विरासत को संजोये जनपद ने बहुत कुछ दिया लेकिन जनपद को आज तक सीवर लाइन की आस बनी है। पर्यटन स्थल के रूप मे विकसित होने की आस है। उन्होने बताया गुप्त काल के कई मंदिर अभी भी बिन्दकी तहसील के गांव तेंदुली, कोरारी, सरहान बुजुर्ग में मौजूद हैं। जो पुरातात्विक दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण हैं। शहर के दक्षिण-पश्चिम में 25 किमी दूर गांव रेन्हा में, पुरातात्विक हित के कुछ लेख पाए गए हैं जो आठ सौ बीसी के समय हैं। मौर्य काल के सिक्कों, ईंटों, मूर्तियों आदि जैसे कई लेख जिला के माध्यम से कुषाण काल और गुप्त काल पाए गए, को हमारे जनपद के प्रचीनतम इतिहास के परिचायक है। अमर शहीद जोधा सिंह अटैया समेत 52 क्रांतिकारियों की शहादत का मूक गवाह बावनी इमली खजुहा, औरंगजेब की पवेलियन, मीरा द्वारा स्थापित गिरधर गोपाल मंदिर शिवराजपुर, असनी घाट, भिठौरा, अश्वत्थामा की तपोस्थली असोथर, राष्ट्रकवि सोहन लाल द्विवेदी, झंडा गीत के रचयिता तमाम ऐसे गौरव जो जनपद की पहचान को स्थापित करते हैं। उनसे आज की युवा पीढ़ी अनभिज्ञ है। जरुरत जिले के गौरव से सब लोग वाकिब हो। बताया खजुहा एक ऐसा ऐतिहासिक स्थान है जो राजनीति, व्यापार, साहित्य और कला के कितने ही सन्दर्भ, लोक किदवन्तियो को जोड़े हुए चला आ रहा है। दूसरा सांस्कृतिक वैभव शिवराजपुर के उन मन्दिरों का है जिनके कारण इस स्थान को छोटी काशी का गौरव प्राप्त था। खजुहा, शिवराजपुर, भिटौरा और असनी की यात्रा चारों धाम की सी यात्रा थी। छिन्नमस्ता देवी, पंथेश्वरी देवी, राधाकृष्ण की युगल मूर्ति, शंकर शिवाले भिन्न-भिन्न धार्मिक स्मृतियो के धर्म केन्द्र और पूज्य बुद्धि के संचार स्थल थे जिनका स्थापत्य आज भी आकर्षित करता है।

## पुराने विवाद को लेकर दबंगों ने लगाई घर में आग

**थरियांव ( फतेहपुर )।** पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने घर में आग लगाई। दस दिन पहले दोनों पक्षों में मारपीट हुई। एक पक्ष में पति घायल हुआ था और पत्नी का पैर टूटा था। सरांय मोहल्ले के मो0 छक्कन पुत्र एकलाख के छोटे बच्चों से और शमीम, फहीम के बच्चों के बीच विवाद में लड़ाई बढ़ गई थी। जिसमें पुलिस द्वारा कानूनी कार्यवाही हूई थी। गुरुवार की शाम 8 बजे के लगभग पुन: पुरानी रंजिश को लेकर दोनों पक्षों में गाली गलौज होने लगी। जिस पर आवेश में आकर शमीम व फहीम पुत्रगण जावेद ने छक्कन के घर में छप्पर में आग लगा दी। जिससे घर रखे बच्चों के कपड़े व बिस्तर और खाने पीने की ग्रहस्थी जलकर राख हो गई। सूचना पर फायरबिग्रेड गाड़ी मौके पर पहुंची। तब तक थाने की पुलिस व ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था। आग से जलकर लगभग दस हजार रुपए का नुकसान हुआ। पीड़ित पक्ष ने उक्त लोगों के खिलाफ तहरीर दिया। एसआई उपेन्द्र नाथ राय ने बताया कि तहरीर मिली है।

## अधिवक्ता परिषद ने भेजा राष्ट्रपति को ज्ञापन



**फतेहपुर।** अधिवक्ता परिषद के जिलाध्यक्ष रविंद्र परमार व महासचिव संतोष कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन प्रेषित किया गया। जिसमें महाराष्ट्र सरकार की दमनकारी नीतियों से महाराष्ट्र में लोकतांत्रिक व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त बताई गई। साथ ही कहा कि शासन तंत्र निरंकुश होकर सत्ता पक्ष के साथ विदेशकारी नीतियों द्वारा जनता की आवाज को कुचलने पर आमादा है। निर्दोष व्यक्तियों का बिना वैधानिक प्रक्रिया के जेल बंद किया जा रहा है। धार्मिक आधार पर व्यक्तियों की भीड़ तंत्र द्वारा हत्या की जा रही है। जिसमें पुलिसकर्मी तक संलिप्त हैं। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को कुचला जा रहा है। जनता की आवाज उठाने पर वरिष्ठ पत्रकार अर्णव गोस्वामी को गैरकानूनी तरीका अपनाकर बल प्रयोग करके गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में मारा-पीटा गया है। महाराष्ट्र सरकार पूर्णतया निरंकुश होकर संवैधानिक व्यवस्था के विपरीत कार्य कर रही है। राज्य में न्याय तंत्र विफल हो चुका है तथा संवैधानिक ढांचा चरमरा गया है। राज्य सरकार शासन का संवैधानिक नैतिक अधिकार खो चुकी है। जिसे बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू किया जाना राज्य व राष्ट्र के हित में होगा। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में हंसराज सिंह, धर्मेंद्र मिश्रा, लक्ष्मीकांत, शैलेंद्र सिंह, आशुतोष शुक्ला, नागेंद्र सिंह, अशोक शुक्ला, संदीप पांडेय आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### कांति सिंह ने नामांकन किया



**लखीमपुर-खीरी।** सदस्य विधान परिषद की लखनऊ खण्ड स्नातक सीट के लिए नामांकन प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। कान्ति सिंह ने कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए पहले दिन ही नामांकन किया। साथ में डा. एसपी सिंह (पूर्व सदस्य विधान परिषद) सुशील कुमार, हर्षित सिंह, ज्ञानेंद्र कुमार, जिला प्रतिनिधि राजबहादुर सचान, राज बहादुर सिंह चंदेल (एमएलसी) नेता निर्दल समूह विधान परिषद, गरिमा सिंह, दीपा सिंह, कुमुद सिंह, विभा सिंह व रमा सिंह सहित सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

### एसपी ने करवाई दंगा नियंत्रण ड्रिल



**लखीमपुर-खीरी।** एसपी विजय ढुल द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर शुक्रवार की साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं स्वच्छवर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया। परेड में अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारीगण, प्रशिक्षणाधीन रिक्रूट आरक्षियों सहित पुलिस लाइन, कार्यालयों से आये हुए पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए। बाद परेड दंगा नियंत्रण ड्रिल में सभी राजपत्रित अधिकारीगण, अराजपत्रित अधिकारीगण व समस्त पुलिसकर्मियों को एंटीराइट गन, अश्रु गैस गन आदि शस्त्रों का अभ्यास कराया गया। विशेष रुप से अश्रुगैस परीक्षण के बारे में समस्त पुलिसकर्मियों एवं प्रशिक्षणाधीन रिक्रूट आरक्षियों को विस्तृत जानकारी दी गई। तत्पश्चात सम्पूर्ण पुलिस लाइन का भ्रमण कर समस्त कार्यालयों एवं शाखाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान क्वार्टर गार्ड, आरमरी, आरआई कार्यालय, एमटी शाखा, कैश कार्यालय, जीडी कार्यालय, फील्ड यूनिट, एएचटीयू, स्टोर, मेस, बैरक, जिम, गैस गोदाम, कैंटीन, पुलिस अस्पताल, परिवार कल्याण केन्द्र, शिशु देखभाल केंद्र आदि का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया।

### भैंस खरीदने गये वृद्ध का शव सड़क के किनारे मिला

**संडीला (हरदोई)।** घर से भैंस खरीदने के लिए वृद्व का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना कासिमपुर के अर्न्तगत् ग्राम गरेड़ियन खेड़ा मजरे अलादादपुर नेवादा निवासी पैंसठ वर्षीय मूलचंद्र अपने घर से छत्तीस हजार रुपये लेकर भैंस खरीदने के लिए निकला। उसके साथ ग्राम निवासी एक व्यक्ति और था। दूसरे दिन वहीं व्यक्ति गांव वापस पहुंचा और मूलचंद्र के पुत्र अखिलेश से मूलचंद्र के बारे में पूछा इस पर अखिलेश ने उसे बताया ि कवह तो उसी के साथ गये थे और तब से वापस नहीं लौटे। उस व्यक्ति ने कहा कि मूलचंद्र भैंस खरीदकर चले आये। दूसरे दिन मूलचंद्र का शव ग्राम गदियाना के पास एक खेत में पड़ा हुआ मिला।

### विवाहिता को आत्महत्या के लिए बाध्य करने की रिपोर्ट दर्ज

**संडीला (हरदोई)।** एक विवाहिता को कथित रुप से आत्महत्या के लिए बाध्य किये जाने की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। ग्राम नेवादा निवासी बेचेलाल पुत्र रामसिंह का विवाह ग्राम भरिगहना निवासी सीमा पुत्र राकेश के साथ हुआ था। राकेश के अनुसार सीमा को काफी समय से ससुराल में कम दहेज लाने के लिए परेशान किया जा रहा था। इसकी शिकायत सीमा ने कई बार अपने परिजन से भी की थी। राकेश के अनुसार उसने सीमा के पति तथा अन्य ससुरालीजन को इस मामले में काफी समझाया बुझाया था लेकिन उन पर कोई असर नहीं हुआ। अन्ततः सीमा ने दहेज प्रताड़ना से तंग आकर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। राकेश की तहरीर पर मृतका के पति बेचेलाल, देवर विशाल और ससुर रामसिंह के विरुद्व आत्महत्या के लिए बाध्य करने की रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

### ट्रेन से कटकर ग्रामीण की मौत

**बरेली।** टहलने के लिए घर से निकले ग्रामीण कि आज सुबह घर से कुछ ही दूरी पर ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव धारमपुर निवासी 55 वर्षीय सीताराम पुत्र बाबूराम की आज सुबह गौसगंज रेलवे फाटक के पास रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के घर वालों ने बताया कि सीताराम शराब का आदी था और आज सुबह बिना बताए टहलने की बात कहकर घर से निकला था। लेकिन कुछ दूर चलने के बाद जब वह गौसगंज रेलवे फाटक के पास से रेलवे लाइन पार कर रहा था। तभी अचानक ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने उसे पहचान कर घर वालों को सूचना दी।

### देवर ने भाभी की कर दी हत्या

**बरेली।** पति की मौत के बाद गांव के युवक से दूसरा विवाह करने से नाराज देवर ने मामूली विवाद के बाद भाभी के सिर पर फावड़े का डण्डा मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतका के जेठ ने घटना की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिये भेजकर फरार आरोपी को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी।बहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव पुनई निवासी धर्मवती की बीती रात उसके देवर मोहन लाल ने लगभग 11 बजे सिर में फावड़े का डण्डा मारकर हत्या कर दी। मृतका के जेठ यादराम ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि उसके छोटे भाई सीताराम की कई महिने पहले ही मौत हो गई। पति की मौत के बाद धर्मवती ने गांव के ही एक युवक दीपक मौके से दूसरा विवाह कर लिया। जिससे मोहनलाल नाराज था। कुछ दिन पहले धर्मवती और मोहनलाल के बीच 5 हजार रूपयों को लेकर विवाद हुआ था। इसी रंजिश के चलते बीती रात लगभग 11 बजे मोहनलाल ने धर्मवती के सिर पर डण्डे से हमला कर दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### जिपं सदस्य ने आधा सैकड़ा समर्थकों संग ली कांग्रेस की सदस्यता



**फतेहपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में जगदीश प्रसाद जिला पंचायत सदस्य ललौली के साथ आधा सैकड़ा लोगों ने पार्टी पर आस्था व्यक्त करते हुये कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जिला अध्यक्ष अखिलेश पांडेय के समक्ष जगदीश प्रसाद, जगमोहन वर्मा, जगजीवन राम, फरीद खान, जागेश्वर सहित आधा सैकड़ा लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल हुये सभी साथियों का हार्दिक स्वागत व अभिनंदन करते हुये जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस समय जो हालात चल रहे हैं देश व प्रदेश में उसको देखते हुये सबको एक साथ मिलकर इस तानाशाही सरकार के खिलाफआवाज बुलंद करने की जरूरत है। कहा कि जिस तरीके से जिले में पार्टी का कारवां दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। उसका कारण है कांग्रेस पार्टी के हर एक सदस्य की मेहनत और लगन जो समाज के दबे कुचले लोगों की आवाज को बुलंद करने का काम करते हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष राजीव लोचन निषाद, शिवाकांत तिवारी, जिला महासचिव चंद्र प्रकाश लोधी, वीरेंद्र सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

### विकास कार्यालय के 6 कर्मचारी कोरोना संक्रमित

**फतेहपुर।** जिला विकास कार्यालय में कार्यरत 6 कर्मचारी कोरोना सक्रंमित मिले। गत दिवस एक कर्मचारी के कोरोना पॉजीटिव होने की पुष्टि की हुई थी। तब साथी कर्मचारियों की स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच की। जिसमें छः कर्मचारियों के कोरोना पॉजिटिव मिलने के बाद साथी कर्मचारियों में दहशत व्याप्त है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की मौत

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के पूर्वी बाईपास के समीप शुक्रवार की सुबह अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से बाइक सवार 39 वर्षीय एक महिला गम्भीर रूप से घायल हो गयी। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया वहीं परिजन शव को अपने साथ वापस गांव ले गये। किशनपुर कस्बा निवासी रहमत अली आज सुबह अपनी पत्नी नसीमा के साथ मोटरसाइकिल से थरियांव रिश्तेदारी में आ रहा था। जैसे ही यह लोग पूर्वी बाईपास के समीप हाईवे पर पहुंची तभी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे महिला गम्भीर रूप से घायल हो गयी। जबकि पति को मामूली चोटे आयी हैं। सूचना पाकर पहुंची सरकारी एम्बुलेन्स ने घायल महिला को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### संदिग्ध हालत में युवक ने लगाई फांसी, मौत

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मौहार में गुरूवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में लगभग 22 वर्षीय एक युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मौहार गांव निवासी स्व0 राजाराम शंकर का पुत्र राजाराम ने बीती रात उस वक्त फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली जब घर के सभी लोग गहरी नींद सो रहे थे। सुबह जब परिजनों की नजर पड़ी तो घर में कोहराम मच गया। तभी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। वहीं मृतक के परिजन युवक द्वारा आत्महत्या किये जाने का कारण बताने में असमर्थ रहे।

पाठकपुर गांव का हाल

# घर-घर बिछी चारपाई, खांसी व बुखार से पीड़ित हैं लोग




संवाददाता। जसवंतनगर

**तहसील** के बारह सौ की आबादी वाले पाठकपुरा गांव में बीमारी फैली हुई है। घर-घर चारपाई बिछी हुई है। एक सप्ताह से लोग तेज खांसी और बुखार से पीड़ित हैं। ग्रामीण समझ नहीं पा रहे हैं कि आखिर माजरा क्या है। झोलाछाप डॉक्टरों से इलाज कराने को मजबूर हैं। बीमारी ठीक नहीं हो पा रही है। गांव के कुछ लोग तो आगरा और फिरोजाबाद व इटावा के अस्पतालों में अपनी दवा कराने के लिए भर्ती हो चुके हैं। प्राइवेट अस्पतालों में इलाज कराने के लिए भर्ती होने पर भी लोगों को इस बीमारी के फायदा नहीं मिल पा रहा है।

## गंदगी के कारण समस्या

**गांव** में हर घर में बच्चे और बुजुर्ग बीमार हैं। घर.घर में चारपाई लेटे देखे जा सकते हैं। ग्रामीणों सहित समाजसेवी गिरदेव सिंह यादव ने बताया है कि गांव के मुख्य मार्गो व गलियों में कई सालों से जलभराव की समस्या बनी हुई है। गलियों में घुटनों तक पानी भरा हुआ है। सफाई नहीं हुई हैए जिस कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। गंदगी ज्यादा होने से कारण बीमारियां फैलने लगी हैं। प्रशासनिक अधिकारियों के साथ गांव के प्रधान से शिकायत की। इसके बाद भी प्रधान ने गांव में जलनिकासी व साफ सफाई की व्यवस्था नहीं की। सरकार के स्वच्छता कार्यक्रम को उसी के नुमाइंदे पीता लगा रहे हैं। इससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने प्रशासन से जल्द ही गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम भेजने की मांग की हैए ताकि गांव के लोगों का जांच कर इलाज और दवा वितरण हो सके।

## ग्रामीणों में है दहशत

**तीन** दिन पूर्व ग्राम पाठकपुरा मे एक बीएससी की 20 वर्षीया छात्रा की बुखार की बजह से जान चली गई। इस जानलेवा बुखार ने गांव दस्तक दे दी है। ग्रामीणों में दहशत है। घर घर मे महिलाए पुरूषए वच्चेए बुखार से पीडित होकर अलग अलग स्थानो पर अपना इलाज करा रहे है। ग्रामीणो द्वारा जिला प्रशासन से शिकायत कहने के बाबजूद अभी तक किसी प्रकार की सुनवाई नहीहै।

उक्त गांव में करीब 150 घरों में परिवारीजन निवास करते है। जिसमे करीब एक सैकड़ा महिला पुरूष व बच्चे इस भीषण बीमारियों की चपेट मे है घर घर मे लोग खाटो मे लेटे हुये है। गांव में एक बीएससी की छात्रा कुण् अमिता पुत्री रोहन सिंह जो कुछ दिनों पूर्व बुखार से पीड़ित हुई इलाज को इटावा ले जाया गया। सैफई में इलाज के दौरान काल के गाल मे समा गई।

उक्त ग्राम निवासी 70 वर्षीया शांति देवी पति रामदेव पाचं दिन से बीमार हैए आशीष उम्र 18 वर्ष तीन दिन से बीमार चल रहे है। पूर्व प्रधान गिरदेव सिंह की पत्नी राजनश्री उम्र 58 वर्ष एक सप्ताह से बीमार चल रही है जिनका इलाज आगरा मे चल रहा हैए गिर्राज सिंह उम्र 45 वर्ष पुत्र प्रबल प्रतापए रीना उम्र 23 वर्ष पुत्री नामीलाल सिंहए सूर्या उम्र 9 वर्ष पुत्र सुधीर कुमार आदि सहित लगभग 100 लोग इस भीषण बुखार की चपेट मे है गांव के ही वेताल सिह, जयबीर सिंह, बीरेन्द्र सिंह, अवधेश कुमारए सुनील कुमार, सत्यप्रकाश, आदि का कहना है वे लगभग तीन वर्षो से भीषण जलभराब से परेशान है गांव के चारो ओर गलियो मे पानी भरा हुआ है पानी के निकासी के लिए कही स्थान नही है गांव से लोगो का निकलना भी बहुत मुश्किल हो गया है उन्होने इस सम्बंध मे मुख्य विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी, तहसीलदार आदि से शिकायत की मगर समस्या ज्यो की त्यो बनी हुई है

प्राथमिक स्वास्थय केन्द्र के प्रभारी डा0 सुशील कुमार ने बताया तीन दिन पहले गांव मे कैम्प लगवाया गया था जिसमे डेगू तथा मलेरिया की जांच कराई गई थी कुल 43 लोगो की जांच हुई थी मौसम के बदलने के चलते यह बायरल बुखार पनपा हुआ है गांव मे छिडकाव भी कराया गया था गांव मे जलभराब की भीषण समस्या है इसके चलते भी बुखार से लोग पीडित हो रहे है शीघ्र ही दुवारा कैम्प लगाकर परीक्षण कराया जायेगा

ग्राम प्रधान भगवान सिंह का कहना है गांव मे जलनिकासी के लिए कोई जगह नही है इसके चलते यह समस्या बनी हुई है गांव मे छिडकाव कराया गया है जल्द ही इस समस्या के निदान के लिए कार्यबाही की जायेगी ।

# डायल 112 में तैनात 16 सिपाही जिले के विभिन्न थानों में किए गए ट्रांसफर

**फर्रुखाबाद।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार मिश्रा नें डायल 112 में तैनात 16 सिपाहियों की तैंनाती में फेरबदल किया है। उन्हें जिले के विभिन्न थानों में तबादला किया गया है।

एसपी इस समय एक्शन में हैं। बीती रात थाना मऊदरवाजा की मेडिकल चौकी इंचार्ज नरवीर सिंह, चौकी रायपुर के इंचार्ज रामलखन, फतेहगढ़ की याकूतगंज चौकी के इंचार्ज नरेंद्र सिंह को डियूटी में लापरवाही के चलते निलंबित कर दिया था। इसके साथ ही डायल 112 में तैनात 16 सिपाहियों को अमृतपुर, राजेपुर, कमालगंज, मेरापुर, कंपिल, शमसाबाद, मऊदरवाजा, फतेहगढ़ और नवाबगंज भेजा गया है। जबकि पुलिस चुनाव कार्यालय में तैंनात सिपाही को नवाबगंज भेजा गया है। एसपी के कार्यवाही के बढ़ते ग्राफ से पुलिस महकमें में हड़कप है।

# सीडीओ सौम्या पाण्डेय को डीएम ने मिशन शक्ति का ब्राण्ड एम्बेस्डर नियुक्त किया

संवाददाता। कानपुर देहात

**डीएम** ने ऊर्जावान आईएएस अधिकारी सौम्या पाण्डेय को स्थानीय स्तर पर स्वावलम्बन, सम्मान व सुरक्षा का प्रतीक बताते हुये ब्राण्ड एम्बेसडर नियुक्त किया है। डीएम ने यह घोषणा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मिशन शक्ति कार्यक्रम के सफल आयोजन व जनसहभागिता हेतु आायोजित बैठक में यह घोषणा की।

बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी डा0 दिनेष चन्द्र ने बताया कि महिलाओं, बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु मिषन षक्ति कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। षरदीय नवरात्र से लेकर बासंतिक नवरात्र तक चलने वाले इस कार्यक्रम में महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन के लिये जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। डीएम ने बैठक में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देष जारी करते हुये कहा कि मिषन शक्ति के तहत आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की सूचना जिला प्रोबेशन व जिला सूचन कार्यालय में अवश्य उपलब्ध करवायें जिससे प्रिण्ट व इलेक्ट्रानिक्स मीडिया के माध्यम से शासन को सूचना भेजी जा सके। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय को स्थानीय स्तर पर ब्राण्ड एम्बेसडर घोषित करते हुये डीएम ने बताया कि अपने पहले ही प्रयास में आईएएस की प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता ही उनके सॅघर्ष की कहानी बताती है नारी शक्ति मिशन के लिये सीडीओ एक जीती जागती मिसाल है, नारी सुरक्षा, स्वावलम्बन व सम्मान के साथ अपने कर्तव्यों के प्रति जो उदाहरण सीडीओ ने पेश किया है उससे मिशन शक्ति कार्यक्रम को स्वतः ही एक उदाहरण योग्य प्रतिनिधि मिल गया है। शासन की योजनाओं व सुरक्षा के लिये जारी किये गये हेल्पलाइन नम्बरों के व्यापक प्रचार प्रसार अभियान की जरूरत पर बल देते हुये उन्होंने सम्बन्धित विभागों से जागरूकता अभियान चलाने को कहा। बैठक में अन्य बिन्दुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गयी। इस मौके पर एएसपी अनूप कुमार, एडीएम प्रशासन पंकज वर्मा, जिला सूचना अधिकारी वीएन पाण्डेय, बीएसए सुनील दत्त, जिला बाल सॅरक्षण अधिकारी धर्मेन्द्र ओझा सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजुद रहे।

## यातायात पुलिस ने किया जागरूक

**कानपुर देहात।** यातायात माह के क्रम में शुक्रवार को यातायात पुलिस ने पुखरॉया व मूसानगर कस्बे में वाहन चालकों व आमजनमानस को जागरूक करते हुये पम्पलेटों का वितरण करते हुये यातायात नियमों के पालन के लिये शपथ दिलायी गयी।

# सड़क किनारे पड़ा मिला नशेड़ी युवक का शव

**फर्रुखाबाद।** शुक्रवार को एक नशेडी का शव सड़क किनारे पड़ा होंने पर पुलिस मौके पर आ गयी। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम मुरास पट्टिया निवासी 40 वर्षीय नरेंद्र कठेरिया पुत्र बुद्धपाल का शव शुक्रवार को शहर कोतवाली के गंगानगर कालोनी के बाहर सड़क किनारे पड़ा मिला। जिसकी सूचना पर पुलिस मौके पर पंहुची। पुलिस नें शव की तलाशी ली। तलाशी के बाद पुलिस को उसके पास एक मोबाइल नम्बर मिला। जिससे पुलिस नें उसकी भतीजी सोनी को सूचना दी। सूचना मिलने पर मृतक के चाचा राजकुमार, भतीजा चिंटू, भाभी शीला आदि परिजन मौके पर आ गये । पांचाल घाट चौकी इंचार्ज बलराज भाटी नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# ससुर की हत्या में आरोपित युवक किया गया गिरफ्तार

● पेट्रोल डालकर ससुर को लगाई थी दामाद ने आग

संवाददाता। शमसाबाद फर्रुखाबाद

**नलकूप** की रखवाली के लिए सो रहे ग्रामीण पर उनके दामाद ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। जिससे उनकी मौत हो गई। पुत्र ने बहनोई व उनके अज्ञात साथी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपित बहनोई को गिरफ्तार कर लिया ।गांव नैगवा निवासी 60 वर्षीय कुंदनलाल खेत पर लगे नलकूप की रखवाली के लिए सो रहे थे। नौ जून को उनके ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई। उपचार के दौरान सैफई अस्पताल में मौत हो गई थी। कुंदनलाल के पुत्र शैलेंद्र ने कोतवाली मोहम्मदाबाद के गांव उम्मेद खेड़ा निवासी बहनोई साहब सिंह तथा उनके अज्ञात साथी के खिलाफ पिता की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।

पुलिस ने गुरुवार रात साहब सिंह को तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। साहब सिंह ने पुलिस को बताया कि पत्नी के चाल चलन ठीक नहीं थे। ससुर से कई बार शिकायत की लेकिन वह अपनी पुत्री का ही साथ दे रहे थे। इससे वह उनसे नाराज थे। वह बाइक से आए और उनके ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी और अपने घर चले गए थे। चार दिन अपने घर रहेए उसके बाद अहमदाबाद चले गए थे। पुलिस जब दबिश देती थी तो घर से हट जाते थे।

थानाध्यक्ष आरके रावत ने बताया साहब सिंह ने ही अपने ससुर के ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगाई थी। जिससे उपचार के दौरान मौत हो गई। साहब सिंह को तमंचा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया।

# मिठाई की दुकान में पांच को कोरोना



संवाददाता। फर्रुखाबाद

**शहर** के आवास विकास कालोनी स्थित मिठाई दुकान के पांच कर्मचारी कोरोना के शिकार हो गए। अन्य लोग संक्रमण की जद में न आ जाएए इसलिए शुक्रवार को दुकान बंद करा दी गई। संक्रमित कर्मचारियों के संपर्क में आए लोगों और मिठाई खरीदारों की जांच के लिए उनकी सूची बनाई जा रही है।दीपावली के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग अभियान चलाकर कोरोना सैंपल ले रहा है। दो दिन पहले शहर और फतेहगढ़ के मिठाई दुकानदार और उनके कर्मचारियों के सेंपल लिए गए थे। शुक्रवार सुबह आवास विकास कालोनी स्थित नीलकंठ स्वीट्स शॉप के पांच कर्मचारियों की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई। उधर आवास विकास कालोनी निवासी महिलाए एक फिलिग स्टेशन का कर्मचारी भी कोरोना की जद में आ गए। ऑफीसर कालोनी निवासी एक कर्मचारी और एक सैन्य कर्मचारी भी संक्रमित हो गए। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.वंदना सिंह ने बताया कि मिठाई दुकान के पांच कर्मचारियों के संक्रमित निकलने पर दुकान बंद करा दी गई है। सैनिटाइजेशन कराकर शनिवार को दुकान खुलवा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि संक्रमित कर्मचारियों के संपर्क में आने वालों की जांच कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि जिन लोगों ने मिठाई खरीदी हो वह भी अपनी जांच करा लें। ताकि अन्य लोग संक्रमित होने से बच सकें।

# गिरकर घायल हुए मजदूर की इलाज के दौरान मौत

संवाददाता। इटावा

**भरथना** नगर के एक मैरिज होम में पुट्ठी कर रहे एक युवा मजदूर सिर के बल फर्स पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल होगयाएजिसकी इलाज के दौरान सैफई के मिनी पीजीआई में दर्दनाक मौत हो गई। घटना की खबर मृतक के गांव सीतापुर पहुँचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जिसपर परिजन मृतक मजदूर के शव को उसके पैतृक गांव सीतापुर तक लेजाने के लिए इटावा मुख्यालय के लिए निकल पड़े है।आपको बतादें जनपद सीतापुर का एक पुताई पुट्ठी करने बाला युवा ठेकेदार मजदूर जान मोहम्मद 24 बर्ष बीते कई दिनों नगर के एक मैरिज होम में अपने केई अन्य मजदूर साथियों के साथ पुताई पुट्ठी का कार्य कर रहा था। बीते दिन गुरुबार की शाम करीब 6 बजे मैरिज होम के जयमाला स्टेज पर पुट्ठी करने के लिए वह सहयोगी साथियों के साथ सीढ़िया सैट कर रहा था इसी बीच सीढ़ियों पर खड़ा पुट्ठी मजदूर जान मोहम्मद असंतुलित होकर अचानक ही सिर के बल फर्स पर गिर पड़ा। जिसपर जान मोहम्मद गम्भीर रूप से घायल होकर अचेत होगया घटना की खबर मिलते ही मैरिज होम स्वामी ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ घायल मजदूर जान मोहम्मद को इलाज हेतु जिलाचिकित्सालय भेजा जहाँ चिकित्सकों ने गम्भीर अवस्था मे इलाज हेतु सैफई के मिनी पीजीआई अस्पताल में रैफर कर दिया जहाँ इलाज के दौरान घटना के साढ़े 3 घण्टे बाद रात्रि करीब साढ़े 9 बजे मजदूर जान मोहम्मद की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस में मृतक के शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

# बाइक से जा रहे प्रेमी युगल को पुलिस ने पकड़ा

**शमसाबाद फर्रुखाबाद।** जनपद शाहजहांपुर के जलालाबाद निवासी प्रेमिका को थाना क्षेत्र के गांव जटपुरा निवासी युवक बाइक से गुरुवार रात उसके घर से लेकर आगरा जा रहा था। थाना चौराहे पर मौजूद पुलिस ने संदिग्ध लगने पर उन्हें रोका। युवक ने उसे अपनी पत्नी बताया। कड़ी पूछताछ के बाद दोनों ने घर से भागकर जाने की बात स्वीकार कर ली। जिस पर पुलिस दोनों को थाने ले आई।

बताया गया कि युवक शादीशुदा है। उसका अपने चचेरे भाई की साली से प्रेम संबंध था। उसी को लेकर वह आगरा जा रहा था। थानाध्यक्ष आरके रावत ने बताया युवती के स्वजनों को सूचना दी गई है। उनके आने पर ही कोई कार्रवाई की जाएगी। मामला जनपद शाहजहांपुर का है। अगर युवती के स्वजनों ने वहां पुलिस में शिकायत की है तो वहीं कार्रवाई होगी।

# इमरजेंसी में भर्ती होने वाले मरीजों की होगी कोरोना की जांच



संवाददाता। फर्रुखाबाद

**लोहिया** अस्पताल की ओपीडी में इलाज कराने आने वाले मरीजों की कोरोना जांच अनिवार्य कर दी गई थी, अब आपातकालीन में आने वाले मरीजों की जांच अनिवार्य हो गई है। पहले उनका कोरोना सैंपल लिया जाएगा। अगर रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आती है तो संबंधित मरीज को आइसोलेशन में शिफ्ट कर उसका इलाज किया जाएगा।

जल्द से जल्द संक्रमितों की पहचान की जा सके, इसलिए शासन ने कोरोना जांच की संख्या बढ़ाने के आदेश दिए हैं। इसी क्रम में लोहिया अस्पताल की ओपीडी में आने वाले मरीजों की जांच अनिवार्य कर दी गई थी। यहां तक कि एंटी रैबीज वैक्सीन लगवाने आने वाले रोगियों को कोरोना की जांच करानी होगी। तभी उन्हें वैक्सीन लगाई जाएगी। अब इमरजेंसी में आने वाले मरीजों की भी कोरोना की जांच कराई जाएगी।

शुक्रवार को फ्लू कार्नर में जांच के लिए मरीजों की लाइन लगी रही। मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य महानिदेशक के आदेश पर चिकित्सालय में आने वाले रोगियों की कोविड.19 जांच का लक्ष्य निर्धारित किया गया हैए लेकिन लक्ष्य पूर्ण न होने पर इमरजेंसी विभाग में आने वाले रोगियों को भर्ती करने के दौरान उनकी कोरोना जांच कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि संबंधित फार्म भरने के बाद आइसोलेशन में ड्यूटी पर तैनात लैब टेक्नीशियन को फार्मासिस्ट अवगत कराएंगे। इसके बाद जांच के लिए मरीज का सैंपल लिया जाएगा।

# डेंगू व मलेरिया के प्रकोप से कई गांवों में मचा हाहाकार

● बीते एक सप्ताह के भीतर गांव लाखन खेड़ा व हसगर में आधा दर्जन को लील गया डेंगू

●इलाज के नाम पर नर्सिंग होम व झोला-छाप डाक्टर धन उगाही के साथ बांट रहे हैं मौत

संवाददाता। घाटमपुर

**विकास** खंड भीतरगांव के कई गांवों में डेंगू संग मलेरिया बुखार के प्रकोप से हाहाकार मचा हुआ है। गांव वालों की माने तो बीते एक सप्ताह के गांव लाखन खेड़ा व हसगर में आधा दर्जन लोगों को डेंगू बुखार लील गया है। फिर भी स्वास्थ्य बिभाग लापराव बना हुआ है। जबकि बुखार से दोनों गांवों में घर-घर चारपई बिछी हैं। फिर भी क्षेत्र के सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवायें न काफी साबित हो रही हैं इसी का फायदा उठा कर नर्सिंग होमों में इलाज के नाम पर बुखार पीड़ितों को कोरोना या डेंगू, चिकनगुनियां जैसा बुखार बता कर लूटा जा रहा है। बिकास खंण्ड पतारा के गांव स्योढ़ारी व उसके मजरा फरौर में बीते माह कई लोग बुखार की चपेट में आकर अपनी जान गवां बैठे थे इसके बाद पतारा सीएचसी की डाक्टरों की टीम गयी थी। लाखन खेड़ा गांव में बीते सोमवार को गांव निवासी रामपाल का 26 वर्षीय पुत्र योंगेंन्द्र पाल और बुद्यवार की शांम सुनील पाल की 17 वर्षीय पुत्री सुरभि को को बीते तेज बुखार आया था जिसे इलाज के लिये परिजन शहर के एक नर्सिग होम भर्ती कराया था परिजनों के मुताविक दोना की मौत हो गंयी, तथा जॉंच में दोनों को डेंगू वुखार से मौत होना पाया गया है। पूर्व सांसद राकेश सचान जानकारी के बाद नर्सिंग होम पंहुचे और परिजनों से भेंट के बाद सीएमओ से बात कर गांव में डेंगू बुखार फैले होने की जानकारी दी। उधर फतेहपुर जनपद की सीमा पर स्थित गांव हसगर में भी डेंगू बुखार से कई लोगों के मरने की जानकारी के बाद गुरुवार को भीतर गांव सीएचसी की मेडिकल टीम पंहुची। चिकित्साधीक्षक डा0 अजय मौर्या ने बताया कि टीम गांव के बिद्यालय में कैंम्प कर बुखार पीडितों को दवायें बांटी जॉंच में सभी निगेटिव मिले। उधर यमुना और मुगल रोड के बीच की पट्टी के गांवों में लगे सरकारी हैंण्ड पम्पों में दूषित पानी निकल रहा है। जिसके चलते संचारी रोगों के साथ वेक्टर जनित रोगों का प्रकोप घर-घर दस्तक देने लगा है। तिरहर क्षेत्र के गांव निमधा, कोरों, गढ़ोलामऊ, बदले सिमनापुर आदि गांवें के लोगों ने बताया कि उनके गांव के अलावा मैधरी, सिरसा धरक्षुवा, संभुई, भटपुरवा, चिटकिन पुरवा, मऊनखत, महुवा पुरवा, बांध और हरदौली आदि गांवों के हैंण्ड पम्प ही बीमारियॉं बांट रहे है।

# चोरी के ट्रैक्टरों को खरीद कर बेचने वाले गिरोह का वांछित सदस्य गिरफ्तार

संवाददाता। इटावा



**जनपद** में चोरी की घटनाओं को रोकने एवं चोरों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में एसओजीध् सर्विलांस टीम एवं थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए चोरी के ट्रैक्टरों को खरीदकर इंजन नम्बर व चैसिस नम्बर बदलकर फर्जी तरीके से दस्तावेज तैयार कराकर बेचने वाले गिरोह के वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया । एसओजी टीम एवं थाना सिविल लाइन पुलिस टीम द्वारा थाना सिविल लाइन क्षेत्र में संदिग्ध वाहनध् व्यक्ति चैकिंग अभियान के दौरान भ्रमणशील रहकर लुहन्ना चौराहे पर चैकिंग की जा रही थी तभी पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि चोरी के ट्रैक्टरों का इंजन व चैसिस नम्बर बदलकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर ट्रैक्टरों को बेचने वाले गिरोह का वांछित एक अभियुक्त आईटीआई चौराहे वाले हाइवे पुल पर कंही जाने की फिराक में खडा है । सूचना के आधार पर पुलिस टीम तत्काल कार्यवाही करते हुए मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंची तो मुखबिर द्वारा इशारा करते हुए अभियुक्त के बारे में बताया जिसको पुलिस टीम आवश्यक बल प्रयोग करते हुए घेरकर पकड लिया गया । पुलिस टीम द्वारा पकडे गये व्यक्ति की तलाशी लेने पर उसके पास से एक कूटरचित रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट मिला जिसके बारे में पुलिस टीम द्वारा मोबाइल एप के माध्यम से जानकारी की गई तो कोई भी वाहन उक्त सर्टिफिकेट पर रजिस्टर्ड नही पाया गया । सर्टिफिकेट के बारे में पकडे गये व्यक्ति से पूछने पर उसने बताया कि यह सर्टिफिकेट थाना सिविल लाइन क्षेत्र में पकडे गये चोरी के ट्रैक्टरों में से एक का है जिसे हमने आरटीओ के दलालों एवं अधिकारियों के सहयोग से फर्जी तरीके से तैयार कराया है।

# हार्टअटैक के चलते दो समाजसेवियों की मौत




संवाददाता। इटावा

**भरथना** नगर क्षेत्र में शुक्रवार को दो समाजसेवियों की हर्दयगति रुकने से दुःखद निधन हो गया है। जिसमे विभिन्न समाजसेवी व धार्मिक संस्थाओं में संरक्षक एवं भरथना नगर की सर्राफा कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रहे राधेश्याम पोरवाल सर्राफ का शुक्रवार को हर्दयगति रुक जाने से निधन हो गया है। वहीं नगर के सब्जी मंडी स्थित आनन्द मार्केट में पंजाब साड़ी सेंटर के संचालक समाजसेवी परमजीत सिंह गाँधी सिन्धी कालोनी भरथना का भी हर्दयगति रुक जाने से दुःखद निधन हो गया है।

उनके निधन पर कन्नौज के पूर्व सांसद दिवियपुर के पूर्व विधायक प्रदीप यादव, पूर्व राज्यमंत्री अशोक यादव, विनोद यादव अजय कुमार यादव ब्रजेश दीक्षित सर्राफ, पूर्व चेयरमैन मनोज पोरवाल, मोती मंदिर मेला समिति के संरक्षक राजेन्द्र सिंह चौधरी, बलखण्डी सेंगर, भरथना सर्राफा कमेटी के पूर्व अध्यक्ष करुणा शंकर दुबे ज्योतिष वैज्ञानिक, दिवाकान्त शुक्ला, उपदेश यादव सर्राफ, विद्यालय के प्रबन्धक महेश सिंह कुशवाह, पूर्व सभासद गुरुदीप सिंह सिंधी, कांग्रेस नेता सुखराम सिंधी, अरविंद पोरवाल सर्राफ, राजेन्द्र दीक्षित सर्राफ आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम व ठेकेदार से नोकझोंक

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** रस्सी जल गयी लेकिन अभी बल अभी भी नही गया। भाजपा की सरकार में सपाई ठेकेदारों की मनमानी अभी भी जारी है। सपा समर्थक ठेकेदार नें जबरन ग्रामीणों के खेत में सड़क बिछाने की तैयारी कर ली। जिस पर ग्रामीणों की शिकायत पर जब एसडीएम जाँच करने गये तो ठेकेदार नें अपने तेबर तल्ख करते हुए एसडीएम से ही नोकझोंक कर दी। लेकिन एसडीएम के सख्त रुख से आखिर काम रोंकना पड़ा। दरअसल ग्राम खाखिन निवासी कुलदीप तिवारी नें तहसील दिवस में शिकायत की थी। जिसमे उन्होंने कहा कि जिला पंचायत से एक किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जा रहा है। ठेकेदार नें चार कच्ची सड़क पर 8 मीटर चौड़ी कर दी। जिससे किसानों के खेत कट गये। एसडीएम अमृतपुर बिजेंद्र कुमार, थानाध्यक्ष जसबंत सिंह के साथ भारी फोर्स के साथ पंहुचे। उन्होंने पैमाइश करायी। जिसमे शिकायत सही पायी गयी। जिस पर एसडीएम की प्रदीप यादव शांति नगर इटावा के साथ नोकझोंक हो गयी।

# कोतवाली में दरोगा के खिलाफ मामला दर्ज

**जसवंतनगर।** थाना कोतवाली में तैनात रहे एक दरोगा के खिलाफ क्षेत्राधिकारी कार्यालय में एक पंजीकृत अभियोग की सीडी व फाइनल रिपोर्ट दाखिल न कर गबन करने के आरोप में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना कोतवाली में ही अभियोग पंजीकृत किया गया है। उपनिरीक्षक अजय पाल सिंह कुछ समय पूर्व थाना कोतवाली जसवंतनगर में तैनात रहे अपनी तैनाती के दौरान उन्होंने एक मुकदमा की सीडी व फाइनल रिपोर्ट क्षेत्राधिकारी कार्यालय में दाखिल नहीं की थी। सीडी चूंकि सरकारी संपत्ति होती है इस कारण से इस मामले में में सीओ भरथना चंद्रपाल सिंह द्वारा जांच की गई इस कारण मुकदमा अपराध संख्या 475৷20 धारा 409 आईपीसी के तहत चंद्रपाल सिंह क्षेत्राधिकारी भरथना की ओर से अजय पाल सिंह तत्कालीन तैनाती थाना कोतवाली जसवंतनगर हाल तैनाती पुलिस लाइन कन्नौज के विरुद्ध तफ्तीशी अभियोग पंजीकृत किया गया है। इसकी विवेचना वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद कुमार करेंगे।

आखिर किसकी है जवाबदेही

# पांच साल से आडिट विभाग की रिपोर्ट पर ग्राम पंचायतों पर नहीं की गयी कोई कार्यवाही

● डीपीआरओ के यहां जानबूझकर दबा ली जाती है फाइल, अब आन लाइन आडिट होगा ग्राम पंचायतों का

**हमीरपुर।** शासन ने पहली मर्तवा ग्राम पंचायतों का आडिट आन लाइन करने का आदेश दिये है। इस साल सिर्फ पच्चीस फीसदी ग्राम पंचायते आन लाइन की जायेगी अगले साल से सभी ग्राम पंचायतों का आडिट आन लाइन किया जायेगा। वही पांच साल से आडिट विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों की धांधली उजागर होने के बाद भी कोई कार्यवाही नही की जाती है जिससे प्रधानों व सचिवों को आडिट का कोई भय नही रह गया है.

शासन ने ग्राम पंचायतों का आडिट अब आन लाइन कराने के आदेश कर दिये है हालाकि जो अभिलेख अपूर्ण होगे उन्हे आन लाइन ही मंगाना पड़ेगा संबंधित अभिलेख कितनी दिनों बाद ग्राम प्रधान देता है सचिव अभिलेख देता है या नही यह समय ही बतायेगा। जिले में तीन सौ पचास ग्राम पंचायते है जिसमें अभी इस वित्तीय साल में सिर्फ 82 ग्राम पंचायतों का आडिट किया जायेगा यह प्रयोग करने का साल होगा अगले वित्तीय वर्ष में सभी गांवों का आडिट किया जायेगा। जिले में ग्राम पंचायतों सहकारी समितियों व जिला पंचायत के आडिट की हालत बहुत ही खस्ता है। आडिट के बाद कोई भी कार्यवाही नही की जाती है जिससे इन एंजेसिंयों को आडिट का कोई भय नही रह गया है। लेखा परीक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि वह ग्राम पंचायतों का आडिट कर डीपीआरओ को दे देते है प्रधानों की रिकवरी करने की जिम्मेदारी विभागीय अधिकारी की होती है पांच सालों से प्रधानों व सचिवों पर कोई कार्यवाही नही होती है जिससे आडिट का कोई भय नही रह जाता है वही जिले में 35 ग्राम पंचायते ऐसी है जिनका अभी तक आडिट नही किया गया है इन ग्राम पंचायतों को सचिवों प्रधानों ने अभिलेख नही दिये है क्योकि यह बड़ी बड़ी पंचायते है जहां पर हर साल करोडो का बजट आता है, और इन पंचायतों पर लाखों रुपये की धांधली उजागर हो चुकी है। जानकारी उच्चाधिकारियों को है कोई कार्यवाही नही की गयी है। जो ग्राम पंचायते आडिट नही कराती है उनका दस फीसदी बजट कट जाताहै प्रधानों का कहना है कि दस फीसदी बजट कट जाने का उन्हे कोई भय नही है प्रधान व सचिव के निजी खाते से लाखों रुपये की रिकवरी होने का भय सताता रहता है।

### अब सीए से नहीं लेखा परीक्षा करेगा भूमि विकास बैंक का आडिट

**हमीरपुर।** शासन ने पहली मर्तवा भूमि विकास बैंक का आडिट करने का आदेश लेखा परीक्षा विभाग को दिया है। बताया जाता है कि पहले इन बैंको का आडिट सीए द्वारा किया जाता था जिसमें प्रत्येक बैंक से सीए (चार्टेड एकाउन्टेट) आडिट के एवरेज में एक लाख रुपये लेता था। जिससे बैंको को बहुत महंगा पड़ता था अब लेखा परीक्षा विभाग आडिट कर शासन को रिपोर्ट देखा जिले में हमीरपुर, राठ मौदहा में भूमि विकास बैंक है एक सप्ताह बाद इन बैंकों का आडिट लेखा परीक्षा विभाग शुरु कर देगा। इसके लिये पूरी तैयारी कर ली गयी है।

# कोरोना संक्रमित आते ही अस्पताल से भागे दो लोग

● कोरोना अस्पताल के इंचार्ज भी पाये गये कोरोना पॉजिटिव

संवाददाता। हमीरपुर

**सुमेरपुर** क्षेत्र के पंधरी गांव निवासी दो व्यक्ति जांच के दौरान कोरोना संक्रमित पाए गए। जैसे ही उनको बताया गया कि उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव है। दोनो को कोविड हास्पिटल जाना होगा। वैसे ही दोनों मौका पाकर स्वास्थ्य केंद्र से फरार हो गए। स्वास्थ्य विभाग ने ग्राम प्रधान अरविंद्र गुप्ता को सूचित करके दोनों का अस्पताल भिजवाने में सहयोग मांगा है ग्राम प्रधान ने दोनों की गांव में खोजबीन शुरू कराई है। वही कस्बा सुमेरपुर स्थित कोविड-19 संबद्ध हॉस्पिटल के इंचार्ज समेत पांच लोगों के शुक्रवार को कोरोना पॉजिटिव होने की पुष्टि हुई है। जबकि चौदह मरीजों को कोरोना से ठीक होने के बाद डिस्चार्ज किया गया है। पॉजिटिव मिले मरीजों में 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला भी शामिल है। जबकि कोरोना से ठीक होने वालों में 10 वर्षीय किशोर और 81 वर्षीय वयोवृद्ध है। 58 वर्षीय भरुआ सुमेरपुर स्थित पीएचसी के प्रभारी और कोविड से संबद्ध हॉस्पिटल के इंचार्ज दो दिन से बुखार से पीड़ित थे। जांच में उनके कोरोना पॉजिटिव होने की पुष्टि हुई है। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल उनकी स्थिति सामान्य है। इसी तरह शहर के रमेड़ी मोहल्ला निवासी एक इंटर कॉलेज के 58 वर्षीय प्रवक्ता को भी कोरोना की पुष्टि हुई है। स्वासा बुजुर्ग गांव के 50 वर्षीय व्यापारी, पंधरी गांव निवासी 40 वर्षीय युवक और 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला के भी कोरोना ग्रसित होने की पुष्टि हुई है। इसी तरह शुक्रवार को चौदह लोगों को कोरोना से ठीक होने के बाद डिस्चार्ज किया गया है।

## क्विक न्यूज

### दो भाइयों के खूनी संघर्ष में एक की मौत

**चित्रकूट।** राजापुर कस्बे के वार्ड पांच कारखाना मोहल्ले में दो सगे भाइयों के बीच लम्बे समय से जारी जमीनी विवाद को लेकर टकराव हो गया। देखते-देखते खूनी संघर्ष में तब्दील विवाद में एक अधेड़ की मृत्यु हो गई और छह लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये। भाइयों के बीच खूनी संघर्ष की ये घटना विगत दिवस हुई। बताया गया कि राजबहादुर सोनकर बिरादरी के यहां देवी पूजन भोज में निमंत्रण में गया था। पति को निमंत्रण में आया देख राजाराम गाली-गलौज करने लगा। गाली-गलौज सुनकर राजबहादुर का पुत्र लवकुश, छोटी, नानबाबू भी मौके पर पहुंच गये। राजाराम पुत्र झलरा व उसके बेटे लल्ला, मूरत, राजेश, छोटे, शिवमूरत, बबलू, हरिकेश ने लाठी-डण्डों व धरदार हथियार से राजबहादुर पर जानलेवा हमला बोल दिया। तीनों पुत्र भी गम्भीर रुप से घायल हो गये। हमले में राजबहादुर की मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। मृतक राजबहादुर (60) पुत्र झलरा के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। आरोपियों के खिलाफहत्या समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। घटना की सूचना मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रकाश स्वरुप पाण्डेय, सीओ रामप्रकाश घटना स्थल पहुंचे। मृतक के परिजनों को न्याय दिलाने का भरोसा देकर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के आदेश दिये।

### 11 दिन पूर्व गायब दोनों किशोरियों को बयान के लिए कोर्ट भेजा

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम टेढ़ा से 26 अक्टूबर को अचानक गायब हुई दो लड़कियों को पुलिस ने सूरत से बरामद करके सुमेरपुर लाने के बाद उनका डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद 164 के बयान के लिए न्यायालय भेज दिया गया था। ग्राम टेढ़ा से 26 अक्टूबर को देवी विसर्जन के बहाने घर से निकली दो किशोरियाँ अचानक गायब हो गई थी देर शाम घर न पहुंचने पर परिजनों की परेशानी बढ़ गई थी द्दखोज बीन के बाद भी कोई पता न लगने पर परिजनों द्वारा पुलिस को किशोरियों के गायब होने की सूचना दी गई थी। पुलिस ने दो दिन बाद अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किशोरियों की तलाश शुरू कर दी थी फोन नंबर सर्विलांस में लगाए जाने के बाद पुलिस को उनके बारे में लगातार जानकारी मिलती रही। सर्विलांस द्वारा ठोस जानकारी मिलने पर सुमेरपुर के एस आई योगेश कुमार एक महिला सिपाही नेहा व एक पुरुष सिपाही अमन सिंह के साथ प्राइवेट वाहन से सूरत पहुंचे और दोनों किशोरियों को अपनी गिरफ्त में लेकर गुरुवार को हमीरपुर आए ष्ट्टशुक्रवार को दोनों का डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद उन्हें न्यायालय में 164 के बयान के लिए महिला पुलिस की अभिरक्षा में भेज दिया गया।

### कुल्हाड़ी से मार कर जख्मी कर दिया

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के पतारा ग्राम पंचायत के नैठी गांव में सुबह खेत में झांखर लगाने के विवाद में युवक के ऊपर हमला कर कुल्हाड़ी से घायल कर दिया परिजन उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर गए वहां घायल की हालत गंभीर होने पर कानपुर रिफर किया गया है। क्षेत्र के नैठी गांव निवासी महिला संगीता पत्नी रामवीर सिंह यादव ने पुलिस को बताया कि आज सुबह मेरे पति अपने खेत की मेड पर जाकर लगा रहे थे तथा पूनम पत्नी वीरेंद्र यादव खेत में पशुओं के लिए चारा काट रही थी तभी गांव निवासी राज नारायण उर्फराजेश यादव पुत्र रामरतन यादव हाथ में कुल्हाड़ी लेकर वहां आया तथा उसके साथ गांव का ही शिव नरेश पुत्र जगत व अन्य लोगों ने हमला कर जख्मी कर दिया।

### मकरांव के तालाब में मिला वृद्ध का शव

**मौदहा(हमीरपुर)।** मौदहा कोतवाली क्षेत्र के गांव मकरांव स्थित तालाब में आज सुबह एक शव पानी में उतराता देख हड़कंप मच गया।ग्रामीणों ने इस घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। गांव मकरांव में राजमार्ग के किनारे स्थित खेरापति तालाब में आज सुबह एक संदिग्ध शव को उतराता देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।बड़ी संख्या में लोग तालाब के आसपास एकत्र हो गए। पुलिस ने सफाई कर्मियों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला।शव की शिनाख्त पर मालूम हुआ कि उक्त शव गांव के ही दीनदयाल (74) का है जो कि दशहरा के दिन के घर से लापता था।हलांकि वृद्ध के परिजनों ने उसकी गुमसुदगी की जानकारी पुलिस को नहीं दी थी।

### बुखार से युवक की मौत

**मौदहा (हमीरपुर)।** मौदहा कोतवाली क्षेत्र के गांव छिमौली निवासी एक युवक की आज बुखार से मौत हो गई है। गांव छिमौली निवासी छिद्दू (26) को एक सप्ताह से बुखार आ रहा था।आज सुबह उसकी तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे लेकर मौदहा के सरकारी अस्पताल आ रहे थे तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया है।इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। इन दिनों क्षेत्र में विचित्र किस्म के बुखार से बढ़ती मृत्यु दर लोगों के लिए चिंता का विषय बनती जा रही है।

### युवक ने किशोरी से दुष्कर्म कर ग्रामीणों को दी धमकी

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** एक नाबालिग किशोरी को गांव के ही कामांध युवक ने जबरिया पकड़ कर दुष्कर्म किया। किशोरी की चीख-पुकार सुन मौके पर पहुंचे ग्रामीणों को आरोपी युवक धमकी देते हुए फरार हो गया। पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम निवासी पीड़ित पिता द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि बीती शाम शौचक्रिया से वापस लौट रही उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री जैसे ही देवस्थान के निकट पहुंची उसी समय गांव के पेंटर पुत्र राजेश यादव ने उसकी पुत्री का गले से दुपट्टा खींचकर दुष्कर्म किया। चीख पुकार की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे गांव के लोगों को आरोपी युवक जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।

### पुलिस ने चाकू सहित युवक को दबोचा

**कन्नौज।** थाना ठठिया पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान निस्तौली मोड के पास से एक शातिर युवक को अवैध चाकू (छुरी) के साथ हिरासत में ले लिया गया। पुलिस द्वारा आरोपी युवक के विरुद्ध कार्यवाही का जेल भेजा गया है। थानाध्यक्ष ठठिया राजकुमार सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि कमरुल खान पुत्र समीउद्दीन खान निवासी ग्राम निस्तौली अपनी पत्नी को जान से मारने की नियत से चाकू दिखा रहा था। उसकी पत्नी की लिखित सूचना देकर बताया था कि मेरा पति मुझे जान से मार देगा। जिसपर थाना ठठिया पुलिस ने तत्परता से अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया वहीं थाना अध्यक्ष का कहना है कि थाना क्षेत्र में होने वाले अपराध व अपराधियों पर निरंतर कार्यवाही चलती रहेगी

### तीन चोरी के ट्रांसफार्मर व बिजली उपकरण सहित दबोचा

**कन्नौज।** हमराह पुलिस बल के साथ शांति व्यवस्था एंव संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष थाना ठठिया राजकुमार सिंह के नेतृत्व मे उपनिरीक्षक सूर्या कुमार शुक्ला नें ग्राम धन्नापुर्वा से कृष्णापाल उर्फ टिन्कू पाल पुत्र अमर सिंह निवासी ग्राम खुरदईयापुर थाना तिर्वा को तीन चोरी के ट्रांसफार्मर व अन्य विजली उपकरण से लदे ट्रैक्टर ट्राली के साथ हिरासत में लें लिया। पुलिस नें आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा है। उधर मामले के संबन्ध में पुलिस अधीक्षक अमरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया की अभियुक्त के विरुद्ध थाना छिबरामऊ ब थाना ठठिया में अभियोग पंजीकृत है थाना पुलिस द्वारा ट्रैक्टर ट्राली में रखे तीन ट्रांसफार्मर व विद्युत उपकरणों सहित गिरफ्तार किया गया है।

# कस्बे में गैस रिफलिंग से कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

● रिफलिंग दुकानदारों की ओर पुलिस नही दे रही है कोई ध्यान

संवाददाता। राठ(हमीरपुर)

**सात साल** पहले हुये हादसा से पुलिस ने कोई सबक नही लिया और उसी हादसे को एक मर्तवा फिर दोहराने क प्रबंध किया जा रहा है।कस्बे के भीड़भाड़ वाले इलाके रामलीला मैदान में खुलेआम चार पहिया वाहनों में घरेलू गैस सिलेंडर से गैस रिफिलिंग का धंधा जोरों पर चल रहा है। इस तरह खुलेआम गैस रिफिलिंग होने से आसपास के दुकानदारों सहित मोहल्लों के लोगों में दहशत व्याप्त है।

1993 में कस्बे के भीड़भाड़ वाले इलाके कोट बाजार में बड़े घरेलू गैस सिलेंडर से छोटे सिलेंडर में गैस रिफिलिंग करते समय धमाका हो गया था। जिसकी चपेट में आकर एक सभासद की मौत हो गई थी। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए थे। घटना हुए लंबा समय गुजर जाने पर अब लोग पुन: व्यस्ततम इलाकों में दुकान रख बड़े सिलेंडर से छोटे सिलेंडरों में गैस रिफिलिंग कर उन्हें बेचते नजर आते हैं। इसके साथ-साथ सीएनजी गैस से संचालित होने वाले छोटे चार पहिया वाहनों में भी घरेलू गैस सिलेंडरों से गैस रिफिलिंग का काम धड़ल्ले से किया जा रहा है। कस्बे के रामलीला मैदान, बाराखंबा चौराहा व कोट बाजार में कई जगह यह धंधा जोरों पर चल रहा है। अधिकारियों की इस लापरवाही से गैस रिफिलिंग करने वालों के हौंसले बुलंद है। जबकि इस तरह के कार्यों से नगर में कभी भी बड़ी घटना होने की संदेश लोग दहशत में रहते हैं।

### महिला को कुल्हाड़ी मार किया घायल,बाइक से गिरकर दो घायल

**राठ (हमीरपुर)।** दबंगों ने महिला को कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया। पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। कोतवाली के औड़ेरा गांव निवासी मानवती पत्नी रविंद्र कुमार ने बताया कि शुक्रवार को करीब 11:30 बजे वह खेत में सिंचाई कर रही थी। उसी दौरान हरीसिंह पुत्र लखनलाल, उसकी मां और भाई आकर गाली गलौज करने लगे। आरोप लगाया कि मना करने पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसे घायल कर दिया। शोर मचाने पर उक्त लोग जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने घायल महिला का मेडिकल परीक्षण कराया है। इसीप्रकार बाइक से गिरकर दो लोग घायल हो गये है। इटायल गांव निवासी अनवर (28) पुत्र कढ़ोरीलाल बाइक से किरण (26) पत्नी रविंद्र के साथ राठ आ रहा था। रास्ते में संतुलन बिगड़ जाने पर दोनों बाइक से गिरकर घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिये सीएचसी ले जाया गया।

# डीएम के निरीक्षण में प्रयोगशाला के स्थान पर स्टोर रुम मिला

● सुमेरपुर डिग्री कालेज का किया निरीक्षण


महाविद्यालय का निरीक्षण करते जिलाधिकारी व अन्य अधिकारी

**हमीरपुर।** आज जिलाधिकारी डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी ने सुमेरपुर स्थित राजकीय महाविद्यालय के संपर्क मार्ग का निरीक्षण कर जिलाधिकारी ने महाविद्यालय के निर्माण संबंधी मानचित्र का अवलोकन किया। राजकीय महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं , शिक्षकों के आने जाने हेतु सम्पर्क मार्ग न होने तथा नाले आदि की समस्या पर जिलाधिकारी ने सम्पर्क मार्ग एवं रपटा निर्माण के आदेश दिये है।

इस दौरान जिलाधिकारी ने महाविद्यालय का निरीक्षण कर निर्माण आदि की गुणवत्ता देखी। जिसमें फिनिशिंग ठीक न पाये जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। इस मौके पर जिलाधिकारी ने उपलब्ध फर्नीचर आदि की भी गुणवत्ता देखी तथा जरूरी निर्देश दिए। लैब के निरीक्षण के दौरान वहाँ स्टोर रूम पाए जाने पर जिलाधिकारी ने स्टोर को किसी अन्य स्थान पर शिफ्ट कर लैब क्रियाशील करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के निर्माण फिनिशिंग संबंधी कार्यों को शीघ्र पूरा कर लिया जाय। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी कमलेश कुमार वैश्य, अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, चेयरमैन नगर पंचायत सुमेरपुर,अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सुमेरपुर तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# 25 सेवाओं की ऑनलाइन सुविधा लागू: अपर मुख्य सचिव

● अधिकारियों को निर्देश देते अपर मुख्य सचिव




**चित्रकूट।** सूबे के मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में परिवहन विभाग की ऑनलाइन सेवाओं की बाबत हुई वीडीओ कांफ्रेंसिंग में अपर मुख्य सचिव ने कहा कि डीलर प्वाइंट रजिस्ट्रेशन योजना के तहत व्यवसायिक व गैर व्यवसायिक वाहनों के पंजीयन को डिजिटल सिगनेचर समेत डाकूमेन्ट अपलोड करने की सुविधा लागू की गई है। शुक्रवार को अब कार्यालय में भौतिक पत्रावली लाने की जरूरत नहीं है। वाहन विक्रेताओं को नये टेऊ्ड सर्टीफिकेट व नवीनीकरण की ऑनलाइन सुविधा पूरे प्रदेश में लागू की गई है। पंजीयन पुस्तिका की द्वितीय प्रति, पंजीयन पुस्तिका का नवीनीकरण, स्वामित्व तथा अनापत्ति प्रमाण पत्र शामिल है। नये परमिट की द्वितीय प्रति एवं शादी-विवाह के मौके पर जारी होने वाले स्पेशल परमिट की एंड टू एंड व्यवस्था लागू की गई है। कार्यालय आने की जरूरत नहीं है। वाहनों के पंजीयन, स्वस्थता प्रमाण पत्र, परमिट एवं ड्राइविंग लाइसेंस का आनलाइन प्रिंट प्राप्त करने की सुविधा दी गई है। वाहनों के प्रति प्रदूषण मुक्त प्रमाण पत्र जारी करने को प्रदूषण केन्द्र के लिए नये आवेदन व नवीकरण की आनलाइन सुविधा पूरे प्रदेश में लागू की गई है। वाहन एवं सारथी सम्बन्धी 25 सेवायें दर्पण पोर्टल पर प्रदर्शित की जायेंगी।

आवेदक ड्रिलडाउन सुविधा उपलब्ध है। समस्त सेवायें जनहित गारंटी अधिनियम के तहत शामिल हैं। कार्यों के निस्तारण की अवधि सात कार्य दिवस निर्धारित की गई हैं। परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सड़क सुरक्षा सप्ताह को दीपावली के बाद आयोजित कर कार्यालय के आसपास अतिक्रमण हटायें। डीलर के साथ प्रतिमाह समीक्षा बैठक करें। कोरोना को देखते हुए सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित कराई जायें। एनआईसी में वीडीओ कांफ्रेंसिंग में डीएम शेषमणि पाण्डेय ने एआरटीओ सुरेशचन्द्र यादव को निर्देश दिये कि डीलरों की हर माह बैठक कर शासन से जारी गाइडलाइन का प्रचार प्रसार किया जाये। इस मौके पर परिवहन अधिकारी प्रदीप कुमार, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनोज कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

### अदालत के आदेश से तीन लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के खरौज गांव में विवाहिता को जलाकर मार डालने की रिपोर्ट पुलिस ने अदालत के आदेश पर दर्ज की है।जानकारी के मुताबिक जनपद बांदा के जसपुरा थाना क्षेत्र के नांदा देव गांव निवासी धीरज सिंह ने पुलिस को बताया कि अपनी बहन काजल की शादी 7 मई 2019 को कुरारा थाना क्षेत्र के खरौज गांव निवासी अंकुल पुत्र स्वर्गीय कल्लू सिंह चौहान के साथ हिंदू रीति रिवाज के अनुसार की थी तथा सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज दिया था लेकिन ससुराली जन इससे संतुष्ट नहीं थे तथा काजल को सोने की चेन बाइक अंगूठी की मांग कर उत्पन्न करने लगे यह बात काजल ने मायके जाने पर परिजनों को बताई वहीं 3 मई 2020 को काजल को उत्पन्न कर ससुराली जन ने जला दिया तथा इलाज के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज लेकर गए वहां इलाज के दौरान 14 मई 2020 को उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

# कैमहापुरवा की घटना का इंतजार कर रही मऊ पुलिस

**चित्रकूट।** महिलाओं पर हो रही घटनाओं को रोकने को सरकार ने मिशन नारी शक्ति अभियान चलाकर महिलाओं को जागरूक कर रही है, ताकि घटनाओं में कमी आ सके। महिलाओं को जागरूक करने के साथ पुलिस के कुछ जिम्मेदारों को जागरूक करने की जरूरत है, जो महिला हिंसा से जुड़ी घटनाओं में रिपोर्ट तक दर्ज करना उचित नहीं समझते।

मऊ थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलन्द हैं। आये दिन घटनायें होने के बाद भी थाना प्रभारी को नहीं हटाया जा रहा है। कई घटनायें होने के बाद भी थाना प्रभारी पर पुलिस के जिम्मेदार मेहरबानी बनाये हुए हैं। नतीजतन थाना प्रभारी अपनी मनमानी करते नजर आ रहे हैं। मऊ थाना क्षेत्र के हन्ना विनैका गांव के कुछ दबंगों ने अनुसूचित जाति की नाबालिग लडकी को बार-बार छेड़ रहे हैं। कई बार छेडछाड व दुष्कर्म के प्रयास करने वालों पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। इससे मनचलों के हौसलें बुलन्द हैं। पीड़ित परिवार की रिपोर्ट तो दूर कोई नहीं सुन रहा है।

हतास पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया। फिर भी मनचलों पर रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। पीड़ित परिवार पुलिस अधीक्षक की चौखट पर पहुंचा। पुलिस अधीक्षक से भेंट न होने पर परिवार मायूस होकर लौट गया। मनचलों व दबंगों से परेशान परिवार काफी सहमा है। पिछले दिनों कैमहापुरवा में 14 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ गैगरेप हुआ था। पीड़िता ने आत्महत्या कर ली थी। दबंगों व मनचलों पर कार्यवाही न करके मऊ थाना पुलिस कैमहापुरवा जैसी घटना का इंतजार कर रही है। नाबालिग के साथ छेडछाड व जान से मारने की धमकी देने वाले दबंगों पर कब कार्यवाही होगी।

# अग्नि पीड़ित व्यापारियों को शानू गुप्ता ने दी मदद


मदद देते व्यापारीगण

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के पदाधिकारियों ने आगजनी के शिकार हुए कपड़ा व्यापारियों को दी गई आर्थिक मदद व सभी से पीड़ितों की मदद की अपील की गई। 15 अक्टूबर को अशोका गारमेंट्स धतुरहा चौराहा में कपड़ा व्यापारी अशोक कुमार व कुसुम सोनी की कपड़ा दुकान में अज्ञात कारणों से आगजनी की घटना हुई थी। घटना से व्यापारी आर्थिक व मानसिक रूप से टूटने पर शासन व प्रशासन से मदद की मांग की थी। 21 दिन बीतने के बाद भी कोई मदद न मिलने से अपना व्यापार स्थापित न कर पाने से पीड़ितों ने सभी से मदद की गुहार लगाई थी। राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता की अगुवाई में प्रदेश मंत्री विनोद केसरवानी, जिला महामंत्री विष्णु गुप्ता, मण्डल संगठन मंत्री अमित पौहरिया, मुख्य संरक्षक सुनील हड्डू गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष सुनील जायसवाल, युवा जिलाध्यक्ष उज्ज्वल गुप्ता, जिला मंत्री संतोष गुप्ता, नगर अध्यक्ष संजय सोनी, नगर उपाध्यक्ष अनुराग गुप्ता, जिला कार्यवाहक अध्यक्ष रामप्रकाश केसरवानी, मंडल उपाध्यक्ष शिव शंकर गुप्ता, युवा जिला उपाध्यक्ष दशरथ केसरवानी, मंडल महामंत्री युवा शेशू जायसवाल, मंडल मंत्री ललित जायसवाल ने सहयोग कर दोनों पीड़ित व्यापारियों को पन्द्रह हजार रुपये की आर्थिक मदद प्रदान की। सभी व्यापारियों से पीड़ितों के पुन: व्यापार स्थापित करने को मदद की अपील की।

### सौ मीटर दौड़ में अभिलाश त्रिपाठी ने मारी बाजी

**चित्रकूट।** जिला स्पोंर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन क्षेत्रीय क्रीडाधिकारी अजय सेठी के नेतृत्व में हुआ। प्रतियोगिता का शुभारम्भ सहायक कोषाधिकारी अवधेश प्रताप सिंह ने किया। मुख्य अतिथि समाजसेवी कुनाल प्रताप सिंह सरकार व वरिष्ठ पत्रकार अध्यक्ष बॉलीबाल संघ, सहसचिव ओलंपिक गेम्स राकेश चौधरी रहे। शुक्रवार को प्रतियोगिता मे सौ मीटर बालक वर्ग मे अभिलाश त्रिपाठी प्रथम, जानकी रैकवार द्वितीय, सूर्यकांत तृतीय रहे। सौ मीटर बालिका वर्ग मे शीलू प्रथम, शिवानी सिंह, द्वितीय, सोनाली तृतीय रही। दो सौ मीटर बालक वर्ग मे याकूब प्रथम, जानकी द्वितीय, राघवेन्द्र तृतीय। दौ सौ मीटर बालिका वर्ग मे कुसबू प्रथम, रोशनी द्वितीय, शिवानी तृतीय रही। चार सौ मीटर बालक वर्ग मे याकूब प्रथम, रोहित यादव द्वितीय, अजय तृतीय रहे। चार सौ मीटर बालिका वर्ग मे खुशबू प्रथम, शिवानी द्वितीय, सोनाली तृतीय रही। बालक वर्ग लांग जंप मे अमनराज प्रथम, मो नसीम द्वितीय, जानकी रैकवार तृतीय रहे।

# आईपीएल सट्टे के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** नगर व क्षेत्र में युवा भविष्य की जड़ों को कमजोर कर रहे आईपीएल सट्टा के लेनदेन को लेकर नगर के मोहल्ला रामगंज में दो समुदायों के युवकों के बीच जमकर चले लाठी-डंडों के बीच दो युवक घायल हो गए। किसी की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने लाठी पटक कर भीड़ को तितर-बितर किया। वहीं कोतवाली में दोनों पक्षों के मध्य समझौता हो गया। शुक्रवार को नगर के मोहल्ला रामगंज स्थित पालिका द्वार के सामने आईपीएल सट्टा के लेनदेन को लेकर क्षेत्र के कस्बा समधन निवासी दो मुस्लिम युवकों को गिहार समुदाय के एक दर्जन से अधिक युवकों ने लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। किसी की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस लाठी पटक कर भीड़ को तितर-बितर किया। इसके पश्चात कस्बा चौकी प्रभारी प्रेम सिंह राजपूत ने दोनों पक्षों को कोतवाली पहुंचकर तहरीर देने की बात कही। इसके पश्चात कोतवाली पहुंचे दोनों पक्षों के लोगों ने नाटकीय ढंग से समझौता कर लिया। पुलिस सब कुछ जानकर भी आईपीएल सट्टे से जुड़े लोगों पर करवाई न कर पल्ला झाडनें का प्रयास कर रही हैं।

### अवैध राइफल सहित पुलिस नें युवक को दबोचा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** बांछितों की तलाश में हमराह सिपाहियों के साथ गश्त कर रहे कोतवाली क्षेत्र की चौकी सराय प्रयाग प्रभारी ऋषिकेश मिश्रा ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के ग्राम सदरपुर में एक घर की घेराबंदी कर छापेमारी की। इस दौरान उन्होंने एक युवक को अवैध राइफल व एक कारतूस सहित हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में आरोपी युवक ने अपना नाम गोरेलाल पुत्र दयाराम निवासी सदरपुर बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

# भाजपा सरकार जनहित के कार्यों व क्षेत्र के विकास के लिये संकल्पित है: अर्चना पांडे

● पूर्व राज्यमंत्री ने किया विकास कार्यों सहित स्नानघाटों के शिलापटों का लोकार्पण

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)


फीता काटकर लोकापर्ण करती पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पांडेय।

**समर्थकों** के साथ पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पांडेय ने तालग्राम के कई ग्रामों में निधि से कराए गए विकास कार्यों में 12 स्नानघाटों के शीला पटो का फीता काटकर लोकार्पण किया। कहा कि भाजपा सरकार जनहित के कार्यों सहित क्षेत्र के विकास के लिए संकल्पित है।

शुक्रवार को पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने समर्थकों के साथ तालग्राम क्षेत्र के ग्राम उमरापुर, चियासर, सिंहपुर, फखरपुर, सलेमपुर, मायापुरवा, मौरा, बनियानी, नंगापुरवा, कसावा, सरायभीम, मधई नगला, अलमापुर, निगोह खास, छोटे नगला, तमियामऊ में विधायक निधि से कराए जा रहे विकास कार्यों सहित बारह स्नानघाटों का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्नानघाटों के निर्माण से महिलाओं को गांवों में शोक के उपरांत होने वाले क्रिया-कर्म के कार्य स्नानघाट पर ही अपने कार्य आसानी से पूर्ण कर सकेंगी। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर नें कहा कि भाजपा सरकार कमजोर व गरीब वर्ग के लोगों के उत्थान के लिये सरकारी योजनाएं बनाई जा रही है। इसका लाभ सीधे आम गरीबों तक पहुंचेगा। सहकारी समिति के अध्यक्ष मयंक गुप्ता नें कहा कि भाजपा सरकार जनहित में कार्य कर मूलभूत सुविधाओं सहित सभी को लाभान्वित करनें का कार्य कर रही है। पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पाण्डेय ने कई ग्रामों का भ्रमण कर जनता की समस्याएं सुनी और संबन्धित अधिकारियों को तत्काल निस्तारण के दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर भाजयुमो नगर अध्यक्ष दीपक गुप्ता, दीपक गुप्ता, विजय सिंह, धर्मेंद्र गुप्ता सहित तमाम कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्वयं सहायता समूह के माध्यम से मिलेगा राशनः डीएम

संवाददाता। गोंडा

**जनपद में** आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ड्राई राशन का वितरण ग्रामीण क्षेत्रों में अब स्वयं सहायता समूहों द्वारा तथा शहरी क्षेत्र में शहरी आजीविका मिशन केन्द्रों के माध्यम से किया जाएगा। शुक्रवार को जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने इस बावत कलेक्ट्रेट सभागार में सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर रूपरेखा निर्धारित की तथा निर्देश दिए कि तत्काल प्रभाव से निगरानी समितियों को सक्रिय किया जाय व न्याय पंचायत स्तर पर नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाय और मानीटरिंग के लिए जनपद स्तर पर व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाय।

जिलाधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जिले में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) के लाभार्थियों को अनुपूरक पुष्टाहार कार्यक्रम के अन्तर्गत ड्राई राशन आगनबाड़ी केन्द्रों पर वितरित किया जाएगा।

### ● न्याय पंचायत स्तर पर होगी मानीटरिंग, नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश जारी

जिलाधिकारी ने सभी आपूर्ति एवं दुग्ध विभाग एवं सभी सम्बन्धित अधिकारियों को बेहतर समन्वय स्थापित करके राशन वितरण कराने का निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि योजना के अनुसार आंगनबाड़ी कार्यकत्री वितरण का रिकार्ड मेनटेन करेंगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि स्वयं सहायता समूहों को राशन, कोटे की दुकानों से प्राप्त होगा, इसलिए मानक अनुसार स्वयं सहायता समूहों को दुकानों का आवंटन पारदर्शी तरीके से कर दिया जाय। उन्होंने डीएसओ को निर्देश दिए कि वे कोटेदारों द्वारा समय से राशन की उठान सुनिश्चित कराएं ताकि स्वयं सहायता समूहों को समय से राशन उपलब्ध हो जाय।



उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आपूर्ति विभाग गेहूँ, चावल आदि उपलब्ध करायेगा। योजना के अनुसार प्रतिमाह 06 माह से 03 वर्ष के बच्चों के लिए 01 किलो चावल, डेढ किलो गेहूँ, 750 ग्राम दाल, 450 ग्राम देशी घी तथा 400 ग्राम दूध दिया जायेगा। 03 वर्ष से 06 वर्ष के आयु के बच्चों को प्रतिमाह 01 किलो चावल, डेढ किलो गेहूँ, 400 ग्राम दूध दिया जायेगा। उन्होने बताया कि गर्भवती एंव स्तनपान कराने वाली महिलाओं तथा स्कूल से बाहर 11 से 14 वर्ष की किशोरियों को 01 किलो चावल, 02 किलो गेहूँ, 750 ग्राम दाल, 450 ग्राम देशी घी तथा 750 ग्राम दूध दिया जायेगा। गम्भीर रूप से कुपोषित 06 माह से 06 वर्ष के बच्चों के लिए प्रतिमाह डेढ किलो चावल, 2.50 किलो गेहूँ, 500 ग्राम दाल, 900 ग्राम देशी घी तथा 750 ग्राम दूध दिया जायेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि जिले में कुल 3095 आंगनबाड़ी केन्द्र हैं जिन पर राशन का वितरण कराया जाएगा जिसमें 06 माह से 03 वर्ष आयु के 01 लाख 45 हजार, 808 बच्चे, 03 वर्ष से 06 तक आयु के 45 हजार 875 बच्चे, गर्भवती व धात्री महिलाएं 60 हजार 322 तथा 4500 किशोरियों को लाभान्वित किया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शशांक त्रिपाठी, सिटी मजिस्ट्रेट वन्दना त्रिवेदी, डीपीओ मनोज कुमार, उपायुक्त मनरेगा/डीसी एनआरएलएम हरिश्चन्द्र प्रजापति, जिला पूर्ति अधिकारी बी0के0 महान, पीओ डूडा विनोद सिंह, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा0 देवराज, जिला विद्यालय निरीक्षक अनूप श्रीवास्तव, एआरएम रोडवेज, डूडा कार्यक्रम प्रबन्धक अखिलेश सिंह एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### धान विक्रय के लिए पंजीकरण कराएं किसानः डीएम

**गोंडा।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने खरीफविपणन वर्ष 2020-21 में मूल्य समर्थन योजना के तहत धान खरीद के लिए दो और नए धान क्रय केन्द्रों का अनुमोदन किया है। जिलाधिकारी ने बताया कि गोण्डा सदर अन्तर्गत इटियाथोक में क्रय एजेन्सी पीसीयू का 01 क्रय केन्द्र सहकारी संघ लिमिटेड बड़गांव गोण्डा एट परसिया बलेशीपुर तथा बभनजोत में सहकारी संघ लिमिटेड हथियागढ़ में पीसीएफका 01 क्रय केन्द्र का अनुमोदन किया गया है। उन्होंने बताया कि इन दो नए क्रय केन्द्रों को मिलाकर जनपद में धान क्रय केन्द्रों की संख्या 75 हो गई है। जिलाधिकारी ने केन्द्र प्रभारियों को निर्देश दिए है कि वे तत्काल अनुमोदित क्रय केन्द्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराते हुए तौल शुरू कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने किसानों से अपील की है कि किसान अपना पंजीकरण विभागीय वेबसाइट एफसीएस डॉट यूपी डॉट जीओवी डॉट इन पर करा लें। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्रय केन्द्रों पर केवल पंजीकृत किसानों का ही धान खरीदा जाएगा। तहसीलों के विपणन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने विपणन निरीक्षकों के साथ धान क्रय के पूर्व/क्रय अवधि के मध्य पड़ने वाले तहसील दिवस एवं सम्पूर्ण समाधान दिवस में आवश्यक पोस्टर बैनर के साथ कैम्प लगाकर व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए। उन्होंने बताया कि धान क्रय के 72 घन्टे के अन्दर किसानों के मूल्य का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से सीधे उनके खातों में किया जाएगा। डिप्टी आरएमओ लाल बहादुर गुप्ता ने बताया है कि भारत सरकार द्वारा समर्थन मूल्य योजना के तहत कॉमन धान का मूल्य 1868 रूपए प्रति कुन्तल तथा ग्रेड-ए धान का मूल्य 1888.00 रूपए प्रति कुन्तल तय किया है।

## सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान का नियमित चयन कराने को लेकर मांग



**रायबरेली।** ग्राम पंचायत बरगदहा विकासखंड हरचंदपुर मे सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान की नियमित चयन कराने की मांग पुष्पा सिंह पत्नी संजीत सिंह अध्यक्ष जय मां दुर्गा महिला स्वयं सहायता समूह ने उठाई है। जिला अधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में उन्होंने मांग की है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान की दूसरी प्रार्थिनी किरण सिंह जो विकासखंड महाराजगंज की निवासिनी है किरण सिंह का समूह जय मां दुर्गा महिला स्वयं सहायता समूह बरगदहा एनआरएनएम पोर्टल पर अपलोड नहीं है। जिससे एनआरएलएम समूह होने की पुष्टि नहीं होती है किंतु अनाधिकृत रूप से कुछ कर्मचारियों और अधिकारियों की गलत आख्या एवं सांठगांठ से कानूनी कार्यवाही खुली बैठक में समूह के 12 सदस्य के स्थान पर 16 सदस्य बताकर अनाधिकृत लाभ लेना चाहती है। किरण सिंह के समूह को निष्क्रिय करार दिया है। पुष्पा सिंह ने कहा है कि 2 वर्ष बाद एक मुश्त 55695 रुपये बचत खाते में जमा कर अनाधिकृत लाभ लेने का प्रयास किया गया है ऐसी दशा में सर्वजनिक प्रणाली की दुकान के संबंध में सभी पहलुओं पर विचार करते हुए जिला अधिकारी उचित कार्यवाही करें। पुष्पा सिंह ने मांग की है कि जिला अधिकारी सार्वजनिक वितरण प्रणाली बरगदहा विकासखंड हरचंदपुर जिला रायबरेली की दुकान का चयन निष्पक्ष एवं कानूनी आधार पर कराएं।

## बड़े बकायेदारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान

**महराजगंज रायबरेली।** विद्युत विभाग ओसाह द्वारा बड़े बकायेदारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आज ठाकुरपुर व हलोर में लगभग 20 बकायेदारों के कनेक्शन विच्छेद किए गए आपको बता दें कि अवर अभियंता दीपक कुमार वर्मा व फीडर प्रभारी रमेश कुमार शर्मा व हार्दिक विश्वकर्मा की अगुवाई में ठाकुरपुर हलोर में 20 बड़े बकायेदार जिनका बकाया 5000 के ऊपर था उनके कनेक्शन विद्युत विभाग ओसाह की टीम द्वारा विच्छेदन किए गए अवर अभियंता दीपक कुमार वर्मा ने बताया कि सभी बड़े बकायेदारों के कनेक्शन लगातार अभियान चलाकर काटे जा रहे हैं जिन का बकाया 5000 से ऊपर है। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की की जिनका भी बकाया 5000 से अधिक है वो विद्युत विभाग के ऑफिस या किसी भी जन सेवा केंद्र पर अपना बिल जमा कर सकते हैं। अन्यथा की दशा में उन सभी बड़े बकायेदारों कनेक्शन अभियान चलाकर काटे जा रहे हैं और काटे जाएंगे। मौके पर रवि श्रीवास्तव एसएसओ व संविदा लाइनमैन दिनेश कुमार व ब्रजेश कुमार उपस्थित रहे।

# औचक निरीक्षण में एक दर्जन कर्मचारियों में से सात गायब मिले

### ● कार्रवाई के नाम पर सिर्फ और सिर्फ फरमान

**सुलतानपुर।** डीएम ने सहायक श्रमायुक्त, कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया कि सहायक श्रमायुक्त सुलतानपुर के पास वर्तमान में जनपद अमेठी का भी प्रभार होने के कारण ज्ञात हुआ कि आज वह जनपद अमेठी हैं। जिलाधिकारी ने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। इस कार्यालय में कुल 12 कर्मचारी कार्यरत हैं, जिसमें पांच मौके पर उपस्थित पाये गये। डीएम ने सभी कर्मचारियों को बुलाकर भौतिक सत्यापन किया तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रकाश चन्द्र व अलंकृता उपाध्याय, सतं रविदास शिक्षा सहायता योजना के अन्तर्गत लाभार्थी श्रमिकों की पुत्रियों को वितरित किये जाने के लिए साइकिल की व्यवस्था के लिये जनता साइकिल एजेन्सी अयोध्या से आ रही साइकिलों को स्टोर करवाने के लिए गये हुए थे। श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनुराग त्रिपाठी चिकित्सा अवकाश पर हैं। कम्प्यूटर आपरेटर मनोज कुमार आज सीएल अवकाश पर हैं व कम्प्यूटर आपरेटर मक्खन लाल का एक्सीडेन्ट हो जाने के कारण विगत कुछ समय से मेडिकल अवकाश पर हैं। कम्प्यूटर आपरेटर दुर्गेश अनुपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी ने सहायक श्रमायुक्त सुलतानपुर को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त अधिकारी-कर्मचारी समय से कार्यालय में उपस्थित हों। उन्होंने सहायक श्रमायुक्त को निर्देशित किया कि प्रतिदिन उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करने के पश्चात हस्ताक्षर बना दिया करें। उन्होंने सहायक श्रमायुक्त व सम्बन्धित अधिकारी को कार्यालय में साफ-सफाई का निरीक्षण कर नियमित साफ-सफाई कराये जाने का निर्देश दिये।

### कोताही बरतने वाले अफसरों पर कार्यवाही का अल्टीमेटम

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी द्वारा रोजाना जनता दर्शन में पीड़ितों की समस्याओं को सुनने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। शुक्रवार को भी डीएम ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में जनता दर्शन में आये सभी फरियादियों की कोविड 19 की टेस्टिंग कराने के पश्चात सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन करते हुए एक-एक फरियादियों की समस्याओं को सुना। उन्होंने मौजूद अधिकारियों से कहा कि जनता दर्शन में आने वाली शिकायतों को संबंधित विभागीय अफसरों को पास भेजवाएं। शिकायतों के निस्तारण में कोताही बरतने वाले अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए नसीहत दी है कि शिकायतों का गलत ढंग से निस्तारण करने वाले अधिकारियों पर विभागीय कार्यवाही होगी। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निपटारा ऐसा किया जाना चाहिए कि दोनों पक्ष संतुष्ट हो जाएं। छोटे-छोटे मामले ही आगे चलकर बड़ा रूप धारण करते हैं। ऐसे में जिम्मेदार अधिकारियों को सजग रहने की जरूरत है।

# पत्रकारों के साथ बढ़ते शोषण पर आपवा ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



**श्रावस्ती।** शुक्रवार को आदर्श पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष माता प्रसाद वर्मा के नेतृत्व में राष्ट्रपति को सम्बोधित एक ज्ञापन प्रभारी जिलाधिकारी श्रावस्ती को सौंपा गया। जिसमें पत्रकारों के ऊपर हो रहे अत्याचार का विरोध कर पत्रकारों के मामलों में उच्च स्तरीय जांच करवा कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई। प्रभारी जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि मुम्बई पुलिस के द्वारा वरिष्ठ पत्रकार अर्नब गोस्वामी के साथ जो व्यवहार किया गया है वह निन्दनीय है। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के साथ यह अन्याय है। इसकी निष्पक्ष जांच किसी केंद्रीय एजेंसी से कराकर तथा दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कार्यवाही किया जाना चाहिए तथा रिपब्लिक भारत के प्रधान संपादक अर्णव गोस्वामी के परिवार को सुरक्षा प्रदान किया जाना चाहिए। महाराष्ट्र समेत अन्य सरकारें व पुलिस अपने अधिकारों को दुरुपयोग कर पत्रकारों की बुलंद आवाज़ को दबाने का काम कर रही है। वर्तमान में हालात विषम हो गए हैं। सरकार का विरोध करने वालों पर पुलिस फर्जी मुकदमे दर्ज कर उन्हें जेल भेजने का काम कर रही है। जिसको लेकर पूरे देश में आक्रोश व्याप्त है। ऐसी स्थिति में हम सभी पत्रकार साथी ज्ञापन के माध्यम से अपनी प्रमुख मांगे रखकर पत्रकारों के साथ हो रहे उत्पीड़न का विरोध करते हैं। साथ हीं दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग करते हैं। इस मौके पर ओम मिश्रा दिनेश जायसवाल सर्वजीत सिंह। अरविन्द तिवारी हेमंत श्रीवास्तव। विनोद दूबे नन्द कुमार गुप्ता दुर्गेश शुक्ला इंद्रदेव गुप्ता अमित विश्वास पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव राम किशोर गुप्ता रमेश कुमार गुप्ता आशीष आर्य सुरेश कुमार सोनी समेत तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

## अर्णब गोस्वामी के समर्थन में उतरी अटल राष्ट्रवादी सेना

**ऊंचाहार, रायबरेली।** रिपब्लिक टीवी के एडिटर इन चीफ अर्णब गोस्वामी की गिरफ्तारी से देश भर के पत्रकारों में फैले आक्रोश के बीच कई सारे संगठन सड़क पर उतर आए हैं। गुरुवार को अटल राष्ट्रवादी सेना की जिला कार्यकारिणी के द्वारा अर्णब गोस्वामी के समर्थन में एक स्वर में आवाज बुलंद की गई। इसका नेतृत्व करते हुए जिला उपाध्यक्ष वैभव द्विवेदी ने कहा कि मुम्बई सरकार और वहां की पुलिस ने चौथे स्तंभ पर हमला किया है। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर यह बहुत बड़ा कुठाराघात है, मीडिया की स्वतंत्रता को दबाने की कोशिश है। मीडिया अगर कमजोर होती है तो लोकतंत्र भी कमजोर होगा। आज इन सभी के खिलाफ एकजुट होकर आवाज बुलंद करनी है और मुंबई पुलिस द्वारा जो हमला किया गया है वह केवल अर्नब पर ही नहीं, बल्कि पूरे पत्रकार जगत पर हमला है। इस मौके पर रायबरेली अटल राष्ट्रवादी सेना के जिला उपाध्यक्ष वैभव द्विवेदी, ब्लॉक अध्यक्ष दीनशाह गौरा विभव द्विवेदी, ब्लॉक उपाध्यक्ष जगतपुर आशुतोष तिवारी, महामंत्री दीनशाह गौरा रोहित दीक्षित, व कार्यकारिणी के अन्य सदस्य नितेश पाल, दुर्गेश शुक्ला, नीरज त्रिपाठी, सचिन पंडित, मयंक सिंह, शुभम सिंह, हरि नारायण शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# व्यापारी के साथ लूट का पुलिस ने किया खुलासा



**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कुछ दिन पहले हुई लूट का पुलिस ने खुलाशा किया है। पुलिस ने लूट में शामिल सभी लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। साथ ही लूटा गया पैसा और सामान भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। दरअसल भिनगा कोतवाली क्षेत्र के अंटा तिराहे के पास कुछ दिन पहले एक व्यापारी से सवा लाख रुपये की लूट की वारदात हुई थी। मामले में पुलिस छानबीन कर रही थी। इसी मामले में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर खुलाशा करते हुए बताया कि कुछ दिन पहले व्यापारी से हुई लूट के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से एक चोरी की मोटरसाइकिल और दो अवैध तमंचे भी बरामद हुए हैं। गिरफ्तार लोगों के पास से लूट के पैसे में से 14850 रुपये और सामान भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार लोगो मे संजय कुमार पुत्र बेचईलाल निवासी पलटनपुरवा खैरी कला रईस पुत्र दिलदार निवासी साईपुरवा मंगल उर्फ दिनेश कुमार पुत्र शंकर निवासी लोखड़ियन पुरवा और द्वारिका यादव पुत्र संगमलाल यादव निवासी तेलियन पुरवा थाना भिनगा शामिल हैं। पुलिस ने गिरफ्तार सभी लोगो के विरुद्ध मामला दर्जकर जेल भेज दिया है।

## क्षेत्राधिकारी सिटी ने एनटीपीसी ऊंचाहार में कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



**रायबरेली।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं में हो रहीं मौतों को रोकने के लिए अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल की तरह इस साल भी नवंबर महीने को यातायात माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में क्षेत्राधिकारी सिटी श्री अंजनी कुमार चतुर्वेदी द्वारा एनटीपीसी ऊंचाहार में कर्मचारियों को जागरूक करके इस अभियान का शुभारंभ एनटीपीसी ऊंचाहार में किया इस मौके कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने कहा की - यातायात नियम व संकेत की जानकारी सभी के लिए जरूरी है। जब भी लोग सड़क पर पैदल निकले या फिर वाहन लेकर आएं जाएं यातायात नियम व संकेतों का कड़ाई से पालन करें। इससे दुर्घटनाओं की संभावनाएं काफी कम रहती है स इसके तहत विभिन्न उपायों में जागरूकता बढ़ाना, सड़क सुरक्षा सूचना पर आंकड़े एकत्रित करना, सड़क सुरक्षा की बुनियादी संरचना के अंतर्गत कुशल परिवहन अनुप्रयोग को प्रोत्साहित करना तथा सुरक्षा कानूनों को लागू करना शामिल हैं। इस दौरान पी के पूजापांडा अपर महाप्रबंधक सुरक्षा, श्रीमती रेखा सिंह प्रभारी यातायात राय बरेली सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## किसानहितों के लिए बजाज चीनी मिल प्रतिबद्धः जीवी सिंह

**गोंडा।** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड कुन्दुरखी में पेराई सत्र 2020-21 के लिए आगामी 9 नवम्बर को चीनी मिल परिसर में विधि विधान पूर्वक बॉयलर पूजा की जायेगी। यह जानकारी देते हुए इकाई प्रमुख जी0वी0 सिंह ने बताया कि कोविड-19 के परिपेक्ष्य में शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन कराते हुए पेराई सत्र 2020-21 को सुचारू रूप से सम्पन्न कराये जाने की सभी आवश्यक तैयारियॉं पूरी कर ली गई हैं। इकाई प्रमुख ने कहा कि बजाज चीनी मिल किसानहितों के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने बताया कि पेराई सत्र के दौरान कृषकों को अपना गन्ना बेचने में किसी भी प्रकार की समस्या न उत्पन्न होने पाये, इसके लिए मिल परिसर में किसान समस्या समाधान केन्द्र की व्यवस्था की जायेगी। साथ ही अन्य व्यवस्थाओं को सुदृढ करने के लिए सम्बन्धित विभागाध्यक्षों/प्रबन्धकों को दिशा-निर्देश जारी कर दिया गया है।

# अनियमितता की भेंट चढ़ी बहादुरपुर रोड की आरसीसी सड़क

### ● अधिकारी सुस्त तो ठेकेदार मस्त की तर्ज पर चल रहा कार्य



**सुलतानपुर।** नगर क्षेत्र के गभड़िया से बहादुरपुर रोड पर बन रही आरसीसी सड़क में भ्रष्टाचार का घुन लग गया है। अनियमितता इस कदर हावी है कि गुणवत्ता सड़क में नहीं दिख रही है। इसको लेकर मोहल्ले वासियों में व्यापक आक्रोश है। इस पर नजर रखने वाले अधिकारी जहां उदासीन बन हुए हैं वहीं ठेकेदार भी बहती गंगा में हाथ धुलने से कोई चूक नहीं कर रहे हैं।

गौरतलब हो कि लोक निर्माण विभाग से नगर क्षेत्र के गभड़िया से बहादुरपुर गांव को जोड़ने वाली सड़क कायाकल्प किया जा रहा है जिसमें करीब 380 मीटर आरसीसी सड़क करोड़ों की कीमत से बनाई जा रही है। सड़क में भ्रष्टाचार का घुन लग गया। अधिकारी सुस्त, ठेकेदार मस्त हैं। मोहल्ला वासियों का आरोप है कि सड़क का निर्माण मानक विहीन हो रहा है। गभड़िया से बहादुरपुर ताजपुर को जाने वाली रोड पर अधिकारियो की नजर ढीली है। ठेकेदार मनमानी तरीके से काम कर रहे हैं। यहाँ सड़कों का निर्माण तो जोरो पर है, लेकिन मानकों के अनुसार काम न होने के कारण सड़के कुछ दिन की ही मेहमान देखी जा रही हैं। ग्रामीण आंचल को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग पर हो रहे काम की तस्वीर देखने से साफ होता है कि शासन की धन राशि को जम कर लूट खसोट की जा रही है। जिसके कारण सरकार के मंशानुरूप जमीनी स्तर पर कार्य नहीं हो पा रहा है। आवागमन करने वाले राहगीरों ने जिला प्रशासन से अपनी निगरानी में सड़क निर्माण करवाए जाने की मांग उठाई है।

## क्विक न्यूज

### खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम दुकानों पर मारेगी छापा

**सुलतानपुर।** दीपावली पर्व पर बाजारों दुकानों में बनने वाली मिठाइयों, नमकीन और अन्य खाद्य पदार्थों के निर्माण पर निगरानी रखी जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से जिला स्तरीय चेकिंग अभियान भी शुरू किया जाएगा। मिठाइयां व अन्य खाद्य पदार्थ के नमूने लिए जाएंगे और मानक पर खरा नहीं उतरने पर विधिक कार्यवाही भी होगी। अभियान के दौरान विभागीय टीम खाद्य निर्माण स्थलों का औचक निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करेगी कि इन पदार्थों को बनाए जाने में शुद्ध सामग्री का प्रयोग किया जाए। इन पदार्थों को बनाए जाने के समय स्वच्छता और संक्रमण से बचने के उपायों का भी निरीक्षण के समय ध्यान दिया जाएगा। जिला अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ अमर सिंह वर्मा ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान उच्च न्यायालय से निर्गत आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

### सड़क हादसे का शिकार हुए छात्र

**कादीपुर, सुलतानपुर।** परीक्षा देकर घर लौट रहे बाइक सवार दो छात्र हादसे का शिकार हो गए। दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है। लखनऊ बलिया राजमार्ग पर पांडेय बाबा बाजार में बाइक सवार छात्र भूसी लदी ट्रक में जा भिड़े। दुर्घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालात नाजुक देख मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया है। दोनों छात्र अमेठी जिले के बताए जा रहे हैं।

### पॉक्सो एक्ट का वांछित गिरफ्तार

**सुलतानपुर।** पॉक्सो एक्ट के वांछित व अन्य एक युवक को पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ धर दबोचा। आरोपियों को पुलिस ने मजिस्ट्रेट के न्यायालय में पेश किया। जहां उसे उन्हे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। गौरतलब हो कि पुलिस अधीक्षक शिवहरि मीणा के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में पुलिस का धर पकड़ अभियान जारी है। शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर दलवीर सिंह के नेतृत्व में गोसाईगंज थाना प्रभारी ओमवीर सिंह चौहान अपने टीम उपनिरीक्षक इरफान अली, कांस्टेबल वीरेंद्र मिश्रा द्वारिकागंज, प्रीतम सिंह के साथ मुखबिर की सूचना पर कालीमाता मंदिर तिराहा सरवन के पास से दो युवको गिरफ्तार कर लिया। जिनकी शिनाख्त कुन्दन मिश्रा पुत्र जमुना प्रसाद परसुरामपुर के रूप में हुई। उनके पास से एक अवैध तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। वहीं स्थानीय थाना क्षेत्र के जुआलीपुर गांव निवासी अभियुक्त उमेश कुमार पुत्र मूलचंद चौहान को मुखबिर की सूचना पर वैदहा पुल के पास से उपनिरीक्षक प्रशांत शर्मा, कांस्टेबल राजेश वर्मा ने गिरफ्तार कर लिया। वह पॉस्को एक्ट में वांछित चल रहा था।

### बिजली बिल की वसूली में तेजी लाने का निर्देश

**सुलतानपुर।** अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड द्वितीय द्वारा उपखंड अधिकारी, अवर अभियंता कार्यकारी सहायक, बिलिंग एजेंसी से संबंधित मीटर रीडर्स सुपरवाइजर की बैठक आयोजित की गई। जिसमें गुणवत्तापूर्ण शत-प्रतिशत बिलिंग तथा राजस्व वसूली के लिए निर्देशित किया गया। अधिशासी अभियंता ने कहा कि विद्युत कर्मी राजस्व वसूली में सहयोग करें। विद्युत कैंप लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान करने के साथ साथ बकाया बिल की वसूली की जाए और विद्युत चोरी रोकी जाए।

### शॉर्टसर्किट से हजारों की संपत्ति राख

**बल्दीराय सुलतानपुर।** थाना क्षेत्र के रसहरा गांव में देर शाम शॉर्ट सर्किट से ट्रांसफार्मर में लगी आग ने बगल में स्थित ओंकार नाथ सुत रामपियारे के छप्पर को अपने आगोश में लिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। शोरगुल होने पर ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह से आग पर काबू पाया लेकिन जब तक छप्पर पूरी तरह से जलकर राख हो चुका था। जिसमें बांधी एक भैंस बुरी तरह से झुलस गई। वहीं छप्पर में रखी तीन साइकिल चार चारपाई समेत हजारों की संपत्ति भी जलकर खाक हो गई। वहीं परिवार वाले सरकार की तरफसे मिलने वाली आर्थिक मदद की आस लेकर बैठे हैं। सूचना के बाद भी कोई भी विद्युत कर्मी मौके पर नही पहुंचा।

### तरौंजा में हाईवे पर ब्रेकर बनवाने की मांग

**शिवगढ़ (रायबरेली)।** शिवगढ़ क्षेत्र के तरौंजा मजरे कुम्भी ग्राम पंचायत के रहने वाले राम जी अवस्थी ने क्षेत्रीय भाजपा विधायक रामनरेश रावत को प्रार्थना पत्र देकर तरौंजा गांव में बांदा-बहराइच हाईवे पर ब्रेकर बनवाने की मांग की है। राम जी अवस्थी ने दिए गए प्रार्थना पत्र में लिखा है कि तरौजा गांव में बांदा-बहराइच हाईवे पर स्पीड ब्रेकर ना होने के चलते आए दिन दुर्घटनाएं हुआ करती हैं। अभी हाल ही में ट्रक की चपेट में आकर दिव्यांग की जान जा चुकी है। यदि स्पीड ब्रेकर बना होता तो दिव्यांग की जान ना जाती।

### आम आदमी पार्टी में शामिल हुए लोग, पार्टी अध्यक्ष ने दिलाई सदस्यता

**रायबरेली।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष इन्द्रमोहन सिंह ने कार्यकर्ताों कोसम्बोधित करते हुए कहा कि दिल्ली की अरविन्द केजरीवाल सरकार के विकासमाडल को उत्तर प्रदेश में घर-घर लेकर जायेंगे, आगामी पंचायत चुनाव में हर सीट पर अपने प्रत्याशी खड़ा करेगी, इसके लिए तैयारियाँ तेज हो गयी हैं।आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश में जनता की बुनियादी समस्याओं को लेकर आमआदमी के हक की लड़ाई लड़ेगी। श्री सिंह ने कहा कि कहा 'आप' का कारवां तेजीसे बढ़ रहा है। दिल्ली माडल को कार्यकर्ता उत्तर प्रदेश में कोने-कोने में ले जाने के लिए उत्साहित है।

### क्विज प्रतियोगिता में भी बैसवारा इंटर कालेज के छात्रो का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**लालगंज रायबरेली।** सरदार वल्लभ भाई पटेल मंडलीय क्विज प्रतियोगिता में भी बैसवारा इंटर कालेज के छात्रो ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य डॉ0 नरेंन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि लखनऊ के राजकीय विद्यालय निशांतगंज में सरदार वल्लभ भाई पटेल क्विज प्रतियोगता का आयोजन किया गया था जिसमें विद्यालय के छात्र अखण्ड प्रताप सिंह को तृतीय तथा दिव्या ने मंडल में पांचवा स्थान हासिल कर विद्यालय का गौरव बढाया है। विजेता छात्रो को उप शिक्षा निदेशक लखनऊ मंडल सुरेद्र ने प्रमाण पत्र वितरित कर उनकी हौसला आफजाई की। श्री सिंह ने बताया कि दोनो ही छात्रो ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यालय के इन्ही दोनो होनहार छात्रो ने प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा को साबित किया था। छात्रो की इस उपलब्धि पर छात्रो को तैयारी में सहयोग करने वाले शिक्षक वीरेंद्र शुक्ल तथा विनोद कुमार सिंह को विद्यालय परिवार ने बधाई देते हुए छात्रो के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### एमसीएफ में विनिर्मित प्रथम वातानुकूलित लगेज पावर कार हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

**लालगंज रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली ने विकास के नित्य नये आयाम स्थापित करने की श्रृंखला में आज एक और नया अध्याय जोड़ दिया है। इसी विकास के क्रम आज को एमसीएफ में विनिर्मित प्रथम वातानुकूलित लगेज पावर कार को महाप्रबंधक विनय मोहन श्रीवास्तव के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस कोच में विभिन्न प्रकार की सुविधाओं का समावेश किया गया है । इस कोच में 750 के.वी.ए. डीजल जनरेटर स्थापित किया गया है, साथ ही साथ कोच में भिन्न क्षमता वालों की सहूलियत के लिए विषेष ध्यान दिया गया है जिसमें 6 दिव्यांगजनों एवं एक ट्रेन मैनेजर के बैठने की व्यवस्था है जो पूर्णतः वातानुकूलित है इसके साथ ही दिव्यांगजनों के अनुकूल एक शौचालय की भी व्यवस्था है। इसके साथ-साथ एल.एस.एल.आर.डी.ए.सी. कोच में अधिकतम वाणिज्यिक उपयोग का भी ध्यान रखा गया है और इस कोच में चार टन सामान ले जाने की क्षमता है एवं स्वचलित अग्निषमन प्रणाली से सुसज्जित किया गया है।

### श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**करनैलगंज (गोंडा)।** समाजसेवी संतोष कुमार मौर्य के निधन पर साहित्यिक संस्था अनुभूति की तरफसे शनिवार को नगर के सन राइज लान में एक शोक व श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। संस्था के अध्यक्ष अवधेश सिंह ने बताया कि संतोष मौर्या संस्था के संस्थापक सदस्य रहे हैं। उनके निधन से संस्था ने एक अच्छा सदस्य खो दिया है। उन्हें समारोह पूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

### तहसील जमुनहा सभागार में लेखपाल संघ का चुनाव संपन्न

**श्रावस्ती।** जमुनहाए तहसील के सभागार में जमुननहा लेखपाल संघ का चुनाव सम्पन्न हुआए व जिसके निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार यादव एकोषाध्यक्ष उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ विक्रम सिंह तहसील मन्त्री भिनगाए चुनाव अधिकारी के रूप में लेखपाल संघ के पदाधिकारी का निर्वाचन कराया गया जिसके तहसील जमुनहा के अध्यक्ष पद पर राजकिशोर यादवए वरिष्ठ उपाध्यक्षए शरीफए उपाध्यक्ष कनिष्ठ सुनील कुमार मिश्राए कोषाध्यक्ष सुरेश खन्नाए मन्त्री धीरेंद्र कुमार पाठकए उप मंत्री बदरुल हकए संप्रेक्षक नरेश कुमारए आदि पदाधिकारियों चुनाव में निर्वाचित हुए जमुनहा तहसील लेखपाल संघ मैं मतदाता 26 थे मौके पर 26 लेखपाल ने अपना मतदान किया।

### एबीवीपी ने फूंका पुतला

**करनैलगंज (गोंडा)।** एबीवीपी नगर इकाई करनैलगंज के कार्यकर्ताओं द्वारा महाराष्ट्र सरकार द्वारा बिना वारंट के पत्रकार अर्णव गोस्वामी को गिरफ्तार करने के विरोध में महाराष्ट्र सरकार का पुतला फूंक कर विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया। इस मौके पर विद्यार्थी परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष रविंद्र नाथ पांडेय, तहसील संयोजक ओमप्रकाश तिवारी, अर्चित पांडेय, कन्हैया लाल वर्मा, दुर्गेश गोस्वामी, सर्वेश गोस्वामी, अंकित गोस्वामी, अभिनव सिंह, अभय श्रीवास्तव, अंकुर, प्रभात सहित विद्यार्थी परिषद के तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 7 नवंबर 2020



# विधायक ने ग्रामीणों की सुनी जनसमस्याएं

## ● दुधारा क्षेत्र के हुजुरा सुहावा में लगी चौपाल

संवाददाता। सेमरियावां (संतकबीरनगर)



जनसमस्या सुनते विधायक

**शुक्रवार को** खलीलाबाद सदर विधायक दिग्विजय नारायण जय चौबे ने सेमरियावां ब्लाक क्षेत्र के गांवों में चौपाल लगाकर समस्याएं सुनीं तथा उन्हें दूर करने का आश्वासन दिया। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। सेमरियावां ब्लाक के गांव हुजुरा सुहावां स्थित श्री मुनई यादव सोमना देवी महिला महाविद्यालय में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्या सुनीं। इस दौरान भाजपा के सदर विधायक दिग्विजय नारायण जय चौबे ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास की तर्ज पर काम कर रही है। केन्द्र व प्रदेश की सरकार ने तमाम जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कर समाज के सभी वर्ग के लोगों को लाभान्वित किया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की खस्ताहाल सड़कों को ठीक कराये जाने के लिए वह प्रयासरत हैं। बिजली, सड़क, सिंचाई की सुविधाओं को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान सदर विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा उनके निराकरण कराये जाने का भरोसा दिया। इस दौरान सदर विधायक ने उजियार क्षेत्र के करीब आधा दर्जन गांवो में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्या सुनी और उसे निराकरण करने का हर संभव आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रबंधक डीएन यादव, रामनाथ यादव, राम सागर चौधरी, राम पुरूषोत्तम गुप्ता, संतराम वरूण, अशोक कुमार चौरसिया सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस दौरान परसामीर निवासी व समाजसेवी गुड्डू पठान ने सदर विधायक को क्षेत्र तथा गांव की समस्याओं से अवगत कराया। खलीलाबाद सदर विधायक जय चौबे के सेमरियावा क्षेत्र में पहुचने पर जगह-जगह पर लोगो फूल का माला पहनाकर उनका स्वागत किया। चौपाल में पहुचने से पहले सेमरियावा ब्लाक प्रमुख मुमताज अहमद ने विधायक का स्वागत किया।

# प्रतिभा खोज परीक्षा के लिए आनलाइन आवेदन करें

**संतकबीरनगर।** निदेशक राज्य शैक्षिक एवं अनुसंधान परिषद लखनऊ द्वारा कक्षा 10 में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा का आनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। आनलाइन आवेदन की विस्तृत जानकारी हेतु बेबसाइट पर प्राप्त की जा सकती है। आनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 10, नवम्बर, 2020 है। इच्छुक छात्र उक्त परीक्षा हेतु निर्धारित तिथि तक आवेदन कर सकते है। आवेदन किये जाने हेतु सामान्य जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु रू0 50 तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए रू0 30 परीक्षा शुल्क निर्धारित किया गया है जो आनलाइन जमा होगा। चयनित छात्र/छात्राओं को रू0 1000 की दर से वार्षिक आधार पर रू0 12 हजार की छात्रवृत्ति प्रस्तावित है।

# जन्मदिन पर अखण्ड ने लिया आशीर्वाद



मंदिर में पूजा करने जाता हुआ चतुर्वेदी परिवार

**संतकबीरनगर।** सूर्या एकेडमी के प्रबन्धक/समाजसेवी डा0 उदय प्रताप चतुर्वेदी के पुत्र अखण्ड प्रताप चतुर्वेदी के जन्मदिन पर शुभचिन्तकों ने बधाई दिया। अखण्ड प्रताप चतुर्वेदी जन्मदिन के अवसर पर सर्वप्रथम माता-पिता का आर्शिवाद लेकर अपने परिवार के साथ प्राचीन समय माता मन्दिर एवं तामेश्वरनाथ मंदिर में पहुँचकर पूजन अर्चन कर भगवान के चरणों में नमन कर आर्शिवाद लिया। इस अवसर पर डा0 उदय प्रताप चतुर्वेदी, श्रीमती सविता चतुर्वेदी, सरगम चतुर्वेदी उपस्थित रहे। दोपहर बाद सूर्या एकेडमी में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुँचे सभ्रान्त लोगो ने अखण्ड प्रताप चतुर्वेदी को आर्शिवाद देते हुए सदैव स्वस्थ रहने एवं प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ने का आर्शिवाद दिया। इस अवसर पर जर्नादन चतुर्वेदी, राकेश चतुर्वेदी, श्रीमती शिखा चतुर्वेदी, सुभाष चन्द्र शुक्ल, डा0 सी0पी0 श्रीवास्तव, रविनेश श्रीवास्तव, चिन्तामणि उपाध्याय, बलराम यादव, दानिश खॉ, शरद त्रिपाठी, नितेश द्विवेदी, पवन मिश्रा, संजय जायसवाल, राजकुमार, तपस्या रानी सिंह, अर्चना त्रिपाठी, गरिमा उपाध्याय, बबिता त्रिपाठी शिक्षण संस्थान के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने आर्शिवाद दिया सभ्रान्त नागरिक उपस्थित रहे।

## ● शुभचिन्तकों ने दी बधाई

# बेरोजगार ऋण के लिए करें आवेदन

संवाददाता। सोनभद्र

**जिला समाज** कल्याण अधिकारी विकास जिला प्रबन्धक, उ0प्र0 अनुसूचित जाति वित एवं विकास निगम, सोनभद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि अनुसूचित जाति के गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे बेरोजगार व्यक्तियों जिनकी शहरी क्षेत्र में वार्षिक आय रु0 56460.00 तथा ग्रामीण क्षेत्र में रु0 46080.00 से कम हो उनके आर्थिक उत्थान हेतु विशेष केन्द्रीय सहायता की धनराशि से उ0प्र0 अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि0, सोनभद्र द्वारा टेलरिंग शॉप योजना, जिसमें रु0 10,000.00 शासकीय अनुदान तथा शेष धनराशि रु0 10,000.00 ब्याजमुक्त ऋण के रूप में दिया जाना है।

इस योजना में जनपद में निवास कर रहें अनुसूचित जाति के व्यक्ति जिन्होनें पूर्व में किसी भी अन्य विभाग संस्था से ऋण अनुदान की धनराशि प्राप्त नहीं किया हो, योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। योजनान्तर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित पारिवारिक लाभ योजना के अन्तर्गत लाभ प्राप्त करने वाली महिलाओं तथा उ0प्र0 राज्य आजिविका मिशन के माध्यम से संचालित स्वयं सहायता समूह में से पात्र अनुसूचित जाति की महिलाओं एवं कौशल विकास मिशन द्वारा सिलाई ट्रेड में प्रशिक्षण व्यक्तियों को वरियता दी जायेगी। निर्धारित तिथि के पश्चात् आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें।

इच्छुक आवेदक अपना अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा बैंक पासबुक की छायाप्रति के साथ 23 नवम्बर, 2020 तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड, विकास भवन लोढ़ी स्थित जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास के कार्यालय कक्ष संख्या 51 में आवेदन पत्र जमा कर लाभ उठा सकते हैं।

# एनसीएल स्थानीय किसानों को सिखाएगी मशरूम की खेती के गुर

संवाददाता। सोनभद्र



**कोल इंडिया** लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने भारत सरकार की स्किल इंडिया मुहिम को आगे बढ़ाते हुए सेमुआर पंचायत में औषधीय और खाद्य मशरूम की खेती तथा प्रसंस्करण पर दो महीने के प्रशिक्षण शिविर का उदघाटन किया इस अवसर पर सिंगरौली जिले के कलेक्टर राजीव रंजन मीणा मुख्य अतिथि के रूप में तथा एनसीएल प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक सीएसआर ए पाठक, महाप्रबंधक ब्लॉक बी हरीश दुहान, महाप्रबंधक आर डी पी डी राठी उपस्थित रहे श्री मीणा ने एनसीएल की इस पहल की सराहना की तथा इसे क्षेत्रीय किसानो को आत्म निर्भर बनाने एवं उनके आय बढ़ाने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताया साथ ही उन्होने प्रशिक्षित किसानो को स्थानीय प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया मशरूम की खेती और प्रसंस्करण का यह प्रशिक्षण शिविर एनसीएल आईआईटी बीएचयू इंक्यूबेशन सेंटर के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है इस कार्यक्रम के तहत ग्राम सेमुआर के 20 ग्रामीणों तथा आईटीआई के 20 छात्रों को प्रशिक्षित कृषकों की एक टीम द्वारा मशरूम की खेती के लिए सेटअप तैयार करने फसल उगाने और कटाई के बाद के प्रबंधन, भंडारण, विपणन आदि का ऑन साइट प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के उपरांत फसल को उगाने एवं उसके विक्रय के लिए बाज़ार उपलब्ध कराने की दिशा में भी आवश्यक कार्ययोजना तैयार की जा रहा है। गौरतलब है कि एनसीएल अपने कौशल विकास कार्यक्रम के तहत सब्जियों की खेती व प्रसंस्करण तथा मोतियों की खेती की कार्ययोजना पर भी कार्य कर रही है जिसको शीघ्र ही अमली जामा पहनाया जाएगा।

# गैंगेस्टर एक्ट के दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय पुलिस ने छत्तीशगढ़ प्रान्त के अंतर प्रांतीय व गैंगेस्टर में निरुद्ध दो शातिर अपराधियो को शुक्रवार की अलसुबह छत्तीशगढ़ के समीप बार्डर स्थित थाना क्षेत्र के ग्रामसभा महुली से गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। प्रभारी निरीक्षक एस बी यादव ने बताया कि 2019 में छत्तीशगढ़ प्रान्त के पथरी ,अम्बिकापुर,सरगुजा के निवासी समल सिंह पुत्र कवल सिंह व कुटिया, उदयपुर, सरगुजा निवासी हुकुम चन्द गोंड पुत्र देवनाथ गोड़ भारी मात्रा में अबैध शराब की तस्करी के लिए मुकदमा पंजीकृत था। काफी दिनों से इन आपराधियो की तलाश की जा रही थी लेकिन पुलिस के हत्थे नही चढ़ सके थे। इनको गिरफ्तार करने के लिए हर हथकंडे अपनाए जा रहे थे इसी बीच शुक्रवार को मुखबिर के जरिए सूचना मिली की दोनों अपराधी महुली गांव में है। प्रभारी निरीक्षक एस बी यादव मय हमराहियों के साथ मौके पर पहुच गए। पुलिस को देखकर आरोपी भागने का असफल प्रयास किए लेकिन पुलिस की तत्परता से दोनों आरोपी दबोज लिए गए। इन दोनों शातिर अपराधियो को गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई कर कानून के हवाले कर दिया गया। इनके ऊपर छतीसगढ़ में भी कई आपराधिक कई मामले दर्ज है।

# कोविड 19 टीकाकरण के डाटाबेस संकलन की धीमी प्रगति

संवाददाता। मिर्जापुर

**जिलाधिकारी** सुशील कुमार पटेल ने कोविड 19 टीकाकरण हेतु पंजीकृत प्राइवेट चिकित्सालयों द्वारा डेटाबेस उपलब्ध न कराये जाने के कारण कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि अपेक्षित तिथि तक डाटाबेस उपलब्ध नहीं कराया गया तो पंजीकृत प्राइवेट चिकित्सालयों के विरूद्ध नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी कोविड 19 टीकाकरण हेतु जनपद में क्रियाशील समस्त सरकारी एवं प्राइवेट चिकित्सालयों को सूचीबद्ध कर डाटाबेस संकलन के प्रगति की शुक्रवार को जिला मण्डलीय चिकित्सालय में आयोजित बैठक में समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि 110 सरकारी चिकित्सालयों के सापेक्ष 97 एवं 161 प्राइवेट चिकित्सालयों के सापेक्ष 63 चिकित्सालयों का डाटा बेस अभी तक मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय को प्राप्त हुआ है। प्रगति कम होने की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुये सी0एम0ओ0 डाक्टर ओ0पी0तिवारी को निर्देशित किया कि यदि शेष 98 चिकित्सालयों का डाटाबेस 8 नवम्बर तक उपलब्ध नहीं होता है तो पंजीकृत प्राइवेट चिकित्सालयों के विरूद्ध शासन के नियमानुसार सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। यह भी कहा कि डिप्टी सीएमओं डाक्टर आर0एस0राम द्वारा प्रतिदिन डेटाबेस की समीक्षा की जाय। प्रगति की जानकारी जिलाधिकारी को सायंकालीन बैठक उपलब्ध करायी जाय। इसके अलावा जिन प्राइवेट चिकित्सालयों को डाटाबेस संकलन की जानकारी नही है वे सभी सीएमओ कार्यालय से सम्पर्क स्थापित कर जानकारी प्राप्त कर लें।

# एनटीपीसी रिहंद स्टेशन में अनुरक्षण के दौरान संविदा श्रमिक की दुर्घटना से मौत

संवाददाता। बीजपुर/सोनभद्र

**एनटीपीसी रिहंद** परियोजना के इकाई एक के कोल मिल में चल रहे अनुरक्षण कार्य के दौरान एक संविदा श्रमिक की ऊपर से भारी मात्रा में कोयला गिरने से गुरुवार की देर रात्रि में मौत हो गई। मौत की खबर लगते ही सी आई एस एफ़एवं एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए। आनन फानन में संविदा श्रमिक को स्टेशन के धनवंतरी चिकित्सालय ले जाया गया जहाँ चिकित्सकों ने प्रथम दृष्टया उसे मृत घोषित कर दिया। दर्दनाक हुई मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक बीजपुर एस बी यादव से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सभा बीजपुर के टोला शांतिनगर निवासी 53 वर्षीय रामधनी गुप्ता पुत्र चतुरी स्थानीय परियोजना में कार्य करने के लिए गया हुआ था इकाई एक के कोल मिल में श्रमिक के ऊपर भारी मात्रा में कोयला गिरने से वह उसकी चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। सुचना पर पहुच कर शव को कब्जे में लेकर स्थानीय अस्पताल के मोर्चरी में रखवा दिया है। शुक्रवार की सुबह जब शव का पंचनामा करवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी भेजने की तैयारी की जा रही थी उसी वक्त मृतक के परिजन व कुछ सहयोगीगण मुआवजे के लिए अड़ गए। बाद में संविदाकार व एनटीपीसी के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों व प्रभारी निरीक्षक बीजपुर के समक्ष मृतक के दाह संस्कार के लिए धनराशि तय किया गया तथा उसके आश्रीत को संविदा पर नौकरी के बात पर मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# औरातोदा में भी खुली पंचायत भवन और सामुदायिक शौचालय की पोल

## ● दोनों भवनों की नींव को ही खतरा, फाउडेंशन तक में की गई गड़बड़ी, बिना डिजाइन और ड्राइंग के कर रहे निर्माण

संवाददाता। बस्ती

**राजनेताओं का** गढ़ मानें जाना वाला हर्रैया विधानसभा क्षेत्र भ्रष्टाचार के मामले में अव्वल साबित हो रहा है। इस विधानसभा क्षेत्र में पड़ने वाले, हर्रैया, परसुरामपुर, विक्रमजोत ब्लॉकों पर मानों सरकारी धन की लूट मची हुई है। गांव की तरक्की के लिए सरकार इस विधानसभा क्षेत्र में पानी की तरह पैसा सालों से बहाती आरही हैं, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजकिशोर सिंह के समय से ही यह क्षेत्र काफी बदनाम रहा। तहसील बड़ा होने के नाते षिकायतें भी सबसे अधिक यही पर है। जिले का सबसे भ्रष्ट गांव मुनियांव खुर्द भी हर्रैया विधानसभा क्षेत्र में है। वैसे तो पंचायत भवन और सामूदायिक षौचालय के निर्माण में आए धन का पूरे जिले में दुरुपयोग हो रहा है, इसका खुलासा जांच में भी हो रहा है। एक दिन पहले उभाई की जांच में पंचायत भवन और सामूदायिक षौचालय के निर्माण कर पोल खुल चुकी है, और अब 'औरातोदा' में भी वहीं कहानी दोहराई गई है। भवनों की गुणवत्ता को ताक पर रखकर सरकारी धन का दुरुपयोग औरातोदा में हुआ है। भवन की नींव तक से खिलवाड़ किया गया, जिसके चलते भवन का अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है। कोई भी चीज मानक के अनुसार नहीं मिली। दोनों भवनों को श्रमदान घोषित करने की मांग उठ रही है।

15.27 लाख की लागत से बन रहे पंचायत भवन के निर्माण को देखकर कहा जा सकता है, कि धन पानी में चला जाएगा। अंदाजा लगाइए जिस भवन के पिलर में लगाए गए सरिया की मोटाई कम दी जाए तो वह भवन कितने साल तक टिक सकता है। दस एमएम के स्थान पर आठ एमएम कासरिया लगाया गया। रिंग की मोटाई तानक के विपरीत पाई गई। किसी भवन का फाउंडेषन अगर कमजोर है तो वह भवन अधिक दिन तक नहीं चल सकता। यही हाल पंचायत भवन का भी है। चिनाई और मसाला तक अधोमानक है। चिनाई तक में कमियां पाई गई। भुगतान और अभिलेख के बारे में सेक्रेटरी कुछ नहीं बता पाया। अब जरा सामूदायिक षौचालय की गुणवत्ता पर नजर डालिए। औरातोदा में छह यूनिट एवं एक स्टोर रुम के टायलेट ब्लॉक का स्लैब स्तर तक पूर्ण पाया गया। पूरा भवन अधोमानक मिला। बीम की मोटाई से लेकर प्रयोग होने वाले ईंट, सीमेंट और मसाला तक अधोमानक मिला। कार्य की गुणवत्ता एवं वर्कमैनषिप खराब रहा। अभिलेख तक नहीं दिखाए गए।

# पराली जलाने वाले 27 पर मुकदमा, पांच कम्बाइन मशीन सीज

## ● सेटेलाइट से भेजने वाली तस्वीरों पर उठे सवाल, 34 फर्जी

## ● सदर तहसील में दो से वसूला गया साढ़े सात हजार, 12 को नोटिस

**बस्ती।** खेतों में पराली जलाने वालों के खिलाफकार्रवाई करते हुए कृषि विभाग ने 27 किसानों के खिलाफ मुकदमादर्ज कराया है। इतना ही बिना पराली प्रंबधन तंत्र के कटाई करने वाले पांच कॅम्बाइन मषीन को सीज करते हुए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया गया। सदर तहसील में दो किसानों से पराली जलाने पर साढ़े सात हजार की वसूली की गई। 12 को नोटिस भेजा गया। पराली जलाने के मामले में सेटेलाइट से भेजे जा रहे तष्वीर के अधिकतर मामले सत्यापन के बाद गलत साबित हो रहे है। कहीं पर ढ़ाबों के भटि्टयों से निकला धुआं निकल रहा है तो कही पर तालाब में भरा पानी सामने आ रहा है। विभाग का अधिकतर समय इसके सत्यापन में चला जा रहा है।

उप निदेषक कृषि डा. संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि विभाग पराली जलाने वालों पर पैनी नजर रख रही है। जहां कहीं भी षिकायत मिलती है, उसका सत्यापन कराया जाता है, और मामला सही पाए जाने पर जुर्माने के साथ एफआईआर भी दर्ज कराया जा रहा है। बताया कि सेटेलाइट से भी पराली जलानों पर नजर रखी जा रही है। हालांकि सेटेलाइट से भेजे गए तष्वीर सही साबित नहीं हो रहे है। कहते हैं कि मिसाल के तौर पर अगर किसी बड़े ढ़ाबे के भटटी से धुआं निकलता है या फिर तालाब के पानी से भाप निकलता है तो सेटेलाइट यह मान लेता है कि पराली जलाई जा रही है। चूंकि तष्वीर सेटेलाइट के जरिए भेजी गई, इस लिए उसका सत्यापन भी जरुरी हो जाता है।

# आचार संहित का कड़ाई से कराया जाये पालनः डीएम

## शिक्षक/स्नातक द्विवार्षिक निर्वाचन के लिये जिलाधिकारी ने बैठक कर अधिकारियों को दिये निर्देश

संवाददाता। मिर्जापुर

**मिर्जापुर,** वाराणासी खण्ड स्नातक/शिक्षक द्विवार्षिक निर्वाचन का मतदान जनपद में दिनांक 01 दिसम्बर, 2020 को सम्पन्न होना है। जनपद में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र ढंग से निर्वाचन सम्पन्न कराने के उद्देय से जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुशील कुमार पटेल आज देर शाम कलेक्ट्रेट में अधिकारियों की बैठक कर निर्वाचन आयोग से प्राप्त दिशा निर्देशों से अवगत करया। जिलाधिकारी ने कहा कि उक्त निर्वाचन में निर्वाचन लडने वाले अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा निर्धारित आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुये प्रचार-प्रसार किया जाना है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता सम्बन्धी दिशा निर्देशों से सभी लोगों को अवगत कराया दिया जाये और आचार संहिता का कडाई पालन कराया जाये। आचार संहिता का कडाई से पालन सुनिश्चित कराने के लिये जिलाधिकारी द्वारा जनपद में वीडिरूों निरानी/उडनदस्ता वं व्यय सम्बन्धी 04 टीमों का गठन किया गया है जिसमें प्रथम टीम में उप जिलाधिकारी सदर, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर, तथा एसएचओ देहात कोतवाली को शामिल किया जो तहसील सदर के अन्तर्गत कार्य करेगें। इसी प्रकार उप जिलाधिकारी चुनार, तहसीलदार चुनार, पुलिस क्षेत्राधिकारी चुनार तथा एसएओ चुनार को तहसील चुनार के लिये, उप जिलाधिकारी लालगंज, तहसीलदार लालगंज, पुलिस क्षेत्राधिकारी लालगंज तथा एसएचओ लालगंज तहसील लालगंज क्षेत्र तथा उप जिलाधिकारी मडिहान, तहसीलदार मडिहान, पुलिस क्षेत्राधिकारी मडिहान तथा एसएचओ मडिहान को तहसील मडिहान क्षेत्र के लिये टीम में शामिल किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी टीमें अपने-अपने क्षेत्र में प्रचार-प्रसार करने वाले प्रत्याशियों एवं उनके पार्टी के कार्यकर्ताओं पर विशेष दृष्टि रखेगें।

जिलाधिकारी ने कहा कि आचार संहिता का कडाई से पालन कराया जायेगा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कि किसी विभागीय अधिकारी के द्वारा किसी कार्य कालोकार्पाण/उद्घाटन/शिलान्यासआदि जैसे कार्य नहीं कराये जायेगें और न ही किसी अधिकारी के द्वारा किसी राजनैतिक पदाधिकारी का आतिथ्य स्वीकर किया जायेगा। उनहोंने सभी राजनैति दलों के पदाधिकारियों व निर्वाचन लडने प्रत्याशियों/कार्यकर्ताओं से भी अपील करते हुये कहा कि किसी स्तर पर आचार संहिता का उल्लघन न होने दें।

जिलाधिकारी ने निर्वाचन को शांतिपूर्ण निष्पक्ष एवं स्वत्रत रूप से सम्पन्न करकाने के लिये अधिकारियों को भी निर्वाचन कार्य के लिये प्रभारी अधिकारी /सहायक प्रभारी अधिकारी के रूप नामित किया गया है। इस सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी श्री यू0पी0 सिंह ने जानकाी देते हुये बताया कि अविनाश सिंह प्रभारी अधिकारी कार्मिक होगें तथा उनके साथ सहायक प्रभारी अधिकारी के रूप में रिषिमुनी उपाध्याय, परियोजना निदेशक डीआरडीए, अरविन्द कुमार जिला पंचायत राज अधिकारी, आरए सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, प्रशान्त शुक्ला जिला कोआडिनेटर, जिला पंचायत कार्यालय, अजितेन्द्र नारायण, जिला विकास अधिकारी, देवकी सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक तथा महेन्द्र सोनकर प्रधनाचार्य राजकीय इंटर कालेज सहायक प्रभारी अधिकारी होगें जिनमें द्वारा निर्वाचन से सम्बन्धित मतदान कार्मिक, माइक्रो आब्जर्बर आदि की नियुक्ति एवं पार्टी रवानगी सम्बन्धन कार्य, मतदान कार्मिक, माईक्रो आब्जर्बर एवं जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण कार्य कराया जायेगा।

# नकली गुरुजी पकड़े गए, सेवा समाप्त

**बस्ती।** पैन कार्ड बदलकर नौकरी करने वाले की लिस्ट में बनकटी ब्लॉक के पकड़ी प्राथमिक विधालय में सहायक अध्यापक के पदपर कार्यरत् मार्कडेंय त्रिपाठी का नाम षामिल हो गया है। इससे पहले इसी ब्लॉक में कार्यरत् पुनीता पांडेय की सेवा समाप्त हो चुकी है। अभी और भी इसके दायरे में आने वाले है।

असली मार्कडेंय त्रिपाठी जनपद महराजगंज में एक स्कूल में कार्यरत् है। नकली गुरुजी वर्ष 2013 में पैन कार्ड बदलकर आजमगढ़ से हस्तानांतरण होकर बस्ती आए थे। पैन बदलकर नौकरी करने का मामला उस समय आया जब अनामिका नामक गुरुजी को 12 स्थान पर नौकरी करते पकड़ा गया। इसके बाद सीएम के आदेषपर पूरे प्रदेष जांच षुरु हुई। बस्ती में ही एक दर्जन से अधिक इसके निषाने पर है। पैन कार्ड बदलने के मामले में वित्तएवं लेखाधिकारी कार्यालय की भूमिका संदेह के घेरें में है। क्यों कि बिना कार्यालय के मिलीभगत से कोई किसी का पैन कार्ड नंबर बदल ही सकता।

# प्रधानमंत्री शहरी आवास में पकड़ा गया घोटाला सीडीओ ने दिए केस दर्ज करने के आदेश

## ● 849 में 628 अपात्र मिले, 75 फीसदी अपात्र लाभार्थियों को हुआ चयन

## ● डीएम की सक्रियता से दुरुपयोग होने से बचा 15.70 करोड़

संवाददाता। बस्ती

प्रधानमंत्री आवास शहरी में अब तक का सबसे बड़ा घोटाला सामने आया है। धन लेकर 628 अपात्रों का चयन करने वालों के मंषूबों पर डीएम आषुतोष निरंजन ने पानी फेर दिया। 15.71 करोड़ का नुकसान होने से बच गया। सीडीओ एवं डूडा के पीडी सरनीत कौर ब्रोका ने चयन में हेराफेरी करने वाली सरयू बाबू इंजीनियरिगं रिसोर्स डेवलवमेंट पटना के खिलाफ डायरेक्टर राज्य नगरीय विकास अभिकरण को एफआईआर दर्ज कराने को लिखा है। विधिक कार्रवाई इस लिए की जा रही है, ताकि भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति अन्य कोई संस्था न कर सके। फर्म को एक साल पहले की ब्लैक लिस्टेड किया जा चुका है।

लगभग दो साल पहले जब प्रधानमंत्री आवास योजना षहरी लागू हुई तो पालिका और नगर पंचायतों के झोपड़पटटी में रहने वालों को आवास का सपना सच होते दिखाई देने लगा। सरकार ने लाभार्थियों का चयन करने का कार्य सरयू बाबू इंजीनियरिगं रिसोर्स डेवलवमेंट पटना को दिया। इस फर्म की टीम ने 849 लोगों का चयन किया। डीपीआर षासन को भेजी गई, जहां से डीपीआर को मंजूरी मिल गई। यानि सरकार ने आवास निर्माण करने के लिए धन देने की हरी झंडी देदी। जियो टैगिंग से पहले डीएम ने त्रिस्तरीय जांच टीम से सत्यापन करने का आदेष पारित किया। सत्यापन में रिपोर्ट आई वह काफी चौकाने वाला रहा। 849 में 628 ऐसे अपात्र पाए जिनके पास पहले ही पक्का मकान है। इसके बाद संस्था को डीएम की ओर से ब्लैक लिस्टेड करने की कार्रवाई हुई, फिर एफआईआर दर्ज कराने का यह सोचकर निर्णय लिया गया, कि भविष्य में पुनरावृत्ति न हो सके। अपात्रों के चयन में सभासदों ने भी खूब डूबकी लगाई, एक-एक लाभार्थी से ढ़ाई लाख के एवज में 50 से एक लाख तक लिए। संस्था के जेई के साथ कई सभासद मालामाल हो गए। डूडा के लोगों पर भी चयन के मामले में उंगली उठी। इस प्रकरण में अगर कोई घाटे में रहा तो वह है अपात्र लाभार्थी जिसका पैसा डूब गया। सबसे अधिक फायदे में संस्था के जेई और सभासद रहे।

चूंकि इस व्यवस्था में सभासद की कोई भूमिका नहीं है, इस लिए मलाई खाने के बाद भी उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो सकती। इस योजना में प्रत्येक लाभार्थी को ढ़ाई लाख मिलता है।

## महाराष्ट्र सरकार को कानून की सही प्रक्रिया का पालन करे: विकास

**बढ़नी ( सिद्धार्थनगर )**। आल प्रेस एंड राइटर्स एसोसिएशन की सिद्धार्थनगर जिला इकाई ने रिपब्लिक टीवी के मुख्य संपादक अर्णब गोस्वामी को रायगढ़ पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने की कार्रवाई की कड़ी निंदा करते महाराष्ट्र सरकार से उन्हें जल्द रिहा करने की मांग की है।

आल प्रेस एंड राइटर्स एसोसिएशन सिद्धार्थनगर के जिलाध्यक्ष श्हाड़ाश् विकास सिंह ने कहा कि रिपब्लिक टीवी के मुख्य संपादक अर्णब गोस्वामी को जिस तरीके से गिरफ्तार किया गया, उससे अपवा को निराशा हुई है। उन्होंने कहा कि अपवा अर्णब गोस्वामी की पत्रकारिता की शैली का समर्थन नहीं करताए लेकिन महाराष्ट्र सरकार देश के एक बड़े न्यूज चैनल के संपादक के खिलाफ बदले की भावना से कार्रवाई कर रही है। जो बेहद शर्मनाक व निंदनीय है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मीडिया कानून के ऊपर नहीं है लेकिन महाराष्ट्र सरकार कानून की सही प्रक्रिया का पालन किये बिना कार्रवाई कर रही है।

# चुनावी रंजिश में सपाइयों ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह के समर्थकों को पीटा

### पीड़ितो ने किया आला अफसरो का घेराव

**संवाददाता**। जौनपुर

**बक्शा** थाना क्षेत्र के सल्तानपुर कोहड़े गांव में आज दो पक्षो के बीच जमकर मारपीट हुआ। इस वारदात में महिलाओं समेत कई लोग जख्मी हो गये। एक पक्ष थानेदार द्वारा कोई कार्रवाई न करने पर कलेक्ट्रेट पहुंचकर आला अफसरों से गुहार लगायी। पीड़ितों का आरोप है कि मल्हनी उप चुनाव में हम लोग निर्दल प्रत्याशी धनंजय सिंह का समर्थन किया था। जिसके कारण सपा के लोगो ने मारा पीटा है। सूचना मिलते ही एमएलसी ब्रजेश सिंह ने भी डीएम कार्यालय पहुंचकर आरोपियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की मांग किया। उधर पुलिस इस घटना के पीछे कोटे से राशन लेने का विवाद बता रही है। मिली जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर कोहड़े गांव का निवासी मनीष निषाद आज दोपहर में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान से राशन लेकर वापस लौट रहा था। रास्ते में गांव के कुछ दबंग युवकों ने उसे रोकर मारापीटा शोर मचाने पर निषाद बस्ती के लोग दौड़े तो दबंग भाग गये। आरोप है कि उसके बाद भारी संख्या में सपा समर्थकों ने निषाद बस्ती पर धावा बोलकर महिलाओं समेत कई लोगो को मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित पक्ष थाने गया। थाने पर पुलिस द्वारा संतोषजनक कार्रवाई न करने पर भारी संख्या में महिला, पुरूष और युवा कलेक्ट्रेट पहुंचकर आला अफसरों का घेराव किया। पीड़ितो का आरोप है कि मल्हनी विधानसभा उप चुनाव में हम लोगो ने निर्दल प्रत्याशी धनंजय सिंह का समर्थन किया जिसके कारण सपा के लोगो ने हम लोगो को मारपीटा। उधर इस सीओ सदर जितेन्द्र दुबे ने कहा कि कोटे की दुकान से राशन लेने के दरम्यिान विवाद हुआ है। चुनावी रंजिश में मारपीट के सवाल पर कहा कि इसकी जांच करायी जा रही है।

### मारपीट का वीडियो वायरल, पांच गिरफ्तार

**गाजीपुर**। जमीन विवाद में मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में दबंग महिलाओं को जमकर लाठी डंडो से पीट रहे है। मामला मरदह थाना क्षेत्र के रायपुर बाघपुर गांव का है। जहां दो पक्षों के बीच जमीन संबंधी विवाद चल रहा है। जमीन विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर लाठी डंडो से हमला कर दिया।इस दौरान हमलावरों ने दूसरे पक्ष को दौड़ा-दौड़ा कर जमकर पीटा। मारपीट के दौरान दबंगों ने महिलाओ को भी नहीं बख्शा। मारपीट में नौ लोग घायल हो गये। मारपीट का ये वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## जीवन जीने की कला सिखाता है सनातन धर्म: डा. मिश्र

**जौनपुर**। पूर्वांचल की आस्था का केंद्र शीतला चौकियां धाम में चल रहे श्री राम कथा के प्रथम दिन वाराणसी से पधारे कथावाचक डा. मदन मोहन मिश्र ने कथा प्रवचन के दौरान कहा कि मानव जीवन के लिये गीता भागवत रामायण कल्याणकारी हैं। यह सभी ग्रंथ हमारे जीवन में सीख व प्रेरणा देते हैं। इस कोरोना काल में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा महामारी से बचने के लिए गाइडलाइन जारी की है। किसी से हाथ न मिलानाए साफ सफाई का पालन करनाए हाथ धुलते रहने को बता रहा हैं। हमारे सनातन ग्रंथों में योगाए प्राणायाम करना नित्य कर्म करना आदि का उल्लेख है। भोजन प्रसाद करने से पहले हाथ धोनाए साफ सफाई का विशेष ध्यान रखनाए जमीन पर बैठकर शान्ति से भोजन करना आदि बातें हमारे सनातन धर्म में बहुत पहले से ही चली आई हैं। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति प्रणाम करना सिखाती है। सनातन धर्म ही मानव जीवन जीने की कला सिखाती है।

## मतगणना के लिए कर्मियों को दिया प्रशिक्षण, वीवीपैड के मिलान के बाद होगी गणना: डीएम

**संवाददाता**। जौनपुर

**मल्हनी** विधानसभा उप निर्वाचन की मतगणना 10 नवंबर को चैकियां स्थित नवीन मंडी में की जाएगी। मतगणना को सकुशल संपन्न कराने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी दिनेश कुमार सिंह की उपस्थिति में मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान कार्मिकों को निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि ईवीएम मशीन खोलने से पहले मतगणना एजेंटों को मशीनें दिखाई जाएगीए कंट्रोल यूनिट को भी मतगणना एजेंट देख सकेंगेए उसके पश्चात मतगणना प्रारंभ की जाएगी। मतगणना हेतु तीन पंडालों में सात-सात टेबल सहित कुल 21 टेबल लगाई जाएंगी। मतगणना को संपन्न कराने के लिए 90 मतगणना कार्मिक लगाए जा रहे हैं। दो अतिरिक्त टेबल लगाई जाएंगी, जिसमें एक माइक्रो आब्जर्वर तथा एक रिटर्निंग ऑफिसर की होगी। मतगणना टेबल पर एक काउंटिंग सुपरवाइजर, एक काउंटिंग असिस्टेंट तथा एक काउंटिंग माइक्रो ऑब्जर्वर रहेंगे। मतगणना केंद्र के अंदर किसी को भी बाहरी वस्तुओं मोबाइल, पानी की बोतल, खाने पीने का सामान ले जाने की इजाजत नहीं होगी। पांच बूथों की वीवीपैट पर्चियां का मिलान ईवीएम मशीन में पड़े वोट से किया जाएगा।

मतगणना प्रात: 8 बजे प्रारंभ होगी। मतगणना प्रारंभ होने पर पहले पोस्टल बैलट की गिनती की जाएगी उसके आधे घंटे पश्चात ईवीएम मशीनों की मतगणना शुरू होगी। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामप्रकाश, मुख्य राजस्व अधिकारी राजकुमार द्विवेदी, रिटर्निंग आफिसर नितिश कुमार सिंह, प्रभारी अधिकारी कार्मिक डीबी सिंह सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चोरों ने उड़ाया हजारों का सामान

**धर्मापुर ( जौनपुर )**। बीती रात में चोरों ने धर्मापुर ब्लॉक को निशाना बनाते हुए बीआरसी कार्यालय व पशु अस्पताल से हजारों का सामान उड़ा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल किया। जानकरी के अनुसार गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के धर्मापुर ब्लॉक परिसर स्थित बीआरसी कार्यालय व पशु अस्पताल में बीती रात में चोरों ने धावा बोलकर हजारों के सामान को पार कर दिया। सुबह जब बीआरसी कार्यालय का चपरासी कार्यालय खोलने के लिए पहुंचा तो पीछे के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था तथा सामान बिखरा पड़ा था। चोर कार्यालय में रखा एक इनवर्टर उठा ले गये। वहीं पशु अस्पताल का कर्मचारी जब अस्पताल पहुंचा तो मुख्य दरवाजे का भी ताला टूटा हुआ था और अस्पताल में रखा कम्प्यूटर सेट, बधिया करण मशीन व स्टॉक में रखी पशुओं के इलाज के लिये सरकारी दवाएं व टीके भी चोर उठा ले गये। चोरी की सूचना बीआरसी में कार्यरत चपरासी व पशु अस्पताल के कर्मी ने उच्च अधिकारियों को दी।

# कुपोषित बच्चों को सीडीओ ने वितरित किया पोषाहार



**संवाददाता**। धर्मापुर ( जौनपुर )

**स्थानीय** ब्लॉक परिसर धर्मापुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी ने शुक्रवार को कुसुम योजनान्तर्गत विकास खण्ड क्षेत्र के 70 अति कुपोषित बच्चों को पोषाहार वितरित किया। धर्मापुर ब्लॉक के शहीद हाल में आयोजित कुसुम अभियान योजना में मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ल द्वारा विकास खण्ड क्षेत्र से आये दस माह तक के 70 अति कुपोषित बच्चों को पोषाहार सेरेलेक्स बॉर्नवीटा व बिस्किट वितरित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि इन अति कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल के रूप में प्रत्येक दिन उक्त गांव के सफाई कर्मियों द्वारा उनके घर के आसपास सफाई किया जाना चाहिये।

समय-समय पर आशा बहनों द्वारा इन बच्चों का वजन लेकर चेकअप कराना होगा जिससे इनके स्वास्थ्य की उचित जानकारी प्राप्त हो सके।

## छेड़खानी की शिकायत पर पिता की हत्या की

**देवरिया** । एकौना थाना क्षेत्र के ईश्वर पुर गांव में छेड़खानी का उलाहना देने गए पिता की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। वारदात गुरुवार की देर रात हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

एकौना थाना क्षेत्र के ग्राम ईश्वरपुरा के रहने वाले भोला प्रसाद (52 वर्ष) की बेटी गुरुवार की शाम करीब छह बजे दरवाजे पर खड़ी थी। आरोप है कि तभी उनके पड़ोसी के घर आए रिश्तेदार के लड़के ने उसके साथ छेड़खानी की। लड़की ने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दिया। भोला इसकी शिकायत करने गए तो पड़ोसी ने अपने पूरे परिवार के साथ उन्हें बुरी तरह से लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले गएए जहां इलाज के दौरान देर रात भोला की मौत हो गई। भोर में परिजन शव को लेकर गांव पहुंचे। शव के आते ही कोहराम मच गया।

# नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद का जोरदार स्वागत



**सुजानगंज ( जौनपुर )**। स्थानीय चौराहे पर भाजपा नेता लाल उपाध्याय के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राज्यसभा के नवनिर्वाचित सांसद सीमा द्विवेदी के प्रथम जनपद आगमन पर गाजे बाजे के साथ भव्य स्वागत किया। इस दौरान लोगों का भारी हुजूम देख राज्यसभा सांसद अपने आप को नहीं रोक सकी और सभी के पास जाकर उनका अभिनन्दन स्वीकार किया। इसके बाद जौनपुर की तरफ रवाना हो गई। जहां कई स्थानों पर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान डा. महेंद्र सिंह, देवेंद्र उपाध्याय, लालजी, अजय सरोज, लाल बहादुर टण्डन, राजेश गुप्ता, राजकुमार पटवा, रवि पटवा व रवि मोदनवाल आदि मौजूद रहे।

## 15 बड़े बकायेदारों की काटी बिजली

**गाजीपुर**। जनपद में विद्युत विभाग द्वारा चयनित हाई लाइन लॉस फीडर बरही पर उपखंड अधिकारी अभिषेक राय के नेतृत्व में ग्राम मीरपुर में विधुत चेकिंग किया गया। जिसमें कुल 23 परिसरों को चेक किया गया। जो चेकिंग के दौरान 15 बड़े बकायदार उपभोक्ता की केबल काटी गयी तथा चार लोगों का विद्युत भार बढ़ाया गया और पांच लोगों पर बिजली चोरी का एफआईआर दर्ज किया गया तथा विद्युत विच्छेदन के दौरान 45000 की वसूली भी की गयी। इस अभियान टीम में मुख्य रूप से नीरज सोनी अवर अभियंता, महातिम यादव, सरवन कुमार, विजय यादव, जोधन, सुजित यादव, पिंटू कुमार और अन्य विभागीय संविदा कर्मी मौजूद थे। एसडीओ ने बताया कि सभी सम्मानित विद्युत उपभोक्ता लोगों के लिये विद्युत उपकेंद्र मरदह पर शनिवार को विभाग के उच्च अधिकारीगणो के नेतृत्व में मेगा कैम्प लगाया जायेगा।

# कलेक्ट्रेट में शोकसभा आयोजित कर दी श्रद्धांजलि



**जौनपुर**। कलेक्ट्रेट सभागार में वरिष्ठ सहायक कृष्ण कुमार सिंह के निधन पर शुक्रवार को जिलाधिकारी दिनेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में शोकसभा आयोजित हुई। इस दौरान उपस्थित कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना किया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश, अध्यक्ष शिवमोहन श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह, पूर्व अध्यक्ष प्रमोद यादव, मंत्री शैलेंद्र प्रताप सिंह, राजीव श्रीवास्तव, सुनील सिंह, आशीष त्रिपाठी, आशीष श्रीवास्तव, रमेश श्रीवास्तव, पवन कुमार मौर्य, जवाहर, अरविंद कुमार सिंह, मेंहदी रजा, पंकज श्रीवास्तव, मनोज सिंह, अवधेश, प्रेम वर्मा, सुषमा सिंह, शालिनी सिंह, सविता श्रीवास्तव, रेनू श्रीवास्तव सहित कलेक्ट्रेक्ट के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

# चेयरमैन ने ईओ पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का लगाया आरोप

### ईओ ने आरोपों को बताया बेबुनियाद

**संवाददाता**। जफराबाद ( जौनपुर )

**नगर** पंचायत चेयरमैन प्रमोद कुमार बरनवाल ने शुक्रवार को नगर पंचायत कार्यालय स्थित अपने कक्ष में एक प्रेसवार्ता के दौरान अधिशासी अधिकारी पर कई गम्भीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ईओ सभासदों पर दबाव बना रहे हैं। यहां सब मनमाना घरजाना चल रहा है। हमारे लिखित आदेश को भी दरकिनार किया जा रहा है। श्री बरनवाल ने कहा कि आउटसोर्सिंग के 29 कर्मचारियों में से चार कर्मचारियों को मैंने लिख कर दिया था कि निकाल दिया जाय। बाकी का मानदेय दीपावली तक कर दिया जाय। उसके बाद आउटसोर्सिंग के ठेकेदार हरिनाथ यादव ने कहा कि मैंने 29 कर्मचारियों को कार्य हेतु दिया है। मुझे 29 कर्मियों का मानदेय चाहिये। इसके अलावा चेयरमैन ने कहा कि मेरे कहने के बाद भी अभी ऑनलाइन तथा जेमपोर्टल से निविदाएं नहीं मंगाई जा रही हैं। ठेकेदार हरिनाथ यादव का टेंडर रद करने को कहा। उन्होंने ईओ को सभासदों से मिलकर राजनीति करने का भी आरोप लगाया है। उक्त मामले में ईओ आशुतोष त्रिपाठी ने कहा कि हरिनाथ यादव के फर्म का टेंडर हुआ था वह कई वर्षों से आउटसोर्सिंग के ठेकेदार हैं। टेंडर अपर जिला अधिकारी द्वारा खोला गया था। चेयरमैन के शिकायत की जानकारी जिलाधिकारी तक पहुंचा दिया था। मैंने चेयरमैन को बता दिया था कि टेंडर पूरे कानूनी प्रक्रिया से हुआ है। मेरे पास उसे रद्द करने का अधिकार नहीं है। साथ ही ईओ ने बताया कि जिन चार कर्मचारियों को चैयरमैन द्वारा निकालने की बात कही गयी है। उनको नगर पंचायत के छह सभासदों ने लिखकर दिया है कि कोरोना काल में उक्त कर्मियों द्वारा बेहतर काम किया गया। उनको नहीं निकाला जाए।

**कारण बताओ नोटिस दिया**

डुमरियागंज ( सिद्धार्थनगर )। तहसील डुमरियागंज अंतर्गत शासन द्वारा सीधे ऑनलाइन से भेजी गई रिपोर्ट के अनुसार ग्राम पंचायत बेवा मुस्तफा तथा महतीनिया में पराली जलाए जाना पाया गया । ग्राम में पराली जलाए जाने पर ग्राम प्रधान एग्राम विकास अधिकारी एचौकीदार हल्का सिपाही तथा लेखपाल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है ।

## खेलों में भी अपना भविष्य संवार सकते हैं खिलाड़ी: राजेश

डुमरियागंज ( सिद्धार्थनगर )। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के धनोहरी गाव में 10 दिवसीय बाल क्रिकेट टूर्नामेन्ट नाइट अंडर आर्म का आयोजन किया गया है। क्रिकेट मैच का शुभारम्भ इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएसन के अध्यक्ष राजेश यादव ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खेल में भी बच्चे अपना भविष्य संवार सकते है। जरूरत है बेहतर प्रदर्शन करने की। उन्होने आगे कहा कि लोकल स्तर पर ऐसी प्रतियोगिता से देश के होनहार खिलाड़ी उभर कर सामने आते हैं। जिन्होंने अपना नाम राज्य व देश स्तर तक बनाया है। इस मौके पर इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएसन के संरक्षक डा. बिक्रान्त श्रीवास्तव, महामंत्री पुरूषोत्तम दूबे व अपना दल एस नवल पटेल, ओमप्रकाश मिश्र, बृजेश यादव, सजीवन गुप्ता, विकास राव, कन्हैया लाल यादव आदि मौजूद रहे।

# सूर्य के समान होता है शिक्षक: प्रो. निर्मला

### 28 अवकाश प्राप्त शिक्षक हुए सम्मानित

**संवाददाता**। जौनपुर



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विवि शिक्षक संघ की ओर से को विश्वविद्यालय परिसर के आर्यभट्ट सभागार में अवकाश प्राप्त शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान अवकाश प्राप्त 28 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि कुलपति निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि शिक्षक सूर्य के समान होता है, वह मन के अंधकार को दूर कर व्यक्ति का मार्गदर्शन करता है।

उन्होंने समारोह में महिलाओं की उपस्थिति पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि महिलाओं को आगे बढ़ाने में पुरुषों का विशेष योगदान रहा है। अधिकतर परिवार में पुरूषों का व्यवहार अब समय के साथ.साथ सकारात्मक हो रहा है। उन्होंने कहा कि मैं जमीन से जुड़े होने के कारण सहजए सरल हूं और सबका सम्मान करतीं हूं, पद आज है कल नहीं रहेगा लेकिन व्यक्ति के संबंध हमेशा जीवंत रहते हैं। अध्यक्षता करते हुए शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष राजीव प्रकाश सिंह ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होता है। विशिष्ट अतिथि डाण् समर बहादुर सिंह ने कहा कि शिक्षक अपने संघ के आह्वान का सम्मान करेंए तभी उनकी समस्याओं का समाधान होगा। शिक्षक संघ के अध्यक्ष डाण् विजय कुमार सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षकों की समारोह में अधिकतम संख्या से संघ को ऊर्जा मिलती है। साथ ही यह हमारी एकजुटता को भी प्रदर्शित करता है। समारोह का संचालन डाण् पंकज सिंह और धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक संघ के महामंत्री डा.नीरज सिंह ने किया। वित्त अधिकारी एमके सिंहए कुलसचिव सुजीत कुमार जायसवालए परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह और शिक्षक नेता डा. दिनेश सिंह ने भी विचार व्यक्त किये।

## हमीद सेतु पर ओवरलोडिंग ट्रकों के संचालन को बंद करें: हर्ष सिंह

**गाजीपुर**। समाजसेवी हर्ष सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी को पत्रक सौंपे। जिसमें वीर अब्दुल हमीद सेतु पर ओवरलोड ट्रको का संचालन बंद करने के लिए अपील किया और कहा कि ओवरलोडिंग ट्रको के संचालन बंद नही होता है तो शनिवार को सुबह से ही हमीद सेतु पर शांतिपूर्वक ढंग से धरना प्रदर्शन करेंगे। उन्?होने कहा कि हमीद सेतु का बैरिंग खिसकने से आवागमन बंद हो जाता है जिससे गंगा के उस पार की जनता को काफी दिक्क्तों का सामना करना पड़ता है। ओवरलोडिंग ट्रक के चलते पाया नं. 4 और पाया न. 7 पर आधा-आधा इंच पुलिस खिसक गयी है। उन्?होने प्रशासन से निवेदन किया कि ओवरलोडिंग ट्रकों को तत्काल बंद कराया जाये। इस मौके पर अनुराग सिंह, जय चौबे, विवेक सिंह, मनीष कुमार सिंह आदि लोग शामिल थे।

# यातायात माह का शुभारंभ

**संवाददाता**। देवरिया

**शुक्रवार** को यातायात माह 2020 का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक देवरिया श्रीपति मिश्र ने यातायात जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक देवरिया द्वारा सुरक्षित यातायात सुनिश्चित कराने हेतु सावधानी पूर्वक रोड पर चलनेए यातायात नियमों का पालन करने हेतु सुझाव दिया गया एवं रोड सेफ्टी के प्रति लोगो को जागरुक किया गया। इसी क्रम में लोगों को यातायात नियमों की जानकारी भी दी गई। लोगों को हेलमेट पहननेए सेफ्टी बेल्ट लगाने हेतु प्रेरित करते हुए लोगों को यातायात नियमो के प्रति जागरुक रहकर उनका पालन करने की अपेक्षा की गयी। इस मौके पर को अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर निष्ठा उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी सलेमपुर श्रीयश त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक प्रकाश चन्द्र पाण्डेय, प्रभारी यातायात उनि. रामवृक्ष यादव व अधिकारीध्कर्मचारी मौजूद रहे।



# छेड़खाड़ व ब्लैकमेलिंग से परेशान छात्रा फांसी पर झूली

**संवाददाता**। जालौन

**कोतवाली** क्षेत्र के ग्राम धंतौली में फांसी लगाने से हुई युवती की मौत के मामले में पिता ने गांव के युवक पर छेड़छाड़ करने एवं उसे ब्लैकमेल करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी। पिता का अरोप है कि युवक द्वारा की गई छेड़छाड, ब्लैकमेलिंग व जान से मारने की धमकी देने पर उनकी पुत्री ने तंग आकर खुदकुशी की है। पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। गुरुवार को धंतौली गांव में किशुनलाल की पुत्री बीए प्रथम वर्ष की छात्रा शिल्पी (18) ने अपने कमरे में कुंडे से फांसी का फंदा लटकाकर खुदकुशी कर ली थी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। युवती की मौत के मामले में पिता ने गांव के ही युवक पर गंभीर आरोप लगाए। शिल्पी के पिता किशुन लाल ने पुलिस को बताया कि गांव के युवक महाराज सिंह उर्फ बड़े लला ने उनकी पुत्री के साथ आधा माह पूर्व छेड़छाड़ की थी और उसे ब्लैकमेल कर रहा था। पिता ने आरोप लगाया कि बदनामी से बचने के लिए उनकी पुत्री ने घर में रखे मटर बिक्री के 93 हजार रुपए बड़े लला को दे दिए थे। जब घर में रखे रुपये की तलाश की तो पुत्री ने उन्हें इस बारे में बताया था कि उसनेबदनामी से बचने के लिए पूरे रुपये बड़े लला को दे दिए हैं। जब वह बड़े लला के पास रुपये मांगने तो उन्होंने न केवल जाति सूचक गालियां दी बल्कि रुपये मांगने पर पुत्री को बदनाम करने एवं जान से मारने की धमकी भी दी। बड़े लला द्वारा बदनामी का भय दिखाने एवं छेड़खानी से तंग आकर आखिर उनकी पुत्री ने मौत को गले लगा लिया। पिता की तहारीर पर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उक्त संदर्भ में कोतवाल रमेशचंद्र मिश्रा ने बताया कि पिता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**कुठौंद( जालौन )**। थाना कुठौंद क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हरसिंहपुर के पास बाइक सवार बलवीर गौतम पुत्र विश्वनाथ निवासी ग्राम मदनेपुर की अज्ञात वाहन की टक्कर से घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। बाइक सवार सुबह अपने लड़के को उरई सर्वेश टेस्ट के लिए छोड़कर घर वापस लौट रहा था तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और वाहन तेज रफ्तार से भाग गया। थानाध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी को शाम करीब आठ बजे के लगभग मिली जिस पर आनन-फानन में पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक को पोस्टमार्टम के लिए उरई भेज दिया।

**पराली जलाने पर तेरह लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज:** कालपी(जालौन)। कालपी तहसील क्षेत्र के ग्राम चमारी में खेतों में पराली जलाने कर प्रदूषण फैलाने के मामले को लेकर क्षेत्रीय लेखपाल के द्वारा 13 किसानों के विरुद्ध आटा थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# टीम बनाकर बाल श्रम के विरूद्ध कार्यवाही जारी रखें: डीएम



**संवाददाता**। उरई(जालौन)

**उत्तर** प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग लखनऊ के अध्यक्ष द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में जनपद स्तर पर गठित टास्क फोर्स समिति की बैठक जिलाधिकारी डा. मन्नान अख्तर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में समिति के अध्यक्ष प्रशान्त कुमार श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी जालौन, सदस्य सचिव आरके चतुर्वेदी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी जालौन, एवं समिति के अन्य सभी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि बाल श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986 के अन्तर्गत 14 वर्ष तक के बच्चों का किसी भी व्यवसाय प्रक्रियाओं में नियोजन पूर्णत: प्रतिबन्धित है और उक्त के उल्लंघन पर नियोक्ता के विरूद्ध बीस हजार से लेकर पचास हजार तक जुर्माना एवं दो वर्ष तक के कारावास की सजा प्राविधानित है। 15 वर्ष से 18 वर्ष तक के किशोर बच्चों को कतिपय शर्तों के अधीन ही नियोजित किया जा सकता है। किन्तु खतरनाक प्रकृति के नियोजनों यथा खदानें, ज्वलनशील तथा विस्फोटक प्रक्रियाओं में एवं कारखानों में इनका नियोजन प्रतिनिषिद्ध है। बैठक में श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा यह भी बताया गया कि जिलाधिकारी शासन के निर्देशों के अनुपालन में समय-समय पर बाल श्रम के विरूद्ध अभियान चलाकर ऐसे नियोजकों के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही की जा रही हैं। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि टीम बनाकर निरन्तर बाल श्रम के विरूद्ध जनपद में कार्यवाही जारी रखी जाये।

# विकास के लिए केंद्र के साथ राज्य की सरकार भी संकल्पित है: केंद्रीय मंत्री

- केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान पहुंचे तिलोई राजभवन
- विधायक ने पुष्प गुच्छ भेंटकर किया स्वागत

संवाददाता। तिलोई, अमेठी



**केन्द्र** सरकार के पशुपालन दुग्ध उत्पादन एवं मत्स्य पालन राज्यमंत्री संजीव कुमार बालियान शुक्रवार की सुबह क्षेत्रीय विधायक के तिलोई स्थित आवास राजभवन पर पहुंचे जहां पर क्षेत्रीय विधायक ब्लाक प्रमुख सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। केन्द्रीय राज्यमंत्री संजीव कुमार बालियान ने कहा कि मैं लोकसभा चुनाव में यहां पर प्रचार प्रसार के लिये आया था क्षेत्रीय विधायक राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के साथ कई दिनों तक लोगों से जनसम्पर्क कर भाजपा के लिये वोट मांगा था। केन्द्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र की जनता की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है और केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने विजय श्री हासिल कर इतिहास रचा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के विकास के लिये केन्द्र के साथ राज्य की सरकार भी संकल्पित है और शासन की कल्याणकारी योजनाओं को यहां पर लागू किया जायेगा। केन्द्रीय राज्यमंत्री संजीव कुमार बालियान ने क्षेत्रीय विधायक राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के राजभवन स्थित आवास पर करीब एक घण्टे तक क्षेत्र के विकास के लिये वार्ता लाप की। क्षेत्रीय विधायक राजा मयंकेश्वर शरण सिंह, ब्लाक प्रमुख मुन्ना सिंह, कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह ने श्री बालियान को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। केन्द्रीय राज्यमंत्री के साथ अलीगढ़ के सांसद सतीश गौतम व नगर पालिका परिषद बड़ौत बागपत के अध्यक्ष भी रहे। इस मौके पर प्रधान पति शेर बहादुर सिंह, दयाशंकर तिवारी, अजय शर्मा, रिंकल सिंह, दिग्विजय सिंह सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे।

# न्यायालय ने दो सदस्यीय टीम से कराया थाने का निरीक्षण

**बाराबंकी।** थाने में बन्द वाहन के रिलीज को लेकर उठे विवाद के समाधान हेतु मुख्य न्यायिकमजिस्ट्रेट को दो सदस्यीय टीम थाने को वाहन निरीक्षण हेतु भेजनी पड़ी।

मामला थाना सतरिख के गांव बेलझरिया का है। बेलझरिया निवासी रमेश पुत्र राम कुमार ने सतरिख थानेकी पुलिसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग को लेकर मुख्य न्यायिकमजिस्ट्रेट की अदालत पर धारा 156(3) सीआरपीसी के तहत मामला प्रस्तुत किया था इससे नाराज पुलिस वालों ने रमेश को सीख देने का मन बनाया। अगले दिन 10 जून 20 को तत्कालीन एसओ सतरिख शमशेर बहादुर सिंह पुलिस बल के साथ रमेश के घर धावा बोलकर लोगों से दुर्व्यवहार कर वाहन मोटर साइकिल नम्र यूपी 41 एए 7358 हीरो स्प्लेंडर उठा ले गये थे। रमेश की ओर से बरिष्ट एडवोकेट शंकर दयाल शर्मा ने सीजेएम कोर्ट पर उक्त मोटर साइकिल के रिलीज हेतु मामला प्रस्तुत किया। न्यायालय ने थाने से आख्या तलब की तो एसओ सतरिख ने आख्या भेज कर कोर्ट को अवगत कराया कि यह मोटर साइकिल थाने में नही है। इस पर रमेश के अधिवक्ता श्री शर्मा ने एतराज करते हुये कहा कि पुलिसकी आख्या झूंठी है बाइक थाना सतरिख में ही खड़ी है इसके लिये कोर्ट स्वंम जांच करा सकती है। इस पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नन्द लाल ने दो सदस्यीय टीम थाना सतरिख भेज कर जांच कराई। याची के अधिवक्ता एसडी शर्मा ने आज कोर्ट पर कहा कि जांच रिपोर्ट कोर्ट पर आ गयी है बाइक थाने पर मौजूद मिली है ऐसी स्थितिमें बाइक को रिलीज किया जाय। न्यायालय ने आदेश सुरक्षितकर लिया है। उधर एसओ सतरिख ने कोर्ट पर लिखित आख्या भेज कर कहा है कि यह बाइक/वाहन न तो किसी मुकदमे में वांछित है और न थानेपर मौजूद है। पुलिस आख्या में यह भी कहा गया हैकि रमेश को 4 अक्टूबर को गिरफ्तार कर गैंगेस्टर एक्ट के तहत जेल भेजा गयाहै।

# व्यापारी का अपहरण कर फिरौती मांगने वाले तीन पुलिसकर्मियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

संवाददाता। सिद्धौर बाराबंकी

**चार सिपाहियों** द्वारा मसौली थाना क्षेत्र के व्यापारी को अपहरण कर फिरौती मांगने के मामले में जांच के बाद सीओ रामसनेहीघाट ने घटना के 21वें दिन शुक्रवार को तीन सिपाहियों के विरूद्ध जबरन वसूली व भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। जिसकी विवेचना सीओ सदर को दी गई है। जबकि साक्ष्यों के अभाव में एक सिपाही को बरी किया गया।

**यह है मामला:** कोठी थाना क्षेत्र के जैदपुर कोठी संपर्क मार्ग स्थित एक मार्केट का है। यहां पर 16 अक्टूबर की शाम कोठी थाने में तैनात सिपाही जमाल व नीलेश सिंह तो पुलिस लाइन में तैनात सिपाही आशीष तिवारी व अमित सिंह ने मिलकर मसौली थाना क्षेत्र के मुरलीगंज निवासी जमीन कारोबारी राहुल सिंह को मसौली चौराहे से उठा लिया। जिसे कोठी चौराहा से 200 मीटर दूर उस्मानपुर सड़क पर स्थित एक मार्केट में निजी कमरे में लेकर चले गए। वहां पर व्यवसाई को बंधक बनाकर 10 लाख की मांग की गई। नहीं दिए जाने पर एनडीपीएस का फर्जी मुकदमा दर्ज करने की धमकी देने के साथ व्यवसाई को प्रताड़ित किया। यही नहीं उसके पास मौजूद 8000 नगदी से सिपाहियों ने बीयर मंगाकर पी। व्यवसाई राहुल सिंह ने रिश्तेदारों से देर रात ने 3 लाख रूपए की व्यवस्था किया इसकी शिकायत एसपी डॉ अरविंद चतुर्वेदी से करने पर एसपी ने 18 अक्टूबर चारों सिपाहियों को निलंबित कर जांच सीओ रामसनेहीघाटपंकज सिंह को दी।

**रामसनेहीघाट दर्ज कराया मुकदमा:** मामले की जांच कर्ता सीओ रामसनेहीघाटपंकज सिंह ने बताया कि पीड़ित व्यवसाई राहुल कुमार से पूछताछ के साथ.साथ सिपाहियों के मोबाइल सर्विस लांस लगाने व घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन किया गया। जिसमें सिपाही नीलेश सिंहए जमाल व आशीष तिवारी दोषी पाए गए। जिससे उक्त सिपाहियों के विरुद्ध कोठी थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम व धारा 389 यानि जबरन वसूली के तहत मुकदमा दर्ज कर कराया गया है। जिसकी विवेचना सीओ सदर सीमा यादव को दी गई है। जबकि साक्ष्यों के अभाव निलंबित सिपाही अमित सिंह को पर मुकदमा नहीं दर्ज कराया गया। जबकि चारों सिपाही अभी निलंबित हैं। बताया कि उक्त कार्रवाई एसपी डॉ अरविंद चतुर्वेदी के आदेश पर हुई है।

**साक्ष्य मिटाने के बाद ही मुकदमा दर्ज:** प्रकरण की जांच के दौरान सिपाहियों ने मकान में लगे सीसीटीवी व अन्य साक्ष्यों को मिटाने की पूरी कोशिश की। जिसमें इनके द्वारा सीसीटीवी की डीवीआर को भी क्षति पहुंचाई गई थी। जिससे तस्वीरें स्पष्ट ना हो सके। लेकिन बयानों, घटनास्थल की जांच व मोबाइल लोकेशन में तीनों जांच में दोषी पाए गए।

# 25 तक पूरा कराये शिल्ट की सफाई का कार्य:जल शक्ति मंत्री



**बाराबंकी।** सूबे के जलशक्ति मंत्री डॉ. महेंद्र सिंह शुक्रवार को जिले के आधा दर्जन रजबहों का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये और अधीक्षण अभियंता सहित सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशितकर कहा कि 25 नवम्बर तक सभी रजबहों में शिल्ट सफाई के कार्य पूरा करा लिया जाए।

श्री सिंह शुक्रवार को अमेठी जाते समय दोपहर में हैदरगढ़ तहसील में चल रहे शिल्ट सफाई के कार्य को देखा उन्होंने शाहपुर रजबहा, भिल वलरजबहा, औरंगाबाद रजबहा एवं इन्हौना रजबहा आदि का निरीक्षण किया हैनिरीक्षण के दौरान मंत्री श्री सिंह ने निर्देशित किया कि सभी हेड से टेल तक शिल्ट सफाई 25 नवम्बर तक अवश्य कर ली जाए तथा समस्त नहरों की पक्की संरचनाओं के रंगाई पुताई करते हुए समस्त पुल, पुलियों के नीचे से भी शिल्ट के जमाओं को विशेष रुप से हटवाया जाये। नहरों पर हुए अतिक्रमण कों हटवाया जाए तथा नहर के किनारो की सुदृढ़िकरण के उपरान्त अतिरिक्त शिल्ट सफाई की नीलामी कराई जाए। उन्होंनें नहरों के एलाइग्मेन्ट को सही कराने तथा औरंगाबाद रजबहा में आ रहे पानी को रोकने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर अधीक्षण अभिंयता आरके जैन व अन्य अभियंता मौजूद रहे।

# बाबा फरार, पिता गिरफ्तार, मासूम बेटी की हत्या का मामला





**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** झाड़-फूंक के चक्कर में पिटाई से किशोरी की हुई मौत के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध हत्या व साक्ष्य मिटाने का मुकदमा दर्ज कर मामले की गहन जांच पड़ताल में जुट गई है। शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी रामनगर दिनेश कुमार दुबे ने बदोसराय पुलिस के साथ घटनास्थल का बारीकी से मुआयना करके घर में मौजूद महिलाओं से पूछताछ की है।वही गांव में आज भी दहशत का माहौल बना हुआ है। देर शाम को किशोरी का शव पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचा। जिसे पुलिस की मौजूदगी में पुन: दफनाया गया। बताते चलें बीते मंगलवार की रात को बदोसराय थाना क्षेत्र के ग्राम खुर्द मऊ में मोहम्मद आलम के घर चल रही झाड़.फूंक के बाद मोहम्मद आलम और तांत्रिक फिरोज बाबा ने मिलकर आलम की पत्नी रहनुमा और बेटी अनम की जमकर पिटाई की थी। जिसमें रहनुमा गंभीर रूप से घायल है और बेटी की मौत हो गई थी। मौत के बाद बेटी को गुपचुप तरीके से दफना दिया गया था।गुरुवार को मामले का खुलासा होने के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसीलदार अखिलेश कुमार सिंह नायब तहसीलदार पूनम तिवारी शर्मा की मौजूदगी में बदोसराय पुलिस ने शव को कब्र से निकलवा कर रात में ही पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। इस मामले में आलम की पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने आलम तांत्रिक फिरोज बाबा व गांव के ही मोहम्मद हनीफ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आलम व मोहम्मद हनीफको हिरासत से ले लिया था। जबकि फिरोज बाबा मौके से फरार हो गया था जिसका पता आज तक नहीं चल पाया है। तांत्रिक फिरोज बाबा कुछ वर्षों पूर्व क्षेत्र के ग्राम किंतूर में आकर इसराइल नामक व्यक्ति के सहयोग से गांव में ही एक मजार पर रहकर तंत्र जाल फैलाया था।काफी समय बाद वहां के ग्रामीणों ने इसकी हरकतों से नाराज होकर वहां से भगा दिया था। जिसके बाद तांत्रिक फिरोज बाबा अपने चेले आलम व हनीफ के सहयोग से ग्राम खुर्दमऊ आ गया और यहां एक कब्रिस्तान में रहकर तंत्र जाल फैलाने लगा यहां भी ग्रामीणों ने इसको कब्रिस्तान से भगा दिया था। तब इसे हनीफने अपने खेत में जगह देकर डेरा लगवा दिया और आलम अपने घर में एक मजार का ढांचा खड़ा कर तंत्र जाल फैला दिया।आलम व हनीफतथा किंतूर गांव के इसराइल व उसकी पत्नी के साथ लोगों को जाल में फंसाने लगे। इसी दौरान दौरान बाबा के जाल में बुरी तरह फंसे आलम की पत्नी बीमार हो गई जिसका इलाज आलम ने किसी डॉक्टर से कराने के बजाय बाबा से ही झाड़.फूंक कराने लगा। झाड़.फूंक के दौरान बाबा आलम की पत्नी रहनुमा की अक्सर तंत्र के नाम पर नशीली गोलियां खिलाकर पिटाई करने लगा मंगलवार को रहनुमा की पिटाई होते देख उसे बचाने दौड़े उसकी आठ वर्षीय पुत्री अनम को भी दोनों ने जमकर पीटा जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी रामनगर दिनेश कुमार दुबे ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जो मामला बनेगा उसके हिसाब से आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## क्विक न्यूज

### 35 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, आरोपी गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने आकस्मिक चेकिंग के दौरान आरोपी को पैतीस लीटर अंग्रेजी शराब के साथ धर दबोचा। लीलापुर चौकी प्रभारी बीडी राय शुक्रवार को फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। दिन मे दो बजे बासूपुर गांव मे दो युवक बाइक से पुलिस को देख भागने लगे। पुलिस ने पीछा करने पर एक युवक को धर दबोचा। अमेठी जिले के संग्रामपुर निवासी आरोपी वीरेन्द्र प्रताप सिंह के पास से तलाशी लेने पर पैतीस लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पुलिस के पीछा करने पर हालांकि एक युवक बाइक से भाग निकला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम का केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

### इलाज के दौरान अधेड़ की मौत, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दुर्घटना मे घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गयी। तहरीर पर पुलिस ने इत्तेफाकिया सूचना दर्ज की है। सांगीपुर थाना के लखरांव निवासी राकेश कुमार जायसवाल ने शुक्रवार को पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उसका छोटा भाई संजय जायसवाल 40 बीते सोमवार को बाइक से पडोस के हरमापुर गांव जा रहे थे। गांव के समीप अचानक सडक पर आये मवेशी से बाइक की टक्कर हो गयी। दुर्घटना मे घायल संजय को परिजन इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गये। हालात गंभीर होने पर घायल को प्रयागराज से लखनऊ रेफर कर दिया गया था। गुरूवार की रात संजय ने दम तोड़ दिया। मृतक की मौत की सूचना घर आते ही शुक्रवार को कोहराम मच गया।

### ट्रक की चपेट में आने से अधेड़ की मौत, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के लालगंज-कालाकांकर हाइवे पर ट्रक की टक्कर से अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही आननफानन मे पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे मे लिया। कोतवाली के पीताम्बर का पुरवा मोठिन गांव का प्रमोद दुबे 55 पुत्र माता प्रसाद बेलहा के समीप सड़क पर टहल रहा था। दिन मे करीब तीन बजे मुडियन का पुरवा के पास संग्रामगढ़ से लालगंज की ओर आ रही एक ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। सूत्रों के मुताबिक मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया गया प्रमोद टहलते टहलते बेलहा के पास आ गया। ट्रक का प्रमोद पर टायर चढ़ जाने से उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। उसका क्षतविक्षत शव देख राहगीर व गांव के लोग मौके पर जुट गये। सूचना मिलने पर कोतवाली के एसएसआई रामअधार यादव तथा दरोगा सुनील राय आननफानन मे मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर देर शाम पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजवाया। इधर दुर्घटना मे प्रमोद की मौत से उसके घर कोहराम मच गया।

### एसपी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार को पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। इस दौरान मिली खामियां दुरुस्त करने के लिए संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिया। एसपी अनुराग आर्य परेड का निरीक्षण करने के बाद यातायात कार्यालय पहुंचे। वहां यातायात माह में की जा रही कार्रवाई की जानकारी ली। बाद में एसपी ने कंट्रोल रूम, पुलिस अस्पताल, आवासीय परिसर, यूपी 112 कार्यालय, कैंटीन, मेस और बैरक का भी निरीक्षण किया।

### अनियंत्रित हुई बस, चालक चुटहिल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के अझारा गांव के समीप एक अनियंत्रित बस के शुक्रवार की सुबह पलटा खाने से चालक चुटहिल हो गया। हालांकि बस मे सवार स्कूली छात्र बाल बाल बच गये। संग्रामगढ़ क्षेत्र से एक विद्यालय की बस छात्रो को परीक्षा दिलाने प्रतापगढ़ जा रही थी। कालाकांकर-लालगंज हाइवे पर अझारा के समीप बस अचानक अनियंत्रित हो गयी। बस के पलटा खा जाने से चालक को मामूली चोटें आयी है। संयोगात स्कूली छात्र बाल बाल बच गये। बस के पलटा खाने से अफरातफरी का माहौल बन गया। समीप गांव के लोगों ने घटनास्थल पर पहुंचकर छात्रो का कुशलछेम लिया। हालांकि दुर्घटना को लेकर पुलिस मे कोई तहरीर नही दी गई है।

### यातायात पुलिस द्वारा लोगों को किया गया जागरूक

**अमेठी।** यातायात पुलिस जनपद अमेठी द्वारा यातायात जागरूकता मिशन शक्ति अभियान के दौरान आम जनता को यातायात के नियम पालन करने व श्मिशन शक्तिश् के अन्तर्गत थानो पर स्थापित श्महिला हेल्प डेस्कश् व शिकायत पेटिका के संबन्ध में जानकारी दी गयीए तथा यातायात नियमों से संबंधित व मिशन शक्ति से संबंधित बैनर व पोस्टर लगवाए गए स्टीकर चिपकाए गए तथा आम जनता के लोगों को पंपलेट देकर जानकारी दी गयी । बिना हेलमेट लगाकर वाहन चलाने वालों को हेलमेट लगवाए गए तथा बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन चलाने वालों को सीट बेल्ट लगवाई गई व शीत ऋतु में पड़नें वाले कोहरे से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु वाहनों में रेट्रोरिफ्लेक्टर टेप लगवाए गए साथ साथ उनसे यातायात नियमों का पालन करने जैसे.नशे की हालत में वाहन न चलानेए निर्धारित मानक से अधिक सवारी न बैठानेए वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करनेए अवयस्क को वाहन न चलाने देनेए सीट बेल्ट का प्रयोग करनेएदो पहिया वाहनो पर हेलमेट का प्रयोग करने आदि के संबन्ध में निवेदन भी किया गया तथा यातायात नियमों का पालन करने वाले लोगों को बधाई दी गई।

### यातायात माह के चौथे दिन काटे गए 350 चालान

**बाराबंकी।** यातायात माह के अन्तर्गत जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन जारी है। शुक्रवार को भी यातायात प्रभारी रितेश कुमार पाण्डेय द्वारा नाका सतरिख पर अभियान चलाकर वाहनों पर स्टीकर लगाया किया इसके अतिरिक्त लाउडस्पीकर से अनांउसमेंट कर यातायात नियमों के बारे में जागरुक किया गया साथ ही यातायातकर्मियों के साथ मिलकर चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट और दो पहिया वाहनों में हेलमेट लगाने वाले लोगों को पुष्प देकर प्रोत्साहित किया। यातायात माह के चौथे दिन यातायात चेंकिग के दौरान यातायात नियमों के उल्लंघन पर 350 गाड़ियों के चालान भी किये गए इस अवसर पर यातायात प्रभारी के अतिरिक्त पुलिस व यातायात कर्मी भी मौजूद रहें उल्लेखनीय है एक नवंबर को जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रुप से यातायात माह का शुभारम्भ किया था तथा वाहन रैली भी निकाली गई थी तबसे यातायात माह चलाया जा रहा है।

### स्थाई समिति की बैठक में पत्रकारों ने उठाई जनपद की समस्याएं

**ललितपुर।** जिलाधिकारीए ललितपुर अन्नावि दिनेश कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्थायी समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। शासन द्वारा पूर्व में ही जिला स्तरीय स्थायी समिति की नियमित बैठकें आहूत करने के निर्देश दिये गये हैं। शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में उक्त बैठक का आयोजन अध्यक्षध्जिलाधिकारी की अनुमति से सभी मान्यता प्राप्त पत्रकारों एवं जिला ग्रामीण पत्रकार संघ के अध्यक्ष के साथ किया गया। निर्धारित एजेण्डे के अनुरूप जिला सूचना अधिकारी द्वारा सर्वप्रथम जिला स्थायी समिति के सदस्यों का परिचय कराया गयाए इसके बाद एजेण्डे पर चर्चा प्रारम्भ हुई। जिसके तहत पत्रकारों एवं प्रशासन बीच सौहार्द पूर्ण सम्बंधों के निर्माणए पत्रकारों द्वारा की गई शिकायतों का निस्तारणए पत्रकारों के पुलिस उत्पीड़न पर विचार, जिला स्तरीय अधिकारियों की स्थानीय पत्रकारों द्वारा शिकायत सम्बंधी बिंदुओं पर चर्चा की गई।

# पराली जलाये जाने पर एसडीएम के निर्देश पर बीस के खिलाफ मुकदमा, हड़कंप

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शासन द्वारा पर्यावरण संरक्षण के खिलाफचलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बीस आरोपियो के खिलाफ गुरूवार की रात पराली जलाए जाने का मुकदमा दर्ज किया है। अलग-अलग क्षेत्रो के लेखपालों की तहरीर पर पुलिस ने पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत आरोपी किसानो के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालूपुर के लेखपाल केके सरोज की तहरीर पर गांव के राजेश कुमार, पूरनमल व सुंदरलाल तथा अलीपुर के लेखपाल तीर्थराज तिवारी की तहरीर पर गांव के रमाशंकर एवं दयाशंकर तथा ढ़िगवस के लेखपाल राहुल जायसवाल की तहरीर पर पूरे फत्ते स्थित खेत के किसानों रमेश, बालकृष्ण, रामकैलाश, बबलू, राजकरन, मिट्ठूलाल, संतोषी, शिवपती, रमाकांत, रामलाल, विनोद, जनार्दन व भाईलाल तथा रामनाथ के खिलाफ पर्यावरण संरक्षण अधिनियम का केस दर्ज किया गया है। एसडीएम राम नारायण के निर्देश पर लेखपालों के पराली जलाये जाने को लेकर ताबडतोड लिखाए गये मुकदमें से क्षेत्र के किसानो मे हडकंप मचा हुआ है। बतादें एसडीएम राम नारायण तथा उप निदेशक कृषि रघुराज सिंह ने गुरूवार को तहसील क्षेत्र का भ्रमण कर खेतो मे पराली जलाए जाने को लेकर लेखपालो को जमकर फटकार लगाई थी।

# 50 लाख से ऊपर के निर्माण कार्यों की डीएम ने की समीक्षा

- कार्यदाई संस्था निर्माण कार्य में गुणवत्ता का दें विशेष ध्यान: डीएम

**अमेठी ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में अधिकारियों एवं कार्यदाई संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ जनपद में मुख्यमंत्री की घोषणाओं से संबंधित व 50 लाख के ऊपर लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा किया। उन्होंने समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन परियोजनाओं के निर्माण कार्य हेतु धनराशि प्राप्त हो गई है उन परियोजनाओं का कार्य निश्चित समय अवधि के अंतर्गत कार्यदाई संस्थाएं पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने तथा गुणवत्तापूर्ण एवं समय के अंदर कार्य पूर्ण किए जाएं उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा की गई घोषणाओं से संबंधित निर्माण कार्यों की समीक्षा की तथा समय से काम पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा मानक विहीन व अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता जांच के बाद ही निर्माण कार्य में प्रयुक्त किए जाएं। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों को पूर्ण कराने में बजट की आवश्यकता हो उसके लिए शीघ्र अतिशीघ्र प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजे जिससे कि कार्य में बाधा न उत्पन्न हो व निर्माण कार्य ससमय पूर्ण कराया जा सके। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त कार्यदाई संस्थाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों का श्रम विभाग में पंजीकरण कराया जाए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी डा.अंकुर लाठर, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग राकेश चौधरी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रामसनेही वर्मा सहित संबंधित अधिकारी व कार्यदाई संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## कर-करेत्तर व राजस्व वसूली की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

**अमेठी।** जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कर.करेत्तर व राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में परिवहनए आबकारी विभागए विद्युतए नगर निकाय सहित अन्य विभागों की राजस्व वसूली की समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस माह विशेष प्रयास कर वसूली में सुधार लाए। डीएम ने सभी एसडीएम को निर्देश दिया कि अपनी.अपनी तहसील अंतर्गत राजस्व वसूली बढ़ाने के लिए अमीनो को कड़े निर्देश दें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आडिट आपत्तियों का समयांतर्गत निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने जन शिकायतों के निस्तारण को लेकर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का संबंधित लेखपालों द्वारा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं किया जा रहा है जिसके कारण संपूर्ण समाधान दिवस व जनता दर्शन में दूर.दराज के गांव से शिकायतकर्ताओं को बार-बार आना पड़ता है, यह स्थिति संतोषजनक नहीं है, उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी भूमि, चकमार्ग, खलिहान आदि पर कब्जों की शिकायत पर तत्काल संबंधित लेखपाल द्वारा निस्तारण किया जाए।

# विधायक मोना ने रांकी गांव को दी पेयजल टंकी तथा संपर्क मार्ग की सौगात

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर विकासखण्ड के रांकी गांव के लोगों मे क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना एवं कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी द्वारा तीन करोड इक्सठ लाख इक्यावन हजार की लागत से पेयजल टंकी व अटठाईस लाख की लागत से पिच मार्ग की सौगात पर खुशी देखी गई है। गांव के लोगों को पेयजल टंकी तथा पिचमार्ग की मंजूरी की जानकारी रांकी गांव मे हुए परम्परागत मेले के तहत गुरूवार की शाम विधायक मोना की ओर से प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने दी। उन्होनें बताया कि क्षेत्रीय विधायक मोना के प्रस्ताव पर शासन ने गांव मे पेयजल टंकी तथा गांव से कदीमपुर के लिए छ: सौ मीटर पिचमार्ग की मंजूरी देते हुए धनराशि अवमुक्त की है। गांव मे विधायक मोना तथा प्रमोद तिवारी की ओर से नवनिर्मित परियोजनाओ के लिए भूमिपूजन भी किया गया। इसके अलावा रांकी गांव से पूरे शिवा तक नवनिर्मित पिच मार्ग का लोकार्पण भी हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू तथा संचालन पूर्व प्रमुख दृगपाल यादव ने किया। वहीं मेले मे लोगों ने सौहार्द तथा विकास के प्रति योगदान का संकल्प जताया। गांव के हरगेंद्र सिंह, राकेश सिंह, हरिश्चंद्र मौर्य, बजरंग सिंह, इंद्रसेन सिंह, सुशील सिंह आदि ने पीने के पानी की टंकी तथा पिचमार्ग के लिए विधायक मोना व प्रमोद तिवारी के प्रति आभार जताया है।

# दिव्यांग जनों को दिया जाएगा ऋण

संवाददाता। ललितपुर

**जनपद के** समस्त दिव्यांगजनों को सूचित किया जाता है कि खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के तहत विनिर्मांग तया सेवा क्षेत्र के उयोग हेतु दिव्यांगजनों को ऋष्ण प्रदान किया जाता है। इस योजना के तहत लाभार्थी को विशेष श्रेणी अनुसूचित जाति अन्य विम्य वर्ग, अल्पसंख्यक, महिलाएं भूतपूर्व सैनिक, शारीरिक दिव्यांग, पूर्वोत्तर दोत्र पहाड़ी एवं सीमान्त क्षेत्र इत्यादि के लिए 5 प्रतिशत तथा सामान्य श्रेणी के लिए 10प्रतिशत स्व.अंशदान देना स्वंय के बैंक खाते पर जमा करनाद्ध अनिवार्य है।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के अन्तर्गत 15 प्रतिशत से 30 प्रतिशत तक का अनुदान/मार्जिन मनी निम्न प्रकार है, 0102सामान्य श्रेणी के शहरी क्षेत्र के दिव्यांगजनों को 15 प्रतिशत की सब्सिडी एवं ग्रामीण क्षेत्र के दिव्यांगजनों को 25 प्रतिशत की सब्सिडी प्रदान की जाती है। विशेष श्रेणी अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, महिलाएं, भूतपूर्व सैनिक, शारीरिक दिव्यांग, पूर्वोत्तर क्षेत्रए पहाड़ी एवं सीमान्त क्षेत्र इत्यादि के शहरी क्षेत्र के दिव्यांगजनों को 25 प्रतिशत की सब्सिडी एवं ग्रामीण क्षेत्र के दिव्यांगजनों को 35 प्रतिशत की समिडी प्रदान की जाती है। 15 प्रतिशत से 35 प्रतिशत तक का अनुदान/मार्जिन मनी योजना के तहत बैंक द्वारा कर्ज मंजूरी तथा प्रथम किश्त भुगतान के बाद ही आयोग द्वारा बैंक के माध्यम से परियोजना धारक को दिया जाता है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन सर्यक्रम योजना को तहत प्रत्येक परियोजना की व्यवहार्यता के आधार पर ऋष्ण के बारे में मैक स्वय अपना निर्णय लेगें। इच्छुक दिव्यांगजन अपने निम्नलिखित वांछित अभिलेखों यथा. दिव्यांगता दर्शाती छोटोए आधार काई शैक्षणिक प्रमाण.पत्र जाति प्रमाण.पत्र जनसंख्या प्रमाण.पत्र प्रोजेक्ट रिपोर्ट एवं दिव्यांगता प्रमाण.पत्र के साथ आयोग की वेवसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं साथ ही अधिक जानकारी के लिए जिला उद्योग केन्द्र में सम्पर्क कर सकते है।

# रिपोर्ट लेकर ओपीडी पहुंचा संक्रमित युवक,अफरा-तफरी

**प्रतापगढ़।** शुक्रवार सुबह करीब सवा नौ बजे जिला अस्पताल की ओपीडी में अचानक अफरातफरी मच गई। पलक झपकते डॉक्टरों के चौम्बर से गलियारे से निकलकर लोग परिसर में जाकर खड़े हो गए। वजह यह कि इलाज कराने ओपीडी में आए एक मरीज की रिपोर्ट में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हो गई थी। रोज की तरह शुक्रवार सुबह भी जिला अस्पताल की ओपीडी में सब कुछ सामान्य तरीके से चल रहा था। ओपीडी के अपने-अपने चौम्बर में बैठे चिकित्सक मरीजों को देख रहे थे। गलियारे से लेकर पर्चा काउंटर तक मरीज व तीमारदारों की भीड़ थी। इसी बीच एक डॉक्टर के चौम्बर में एक युवक पहुंचा। डॉक्टर ने उसे देखने के बाद पुराना पर्चा मांगा। मरीज ने तीन दिन पहले सीएचसी रानीगंज का पर्चा सामने रख दिया। डॉक्टर पर्चा देख चौक उठे। पर्चे के मुताबिक सामने बैठा युवक कोरोना संक्रमित था। डॉक्टर के मुंह से संक्रमण की बात सुनते ही आसपास खड़े लोग दूर खिसकने लगे। पलभर में पूरा चौम्बर खाली हो गया।

# अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ भारी मात्रा में शराब बरामद

संवाददाता। गौरीगंज, अमेठी



**जिले की** पुलिस द्वारा अवैध अपमिश्रित शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। इसकी जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने बताया कि अवैध अपमिश्रित शराब की बिक्री के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उप निरीक्षक नन्दराम थाना गौरीगंज मय हमराह व एसओजी अमेठी द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम रोहसी बुजुर्ग, अमेठी से बलीपुर मार्ग डा. रामसजीवन के मकान के पीछे चारदीवारी से 02 अभियुक्त शिवप्रकाश गुप्ता पुत्र जगदीशपुर प्रसाद नि0 ग्राम चखापुर थाना मिलएरिया जनपद रायबरेली व अभियुक्त अन्तिम सिंह पुत्र शिवसिंह नि0 अमवां थाना मिलएरिया जनपद रायबरेली को रात्रि में गिरफ्तार किया गया। 03 अभियुक्त अंधेरे, झाड़ व ऊंची नीची जमीन का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। घरए सहन व पास में खड़ी बुलेट मोटरसाइकिल संख्या यूपी 33 बीबी 4981 से भारी मात्रा में अवैध अपमिश्रित शराब 50 पेटियों (2250 शीशी) में कुल 450 ली0 अवैध अपमिश्रित शराब, 8675 खाली शीशी, 5000 बारकोड, 9655 विभिन्न ब्राण्ड लेबल, 20 ली0 स्प्रिट, 07 शीशी सेन्ट, 2980 ढक्कन, 05 बण्डल टेप आदि बरामद हुआ । भागे हुए 03 अभियुक्तों के बारे में पूछने पर एक का नाम प्रेमचन्द्र पुत्र राजकुमार, दूसरे का नाम जयप्रकाश पुत्र राजाराम व तीसरे का नाम धीरज गुप्ता पुत्र अज्ञात नि0गण लठियापुर मजरे चन्दईपुर थाना गौरीगंज जनपद अमेठी बताया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हम सभी लोग मिलकर अवैध अपमिश्रित देशी शराब बनाकर लोगों को बेचते हैं। थाना गौरीगंज द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है। इनके पास से एक बुलेट मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है।

# पोषाहार से वंचित न रहने पाए कोई भी लाभार्थी: डीएम

**बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट स्थित डीआरडी, गांधी सभागार में जिला शिकायत निवारण समितिध्नवीन पोषाहार वितरण व्यवस्था से सम्बन्धित सभी कन्वर्जेन्स विभागों की बैठक जिलाधिकारी डॉ. आदर्श सिंह की अध्यक्षता में आहूत हुई। बैठक में ड्राई टेक होम राशन के रूप में दिए जाने वाला खाद्य पदार्थों तथा उनकी मात्रा की जानकारी, आपूर्ति श्रृंखला (सप्लाई चेन) में विभिन्न विभागों की भूमिकाए टेक होम राशन वितरण प्रणाली का क्रियान्वयन, पोर्टल के प्रयोग की जानकारी के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ने पुष्टाहार वितरण की नवीन प्रणाली से अवगत कराया। उन्होंने जिला, ब्लाक और ग्राम स्तर पर बनायी गयी निगरानी समिति के सदस्यों और इस समिति के कार्यो के सम्बन्ध में विस्तार से बताया। जिलाधिकारी द्वारा पोषाहार वितरण की इस नवीन प्रणाली सफलता से लागू किए जाने के लिए सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया।